GORAKHPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 05-03-2023

# शहर आप का है, समझदार हैं बाईं लेन खाली रखनी चाहिए

## यूनिवर्सिटी चौराहे की बाईं लेन पर रुककर सवारी भरने पर पुलिस ने समझाया

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। शनिवार को दिन में 12.15 बजे के करीब यूनिवर्सिटी चौराह पर एक के बाद एक कई ऑटो और ई-रिक्शा बाईं लेन में खड़े हो गए और सवारी का इंतजार करने लगे।

लेन जाम होते ही गाड़ियों के हार्न बजने शुरू हो गए, तत्काल ट्रैफिक पुलिस का एक सिपाही वहां पहुंच गया और ऑटो और ई-रिक्शा चालकों को समझाने लगा, यह शहर आप का है, आप समझदार हैं, बाईं लेने खाली रखिए, जिससे लोग आ-जा सकें।

इस पर ऑटो रिक्शा और ई-रिक्शा चालक झेंपते हुए धीरे-धीरे यूनिवर्सिटी मेन गेट की तरफ बढ़ गए। आगे रुककर चालक आपस में बातें करने लगे, एक ने कहा गनीमत चालान नहीं काटा, पहले तो जरा सी बात पर चालान कर दिया जाता था।

इन सबके बीच एक महिला ट्रैफिक सिपाही बिना हेलमेट लगाए जा रहे लोगों का मोबाइल फोन से दूर से ही गाड़ी के नंबर का फोटो खींचकर ऑनलाइन चालान काटने में जुटी रहीं।



यूनिवर्सिटी चौराहे पर बाईं लेन से लोगों को आगे बढाता पुलिसकर्मी। अमर उजाला

### बसें हटीं तो ऑटो चालक और ई-रिक्शा चालकों ने किया कब्जा

**यूनिवर्सिटी** चौराहे के दोनों तरफ की बाईं लेने पर पहले प्राइवेट बसों का कब्जा होता था। प्रशासन के काफी दबाव के बाद बसें तो वहां से हट गई। लेकिन, अब इस लेन पर ऑटो चालक और ई-रिक्शा चालकों का कब्जा हो गया है। इससे बाईं लेन से जाने वाले लोगों को आए दिन मुसीबत का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि, इस मुसीबत को कम करने के लिए ट्रैफिक पुलिस के जवान पूरी मुस्तैदी दिखा रहे हैं।



# आठ को बंद रहेंगी शराब की दुकानें

**जागरण संवाददाता गोरखपुर** : होली त्योहार के दृष्टिगत जिले में शराब की सभी दुकानें आठ मार्च को बंद रहेंगी। यह जानकारी देते हुए जिलाधिकारी कृष्णा करुणेश ने बताया कि यह आदेश आबकारी की सभी थोक, फुटकर दुकानों पर लागू होगी।

देसी शराब, विदेशी मदिरा, बीयर, ताड़ी आदि की दुकानें भी बंद रहेंगी। यदि कहीं आदेश का उल्लंघन किया गया तो संबंधित पर कार्रवाई की जाएगी।

# आरपी हास्पिटल के संचालक समेत चार पर केस

## बिना पंजीकरण कराए चल रहा था **अवैध अस्पताल,** संचालक प्रशासन को दे रहा था झांसा

**जागरण प्रभाव**

**जासं, गोरखपुर** : चौरी चौरा के देवीपुर गांव में स्थित आरपी हास्पिटल बिना पंजीकरण के चल रहा था। सीएमओ के निर्देश पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ब्रह्मपुर के प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. ईश्वरी लालने शनिवार को चौरी चौरा थाने में संचालक व डाक्टर समेत छह लोगों पर जालसाजी करने, सरकारी कार्य में बाधा डालने, धमकी देने और इंडियन मेडिकल काउंसिल एक्ट-1956 की धारा 15(1) व (2) के तहत मुकदमा दर्ज कराया है।

प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. ईश्वरी लाल ने थाना प्रभारी को दी तहरीर में लिखा है कि 28 फरवरी को उपजिलाधिकारी (एसडीएम) व स्थानीय थाने की पुलिस के साथ देवीपुर गांव में स्थित आरपी हास्पिटल का

**सील अवैध अस्पताल को खोलने का आदेश, फिर किया नि**



निरीक्षण किया। संचालक व कर्मचारियों ने पंजीकरण से जुड़ा कोई अभिलेख नहीं दिखाया। मौके पर कोई डाक्टर भी नहीं था। जांच में पाया गया कि हास्पिटल में मेडिकल लाग बुक नहीं है। ओटी की साफ-सफाई बहुत की खराब है। रोगियों के बीएचटी को भी नहीं भरा गया है। अप्रशिक्षित लोग रोगियों का उपचार करने के साथ ही उनकी जान को जोखिम में डाल रहे हैं। इसके बाद हास्पिटल सील कर दिया गया। हास्पिटल सील करते समय संचालक व कर्मचारियों ने कार्रवाई का विरोध करने के साथ ही धमकी भी दी। मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय को इसकी जानकारी दी गई तो बताया गया कि आरपी हास्पिटल पंजीकृत नहीं है। एएसपी/सीओ चौरी चौरा मानुष पारीख ने बताया कि तहरीर के आधार पर हास्पिटल के संचालक, डाक्टर, फार्मासिस्ट और अज्ञात कर्मचारियों पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। साक्ष्य के आधार पर कार्रवाई होगी।

**दवाव बना करा लिया था हास्पिटल खोलने का आदेश**: कार्रवाई के बाद हास्पिटल संचालक ने दो मार्च को अधिकारियों को गुमराह कर झूठा दस्तावेज दिखाते हुए बताया था कि नवीनीकरण करा लिया है। इसी आधार पर अवमुक्त करने का आदेश जारी हो गया। अगले दिन जब एसडीएम को पता चला कि आरपी हास्पिटल का पंजीकरण ही नहीं हुआ है तो उन्होंने अवमुक्त करने का आदेश निरस्त कर दिया था। दैनिक जागरण में यह खबर प्रमुखता से प्रकाशित होने के बाद अधिकारियों के निर्देश पर प्रभारी चिकित्साधिकारी ने तहरीर दी।

**सील होने के वाद वदल दिया था वोर्ड**

28 फरवरी को हुई कार्रवाई के समय देवीपुर गांव में स्थित अस्पताल पर आरपी हास्पिटल एंड रिसर्च सेंटर का बोर्ड लगा था। अगले दिन वहां रिस्पांस हास्पिटल का बोर्ड लगा दिया गया। इस बोर्ड पर दो डाक्टरों के नाम कम कर दिए गए। पहले बोर्ड पर डा. एसके भारद्वाज, डा. रामू राजभर व डा. राहुल का नाम लिखा था। नए बोर्ड पर केवल डा. एसके भारद्वाज का नाम लिखा है।

# चार के खिलाफ धोखाधड़ी का केस

गोरखपुर। सहारा इस्टेट के सचिव संजीव कुमार वर्मा की तहरीर पर खोराबार पुलिस ने चार नामजद सहित एक अज्ञात पर धोखाधड़ी सहित अन्य गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है।

पुलिस ने बताया कि जिन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है, उनमें मनजीत सिंह निवासी, हटवा गगहा गोरखपुर वर्तमान पता मल्हार सहारा इस्टेट, आनंद प्रकाश त्रिपाठी निवासी मल्हार सहारा इस्टेट, मानवेंद्र प्रताप सिंह प्रोपराइटर विनय ट्रेडर्स शामिल हैं।

आरोप है कि इन लोगों ने फर्जी तरीके से कूटरचित दस्तावेज तैयार कर सहारा कॉलोनी की संपत्तियों को नुकसान पहुंचाया है। ब्यूरो

## अपहरण का आरोपी पकड़ा गया

गोरखपुर। किशोरी का अपहरण कर फरार चल रहे आरोपी को शाहपुर थाना पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि आरोपी शैलेष कुमार सहुआपुर, महराजगंज जिले का रहने वाला है। उसके खिलाफ कुछ दिनों पूर्व किशोरी के अपहरण का मुकदमा दर्ज किया गया था। ब्यूरो

## स्मैक और नकदी के साथ गिरफ्तार

गोरखपुर। राजघाट पुलिस ने शनिवार को स्मैक और 15,500 रुपये के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान शंभू सोनकर निवासी चकरा अव्वल अमरूद मंडी के रूप में की गई है। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। ब्यूरो

## उज्जैन के युवक ने युवती का किया अपहरण

पिपराइच। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 19 वर्षीय युवती के अपहरण के मामले में पुलिस ने मध्यप्रदेश के उज्जैन निवासी युवक किशन पाल के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच शुरू कर दी है। ब्यूरो

# मारपीट के तीन आरोपी गिरफ्तार

गोरखपुर। कैंट थाना पुलिस ने मारपीट के मामले में फरार चल रहे तीन आरोपियों को शनिवार को गिरफ्तार किया। आरोपी विकास दूबे रामजानकी मंदिर मोहद्दीपुर, बृजेश कुमार पावर हाउस कॉलोनी मोहद्दीपुर और रविशंकर दूबे धर्मपुर गीता वाटिका के निवासी हैं। इनके खिलाफ कुछ दिनों पूर्व मारपीट का मुकदमा दर्ज किया गया था। ब्यूरो

# पशु को बचाने में युवक घायल

पाली। घघसरा पुलिस चौकी अंतर्गत ढेलहा निवासी अवनीश त्रिपाठी (35) मोटरसाइकिल से घघसरा बाजार गए थे। हनुमान मंदिर के बगल में अचानक पशु को बचाने के चक्कर में गिर गए। स्थानीय दुकानदारों ने इसकी सूचना उनके परिजनों को दी। ब्यूरो

# पुलिस ने आपरेशन त्रिनेत्र की मदद से युवक का बैग लौटाया

गोरखपुर। मथुरा से परिवार सहित गोरखपुर आए युवक का रुपये भरा बैग एक ई-रिक्शा में छूट गया था। पुलिस ने ऑपरेशन त्रिनेत्र की मदद से बैग युवक को सौंप दिया। बताया जा रहा है कि एक युवक मथुरा से परिवार सहित गोरखपुर आया। बस स्टैंड से ई-रिक्शा में बैठकर सूर्य बिहार कॉलोनी में उतरा। इस दौरान उसका बैग ई-रिक्शा में छूट गया जिसमे 92,150 रुपये और गहने थे। इसकी सूचना युवक ने पुलिस को दी। पुलिस ने ऑपरेशन त्रिनेत्र के सहयोग से कैमरे की मदद से रिक्शा चालक को ढूंढ़ लिया और बैग बरामद कर लिया। जिसे युवक को सौंप दिया गया। युवक ने पुलिस के प्रति आभार जताया है। ब्यूरो

# आरपी हॉस्पिटल के संचालक और डॉक्टर समेत छह पर केस

## चौरीचौरा के देवीपुर में बिना पंजीकरण चल रहा था अस्पताल

अमर उजाला ब्यूरो

**चौरीचौरा।** देवीपुर गांव में चल रहे आरपी हॉस्पिटल के संचालक, डॉक्टर समेत चार लोगों के खिलाफ जालसाजी करने, सरकारी काम में बाधा डालने, धमकी देने का केस शनिवार को दर्ज किया गया।

साथ ही इंडियन मेडिकल काउंसिल एक्ट 1956 की धारा 15(1) व (2) के तहत भी मुकदमा दर्ज कराया गया है। यह कार्रवाई पुलिस ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ब्रह्मपुर के प्रभारी चिकित्साधिकारी की तहरीर पर की है।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. ईश्वरी लाल ने चौरीचौरा पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 28 फरवरी को एसडीएम और स्थानीय थाने की पुलिस ने देवीपुर गांव में स्थित आरपी हॉस्पिटल का निरीक्षण किया था। संचालक और कर्मचारी पंजीकरण से जुड़ा कोई अभिलेख नहीं प्रस्तुत कर सके थे।

मौके पर कोई डॉक्टर भी नहीं मिला था। जांच में हॉस्पिटल में मेडिकल लॉग बुक नहीं मिला था। ऑपरेशन थियेटर की स्थिति बेहद खराब थी।

मरीजों का बीएचटी तक नहीं भरा गया था। अप्रशिक्षित लोग मरीजों का इलाज कर उनकी जान जोखिम में डाल रहे थे। इस पर प्रशासन ने हॉस्पिटल को सील कर दिया था।

इसके बाद संचालक और कर्मचारियों ने कार्रवाई का विरोध करने के साथ ही धमकी दी। इसकी सूचना सीएमओ को दी गई। साथ ही बताया गया कि आरपी हॉस्पिटल पंजीकृत नहीं है। इसी तहरीर के आधार पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सीओ चौरीचौरा मानुष पारीख ने बताया कि तहरीर के आधार पर हॉस्पिटल के संचालक, डॉक्टर, फॉर्मासिस्ट और अज्ञात कर्मचारियों पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### पिपरौली में 10 अस्पताल मानक विहीन, नोटिस जारी

**पिपरौली।** क्षेत्र में चल रहे 10 निजी अस्पताल बिना पंजीकरण और मानक विहीन है। सीएमओ के निर्देश पर सीएचसी पिपरौली के प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. शिवानंद मिश्र ने प्रशासन के साथ मिलकर क्षेत्र के अस्पतालों का निरीक्षण किया। पाया गया कि सभी अस्पताल बिना पंजीकरण व मानक विहीन संचालित किए जा रहे हैं। उन्होंने सभी अस्पताल संचालकों को नोटिस देकर पांच कार्यदिवस पर स्पष्टीकरण तलब किया है। प्रभारी चिकित्साधिकारी ने नोटिस का जवाब नहीं देने वालों पर मुकदमा दर्ज कराने की बात कही है। जिन अस्पतालों को नोटिस दिया गया है उनमें गुड हेल्थ केयर जैतपुर, सांई पाली क्लिनिक, बसुधा, कृष्णा हास्पिटल झुंगियां, इम्पोरियल हास्पिटल उत्तरी कोलिया, यागी हास्पिटल नौसड़, मेडीसिटी हास्पिटल नौसड़, दिलीप कुमार जोतबगही, बसु विश्वास जैतपुर, मिलन विश्वास बसुधा, इंतजार अहमद बरहुआ शामिल है। प्रभारी चिकित्साधिकारी सीएचसी पिपरौली डॉ. शिवानंद मिश्र ने कहा कि अब तक 10 अस्पतालों की जांच की गई है। कोई भी अस्पताल मानक के अनुरूप नहीं मिले है। इन सभी अस्पताल संचालकों को नोटिस दिया गया है। समय से कागजात नहीं देने पर एफआईआर दर्ज कराई जाएगी।

# बदमाशों की फर्जी जमानत ले रहा गिरोह, एक और केस दर्ज

अमर उजाला ब्यूरो

**लेखपाल, कानूनगो और तहसीलदार का फर्जी हस्ताक्षर करते हैं गिरोह के सदस्य**

**गोरखपुर।** बदमाशों को फर्जी तरीके से जमानत दिलाने वाला गिरोह सक्रिय है। गिरोह फर्जी जमानतदारों का गलत तरीके से सत्यापन कराकर बदमाशों को जेल से बाहर निकलवाने में अहम भूमिका निभा रहा है। तिवारीपुर के एक बदमाश को जमानत मिलने के बाद इसका खुलासा हुआ है।

इस मामले में पुलिस ने जमानत निरस्त कराते हुए फर्जी जमानतदार की पहचान कर रामगढ़ताल थाने में केस भी दर्ज कराया था। इस बीच जांच में यह जानकारी मिली कि लेखपाल से लेकर तहसीलदार तक की फर्जी सत्यापन रिपोर्ट यह गिरोह लगाता है। मामले में अब लेखपाल ने भी कैंट थाने में केस दर्ज कराया है।

तिवारीपुर के इलाहीबाग निवासी हिस्ट्रीशीटर साजिद अली उर्फ गुड्डू के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस दर्ज कर उसे जेल भेजा गया था। जेल जाने के कुछ ही दिन बाद उसे जमानत मिल गई थी।

पुलिस को समझ में नहीं आया कि इतनी जल्दी साजिद को जमानतदार कहां से मिला और उसका सत्यापन कैसे हो गया? जिस व्यक्ति ने जमानत लिया था पुलिस ने जब उसकी जांच शुरू की तो पता चला कि जमानतदार ने जो पता दर्शाया है, वहां उस नाम को कोई व्यक्ति नहीं रहता है।

उसके बाद यह बात सामने आई कि साजिद अली की जमानत में फर्जी जमानतदार खड़ा कर फर्जी तरीके से सत्यापन कराकर जमानत हासिल की गई है।

मामले में रामगढ़ताल पुलिस ने फर्जी जमानतदार के खिलाफ केस दर्ज कर पिछले दिनों उसे गिरफ्तार कर जेल भेजवाया। वहीं, जांच में पता चला था कि उसने पुलिस के फर्जी मुहर और दस्तावेज का इस्तेमाल कर अपना फर्जी तरीके से चरित्र प्रमाण पत्र बनाया था।

दूसरी तरफ लेखपाल बृजेश सागर सिंह ने साजिद अली उर्फ गुड्डू व अन्य के खिलाफ जालसाजी, साजिश, कूटरचित दस्तावेज बनाने सहित अन्य धारा में केस दर्ज कराया है।

लेखपाल का आरोप है कि जमानत के दस्तावेज में फर्जी तरीके से सत्यापन रिपोर्ट बनाया गया है। इसमें लेखपाल के अलावा कानूनगो और तहसीलदार का भी फर्जी हस्ताक्षर बनाया गया है।

एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि मामले की जांच में फर्जी जमानतदारों के एक गिरोह की बात सामने आई है।

गिरोह फर्जी तरीके से जमानत लेता है। उसके पेपर पहले से तैयार रहते हैं। इस मामले की जांच की जा रही है। जल्द ही बड़ा मामला खुलेगा।

# होली पर बंद रहेंगी शराब-बियर की दुकानें

गोरखपुर। होली के दिन आठ मार्च को जिले की सभी शराब, बियर की दुकानें क्लब, बार और मॉडलशाप बंद रहेंगे। डीएम कृष्णा करूणेश ने यह निर्देश जारी करते हुए चेतावनी दी है कि निर्देशों की अनदेखी कर यदि किसी ने दुकान खोला तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। ब्यूरो

# त्योहार के मद्देनजर पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

**जगदीशपुर/कुसम्ही बाजार (एसएनबी)।** त्योहारों को मद्देनजर पुलिस प्रशासन ने शांति व्यवस्था को कायम रखने के उद्देश्य और असामाजिक तत्वों को कड़ी चेतावनी देने के लिए शनिवार को  कुसम्ही बाजार में में फ्लैग मार्च निकाला गया। खोराबार थाना प्रभारी निरीक्षक कल्याण सिंह सागर और जगदीशपुर चौकी प्रभारी रामानुज सिह यादव नेतृत्व में फ्लैग मार्च कुसम्ही नई बस्ती, कुसम्ही चौराहा, मोतीराम अड्डा रोड तक इत्यादि संवेदनशील जगहो पर काफी संख्या में पुलिस बल को देखकर लोग घरों से बाहर निकल आए और पुलिस को फ्लैग मार्च को देखने लगे। चौकी प्रभारी रामानुज यादव ने बताया कि यह फ्लैग मार्च उन लोगों के लिए कड़ी चेतावनी है जो सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की फिराक में लगे रहते हैं। फ्लैग मार्च महिला सिपाही और खोराबार उपनिरिक्षक समते जगदीशपुर चौकी के समस्त स्टाफ रहे।

# शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही क्षम्य नहीं

**कैम्पियरगंज (एसएनबी)।** स्थानीय तहसील मुख्यालय के सभागार में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी कृष्णा करुणेश की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। जिसमें राजस्व, पुलिस, विकास, स्वास्थ्य आदि से सम्बंधित 51 फरियादियों ने अपनी समस्या को लेकर आवेदन पत्र प्रस्तुत कर न्याय की गुहार लगाई। जिसमें से 10 मामले का निस्तारण हुआ।



समाधान दिवस में बंदोह के महेन्द्र ने गांव में सफाई कराने की मांग की। अहिरौली गांव की शीला मिश्रा, मछलीगांव की चम्पा देवी, जनकपुर की कुमारी देवी आदि महिलाओं ने पात्र गृहस्थी राशनकार्ड बनवाने की गुहार लगाई। राजपुर के देवीलाल ने रास्ते की भूमि पर अवैध निर्माण की शिकायत की। बान के फेंकू ने चकमार्ग पर अवैध अतिक्रमण खाली कराने की मांग की। अलीगढ़ के गब्बू ने सरकारी जमीन पर अवैध निर्माण रोकवाने की गुहार लगाई। ज्यादातर मामले पैमाइश से लेकर राजस्व व पुलिस विभाग से रहे। डीएम ने सभी विभागाध्यक्षों को शिकायतों को गुणवत्तापूर्ण ढंग से समय से पहले निस्तारित किए जाने के सख्त निर्देश दिए। निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी।

इसी दौरान विधायक फतेह बहादुर सिंह भी मौके पर पहुंचे नवापार, रामचौरा, सोनौरा, भैसला गांव जलनिगम की शिकायत पर एक्सीयन की क्लास लिया। बिजली बिल में गड़बड़ी की शिकायत पर एसडीओ पर बिफर पड़े और कहा कि उपभोक्ताओं को परेशानी नहीं होनी चाहिए। इस अवसर पर एसएसपी गौरव ग्रोवर, एसडीएम पंकज दीक्षित, सीडीओ, सीएमओ, तहसीलदार राकेश कन्नौजिया, एडीओ पंचायत नीरज गुप्ता, डॉ. प्रभात मद्धेशिया सहित जलनिगम, बिजली आदि विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# सहारा इस्टेट क्लब पर अवैध कब्जे को लेकर केस दर्ज

**गोरखपुर (एसएनबी)।** कूटरचित दस्तावेज के माध्यम से जालसाजी कर सहारा इंडिया कामर्शियल कार्पोरेशन लिमिटेड के सहारा इस्टेट क्लब पर अवैध तरीके से कब्जा जमाए मंजित सिंह, आनंद प्रकाश त्रिपाठी एवं प्रो. वीना ट्रेडर्स मानवेंद्र सिंह समेत कुछ अन्य पर खोराबार पुलिस ने आईपीसी की धारा 419, 420, 467, 468, 471 एवं 120 बी आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है। एडीजी जोन अखिल कुमार के निर्देश पर खोराबार पुलिस ने शनिवार को मुकदमा दर्ज किए जाने की कार्रवाई करते हुए जांच शुरू कर दी है।

लखनऊ के गोमती नगर एक्सटेंशन स्थित बी-1002 निवासी संजीव कुमार वर्मा पुत्र रामपाल सिंह ने अपर पुलिस महानिदेशक जोन को प्रार्थनापत्र देकर कार्रवाई एवं सहारा इस्टेट क्लब पर उक्त के द्वारा किए गए अवैध कब्जा को कब्जामुक्त करने की गुहार लगायी थी। उन्होंने अपने पत्रक में लिखा है कि सहारा इण्डिया कामर्शियल कार्पोरेशन लिमिटेड के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर की मीटिंग में गोरखपुर स्थित सहारा इस्टेट नामक आवासीय कालोनी की समस्त संपत्तियों के लिए अथराइज सिग्नेटरी के रूप में कार्य करने के लिए अधिकृत किया गया था। हमें ज्ञात हुआ है कि मंजित सिंह पुत्र अरुण कुमार सिंह निवासी हटवा थाना गगहा व हालमुकाम 12/202 मल्हार सहारा इस्टेट जिला गोरखपुर, आनंद प्रकाश त्रिपाठी पुत्र स्व. रामबहादुर त्रिपाठी निवासी 3/104 मल्हार, सहारा इस्टेट के द्वारा सहारा आवासीय कल्याणकारी समिति नाम की एक सोसाइटी को सोसायटीज फर्म एण्ड चिट्स (रजिस्ट्रार) गोरखपुर के कार्यालय में अपने साथियों के साथ मिलकर कूटरचित दस्तावेजों की मदद से उसका इस्तेमाल करते हुए सहारा इस्टेट आवासीय कालोनी, गोरखपुर के परिसर में वहां के आवासियों की सुविधा के लिए पूर्व में रजिस्टर्ड संस्था सहारा इस्टेट रेजीडेंट वेलफेयर सोसाइटी के नाम का हिंदी रूपांतरण करते हुए उक्त सोसाइटी का पंजीकरण जीओके/06296/ 2019-20 जो 16 अक्टूबर 2019 से 15 अक्टूबर, 2024 तक मान्य थी, रजिस्ट्रार को झूठे शपथ पत्र के माध्यम से गुमराह कर पंजीकृत करा लिया। इस बात का पता चलने पर रजिस्ट्रार चिट्स फण्ड फर्म के द्वारा निरस्त कर शून्य घोषित किया जा चुका है।

> **मंजित सिंह, आनंद प्रकाश त्रिपाठी व प्रो. वीना ट्रेडर्स मानवेंद्र सिंह व अन्य के विरूद्ध जालसाजी का दर्ज हुआ मुकदमा**
>
> **एडीजी जोन अखिल कुमार के निर्देश पर खोराबार पुलिस ने दर्ज किया केस**

**करीबी को आर्थिक लाभ दिलाने के लिए की जालसाजी :** मंजित सिंह ने अपने करीबी मानवेंद्र सिंह (प्रो. वीना ट्रेडर्स) को आर्थिक लाभ दिलाने की नीयत से उनके साथ मिलकर कूटरचित दस्तावेजों की मदद से प्रतिरुपण करते हुए विश्वास का आपराधिक उल्लंघन किया है। लोगों को यह भी विश्वास दिलाया है कि सहारा की स्वामित्व वाली सभी चल-अचल संपत्तियां जो गोरखपुर परिक्षेत्र में स्थित है उनकी जिम्मेदारी है। उसका प्रयोग मंजीत सिंह एवं आनंद प्रकाश त्रिपाठी किस प्रकार से करेंगे व किन व्यक्तियों को इस संबंध में संचालन हेतु प्राधिकार पत्र देंगे, ये उनकी जिम्मेदारी है। जबकि उपरोक्त समिति को सहारा कंपनी ने कभी भी किसी कार्य के लिए मान्यता नहीं दी है और न ही अधिकृत किया था। मंजीत सिंह, मानवेंद्र प्रताप सिंह एवं आनंद प्रकाश त्रिपाठी व उनके सहयोगियों के द्वारा धोखाधड़ी एवं बेईमानी से संपत्ति का दुर्विनियोग करने की नीयत से आपस में मिलकर तथ्यों का गोपन करते हुए तथाकथित सहारा इस्टेट आवासीय कल्याणकारी समिति के द्वारा एक झूठा प्रस्ताव पारित करके वीना ट्रेडर्स को सहारा स्टेट क्लब का एग्रीमेंट कर दिया जबकि वास्तविकता यह है कि सहारा इस्टेट स्थित क्लब हाउस को सहारा के द्वारा पूर्व में वीना ट्रेडर्स को पूर्व में 29 अप्रैल, 2019 को एग्रीमेंट किया गया था जो कि उक्त एग्रीमेंट में वर्णित नियम व शर्तों के अधीन था तथा दोनो पक्ष पर समान रूप से लागू था।

**वीना ट्रेडर्स का एग्रीमेंट पूर्व में हो चुका है निरस्त :** एग्रीमेंट में किए गए शर्तों का अनुपालन न किए जाने पर तथा वीना ट्रेडर्स के द्वारा तय, नियत एवं शर्तों के अनुरूप सहारा इण्डिया कामर्शियल कार्पोरेशन लिमिटेड को एग्रीमेंण्ट में उल्लिखित धनराशि जमा नहीं कराए जाने पर सहारा के अधिकारियों द्वारा वीना ट्रेडर्स से इस संबंध में पत्राचार भी किया गया। वीना ट्रेडर्स के जिम्मेदारों द्वारा बार-बार नियमों की अनदेखी करते हुए बदनीयती पूर्वक पैसा हड़पने एवं अनावश्यक कब्जा बनाए रखने के कारण तथा उनके द्वारा उचित एवं संतोषजनक जवाब न देने के कारण सहारा के द्वारा उक्त एग्रीमेंट को तत्काल प्रभाव से 04 दिसम्बर, 2021 को निरस्त कर दिया गया। प्रार्थी को जब इस बात का पता चला कि उक्त सोसाइटी कूटरचित दस्तावेजों के माध्यम से तथा तथ्यों का गोपन करके धन अर्जित करने की नीयत से बनाई गयी है तथा बगैर किसी विधिक अधिकार के उपरोक्त सोसाइटी के मंजित सिंह एवं आनंद प्रकाश त्रिपाठी के द्वारा षडयंत्र के तहत एक फर्जी एवं कूटरचित एग्रीमेंट अपने सहयोगी वीना ट्रेडर्स (प्रो. मानवेंद्र सिंह) के पक्ष में योजना बनाकर कर दी गयी है। इस संबंध में 30 सितम्बर, 2022 व 18 नवम्बर, 2022 को एसएसपी को प्रार्थनापत्र दिया गया लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई उस पर नहीं हो सकी।

**पूर्व में भी दर्ज है आरोपितों पर केस :** वादी मुकदमा का कहना है कि उन्हें ज्ञात हुआ है कि पूर्व में भी सहारा इस्टेट की संपत्तियों पर अवैध कब्जा बनाए रखने एवं उससे अर्जित धन को व्यक्तिगत प्रयोग में लाने के आरोप में उक्त अभियुक्तों के विरूद्ध मुअसं 299/2022 अंतर्गत धारा 406 एवं 506 भी पंजीकृत है। जिसकी विवेचना लंबित है। आरोपित काफी सबल है और उन्हें कुछ बड़े लोगों का संरक्षण प्राप्त है जिसका कारण है कि उनके प्रार्थनापत्र पर कोई कार्रवाई नहीं हो पा रही है।

**सहारा इस्टेट की संपत्ति को कब्जामुक्त कराने की मांग :** वादी मुकदमा ने सभी आरोपितों के विरूद्ध केस दर्ज कर सहारा इस्टेट की संपत्ति को उक्त आरोपितों के कब्जे से कब्जामुक्त कराए जाने की गुहार लगायी। जिसके बाद एडीजी जोन अखिल कुमार ने खोराबार पुलिस को इस मामले में केस दर्ज कर विधिक कार्रवाई किए जाने का निर्देश दिया था।

# नौसड़ में अज्ञात पुरुष का शव मिला

**टीपीनगर (एसएनबी)।** गीडा थाना क्षेत्र के नौसड़ के दवहियाँ टोला मे शनिवार की सुबह एक करीब 55 वर्षीय अज्ञात पुरूष का शव स्थनीय लोगों ने देखा तो नौसड़ पुलिस चौकी पर सूचना दी। मौके पर पुलिस ने पहुंचकर शव की पहचान कराने की कोशिश की लेकिन पहचान नहीं हो पायी। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दी। लोगों का कहना है कि मृतक इधर-उधर मांगकर खाता था। काफी दिनों से नौसड़ के आसपास ही घूमता रहता था। मृतक के शरीर पर गुलाबी कुर्ता, काली जैकेट, काला पैंट था। उसके पास एक चेकदार गमछा भी था।

# जहरखुरानों के खिलाफ चलेगा अभियान

**गोरखपुर (एसएनबी)।** होली के अवसर पर यात्रियों की हो रही भारी भीड़ को देखते हुये महाप्रबन्धक,पूर्वोत्तर रेलवे चन्द्र वीर रमण ने गाड़ियों एवं स्टेशनों में अवैध वेण्डिंग तथा टिकट दलालों, जहरखुरानों के विरुद्ध एक सप्ताह का विशेष अभियान चलाने का निर्देष दिया है। इसी क्रम में गोरखपुर जं. स्टेशन पर स्टेशन प्रबंधक मुकेश कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक/रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट गोरखपुर राजेश कुमार सिन्हा, मण्डल वाणिज्य निरीक्षक नितिन, रेलवे सुरक्षा बल एवं वाणिज्य विभाग की संयुक्त टीम द्वारा प्लेटफार्मों पर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। संयुक्त टीम द्वारा प्लेटफार्मों पर जांच के दौरान 2 व्यक्तियों को गुटखा बेचते हुये गिरफ्तार कर रेल अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीत किया गया तथा प्लेटफार्म संख्या-3, 4, 5 पर खानपान एवं अन्य स्टालों की जांच के दौरान 8 वेण्डरों का चिकित्सकीय प्रमाण-पत्र की वैधता समाप्त पाये जाने पर उनसे नियमानुसार रु. 5820- का जुर्माना वसूला गया। इस प्रकार का सघन जांच अभियान पूरे सप्ताह पूर्वोत्तर रेलवे के सभी स्टेषनों एवं गाड़ियों में चलाया जायेगा।

# दरवाजे के सामने से ई रिक्शा उड़ा ले गये चोर

**गोरखपुर (एसएनबी)।** शिवपुर सहबाजगंज मुहल्ले में दरवाजे पर खड़ा ई रिक्शा वाहन चोरों ने उड़ा दिया। रिक्शा मालिक ने गुलरिहा पुलिस को तहरीर दे दी है और पुलिस मामले की जांच कर रही है। बता दें कि सीसीटीवी फुटेज की मदद पुलिस ले रही है। बताया तो यह भी जा रहा है कि गुलरिहा पुलिस अभी तक घटनास्थल का निरीक्षण करने तक नहीं पहुंची।

**सीसीटीवी फुटेज की मदद से गुलरिहा पुलिस वाहन चोरों तक पहुंचने में जुटी**

गुलरिहा थाना क्षेत्र के शिवपुर सहबाजगंज निवासी अभिजीत चौधरी पुत्र दीनानाथ चौधरी अपना ई रिक्शा रोज की भांति अपने दरवाजे पर दो मार्च की रात 9 बजे खड़ी किया।

पादरीबाजार प्रतिनिधि के अनुसार अगले दिन भोर में 3. 47 बजे जब बाहर निकले तो ई रिक्शा गायब मिला। ई रिक्शा मालिक ने गुलरिहा थाने पर तहरीर दी। इधर पीड़ित अभिजीत चौधरी का कहना है कि मेरे द्वारा चोरी की घटना से संबंधित सीसीटीवी फुटेज व तहरीर देने के बाद भी गुलरिया पुलिस ने अभी तक घटना स्थल का निरीक्षण नही किया।

इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक गुलरिया मनोज कुमार पाण्डेय का कहना है कि तहरीर मिली है। अभियोग पंजीकृत करने का निर्देश तहरीर प्राप्त होते ही दे दिया गया था।

# बेखौफ धधक रही कच्ची शराब की भट्ठियां, बता रही कार्रवाई

**गोरखपुर (एसएनबी)**। होली, दीपावली या अन्य बड़े त्योहारों के आने, कभी कभार दूसरे जिलों में कच्ची शराब से होने वाली मौतों और अफसरों के चेतने पर अवैध कच्ची शराब के कारोबारियों के विरूद्ध कार्रवाई तेजी से की जाती है। इतना ही नहीं सरकारी और देशी शराब की दुकानें भी चेक की जाती हैं कि कहीं अपमिश्रित शराब तो अवैध तरीके से नहीं बेची जा रही है।

**अफसरों के निर्देश पर त्योहारों में सक्रिय होती है आबकारी व पुलिस की टीमें**

**बाकी दिनों में बेरोकटोक कारोबारी करते हैं अवैध शराब का कारोबार**

कुछ ऐसा ही अभियान आगामी होली और बारावफात के मद्देनजर चलाया जा रहा है। जिले में आबकारी आयुक्त के निर्देश पर जनपद गोरखपुर में आबकारी विभाग द्वारा चलाए जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत शनिवार को प्रशासन ,पुलिस एवं आबकारी की संयुक्त टीम द्वारा उपजिलाधिकारी बांसगांव के नेतृत्व में पाण्डेयपार एवं उचेर थाना गगहा में स्थित ईंट भट्ठों पर दबिश दी गईं। दबिश के दौरान लगभग 30 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर आबकारी अधिनियम की धारा 60 के अंतर्गत 03 अभियोग पंजीकृत किया गया। दबिश के दौरान लगभग 800 किग्रा लहन, शराब बनाने के उपकरण एवं भट्ठियों को मौके पर ही नष्ट किया गया। उक्त के अतिरिक्त बांसगांव क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली आबकारी दुकानों का भी टीम के द्वारा निरीक्षण किया गया।

टीम में उपजिलाधिकारी बांसगांव पवन कुमार, क्षेत्राधिकारी बांसगांव सुश्री प्रशाली गंगवार, आबकारी इंस्पेक्टर ज्ञान प्रताप सिंह एवं गगहा थानाध्यक्ष संदीप कुमार सिंह मय हमराहियों शामिल रहे। शुक्रवार को आबकारी विभाग और सीओ सर्किल गोरखनाथ की पुलिस ने पादरी बाजार में छापेमारी की। अवैध शराब बरामद कर दो अभियोग पंजीकृत किया। कार्रवाई के दौरान अमूमन कारोबारी फरार ही हो जाते हैं। वहीं सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक जिन क्षेत्रों में आबकारी और पुलिस प्रशासन की टीमों ने छापेमारी की है उन्हीं मोहल्लों में बाद में भी शराब बनती और बिकती देखी गयी है।

# चोरी की मूर्ति व सिक्के बरामद होने के जुर्म में तीन को दो साल की कैद

**गोरखपुर (एसएनबी)।** अष्टधातु की चोरी की मूर्ति व सिक्के बरामद होने के जुर्म में अपर सत्र न्यायाधीश पंकज श्रीवास्तव ने गोरखनाथ थाना क्षेत्र के रसूलपुर निवासी अभियुक्त इब्राहिम,खोराबार थाना क्षेत्र के ग्राम पोछिया ब्रह्म स्थान निवासी अरविंद कुमार व महाराजगंज जिले के घुघली थाना क्षेत्र के ग्राम खंडी चौरा निवासी अभियुक्त रामसजीवन को दो साल कठोर कारावास एवं पांच हजार रुपए अर्थदंड से दण्डित किया है। अर्थदंड न देने पर अभियुक्तों को दो माह का कारावास अलग से भुगतना होगा।

अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता प्रमोद मौर्य एवं अतुल शुक्ला का कहना था कि 4 फरवरी 2005 को वादी प्रभारी निरीक्षक थाना कैंट एस एन सिंह अपने हमराहियों के साथ पैडलेगंज चौराहे पर वाहन चेकिंग कर रहे थे।जरिए मुखबीर उन्हें सूचना मिली कि अंतर प्रांतीय मूर्ति चोरी का गिरोह चम्पा देवी पार्क में अष्टधातु की मूर्ति के साथ एक कार में बैठक कर अपने किसी साथी का इंतजार कर रहे है।सूचना पर विश्वास कर पुलिस वाले मौके पर पहुंचे तो एक व्यक्ति छोटक शाही अपने हाथ में लिए बैग के साथ चम्पा देवी पार्क में बनी चहार दिवाल से कूदकर मोटरसाइकिल पर बैठकर भागने में सफल हो गया।शेष अभियुक्त मारुति कार से भागना चाहे लेकिन उन्हें घेरकर पकड़ लिया गया।पकड़े गए अभियुक्तों से नाम पता पूछा गया तो उन्होंने अपना नाम इब्राहिम,अरविंद कुमार और रामसजीवन बताया और तलाशी में उनके पास से अष्टधातु की मूर्ति एंव सिक्के बरामद हुए।

# आरपी हॉस्पिटल देवीपुर के खिलाफ केस

**गोरखपुर (एसएनबी)।** उप जिलाधिकारी चौरीचौरा शिवम सिंह व ब्रह्मपुर सीएससी प्रभारी डा. ईश्वरलाल व पुलिस की संयुक्त टीम के 28 फरवरी को चौरी चौरा के देवीपुर में स्थित आरपी हास्पिटल पर छापेमारी की थी। जांच के बाद तत्काल हास्पिटल को सील कर दिया। आरपी हास्पिटल के खिलाफ ब्रह्मपुर चिकित्सा प्रभारी ने चौरी चौरा पुलिस को तहरीर देकर चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। इधर एसडीएम द्वारा हास्पिटल के अवमुक्त की कार्यवाही को लेकर क्षेत्र में खूब चर्चा हो रही है।

एसडीएम की छापेमारी के दौरान हास्पिटल में मौके पर कोई डाक्टर नही मिला था। हास्पिटल के संचालक द्वारा मौके पर कोई कागजात नही दिखाया गया, हास्पिटल में गंदगी तथा मानक के विरुद्ध पाए जाने पर एसडीएम कड़ी कार्यवाही करते हुए तत्काल हासिपटल को सील करा दिया था। **फुटहवा ईनार प्रतिनिधि** के अनुसार इसी बीच एसडीएम द्वारा 2 मार्च को एक लिखित आदेश जारी करते हुए हास्पिटल के कागजात सही दिखाए जाने का हवाला देते हुए हास्पिटल को अवमुक्त करने का आदेश जारी कर दिया। इधर वही छापेमारी की टीम में

> **एसडीएम ने 28 फरवरी को किया था हॉस्पिटल सील जबकि दो 2 मार्च को एसडीएम द्वारा लिखित तौर पर किया अवमुक्त**
>
> **हॉस्पिटल के खिलाफ चिकित्सा प्रभारी ने शनिवार 4 मार्च को दर्ज कराया केस**
>
> **चौरीचौरा क्षेत्र में इस तरह की कार्रवाई को लेकर हो रही है तरह-तरह की चर्चा**

शामिल रहे ब्रह्मपुर चिकित्साप्रभारी डा. ईश्वर लाल ने 4 मार्च को चौरी चौरा पुलिस को तहरीर देकर अवगत कराया कि छापेमारी के दौरान हास्पिटल के पंजीकृत संबधित कोई कागजात नही मिला, मौके पर कोई भी डाक्टर उपस्थित नही पाए गए। वायोमेडिकल लाग बुक भी नही पाया गया। तहरीर में यह भी लिखा गया कि हास्पिटल में मरीजों के साथ धोखाधड़ी कर, उपचार के नाम पर उनके जान जोखिम में डालना पाया। हास्पिटल सील के दौरान जान माल की धमकी देना। तहरीर के आधार पर चौरीचौरा पुलिस ने आरपी हास्पिटल के संचालक, डाक्टर व हास्पिटल के फार्मासिस्ट तथा हास्पिटल के कर्मचारीगण के खिलाफ धारा 419, 420, 269, 332, 506, 15(2)15(3) के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच-पड़ताल शुरू कर द है। सवाल यह है कि जब एसडीएम ने खुद 28 फरवरी को जांच के दौरान मानक के विरुद्ध हास्पिटल पाए जाने पर खुद ही सील करा दिया था। पर दो दिन में ही ऐसा क्या जादू हो गया कि हास्पिटल में सब कुछ ठीक पाकर पुनः 2 मार्च को एसडीएम लिखित आदेश जारी कर हास्पिटल को अवमुक्त कर दिया। फिलहाल चौरीचौरा क्षेत्र में एसडीएम की इस तरह की कार्यवाही को लेकर तरह-तरह की चर्चा हो रही है।

# 8 को बंद रहेंगी शराब की दुकानें

गोरखपुर (एसएनबी)। जिला मजिस्ट्रेट कृष्णा करूणेश ने आबकारी अधिनियम की धारा-59 में प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए आदेश दिये है कि शासनादेश द्वारा होली के लिए प्रस्तावित अवकाश 8 मार्च 2023 दिन बुधवार को जनपद की समस्त आबकारी की थोक एवं फुटकर दुकानों के साथ देशी शराब, विदेशी मदिरा, वीयर, ताड़ी, डिनेचर स्प्रीट/बार, अनुज्ञापन भांग, क्लब बार एवं होटल बार, एफ0एल0.9/9ए, मॉडलशाप की समस्त दुकाने पूर्णरूप से बन्द रहेगी। इस बन्दी के लिए अनुज्ञापन धारकों को काई प्रतिफल देय नही होगा।

# आरपी हॉस्पिटल के संचालक व डॉक्टर समेत छह पर केस

## बिना रजिस्ट्रेशन के देवीपुर गांव में चल रहा था हॉस्पिटल

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (4 March):** चौरीचौरा के देवीपुर गांव में स्थित आरपी हॉस्पिटल बिना रजिस्ट्रेशन के चल रहा है. सीएमओ के निर्देश पर शनिवार को हेल्थ डिपार्टमेंट की टीम ने संचालक, डॉक्टर समेत छह लोगों पर जालसाजी करने, सरकार कार्य में बांधा पहुंचाने और धमकी देने और इंडियन मेडिकल काउंसिल एक्ट 1956 के तहत केस दर्ज कराया है. सीएमओ के निर्देश पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ब्रहमपुर के प्रभारी डॉ. ईश्वर लाल ने चौरीचौरा थाना प्रभारी को दी.

### इंस्पेक्शन में नहीं दिखा सके कागजात

तहरीर में लिखा है कि 28 फरवरी को एसडीएम व स्थानीय थाने की पुलिस के साथ देवीपुर गांव में स्थित आरपी हॉस्पिटल का निरीक्षण किया. संचालक व कर्मियों ने रजिस्ट्रेशन से जुड़ा कोई दस्तावेज नहीं दिखाया. मौके पर कोई डॉक्टर भी नहीं था. जांच में पाया गया कि हॉस्पिटल में मेडिकल लॉग बुक नहीं है. ओटी की साफ-सफाई बहुत ही खराब है. पेशेंट्स के बीएचटी को भी नहीं भरा गया है. अनट्रेंड स्टाफ पेशेंट्स का इलाज करने के साथ ही उनके जान को जोखिम में डाल रहे हैं. इसके बाद हॉस्पिटल को सील कर दिया गया. हॉस्पिटल सील करते समय संचालक व कर्मियों की ओर से कार्रवाई का विरोध करने के साथ ही धमकी भी दी गई. सीएमओ कार्यालय में इसकी सूचना दी गई तो बताया गया कि आरपी हॉस्पिटल रजिस्टर्ड नहीं है. सीओ मानुष पारीख ने बताया कि तहरीर के आधार पर हॉस्पिटल संचालक, डॉक्टर, फार्मासिस्ट और अज्ञात कर्मियों पर केस दर्ज कर जांच की जा रही है.



# सीएम योगी देंगे शिक्षा के रंग में रंगा भविष्य संवारने का उपहार

PIC: DAINIK JAGRAN I NEXT



### सीएम बाल सेवा योजना के 82 लाभार्थी बच्चों को मिलेगा लैपटॉप

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (4 March):** होली पर सीएम योगी आदित्यनाथ स्टूडेंट्स को शिक्षा के रंग में रंगा भविष्य संवारने का उपहार देंगे. छह मार्च को सीएम योगी बाल सेवा योजना के 82 लाभार्थियों को लैपटॉप मिलेगा तो जिले के मेधावी स्टूडेंट्स को पुरस्कार राशि (चेक) प्राप्त होगा. साथ ही सीएम 200 महिला मंगल दलों को स्पोर्ट्स किट का वितरण भी करेंगे. सोमवार यानी छह मार्च को योगिराज बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में सुबह 11.30 बजे से कार्यक्रम होगा.

## जून 2021 से दी जा रही राशि

जून 2021 में शुरू हुई सीएम बाल सेवा योजना के तहत ऐसे बच्चों को प्रतिमाह 4000 रुपये दिए जा रहे हैं जिनके माता पिता दोनों, या किसी एक की मौत कोरोना के कारण हुई. जबकि राज्य में सीएम बाल सेवा योजना (सामान्य) के अंतर्गत चयनित बच्चों को प्रतिमाह 2500 रुपये दिए जा रहे हैं जिनके माता- पिता दोनों या किसी एक की मौत कोरोना काल में किसी अन्य कारणों से हुई. गोरखपुर में 603 बच्चे सीएम बाल सेवा योजना से लाभान्वित हो रहे हैं. सरकार इन बच्चों के पालन पोषण से लेकर इनकी पढ़ाई तक का खर्च उठाती है.

## 82 बच्चे चयनित

दोबारा सीएम बनने के बाद योगी आदित्यनाथ ने सामाजिक सुरक्षा सेक्टर की कार्ययोजना के प्रस्तुतिकरण के दौरान निर्देश दिया था कि कोरोना संक्रमण से अपने अभिभावकों को खो चुके निराश्रित बच्चों को सीएम बाल सेवा योजना के तहत लैपटाप दिया जाए. योजना के तहत पंजीकृत 9वीं या इससे ऊपर की कक्षाओं में पढ़ रहे स्टूडेंट्स पात्र हैं. इसके तहत गोरखपुर में 82 बच्चे पात्र रूप में चयनित किए गए हैं. इन्हें सीएम योगी सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में लैपटॉप वितरित करेंगे. पूर्व में भी जिले के ऐसे करीब सवा सौ बच्चों को लैपटॉप दिया जा चुका है. इस कार्यक्रम के दौरान ही सीएम योगी 200 महिला मंगल दलों को स्पोर्ट्स किट तथा मेधावी स्टूडेंट्स को पुरस्कार धनराशि का चेक भी सौंपेंगे.

## दो पीकू का शुभारंभ करेंगे सीएम

6 मार्च को ही सीएम जंगल कौड़िया सीएचसी पर जंगल कौड़िया व चरगांवा सीएचसी में बने पीडियाट्रिक इंटेंसिव केयर यूनिट (पीकू) का शुभारंभ करेंगे. इस पीकू का निर्माण हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड (एचयूआरएल) ने सीएसआर फंड से कराया है. पीकू का शुभारंभ कार्यक्रम दोपहर 3:30 बजे से होगा. एचयूआरएल की तरफ से 17 सीएचसी पर पीकू का निर्माण कराया जाना है. दो सीएचसी जंगल कौड़िया व चरगांवा पर निर्माण पूर्ण हो गया है. पीकू पर मल्टी पैरा कार्डियक मॉनिटर, वेंटिलेटर, स्पेशल डिजाइन बेड, ऑक्सीजन कंसन्ट्रेटर समेत सभी आवश्यक व अत्याधुनिक संसाधन उपलब्ध है.

# पुलिस मान रही घटना को संदिग्ध

गोरखपुर। सहजनवा इलाके में युवक को गोली मारने की घटना को पुलिस की जांच में संदिग्ध माना जा रहा है। मोबाइल लोकेशन और फोरेंसिक एक्सपर्ट की जांच से यह संदेह पैदा हुआ है। वहीं आसपास किसी के गोली मारकर भागते किसी ने नहीं देखा है। लिहाजा अभी पुलिस को यही शक है कि अपने दुश्मनों को फंसाने के लिए मान सिंह ने खुद ही गोली मारी है। फिलहाल चार लोगों पर हत्या के प्रयास का केस दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। एसपी नार्थ ने बताया कि इस मामले में चारों के मोबाइल सीडीआर व लोकेशन की जांच में पता चला है कि घटना के वक्त चार में से दो आरोपित पंचम का संतकबीरनगर व छोटू का लोकेशन गीडा में मिला जो कि घटनास्थल से काफी दूर है।

# सहारा एस्टेट की संपत्ति को नुकसान पहुंचाने पर केस

खोराबार। सहारा एस्टेट की सम्पत्ति को कूटरचित तरीके से नुकसान पहुंचाने पर खोराबार पुलिस ने शनिवार देर शाम चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। यह केस अर्थराइज सिग्नेचरी संजीव कुमार वर्मा की तहरीर पर दर्ज किया है।

जानकारी के अनुसार गगहा क्षेत्र के मूल निवासी मंजीत सिंह वर्तमान समय में सहारा एस्टेट में रहते हैं। आरोप है कि उन्होंने अपने साथियों के साथ मिलकर कूटरचित दस्तावेजों की मदद से सहारा स्टेट कॉलोनी की संपत्तियों को नुकसान पहुंचाया है। अथराइज सिग्नेचरी सहारा एस्टेट की तहरीर पर पुलिस ने मंजीत सिंह, आनंद प्रकाश त्रिपाठी, मानवेंद्र प्रताप सिंह व एक अन्य व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज किया है।

### सोनबरसा में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट की कड़ी कार्रवाई, 10 अस्पतालों की जांच की गई

# आरपी सिंह मल्टी स्पेशियलिटी समेत तीन अस्पताल सील किए

सोनबरसा/चौरीचौरा, हिन्दुस्तान संवाद। जिले में प्रशासन, पुलिस और स्वास्थ्य विभाग की टीम एक बार फिर से अपंजीकृत अस्पतालों के खिलाफ मुहिम शुरू किया है। इसके तहत शनिवार को 10 अस्पतालों की जांच की गई। इसमें से तीन अस्पतालों को सील किया गया। इस दौरान भर्ती मरीजों को नजदीकी सीएचसी पर भर्ती कराया गया। बताया जाता है कि सील हुए एक अस्पताल में इलाज करने वाले कुछ डॉक्टर बीआरडी मेडिकल कॉलेज से जुड़े हैं। जबकि एक डॉक्टर सीएचसी से जुड़े बताए जा रहे हैं।

शनिवार को चौरीचौरा क्षेत्र के सोनबरसा बाजार में स्थित आरपी सिंह मेमोरियल स्पेशिलिटी हॉस्पिटल की जांच की गई। यहां पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट सदर नेहा बंधू व एएसपी मानुष पारीक ने जांच की। इसमें मौके पर हॉस्पिटल पर कोई डॉक्टर मौजूद नहीं मिला, न ही हॉस्पिटल के रजिस्ट्रेशन का कोई पेपर मिला। हॉस्पिटल में संचालित मेडिकल स्टोर का लाइसेंस भी नहीं मिला। स्थानीय लोगों ने जांच टीम को बताया कि यहां बीआरडी मेडिकल कॉलेज से कुछ डॉक्टर इलाज करने के लिए आते हैं। यह जानने के बाद अधिकारी हैरान रह गए। अस्पताल के बाहर सात डॉक्टरों के नाम के बोर्ड मिले, टीम सभी को तलब करेगी।

**भर्ती मिले दो मरीज, सील किया अस्पताल :** अस्पताल में दो मरीज भर्ती मिले जिसमें एक की सर्जरी हुई थी जबकि एक को उल्टी-दस्त की समस्या थी ज्वाइंट मजिस्ट्रेट सदर व एएसपी ने कर्मचारियों ने पंजीकरण से जुड़े कागजात मांगे। कर्मचारियों ने बताया कि सीएमओ कार्यालय में आवेदन किया जा चुका है।



चौरीचौरा क्षेत्र के सोनबरसा मे आरपी सिंह मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल की जांच करते अधिकारी। • हिन्दुस्तान

## पिपराइच मार्ग पर कैथवलिया में भी दो हॉस्पिटल सील

इसके बाद ज्वाइंट मजिस्ट्रेट व एएसपी ने पिपराइच मार्ग पर कैथवलिया में न्यू आयुष हॉस्पिटल व आयुष हॉस्पिटल पर भी छापेमारी की। इसमे अस्पताल में कोई मरीज व डॉक्टर नही था। अस्पताल के आसपास के लोगो ने बताया कि जांच टीम के आने की सूचना पर संचालक ने मरीज को आनन-फानन में शिफ्ट करवा दिया और खुद भी गायब हो गया। दोनों अस्पताल घर में चल रहा था। अधिकारियों ने दोनों अस्पताल को भी सील कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि अस्पताल संचालकों के खिलाफ केस दर्ज कराया जाएगा।

## टीम ने किया निरीक्षण सात को थमाया नोटिस

पिपरौली। सीएचसी अधीक्षक डॉ शिवानंद मिश्रा के नेतृत्व में शनिवार को स्वास्थ्य टीम ने क्षेत्र के सभी निजी अस्पतालों और मेडिकल स्टोरों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान सात अस्पतालों एवं मेडिकल स्टोरों को नोटिस दी गई। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ शिवानंद मिश्रा ने बताया कि आठ अस्पतालों व मेडिकल स्टोर का निरीक्षण किया गया। जिसमें से एक संचालक शटर बंद कर भाग गया। सात अस्पतालों का निरीक्षण हुआ। किसी के पास पंजीकरण के पूर्ण कागजात नहीं मिले। सभी को नोटिस देकर पांच दिन में जवाब देने का निर्देश दिया गया है। सही जवाब न देने पर एफआईआर दर्ज करके कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर अरुण कुमार गौतम, राज गौरव सिंह, सतीश शुक्ला, मुंशी लाल गुप्ता, अजय श्रीवास्तव रहे।

## हॉस्पिटल संचालक व डॉक्टर सहित चार पर केस

- बिना पंजीकरण के चल रहा था हॉस्पिटल
- टीम के अधिकारियों को संचालक दे रहा था झांसा

चौरीचौरा, हिन्दुस्तान संवाद। चौरीचौरा के देवीपुर गांव में बिना पंजीकरण के चल रहे आरपी हॉस्पिटल प्रकरण में सीएमओ के निर्देश पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ब्रह्मपुर के प्रभारी चिकित्साधिकारी ने चौरीचौरा थाने में शनिवार को संचालक और डॉक्टर समेत चार पर केस दर्ज कराया है।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ब्रह्मपुर के प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. ईश्वरी लाल ने चौरीचौरा थाना प्रभारी को दी तहरीर में लिखा है कि 28 फरवरी को एसडीएम व स्थानीय थाने की पुलिस संग देवीपुर गांव में स्थित आरपी हास्पिटल का निरीक्षण किया। संचालक व कर्मचारियों ने पंजीकरण से जुड़ा कोई अभिलेख नहीं दिखाया। मौके पर कोई डाक्टर भी नहीं था। जांच में पाया गया कि हास्पिटल में मेडिकल लाग बुक नहीं है।

ओटी की साफ-सफाई बहुत की खराब है। मरीजों के बीएचटी को भी नहीं भरा गया है। अप्रशिक्षित लोग मरीजों का उपचार करने के साथ ही उनके जान को जोखिम में डाल रहे हैं। इसके बाद हास्पिटल को सील कर दिया गया। हास्पिटल सील करते समय संचालक व कर्मचारियों द्वारा कार्रवाई का विरोध करने के साथ ही धमकी भी दी गई।

मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय को इसकी जानकारी दी गई तो बताया गया कि आरपी हास्पिटल पंजीकृत नहीं है। एएसपी/सीओ चौरीचौरा मानुष पारीख ने बताया कि तहरीर के आधार पर हॉस्पिटल के संचालक, डॉक्टर, फार्मासिस्ट और अज्ञात कर्मचारियों पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। साक्ष्य के आधार पर आरोपितों पर कार्रवाई होगी।

# दोहरे हत्याकांड के सभी आरोपित बाइज्जत बरी

**फैसला**

चौरीचौरा, हिन्दुस्तान संवाद। चौरीचौरा थाना क्षेत्र के डुमरी खास गांव में साढ़े छह साल पहले हुए दोहरे हत्याकांड के पांचों आरोपियों को एससी-एसटी कोर्ट के विशेष न्यायाधीश ने शनिवार को मामले में संदेह का लाभ देते हुए बाइज्जत बरी कर दिया। कोर्ट के इस फैसले के खिलाफ पीड़ित पक्ष ने हाईकोर्ट में अपील करने की बात कही है।

10 अक्टूबर 2016 की रात डुमरी खास गांव के सोनबरसा सिनेमा हॉल के पास एक पाइप फैक्ट्री पर सन्तोष पासवान निवासी भैसहीं बुजुर्ग थाना बांसगांव और नर्वदा पासवान निवासी डुमरी खास बसंत टोला सो रहे थे। इसी दौरान पेट्रोल डालकर उन्हें जिंदा जला दिया गया था। इलाज के दौरान दोनों की मौत हो गई थी। मौत से पहले दोनों ने मजिस्ट्रेट के सामने जलाने वालों का नाम लिया था।

बयान के आधार पर राजदेव पासवान के भाई कमलदेव की तहरीर पर सोनबरसा बाजार थाना चौरीचौरा निवासी अजीत यादव, डुमरी खास निवासी भोले उर्फ ओम शिवाय मौर्य, राधेश्याम मौर्य, छपरा मंसूर निवासी अशरफ और रक्षवापार थाना पिपराईच निवासी मनीष यादव पर केस दर्ज हुआ था। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने राधेश्याम मौर्य, अशरफ और मनीष को जमानत पर रिहा कर दिया था। अजीत और भोले को जमानत नहीं मिली थी। हाईकोर्ट ने कई बार बार जमानत अर्जी खारिज कर दी थी।

# बदमाशों की फर्जी जमानत ले रहा गिरोह, एक और मुकदमा

## खुलासा

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। बदमाशों को फर्जी तरीके से जमानत दिलाने वाले एक गिरोह के सक्रिय होने का मामला प्रकाश में आया है। यह गिरोह फर्जी जमानतदारों को खड़ा कर उनका फर्जी तरीके से सत्यापन कराकर बदमाशों को जेल से बाहर निकलवा रहा है।

तिवारीपुर के एक बदमाश को जमानत मिलने के बाद जब जमानतदार की जांच हुई तो गिरोह का पता चला। पुलिस ने न सिर्फ जमानत निरस्त कराई बल्कि फर्जी जमानतदार की पहचान कर रामगढ़ताल थाने में केस भी दर्ज कराया। जांच में यह भी पता चला कि लेखपाल से लेकर तहसीलदार तक की फर्जी सत्यापन रिपोर्ट यह गिरोह लगाता है।

इस मामले में अब लेखपाल ने भी कैंट थाने में केस दर्ज कराया है। तिवारीपुर के इलाहीबाग निवासी साजिद अली उर्फ गुड्डू के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस दर्ज कर पुलिस ने उसे जेल भिजवाया था। हालांकि जेल जाने के तुरंत बाद उसे जमानत मिल गई। पुलिस हैरत में थी कि इतनी जल्दी साजिद को जमानतदार कहां से मिला और उसका सत्यापन कैसे हो गया। जिस व्यक्ति ने जमानत ली थी पुलिस ने जब उसकी जांच शुरू की तो पता चला कि जमानतदार ने जो पता दर्शाया है वहां उस नाम का कोई व्यक्ति नहीं रहता। उसके बाद यह सामने आया कि फर्जी जमानतदार खड़ा कर फर्जी तरीके से सत्यापन कराकर साजिद की जमानत कराई गई है। इस मामले में रामगढ़ताल पुलिस ने फर्जी जमानतदार के खिलाफ केस दर्ज कर पिछले दिनों उसे गिरफ्तार कर जेल भेजवाया।

वहीं जांच में पता चला था कि उसने पुलिस की फर्जी मुहर व दस्तावेज का इस्तेमाल कर फर्जी तरीके से चरित्र प्रमाणपत्र तैयार किया था।

- लेखपाल और कानूनगो से लेकर तहसीलदार तक का किया गया था फर्जी हस्ताक्षर

> “ जमानतदारों का एक गिरोह सामने आ रहा है वह फर्जी तरीके से जमानत लेता है। इस गिरोह के पेपर पहले से तैयार रहते हैं। इसमें में जल्द ही बड़ा खुलासा किया जाएगा।
>
> – **कृष्ण कुमार बिश्नोई**, एसपी सिटी

### लेखपाल ने दर्ज कराया कैंट थाने में मुकदमा

लेखपाल बृजेश सागर सिंह ने साजिद अली उर्फ गुड्डू और अन्य के खिलाफ जालसाजी, साजिश, कूटरचित दस्तावेज बनाने सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज कराया है। बृजेश का आरोप है कि जमानत के दस्तावेज में फर्जी तरीके से सत्यापन रिपोर्ट बनाई गई है। इसमें लेखपाल के अलावा कानूनगो और तहसीलदार का फर्जी हस्ताक्षर बनाया गया है।

# स्मैक कारोबारी को पुलिस ने दबोचा

गोरखपुर। राजघाट थाना पुलिस ने शनिवार को स्मैक कारोबारी करने वाले एक तस्कर को 24.5 ग्राम स्मैक और 15,500 रुपये के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान शम्भू सोनकर निवासी चकरा अव्वल अमरुद मंडी थाना राजघाट के रूप में की गई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर जेल भेज दिया है।

# अष्टधातु की मूर्ति चोरी में दो को दो-दो साल जेल की सजा

गोरखपुर। अष्टधातु की चोरी की मूर्ति व सिक्के बरामद होने के जुर्म में अपर सत्र न्यायाधीश पंकज श्रीवास्तव ने गोरखनाथ थाना क्षेत्र के रसूलपुर निवासी अभियुक्त इब्राहिम, खोराबार क्षेत्र के ग्राम पोछिया ब्रह्मस्थान निवासी अरविंद कुमार व महाराजगंज के घुघली थाना क्षेत्र के ग्राम खंडी चौरा निवासी अभियुक्त रामसजीवन को दो साल कठोर कारावास एवं पांच हजार रुपये अर्थदंड से दण्डित किया है।

# अपहरण में तीन साल की सजा

गोरखपुर। नाबालिग बच्ची का अपहरण के जुर्म में विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट रोहित सिंह ने मऊ के मधुबन क्षेत्र के खिरिकोठा निवासी अभियुक्त त्रिभुवन को तीन साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई।

# अभियान: 15 दिन में पकड़े गए 44 वेंडर, एक को जेल

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। होली पर्व को देखते हुए स्टेशन निदेशक के निर्देश पर स्टेशन पर पिछले 15 दिनों से अवैध वेंडरों की धरपकड़ चल रही है। इसमें 44 अवैध वेंडर पकड़े गए।

इन सभी से जुर्माने के रूप में 24840 रुपये वसूली हुई। इन वेंडरों के पास से सबसे अधिक अवैध पानी की बोतले की जब्त की गई जबकि कुछ के पास छोला-चावल और अन्य खाद्य सामग्रियां बरामद की गईं। पकड़े गए वेंडरों में एक को जेल भी भेजा गया है। यह जानकारी स्टेशन निदेशक आशुतोष गुप्ता ने दी।

# बदमाश ने साथियों संग युवक को मारी गोली

**जासं, पिपरौली** : जेल से छूटे अपहरण व दुष्कर्म के आरोपित ने अपने साथियों के साथ शनिवार की दोपहर सहजनवां क्षेत्र में टिकरिया बंधे पर युवक को गोली मार दी। गोली उसके बाएं पैर में जांघ के पास लगी है। बीआरडी मेडिकल कालेज में भर्ती युवक ने पड़ोस के गांव के चार लोगों पर हत्या की कोशिश करने का मुकदमा दर्ज कराया है।

सुरगहना गांव के मान सिंह यादव दोपहर एक बजे बाइक से सहजनवां जा रहे थे। टिकरिया गांव के पूरब राप्ती नदी के बांध पर पीछे से आए बाइक सवार तीन बदमाशों ने ओवरटेक कर रोक लिया और गोली मार दी। गोली बाएं पैर की जांघ में लगी और मान सिंह बाइक सहित गिर गए। शोर मचाने पर खेत में काम कर रहे लोग दौड़े तो बदमाश फरार हो गए। पीड़ित का आरोप है कि पड़ोस के गांव के तीन युवकों ने गोली मारी है। तीन दिन पहले मोबाइल पर फोन करने के बाद



घायल मान सिंह यादव • जागरण

- सहजनवां के टिकरिया गांव में बंधे पर शनिवार की दोपहर को हुई घटना

इंटरनेट मीडिया पर पोस्ट डाल मारने की धमकी दी थी। दो वर्ष पहले एक आरोपित ने उनकी भतीजी का अपहरण किया था। मुकदमे में दुष्कर्म की धारा बढ़ाकर पुलिस ने उसे जेल भेजा था। दो माह पहले वह जेल से छूटा और फिर से भतीजी को साथ लेकर चल गया। एक आरोपित को हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है। एसपी नार्थ मनोज अवस्थी ने बताया कि घटना से जुड़े सभी पहलुओं की जांच चल रही है।

**पुलिस की सक्रियता पर सवाल** : तीन दिन पहले एक आरोपित ने पहले मोबाइल पर फोन किया, उसके बाद फेसबुक पर पोस्ट डाल मारने की धमकी दी थी। जानकारी होने के बाद भी पुलिस ने सक्रियता नहीं दिखाई, जिसकी वजह से बदमाशों का हौसला बढ़ गया और उन्होंने शनिवार की दोपहर युवक को बांध पर रोककर गोली मार दी।

## घटना को संदिग्ध मान रही है पुलिस

सहजनवां इलाके में युवक को गोली मारने की घटना को पुलिस की जांच में संदिग्ध माना जा रहा है। मोबाइल लोकेशन और फोरेंसिक एक्सपर्ट की जांच से यह संदेह पैदा हुआ है। एसपी नार्थ मनोज कुमार अवस्थी ने बताया कि गोली से घायल मान सिंह ने पट्टीदार सिब्बन, छोटू, पंचम पुत्रगण रामप्रीत यादव तथा एक अन्य आरोपित विनय पर जान से मारने की नीयत से गोली मारने का आरोप लगाया है। चारों के खिलाफ हत्या के प्रयास की धारा में केस दर्जकर जांच की जा रही है। एक आरोपित सिब्बन यादव को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है, जबकि अन्य की तलाश की जा रही है।

# फर्जी दस्तावेज पर छूटे हिस्ट्रीशीटर व सहयोगियों पर एक और मुकदमा

**जासं, गोरखपुर :** फर्जी दस्तावेज के जरिये जमानत पर छूटे हिस्ट्रीशीटर व उसके साथियों पर एक और मुकदमा दर्ज हुआ है। लेखपाल की तहरीर पर साजिश के तहत कूटरचित दस्तावेज तैयार कर जालसाजी करने का मुकदमा दर्जकर कैंट थाना पुलिस आरोपितों की तलाश में छापेमारी कर रही है।

सदर तहसील के लेखपाल बृजेश सागर सिंह ने कैंट थाना पुलिस को दी तहरीर में लिखा है कि इलाहीबाग निवासी साजिद अली उर्फ गुड्डू तिवारीपुर थाने का हिस्ट्रीशीटर है। तिवारीपुर थाना पुलिस ने अपहरण व अन्य मामले में जेल भेजा था। फर्जी दस्तावेज तैयार कर जमानत पर बदमाश छूट गया, जबकि भूमि के सत्यापन व मूल्यांकन के लिए कोई प्रपत्र मिला ही नहीं। कूटरचित तरीके से तैयार की गई सत्यापन रिपोर्ट पर बदमाश और उसके साथियों ने क्षेत्र के लेखपाल, कानूनगो व तहसीलदार का फर्जी हस्ताक्षर किया है। एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि फर्जी दस्तावेज के जरिये जमानत पर छूटे हिस्ट्रीशीटर और उसके सहयोगियों की तलाश चल रही है।

## यह है मामला

हिस्ट्रीशीटर साजिद अली उर्फ गुड्डू ने भूमि नहीं बेचने पर मोहल्ले के रहने वाले राकेश कुमार का 25 नवंबर, 2022 की शाम साथियों संग अपहरण कर लिया था। इसी मामले में तिवारीपुर थाना पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर व उसके साथियों पर मुकदमा दर्जकर जेल भेजा था। इसी बीच पता चला कि वह जमानत पर छूट गया। सात फरवरी, 2023 को रामगढ़ताल थाने के सिपाही अखिलेश कुमार ने अज्ञात के विरुद्ध कूटरचित दस्तावेज तैयार कर जालसाजी करने का मुकदमा दर्ज कराया था। विवेचना में रसूलपुर (निकट नौकायन) निवासी राजीव कुमार का नाम सामने आया।

# युवक का रुपये से भरा बैग लौटाया

गोरखपुर। मथुरा से परिवार सहित गोरखपुर आए युवक का रुपये भरा बैग एक ई-रिक्शा में छूट गया था। पुलिस ने ऑपरेशन त्रिनेत्र की मदद से रुपये भरा बैग युवक को सौंप दिया।

बताया जा रहा है कि एक युवक ई-रिक्शा में बैठ कर सूर्य बिहार कॉलोनी थाना क्षेत्र तिवारीपुर में उतरे। इस दौरान युवक का एक ब्राउन रंग का पर्स ई-रिक्शा में छूट गया। पर्स मे 92,150 रुपये और गहने थे।

इंसेफेलाइटिस के मरीजों के इलाज में काफी कारगर साबित हुए मिनी पीआईसीयू

# 17 सीएचसी में पीआईसीयू तैयार छह को मुख्यमंत्री करेंगे उद्घाटन

## सौगात

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। पूर्वी यूपी के गांवों में बीमार होने वाले बच्चों को इलाज के लिए शहर का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। गांव के अस्पतालों में तीन-तीन बेड का मिनी पीडियाट्रिक आईसीयू (पीआईसीयू) तैयार किया जा रहा है।

हिन्दुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड (एचयूआरएल) ने इसकी पहल की है। एचयूआरएल जिले में 17 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (सीएचसी) में मिनी पीआईसीयू का निर्माण कर रही है। इनमें दो का संचालन सोमवार से शुरू हो जाएगा। इसका उद्घाटन सीएम योगी आदित्यनाथ गोद लिए सीएचसी जंगल कौड़िया से कर सकते हैं। इससे पूर्व जिले में सिर्फ गगहा, चौरीचौरा और पिपरौली में तीन-तीन बेड के मिनी पीआईसीयू संचालित थे। वर्तमान में जिले में 21 सीएचसी है।

एचयूआरएल की पहल के बाद 20 सीएचसी में तीन-तीन बेड का मिनी पीआईसीयू संचालित हो जाएगा।




जंगल कौड़िया सीएचसी का निरीक्षण करते डीएम कृष्णा करुणेश। • हिन्दुस्तान

## 25 करोड़ रुपये प्रोजेक्ट पर होंगे खर्च

कुल प्रोजेक्ट करीब 25 करोड़ का है। इसमें जंगल कौड़िया और चरगांवा सीएचसी के साथ ही 15 अन्य सीएचसी में भी मिनी पीआईसीयू का निर्माण हो रहा है। हर पीआईसीयू के निर्माण पर करीब 80 लाख रुपये खर्च हुए हैं। इसके अलावा 45 लाख रुपये उपकरण की खरीद पर खर्च हुए।

**25** करोड़ रुपये की लागत से ग्रामीण अस्पतालों में बनाया पीआईसीयू

**01** साल तक डॉक्टर और स्टाफ का वेतन भी खाद कारखाना देगा

### इन सीएचसी पर मिनी पीआईसीयू

चरगांवा, भटहट, पिपराईच, सिहोरिया, शिवपुर, बरही, बासूडिहा, बड़हलगंज, गोला, अरांव जगदीशपुर, बेलघाट, बांसगांव, हरनहीं, सहजनवां, पाली, जंगल कौड़िया और कैम्पियरगंज सीएचसी पर मिनी पीआईसीयू की व्यवस्था की गई है।

एचयूआरएल इन पीआईसीयू को एक साल तक संचालित करेगी। इसके लिए चार डॉक्टर और पैरामेडिकल स्टाफ को तैनात करेगी और इनके वेतन का खर्च भी वहन करेगी। जंगल कौड़िया सीएचसी और खुटहन में स्थित चरगांवा सीएचसी पर पीआईसीयू का निर्माण पूरा हो चुका है। जंगल कौड़िया संवाद के मुताबिक सीएचसी में बन रहे पीडियाट्रिक आईसीयू का निरीक्षण करने डीएम कृष्णा करुणेश और सीएमओ डॉ आशुतोष कुमार दुबे पहुंचे थे। इस दौरान सीएससी अधीक्षक डॉ. मनीष चौरसिया मौजूद रहे।

अधिकारियों ने सीएचसी परिसर का निरीक्षण किया और नवनिर्मित पीडियाट्रिक आईसीयू का कमरा भी देखा। निरीक्षण के दौरान डीएम ने बताया कि सोमवार को इसका उद्घाटन सीएम कर सकते हैं। इसको देखते हुए निरीक्षण किया जा रहा है। अस्पताल की तैयारियों को परखा जा रहा है। हालांकि अब तक सीएम के कार्यक्रम की आधिकारिक सूचना नहीं मिली है।

# स्मैक के साथ युवक गिरफ्तार

**जासं., गोरखपुर** : राजघाट थाना पुलिस ने शनिवार को 24.5 ग्राम स्मैक और 15,500 रुपये के साथ युवक को गिरफ्तार किया। एनडीपीएस एक्ट का मुकदमा दर्ज कर दोपहर बाद उसे न्यायालय में पेश किया गया जहां से जेल भेज दिया गया। थानाध्यक्ष राजघाट राजेंद्र सिंह ने बताया कि आरोपित की पहचान शंभू सोनकर निवासी चकरा अव्वल अमरूद मंडी के रूप में हुई। बताया जा रहा है कि आरोपी के खिलाफ इससे पूर्व भी कई गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज हो चुका है। शंभू पहले भी जेल जा चुका है।

# पैडलेगंज की होलिका सजाएगी कैंट पुलिस

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर** : पर्यावरण संरक्षण के साथ सामाजिक सौहार्द भी सुदृढ़ हो, इसके लिए दैनिक जागरण के एक मुहल्ला एक होलिका अभियान में पुलिसकर्मी भी शामिल हो गए हैं। शनिवार को कैंट पुलिस ने श्री श्रीहोलिका दहन समिति पैडलेगंज को कंडा दान किया। इस दौरान




चौकी प्रभारी रामजी गुप्ता व अन्य पुलिसकर्मियों के साथ पैडलगंज मुहल्ले के लोगों ने भी सिर्फ कंडे से होलिका दहन करने का संकल्प लिया, ताकि संरक्षित पर्यावरण और उल्लासपूर्ण वातावरण में पर्व मनाया जा सके।

दैनिक जागरण के 'एक मुहल्ला एक होलिका' अभियान से जुड़कर ग्राम पंचायत जंगल हरपुर के लोनिया टोला होलिका समिति के सदस्य जितेंद्र कुमार चौहान ने पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए होलिका दहन में लकड़ी की जगह कंडा जलाने का संकल्प लिया। वह ग्राम पंचायत के लोगों को प्रेरित भी कर रहे हैं, ताकि होलिका दहन में बड़ी मात्रा में कंडे की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके।

एक मुहल्ला एक होलिका अभियान से जुडकर लोग समितियों को कंडे दान कर रहे हैं। दैनिक जागरण के इस अभियान से पर्यावरण संरक्षण का रास्ता साफ हो रहा है। लोग पर्यावरण को संरक्षित करने के उद्देश्य से आगे आ रहे हैं। होलिकादहन समितियां आसपास की समितियों को भी प्रेरित कर रही हैं। ताकि लकड़ी की जगह अधिक से अधिक कंडे का उपयोग किया जा सके। इससे अनावश्यक रूप से वे हरे पेड़ कटने से बच जाएंगे, जो हमें जीवन देते हैं।



पैडलेगंज होलिका दहन समिति को कंडा देते चौकी इंचार्ज व पुलिस कर्मी • जागरण

# एडीजी के निर्देश पर चार के विरुद्ध केस

**जासं. गोरखपुर** : एडीजी के निर्देश पर खोराबार थाना पुलिस ने चार के विरुद्ध कूटरचित दस्तावेज तैयार कर जालसाजी करने का मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस आरोप की जांच कर रही है।

लखनऊ के गोमतीनगर निवासी संजीव वर्मा ने एडीजी जोन अखिल कुमार को दिए प्रार्थनापत्र में लिखा है कि गगहा निवासी मंजीत सिंह, मानवेंद्र प्रताप सिंह, आनंद प्रकाश त्रिपाठी ने एक अन्य सहयोगी के साथ फर्जी सोसाइटी का गठन कर सहारा कालोनी की संपत्ति को नुकसान पहुंचाया है। प्रभारी निरीक्षक थाना खोराबार कल्याण सिंह सागर ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। साक्ष्य के आधार पर कार्रवाई होगी।

# नए किराएदारों का पता लगा रही पुलिस

**जासं, गोरखपुर** : होली के दिन घंटाघर से निकलने वाली भगवान नरसिंह की शोभायात्रा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ परंपरागत रूप से शामिल होते रहे हैं। उनकी सुरक्षा को लेकर पुलिस की क्षेत्र में हाल के दिनों में किराए पर कमरा लेने और शोभायात्रा मार्ग पर दुकान खोलने वालों पर विशेष नजर है।

शोभायात्रा घंटाघर से निकलकर मदरसा चौक, लालडिग्गी, मिर्जापुर, घासी कटरा, जाफरा बाजार, चरण लाल चौक, आर्यनगर, बक्शीपुर, नखास चौक, रेती चौक होते हुए घंटाघर लौटकर समाप्त होती है। पूरे रास्ते में सड़क से सटे 1000 मकान और 500 से अधिक दुकानें हैं। सुरक्षा मुख्यालय से निर्देश आने के बाद एलआइयू के साथ ही राजघाट व कोतवाली थाने की पुलिस एक सप्ताह से शोभायात्रा मार्ग पर स्थित मकान में रहने वाले परिवार व किराएदारों का सत्यापन कर रही है।



डा. गौरव ग्रोवर,एसएसपी

**त्रिस्तरीय होगी सुरक्षा व्यवस्था** : भगवान नरसिंह की शोभायात्रा की सुरक्षा-व्यवस्था त्रिस्तरीय होगी। रथ की सुरक्षा में पुलिस का सिक्योरिटी बाक्स बनेगा, जिसके अंदर मुख्यमंत्री की सिक्योरिटी टीम व एनएसजी कमांडो होंगे। एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर ने कहा कि होली के दिन निकलने वाली भगवान नरसिंह की शोभायात्रा की सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं।

# मूर्ति चोरी के मामले में तीन को दो साल कारावास

गोरखपुर : अष्टधातु की मूर्ति चोरी व सिक्के बरामद होने का आरोप सिद्ध पाए जाने पर अपर सत्र न्यायाधीश पंकज श्रीवास्तव ने गोरखनाथ थाना क्षेत्र के रसूलपुर निवासी अभियुक्त इब्राहिम, खोराबार थाना क्षेत्र के ग्राम पोछिया ब्रह्म स्थान निवासी अरविंद कुमार व महाराजगंज के घुघली थाना क्षेत्र के ग्राम खंडी चौरा निवासी अभियुक्त रामसजीवन को दो साल कठोर कारावास एवं पांच हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। चार फरवरी, 2005 को प्रभारी निरीक्षक थाना कैंट एसएन सिंह ने सूचना के आधार पर आरोपितों को चंपा देवी पार्क के पास घेराबंदी कर पकड़ा था। आरोपित एक गिरोह के सदस्य थे।

# बिना पंजीकरण चल रहे थे हास्पिटल ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने किए सील

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** चौरी चौरा के सोनबरसा और पिपराइच के कैथवलिया में बिना पंजीकरण के दो हास्पिटल चल रहे थे। शनिवार की शाम को ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/एसडीएम सदर और एएसपी/सीओ चौरी चौरा ने संयुक्त रूप से दोनों जगह पर छापा डाला। अधिकारियों के पहुंचने पर संचालक के साथ ही कर्मचारी फरार हो गए। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने दोनों हास्पिटल को सील कर इसकी सूचना अधिकारियों को दे दी है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी रविवार को मुकदमा दर्ज कराएंगे।

शनिवार की शाम पांच बजे ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/एसडीएम सदर नेहा बंधु व एएसपी/सीओ चौरी चौरा मानुष पारीख फोर्स के साथ सोनबरसा स्थित डा. आरपी सिंह मेमोरियल मल्टी स्पेशियलिटी हास्पिटल पहुंचे। काउंटर पर बैठे कर्मचारी से हास्पिटल के पंजीकरण का कागज मांगा तो उसने जानकारी होने से इन्कार कर दिया। पता करने के बहाने बाहर निकला तो फरार हो गया, जबकि हास्पिटल में दो मरीज भर्ती थे। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने दोनों मरीज को एंबुलेंस से बीआरडी मेडिकल कालेज भिजवाने के साथ



आयुष हास्पिटल की ओटी में छूटा सामान



डा. आरपी सिंह मैमोरियल हास्पिटल में जांच करतीं ज्वाइंट मजिस्ट्रेट, साथ में एएसपी

ही हास्पिटल को सील कर दिया। यहां से निकलने के बाद दोनों अधिकारी पिपराइच के आयुष हास्पिटल पहुंचे। अधिकारियों के पहुंचने से पहले ही हास्पिटल खाली हो गया था। आसपास के लोगों ने बताया कि कुछ देर पहले संचालक और कर्मचारी गाड़ी पर सामान लादकर यहां से निकले हैं। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने इस हास्पिटल को भी सील कर दिया।

DEORIA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 05-03-2023

# 28 मामले आये 9 का निस्तारण

**रुद्रपुर (एसएनबी)।** स्थानीय तहसील में शनिवार को आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता एडीएम प्रशासन देवरिया गौरव कुमार श्रीवास्तव की देखरेख में हुआ। जहां तहसील क्षेत्र के दूर दराज से विभिन्न फरियादियों ने अपनी-अपनी समस्याओं के निस्तारण के लिये प्रार्थना पत्र दिया। जिसमें राजस्व विभाग के (17), पुलिस के (02), विकास के (03) व अन्य विभाग के (06) कुल 28 प्रार्थना पत्र पड़े, जिसमें कुल 9 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण किया गया। इस दौरान एसडीएम ध्रुव कुमार शुक्ला, क्षेत्राधिकारी पंचम लाल, खण्ड शिक्षा अधिकारी जया राय, बीडीओ विवेकानन्द मिश्र, अधिशासी अधिकारी कमलेश कुमार शाही, कोतवाल उमेश कुमार बाजपेयी सहित अन्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

रा० सहारा दि० 5-3-23

# परीक्षा केंद्र पर छात्रों के दो गुटों में मारपीट, एक हिरासत में

**तरकुलवा (एसएनबी)।** विशुनपुर कला स्थित एक विद्यालय में शनिवार की शाम को परीक्षा समाप्त होने के बाद छात्रों के दो गुट आपस मे भिड़ गए। इसमें करीब छह छात्र घायल हो गए। शिकायत पर पुलिस को आता देख आरोपी हंटर गाड़ी से भाग निकले। जानकारी पर घायल छात्रों के साथियों और परिजनों ने विद्यालय को घेरं लिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने पीड़ित पक्ष के युवकों को शांत कराकर किसी तरह परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र से बाहर निकाला। मामले में एक आरोपी को हिरासत में लिया गया है। इस दौरान परीक्षार्थियों के विलम्ब से घर पहुंचने पर परिजन परेशान नजर आए। यूपी बोर्ड में शनिवार द्वितीय पाली में इंटरमीडियट का रसायन विज्ञान और समाज शास्त्र विषय की परीक्षा थी। विशुनपुर कला चौराहे के पास एक निजी स्कूल के गेट पर परीक्षा समाप्त के बाद देवरिया शहर और स्थानीय छात्र किसी बात पर आपस में भीड़ गए। देखते ही देखते लाठी -डंडे चलने लगे। आरोप है कि तभी हंटर से पहुंचे कुछ लोगों ने छात्रों के एक गुट को पीटने लगा। जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गया। स्कूल प्रशासन ने बाकी ब्रचे छात्रों को स्कूल में छुपा कर इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस का सायरन सुनते ही आरोपी मौके से नौ दो ग्यारह हो गए। इससे नाराज लोगों ने स्कूल को घेर लिया और स्कूल प्रशासन से आरोपी छात्रों के दोस्तों को सौंपने का दवाब बनाने लगे। मौके पर पहुंची किसी तरह पीड़ित पक्ष को शांत कर एक- एक छात्र को स्कूल से बाहर निकाला। प्रकरण में एक आरोपी को पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। एसओ गोरखनाथ सरोज ने कहा कि मामूली बात को लेकर छात्रों के दो गुटों में मारपीट हो गई। एक आरोपी को हिरासत में लेजर मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

निलम्बित किया गया है।

रा० सहारा दि० 5-3-23

# दो नामजद व अन्य अज्ञात पर धोखाधड़ी का केस

रुद्रपुर (एसएनबी)। रुद्रपुर कोतवाली पुलिस को दिये गये तहरीर में प्रार्थी रणधाता ऊर्फ मानधाता सिंह पुत्र स्व. सरयू सिंह ग्राम क़परवार थाना बरहज ने दिये गये तहरीर में कहा कि मनबढ़ दबंग जालसाज भूमाफियाओं द्वारा साजिश एवं षड़यन्त्र कर मेरी पैतृक भूमि जो रुद्रपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम एकला मिश्रौलिया में है, को हृदयनारायण पुत्र रामलखन व अपने पुत्र गण राजेश व अन्य के साथ एक राय गोलबंद होकर साजिश व षड़यन्त्र के तहत मेरी भूमि को जबरन हड़पने की नियत रखते हैं।

रा० सहारा दि० 5-3-23

# महिला के साथ मारपीट कर कटरेन उजाड़ने का केस दर्ज

**बनकटा (एसएनबी)।** श्रीरामपुर थाना क्षेत्र के करजनिया गांव के रहने वाली वीरमति देवी ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि ।बटवारे के दौरान मिले जमीन में उसके द्वारा कटरेन डाल कर गुजर बसर किया जा रहा था जिसे गांव के सूर्यप्रकाश यादव,दामोदर यादव,मीरा देवी,कंचन कुमारी व अंजन कुमारी द्वारा गोलबंद होकर क्ट्रेन तोड़ दिया गया व मारपीट किया गया। इस मामले में पूछे जाने पर थानाध्यक्ष राजू सिंह ने बताया कि उक्त आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

रा० सहारा दि० 5-3-22

# प्रगति को जानने का अवसर देती है प्रदर्शनी



**प्रदर्शनी का अवलोकन करते डीएम व एसपी।**

**देवरिया(एसएनबी)।** जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह एवं पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने शनिवार को विकास भवन प्रांगण में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा आयोजित त्रि-दिवसीय प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि प्रदर्शनी आम जनमानस को राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही बिभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, सांस्कृतिक विरासत एवं प्रदेश के विकास की नई गाथा से रूबरू होने और अपने प्रदेश को जानने का अवसर देती है। पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने बताया कि प्रदेश सरकार नागरिकों को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि इस प्रदर्शनी के माध्यम से प्रदेश सरकार द्वारा जनहित में किए जा रहे विभिन्न प्रयासों को एक ही स्थल पर देखा जा सकता है। मुख्य विकास अधिकारी रवींद्र कुमार ने बताया कि राज्य सरकार युवाओं के सपनों को साकार करने के लिए प्रयत्नशील है। जिला सूचना अधिकारी शांतनु श्रीवास्तव ने बताया कि सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा आयोजित प्रदर्शनी 6 मार्च तक संचालित की जाएगी। आमजन प्रातः 9 बजे से रात्रि 9 बजे तक इस प्रदर्शनी का निःशुल्क अवलोकन कर सकते हैं। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी रविशंकर राय, डीपीओ कृष्णकांत राय, अधिशासी अभियंता सिंचाई दुर्गेश गर्ग, सूचना विभाग से ओमकार पांडेय, मिठाई लाल, अनिरुद्ध, सोनू कुमार, प्रिंस मिश्रा, अनिल मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

# चस्पा किया नोटिस

पथरदेवा। टावर से बैटरी चुराने के आरोपी को न्यायालय में हाजिर नहीं होना महंगा पड़ गया है। पुलिस ने शनिवार को घर पर नोटिस चस्पा कर दिया। पथरदेवा चौकी प्रभारी संजीव कुमार राय ने बताया कि रामपुर कारखाना क्षेत्र के गौरा निवासी राजकुमार टावरों से बैटरी चुराता था। आरोपी है।

# अपहरण के आरोप में केस

देवरिया। युवती की अपहरण के आरोप में पुलिस ने एक युवक पर मुकदमा दर्ज किया है। गौरीबाजार थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली युवती के पिता ने पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि 22 फरवरी की रात करीब आठ बजे गांव का एक युवक 22 वर्षीय पुत्री को बहला फुसलाकर लेकर फरार हो गया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक पर धारा 366 आईपीसी में केस दर्ज कर लिया है।

# चार लोगों पर केस दर्ज

देवरिया। पुरानी रंजिश को पड़ोस के कुछ लोगों ने एक छप्पर में आग लगा दी थी। घटना में एक महिला सहित दो मवेशी झुलस गए और एक मवेशी की झुलसने से मौत हो गई। मामले में गौरीबाजार थाना क्षेत्र के बंसहियां गांव निवासी रमेश की तहरीर पर बंसहिया निवासी आकाश यादव पुत्र बसंत यादव, विशाल यादव पुत्र बसंत यादव, गुड्डू पुत्र हरिहर गोंड़ व मोहन पुत्र सुमेर के विरुद्ध धारा 435, 429 व 427 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# सड़क हादसे में दो गंभीर

रामपुर कारखाना। सदर कोतवाली थानाक्षेत्र के भीमपुर गांव स्थित धनंजय राव के अंडाफार्म पर रांची, झारखंड के षोटी निवासी सुलभा (25) मजदूरी करते हैं। शनिवार को करमहां गांव के अपने एक साथी के साथ बाइक से जा रहे थे बसंतपुर चौराहा के पास ट्रैक्टर-ट्राली से बाइक सामने से टकरा गई। इसमें बाइक सवार दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए।

# दहेज हत्या में पति व सास गिरफ्तार

**देवरिया।** दहेज हत्या के मामले में फरार पति और सास को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। कुशीनगर जिले के हाटा कोतवाली क्षेत्र के ढ़ाडा बुजुर्ग गांव के रहने वाले योगेश गुप्ता ने पुलिस को दिए पत्र में आरोप लगाया था कि उसकी बहन नीलू गुप्ता( 24 ) का विवाह 22 मई 2022 को रामपुर कारखाना थाना क्षेत्र के गौरा गांव की रहने वाले संजय गुप्ता के साथ उचित दान दहेज के साथ किया था। दहेज के लिए ससुराल वाले उसे आए दिन ताना देते हुए प्रताड़ित करने लगे। नीलू गुप्ता को शव गुरुवार की सुबह कमरे में फंदे से लटकता मिला था। भाई की तहरीर परससुरालियों के विरुद्ध पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया।

# क्लिनिक सील की

**लार।** क्षेत्र में चल रहे अवैध क्लिनिक पर प्रशासन ने अब नकेल कसना शुरू कर दिया है। पिछले दिनों नोटिस की कार्रवाई होने के बाद अब चल रहे क्लिनिक को सीज करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है।



हिन्दुस्तान दि०-05/03/23

मृतक के परिवारीजनों ने गौरीबाजार पुलिस को दी युवक की हत्या की तहरीर

# नूर मोहम्मद की हत्या का राज उगलेगा मोबाइल

**28** फरवरी की रात 11.30 बजे मोबाइल पर बात करते दिखा था

**तफ्तीश**

रामलक्षन (देवरिया), हिटी। नूर मोहम्मद की हत्या का राज उसका मोबाइल से खुलेगा। जिस बेरहमी से उसकी हत्या की गई है उसे देख पुलिस महकमे में हड़कंप है। अभियुक्तों तक पहुंचने के लिए पुलिस कॉल डिटेल को खंगाल रही है। पुलिस को कुछ संदिग्ध नंबरो के बारे में भी जानकारी हुई है।

रुद्रपुर कोतवाली क्षेत्र के रामलक्षन के लक्ष्मीपुर का रहने वाला नूर मोहम्मद को क्षेत्र में किसी से कोई विवाद नहीं था। इसके बाद भी उसकी बेरहमी से हत्या कर शव को प्लास्टिक के बोरे में भर कर पुलिया के नीचे फेंक दिया गया था। शव मिलने के बाद गौरीबाजार के थानेदार नवीन कुमार सिंह ने युवक के घर और दुकान पर पहुंच कर पूछताछ किया। पुलिस ने दुकान के खुलने और बंद होने के बारे में जानकारी लिए। पूछताछ में पता चला कि नूर मोहम्मद का बहनोई पिछले दो दिनों से दुकान चला रहा था। पुलिस ने युवक का मोबाइल नम्बर और उससे बात करने वालों के बारे में जानकारी लिया। युवक का मोबाइल भी गायब है। पुलिस सूत्रों की माने तो युवक के मोबाइल का काल डिटेल से हत्या का राज खुल जाएगा। पुलिस ने घर के पास एक व्यक्ति के यहां लगा सीसीटीवी कैमरा को खंगाला। इसमें नूर मोहम्मद 28 फरवरी की रात में 11.30 पर मोबाइल पर बात करते हुए गौरीबाजार की तरफ पैदल जाते हुए दिखाई दे रहा है। युवक के मोबाइल में कुछ नम्बर संदिग्ध मिले है। उसने उन नम्बरों से लम्बी लम्बी बात किया है। पुलिस उस फोन करने वाले की तलाश कर रही है जिसने युवक को फोन कर बुलाया था। पुलिस आशनाई समेत अन्य सभी विन्दुओं पर जांच कर रही है।



शनिवार को देर शाम नूर मोहम्मद का शव घर पहुंचते ही कोहराम मच गया।

## जिले में पहले भी हो चुकी हैं नृशंस हत्याएं

जिले में इसके पूर्व भी दर्दनाक हत्याएं हो चुकी है। एक दशक पूर्व अहिल्यापुर क्षेत्र में एक व्यक्ति का शव मिला था। जिसके पूरे शरीर की चमड़ी को छिल दिया गया था। उसके हाथ और पैर की नाखून को उखाड़ दिया गया था। वहीं 14 नवम्बर 2022 को बिहार प्रांत के सीवान जिले के गुठनी कस्बा के रहने वाला प्रिंस कुमार सिंह(31) को चाकू से गला काट कर हत्या किया गया था।

## कहीं और हत्या कर शव को फेंका गया पुलिया के नीचे

पुलिस की माने तो नूर मोहम्मद की हत्या पुलिया के नीचे नहीं किया गया है। पुलिया के नीचे एसिड फेंकने के बारे में पत्ते जले नहीं है। युवक की हत्या कहीं और किया गया है और उसका शव लाकर यहां फेंका गया है। युवक की पहचान छिपाने के लिए उसके चेहरे को जलाया गया है। जिससे शिनाख्त न हो सके। हत्या कांड में युवक को जानने वाले लोग शामिल है।

---

दैनिक जागरण दि० 5-3-23

# सदर तहसील में छाए रहे पुलिस से जुड़े मामले

जासं., देवरियाः जिले के सभी तहसीलों में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। डीएम जितेंद्र प्रताप सिंह व एसपी संकल्प शर्मा ने सदर तहसील में फरियाद सुनी। यहां कुल 65 मामले आए, जिसमें पुलिस विभाग के सर्वाधिक 27, राजस्व के 17, विकास के 12, शिक्षा का एक व अन्य विभागों से आठ मामले आए। 11 मामलों का समाधान किया गया। डीएम ने कहा कि सात दिन की अवधि समाप्त होने के बाद समीक्षा की जाएगी। निस्तारण में लापरवाही मिलने पर उत्तरदायित्व तय करते हुए कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर एसडीएम सदर सौरभ सिंह समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

बरहज संवाददाता के अनुसार, एडीएम वित्त एवं राजस्व नागेंद्र कुमार सिंह ने यहां फरियाद सुनी। कुल 42 मामलों में दो मामले का मौके पर निस्तारण किया गया। राजस्व के 20, पुलिस के 13, विकास के पांच व अन्य चार मामले शामिल रहे। इस मौके पर उप जिलाधिकारी गजेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे। रुद्रपुर संवाददाता के अनुसार, तहसील सभागार में एडीएम प्रशासन गौरव श्रीवास्तव ने फरियाद सुनी। कुल आए 28 मामलों में मौके पर नौ मामलों का निस्तारण किया गया। इस दौरान एसडीएम ध्रुव शुक्ला, सीओ पंचमलाल आदि मौजूद रहे। सलेमपुर व भाटपाररानी तहसील में भी संपूर्ण समाधान का आयोजन किया गया।

## संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान हंगामा

सलेमपुर : संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान भटनी के महुरांव गांव के प्रदुम्न यादव ने पिछले माह के आवेदन का निस्तारण न करने पर हंगामा किया। एसडीएम के सुरक्षा में लगे होमगार्ड कौशल किशोर मिश्र ने रोका तो वह आग बबूला हो गए व दुर्व्यवहार किया। होमगार्ड ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है।

का रहने वाला था। शहर के ... 

दैनिक जागरण दि० 5-3-23

# पुरुष वर्ग में बस्ती व महिला में बहराइच की टीम विजेता



रविंद्र किशोर शाही स्पोर्ट्स स्टेडियम में विजेता टीम को ट्राफी प्रदान करते एसपी संकल्प शर्मा व एएसपी डा. राजेश सोनकर ● जागरण

जासं, देवरिया: बस्ती व बहराइच की टीम ने यहां खेली गई गोरखपुर जोन की 71वीं अंतरजनपदीय पुलिस फुटबाल प्रतियोगिता के क्रमशः पुरुष व महिला वर्ग का खिताब जीत लिया।

रविंद्र किशोर शाही स्पोर्ट्स स्टेडियम में शनिवार को खेले गए पुरुषों के फाइनल में बस्ती ने श्रावस्ती को 6-5 से और बहराइच ने बस्ती को 3-2 से पराजित किया। पुरुष वर्ग के फाइनल में बस्ती और श्रावस्ती के बीच कड़ा संघर्ष हुआ। महिला वर्ग के फाइनल में भी मुकाबला कड़ा हुआ। एसपी संकल्प शर्मा ने दोनों वर्ग की विजेता टीम को ट्राफी प्रदान की। इस मौके पर एएसपी राजेश सोनकर, सीओ लाइन जिलाजीत ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया।

निर्णायक की भूमिका निभाने वाले राज्य स्तरीय निर्णायक क्रांतिदेव यादव, श्रीराम व रामेश्वर लाल, राज्य स्तरीय फुटबाल खिलाड़ी पुष्पा व विकास को भी सम्मानित किया गया।

दैनिक जागरण दि. 5-3-23

## पांच के विरुद्ध मारपीट का मुकदमा

जासं, बनकटा: श्रीरामपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में मारपीट व झोपड़ी तोड़ने के मामले में पुलिस ने पांच लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। करजनिया गांव की रहने वाली वीरमति देवी ने तहरीर में आरोप लगाया कि वह कटरैन्र डालकर गुजर बसर कर रही थी। उसी दौरान गांव के ही सूर्यप्रकाश यादव, दामोदर यादव, मीरा देवी, कंचन कुमारी व अंजन कुमारी ने गोलबंद होकर मारपीट की।

दैनिक जागरण दि. 5-3-23

# पूर्व एमएलसी रामू द्विवेदी को राहत नहीं, चलेगा मुकदमा

विधि संवाददाता, देवरिया: शहर के भुजौली कालोनी में नौ वर्ष पूर्व रंगदारी मामले व गोलीकांड के मामले में पूर्व एमएलसी संजीव उर्फ रामू द्विवेदी सहित आठ आरोपितों को कोर्ट ने राहत देने से इंकार कर दिया। अपर जिला जज संजय सिंह की कोर्ट ने सुनवाई के बाद आरोपितों के तर्कों को खारिज करते हुए मुकदमा चलाए जाने का आदेश दिया।

घटना 17 फरवरी 2014 की है। रात 9.40 बजे शराब व्यवसायी संजय केडिया ने पूर्व एमएलसी संजीव उर्फ रामू द्विवेदी समेत आठ आरोपितों के विरुद्ध जानलेवा हमला व रंगदारी मांगने का मुकदमा सदर कोतवाली में दर्ज कराया था।



- दोनों पक्षों ने दर्ज कराया है मुकदमा तो घटना से इंकार कैसे
- अपर जिला जज संजय सिंह की कोर्ट ने की सुनवाई, दिया आदेश

तत्कालीन विवेचक ने विवेचना में जानलेवा हमला व रंगदारी मांगने का अपराध नहीं पाए जाने पर आरोप पत्र से दोनों धाराएं निकाल दी। साथ ही अन्य धाराओं में आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया। जिस पर न्यायालय ने संज्ञान लेकर आरोपितों को समन जारी किया। न्यायालय के संज्ञान लेने के पांच वर्ष बाद वादी संजय केड़िया ने पुनर्विवेचना के लिए एसपी को प्रार्थना पत्र दिया।

न्यायालय से आदेश के बाद 16 दिन के भीतर ही तत्कालीन निरीक्षक राजू सिंह ने पूरक आरोप-पत्र में हत्या के प्रयास, रंगदारी व आपराधिक षडयंत्र की धाराएं बढ़ा दी। साथ ही आरोपित रामू द्विवेदी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जमानत कराने के बाद आरोपितों ने आरोप मुक्त करने के लिए न्यायालय में प्रार्थना पत्र दिया।

साथ ही कहा कि उनके कब्जे से हथियार की बरामदगी नहीं हुई है। विधि विज्ञान प्रयोगशाला की रिपोर्ट भी पत्रावली में नहीं है। घटना के गवाह वादी संजय केडिया के यहां नौकरी करते हैं, जो निष्पक्ष व स्वतंत्र गवाह नहीं है।

ऐसे में उनके विरुद्ध कोई आरोप नहीं बनता। उभयपक्षों के तर्कों व साक्ष्यों का कोर्ट ने अवलोकन किया। साथ ही सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता राजेश कुमार शुक्ला के तर्कों में बल पाते हुए कोर्ट ने कहा कि जब दोनों पक्षों की तरफ से क्रास केस दर्ज कराया गया है तो ऐसे में घटना से इंकार कर सकते हैं।

कोर्ट ने आरोपितों के तर्कों को बलहीन होने के कारण निरस्त कर दिया।

4 दैनिक जागरण गोरखपुर, 5 मार्च, 2023

# त्योहार में अफवाह फैलाने वालों के विरुद्ध होगी कार्रवाई

## डीएम ने दिए सख्त निर्देश, सात मार्च को होलिका दहन व शब-ए-बारात, आठ मार्च को मनाई जाएगी होली

जासं, देवरिया: डीएम जितेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि त्योहारों को देखते हुए प्रशासन सतर्क है। त्योहार के दौरान इंटरनेट मीडिया पर नजर रखी जाएगी। अफवाह फैलाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। वह शनिवार की शाम पुलिस लाइन के प्रेक्षागृह में होली, शब-ए-बरात व रमजान, चैत्र नवरात्रि को देखते हुए सेंट्रल पीस कमेटी की बैठक को संबोधित कर रहे थे।



बैठक में उपस्थित लोग • जागरण




पुलिस लाइन में पीस कमेटी की बैठक को संबोधित करते डीएम जितेंद्र प्रताप सिंह, एसपी संकल्प शर्मा (दाएं), सीडीओ रवींद्र कुमार (बाएं) • जागरण

उन्होंने कहा कि त्योहारों को शांतिपूर्वक, सौहार्द व समरसता के साथ मनाएं। उन्होंने बिजली विभाग को 24 घंटे निर्बाध आपूर्ति करने का निर्देश दिया। कहा कि फाल्ट व ट्रांसफार्मर संबंधी समस्याओं को तत्काल ठीक किया जाएगा। उपभोक्ता बिजली संबंधी शिकायत मोबाइल नंबर 8004930620 कर सकते हैं। नगरीय निकायों व ग्रामीण क्षेत्रों सफाई व्यवस्था बेहतर रहेगी। नगरीय क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति से जुड़ी शिकायत टोल फ्री नंबर 18001801382 पर कर सकते हैं। अस्पतालों में डाक्टरों की विशेष ड्यूटी लगाई जा रही है। ब्लड बैंक में रक्त उपलब्ध रहेगी। इमरजेंसी व एंबुलेंस सेवा उपलब्ध रहेगा। एसपी ने कहा कि कानून व्यवस्था चाक-चौबंद रहेगी। शराब व अन्य मादक पदार्थ का सेवन कर वाहन चलाने के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। पुलिस होलिका दहन कमेटियों के साथ समन्वय स्थापित कर रही है। सात मार्च को होलिका दहन व शब-ए-बरात, आठ मार्च को होली है। कीचड़ से होली खेलने की सूचना 112 नंबर पर दे सकते हैं। जिले में दो हजार से अधिक स्थलों पर होलिका दहन होगा। इस मौके पर सीडीओ रवींद्र कुमार, सीएमओ डा.राजेश झा, मेडिकल कालेज के प्रधानाचार्य डा.राजेश बरनवाल, एडीएम प्रशासन गौरव श्रीवास्तव, सीआरओ रजनीश राय, एडीएम वित्त एवं राजस्व नागेंद्र कुमार सिंह, एएसपी डा.राजेश सोनकर, एसडीएम सदर सौरभ सिंह, संजीव उपाध्याय, अरुण कुमार व गजेंद्र सिंह, सीओ श्रीयश त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

# परीक्षा केंद्र पर छात्रों के दो गुटों में मारपीट

जासं, करौंदी बाजार: क्षेत्र के एक स्कूल में परीक्षा समाप्त होने के बाद शनिवार शाम छात्रों के दो गुटों में मारपीट हो गई, जिसमें करीब छह छात्र घायल हो गए। पुलिस के पहुंचने से पहले ही सभी हमलावर भाग निकले। घटना की जानकारी पर छात्रों के साथियों ने स्कूल को घेर लिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने पीड़ित पक्ष को शांत कराया। किसी तरह परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र से बाहर निकाला। मामले में एक आरोपित को हिरासत में लिया गया है।



# डिप्टी सीएमओ के विरुद्ध छेड़खानी का मुकदमा दर्ज करने का आदेश

- थानाध्यक्ष गौरीबाजार को मुकदमा दर्ज कर विवेचना करने का आदेश
- स्टाफ नर्स सदर तहसील क्षेत्र के एक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर है तैनात

विधि संवाददाता, देवरिया: जागरण संवाददाता, देवरिया: अपर जिला जज/ विशेष न्यायाधीश (एससी/ एसटी) छाया नैन ने स्टाफ नर्स से छेड़खानी के आरोप में डिप्टी सीएमओ समेत छह के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया है। स्टाफ नर्स सदर तहसील क्षेत्र के एक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर तैनात है।

पीड़िता का आरोप है कि डिप्टी सीएमओ डा. बीपी सिंह ने उत्पीड़न करने के साथ उससे कई बार छेड़खानी की। उत्पीड़न में उनका साथ स्वास्थ्य केंद्र पर तैनात एक एएनएम करती रहीं हैं। 24 मई 2022 को रात करीब 7.30 बजे वह ड्यूटी पर थीं। इसी दौरान एएनएम के पति व देवर ने वहां पहुंचकर अपमानजनक शब्दों का प्रयोग किया और डिप्टी सीएमओ की बात नहीं मानने पर तेजाब फेंककर जान से मारने की धमकी दी।

घटना की सूचना पुलिस को दी गई, लेकिन आरोपितों के प्रभाव में कार्रवाई नहीं की गई। तीन जून 2022 को भी एएनएम, उनके पति, देवर व दो अन्य व्यक्तियों ने मिलकर धमकी दी। साथ ही शिकायत वापस लेने को कहा। गौरीबाजार थाने में सुनवाई नहीं होने पर उन्होंने कोर्ट की शरण ली। शनिवार को कोर्ट ने थानाध्यक्ष गौरीबाजार को डिप्टी सीएमओ व अन्य सभी पांचों आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर विवेचना करने का आदेश दिया।

**बाइक की ठोकर से साइकिल सवार घायल**: मझगांवा: सब्जी लेकर आ रहे साइकिल सवार को बाइक ने ठोकर मार दी, जिससे वह घायल हो गए। सुरौली थाना क्षेत्र के पैकौली के टोला नगऊर के रहने वाले राजेश यादव सरौरा चौराहे से सब्जी लेकर आ रहे थे। पीछे से बाइक सवार ने ठोकर मार दी।

गंभीर रूप से घायल होने पर उन्हें एंबुलेंस से मेडिकल कालेज भेजा गया। गंभीर हालत देखकर उन्हें बीआरडी मेडिकल कालेज गोरखपुर ले जाया गया।

अमर उजाला दि०- 05/03/23

# पुरुष वर्ग में बस्ती और महिला वर्ग में बहराइच बना चैंपियन

## गोरखपुर जोन की 71वीं अंतर जनपदीय पुलिस फुटबॉल प्रतियोगिता





प्रतियोगिता में महिला वर्ग में विजेता बनी बहराइच की टीम। वहीं, पुरुष वर्ग में बस्ती की टीम विजेता बनी। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

देवरिया। स्पोर्ट्स स्टेडियम में चल रहे गोरखपुर जोन की 71वीं अंतर जनपदीय पुलिस फुटबाल प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले शनिवार को खेले गए गए।

महिला वर्ग में बहराइच और पुरुष में बस्ती ने रोमांचक मुकाबले में विपक्षी टीमों को हराकर खिताब अपने नाम किया।

फाइनल पुरुष वर्ग में जनपद बस्ती व श्रावस्ती पुलिस टीम के मध्य हुआ। इमसें रोमांचक दौर तक पहुंचे मुकाबले में बस्ती ने 6-5 से जीत दर्ज की। महिला वर्ग में बहराइच व बस्ती के बीच मैच में बहराइच 3-2 से विजेता बना।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि एसपी संकल्प शर्मा व विशिष्ट अतिथि एएसपी राजेश सोनकर व सीओ लाइंस जिलाजीत ने विजेता व उपविजेता टीमों को ट्रॉफी प्रदान किया। इस दौरान क्रांतिदेव यादव, श्रीराम, रामेश्वर लाल, पुष्पा, विकास आदि मौजूद रहे।

अमर उजाला 05/03/23

9548521697

# पर्व पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम पांच जोन में बांटा गया जिला

संवाद न्यूज एजेंसी

देवरिया। होलिका दहन और शब-ए-बरात एक साथ होने के कारण सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अधिकारी काफी सतर्क हैं। जिले को पांच जोन में बांटकर सात सुपर जोनल मजिस्ट्रेटों की तैनाती की गई है। 10 जोनल मजिस्ट्रेट बनाए गए हैं।

सुरक्षा व्यवस्था और हर गतिविधियों पर नजर रखन के लिए अपर जिला अधिकारी प्रशासन गौरव श्रीवास्तव, एएसपी राजेश कुमार, एडीएम वित्त नागेंद्र कुमार सिंह, सीआरओ रजीनश राय, सीओ प्रेम नरायण तिवारी, सीडीओ रवींद्र कुमार, निरीक्षक चंद्रभान सिंह सुपर जोनल मजिस्ट्रेट बनाए गए हैं।

एसडीएम सदर सौरभ सिंह, सीओ सदर श्रीयश त्रिपाठी, एसडीएम सलेमपुर अरुण कुमार, सीओ देव आंनद, एसडीएम भाटपाररानी संजीव कुमार, सीओ विनय कुमार, बरहज के एसडीएम गजेंद्र कुमार, सीओ अंशुमन श्रीवास्तव, रुद्रपुर एसडीएम ध्रुव कुमार शुक्ल, सीओ पंचम लाल यादव को जोनल मजिस्ट्रेट बनाया गया है। इसके अलावा 46 अधिकारियों को सेक्टर मजिस्ट्रेट के रूप में जिम्मेदारी दी गई है। 12 अधिकारियों को रिजर्व के रूप में मजिस्ट्रेट बनाया गया है।

अमर उजाला दि० 5/3/23

चालक-परिचालक बसों को अपना

# पांच दिन से लापता सब्जी विक्रेता की नृशंस हत्या, निकालीं आंखें

## गौरीबाजार में बांकी पुल के नीचे बोरे में मिला शव, चेहरा भी अधजला

**रुद्रपुर/रामलक्षन (देवरिया)।** रामलक्षन के रहने वाले सब्जी विक्रेता की नृशंस हत्या कर दी गई। शनिवार दोपहर गौरीबाजार थाना क्षेत्र के बांकी पुल के नीचे उसका शव बोरे में बंद मिला। वह बीते पांच दिन से लापता था। युवक की दोनों आंखें निकाल ली गई हैं। उसका चेहरा अधजला है। घटना के पीछे आशनाई बताई जा रही है।

जानकारी के मुताबिक, रामलक्षन के लक्ष्मीपुर निवासी नूर मोहम्मद (28) चौराहे पर अपनी मां फातिमा के साथ सब्जी की दुकान लगाता था। उसके पिता अली मोहम्मद की पांच साल पहले मौत हो चुकी है। दो बड़े भाई अनवर अली और शराफत अली विदेश में रहते हैं। परिजनों के अनुसार, 28 फरवरी की रात घर से बिना किसी को बताए निकल गया था। घर के सामने लगे सीसीटीवी में वह अकेले मोबाइल फोन पर बात करते हुए निकलते दिखाई दे रहा है। परिजनों ने युवक के



नूर मोहम्मद (फाइल फोटो)

**पुलिस ने आशनाई को हत्या का कारण मानकर शुरू की छानबीन**

गायब होने की सूचना पुलिस को नहीं दी थी। शनिवार दोपहर लोगों ने बांकी नाला के पुल के नीचे एक बोरी में लाश देखी। पुलिस ने पहचान कराने की कोशिश की। किसी तरह फातिमा को सूचना मिली। घरवालों ने शव की पहचान की। आंखें और चेहरा देखकर नृशंस हत्या की बात सामने आई। ज्वलनशील पदार्थ से शव को जलाने का भी प्रयास किया गया था। घरवाले किसी से दुश्मनी से इन्कार कर रहे हैं। लोग आशनाई में हत्या होने की आशंका जता रहे हैं। सीओ पंचम लाल ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। संवाद

KUSHINAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 05-03-2023

**दुष्कर्म में फरार चल रहा आरोपी गिरफ्तार : खड्डा।** खड्डा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी के साथ तीन वर्ष पूर्व हुए दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहा महराजगंज जिला के घुघली निवासी अजरुद्दीन गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# झाड़ियों में पड़ा मिला नवजात

**सेवरही।** सेवरही थाना क्षेत्र के ग्राम तिवारीपट्टी में झाड़ियों में एक नवजात शिशु मिला। इसकी जानकारी होते ही लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने विधिक कार्रवाई के बाद उसे चाइल्ड लाइन टीम को सौंप दिया। सेवरही थाना क्षेत्र के ग्राम तिवारीपट्टी में पानी टंकी के समीप झाड़ियों में शनिवार की सुबह एक नवजात शिशु कपड़े में लिपटा पड़ा था।

# छह तहसीलों में 219 मामले आए, 29 का हुआ निस्तारण

**समाधान दिवस**

- तमकुही में आयोजित हुआ जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस
- अन्य तहसीलों में भी हुआ आयोजन, सुनीं गईं समस्याएं

**कुशीनगर, हिन्दुस्तान टीम।** जिले के छह तहसीलो में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इसमें तमकुहीराज तहसील सभागार में डीएम, एसपी व सीडीओ की मौजूदगी में जिला स्तरीय समाधान दिवस में कुल 72 मामले आये, जिसमें मात्र 7 मामलों का ही मौके से निस्तारण किया जा सका। इसके अलावा अन्य तहसीलों में एसडीएम व तहसीलदार के मौजूदगी में फरियाद सुने गये, जिसमें कुल 147 लोगों ने प्रार्थना पर दिया जहां 22 मामलों का मौके से निस्तारण कर अन्य शेष बचे मामलों को संबंधित विभागों में जल्द निस्तारण करने के आदेश के साथ भेजा गया।

पडरौना सदर तहसील में एसडीएम महात्मा प्रसाद सिंह व तहसीलदार सुमित सिंह ने फरियाद सुनी, जिसमें 51 लोगों ने फरियाद किया। मौके से मात्र 9 फरियादों का ही निस्तारण किया जा सका। तमकुहीराज संवाद के अनुसार जिला स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस डीएम रमेश रंजन, एसपी धवल जायसवाल व सीडीओ गुंजन द्विवेदी की मौजूदगी में आयोजित किया गया। तहसील दिवस में कुल 72 मामले आये जिसमें राजस्व के 7 मामलों का त्वरित निस्तारण किया गया। शेष 65 मामलों को अग्रिम कार्रवाई के लिए सम्बंधित विभागों को भेज दिया गया।

हाटा संवाद के अनुसार एसडीएम वरुण पांडेय की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में 23 मामले आए, जिसमें 2 मामलों का निस्तारण मौके पर कर दिया गया। मौके पर कर शेष मामलों को संबंधित कर्मियों को देकर समय पूर्व निस्तारण करने का आदेश दिया गया।

कप्तानगंज संवाद के अनुसार एसडीएम मोहम्मद जफर के नेतृत्व में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 12 मामले आए, जिनमें से 2 मामलों का अधिकारियों ने मौके से निस्तारण कर दिया।

कसया संवाद के अनुसार एसडीएम कसया रत्निका श्रीवास्तव की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की समस्याओं को सुनकर उन्हें समाधान का आश्वासन दिया। इस अवसर पर राजस्व विभाग से जुड़े 11, पुलिस विभाग से जुड़े 4, विकास विभाग से जुड़े 1, अन्य 4 कुल 20 मामले आये, जिसमें 3 का निस्तारण हो गया।

# अधिकारियों के आश्वासन पर समाप्त हुआ धरना

**कसया।** अधिवक्ता संघ दीवानी न्यायालय कसया से जुड़े अधिवक्ताओं ने शनिवार को धरना दिया। मौके पर पहुंचे अधिकारियों के आश्वासन के बाद अधिवक्ताओं ने धरना समाप्त किया। अधिवक्ता गोपीचंद गुप्ता की बैनामा भूमि पर एक पक्ष निर्माण करा रहा है। इसकी जानकारी होने पर दीवानी न्यायालय के अधिवक्ता नाराजगी जताते हुए कसया-देवरिया मार्ग पर पहुंचे और धरने पर बैठ गए। ये लोग पीड़ित अधिवक्ता को न्याय दिलाने की मांग कर रहे थे। धरने की सूचना पर पहुंचे एडीएम देवी दयाल वर्मा, एएसपी रितेश सिंह और सीओ कसया कुंदन सिंह, एसओ डॉ. आशुतोष तिवारी ने अधिवक्ताओं को समझा बुझाकर शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया। इसके बाद अधिवक्ताओं ने धरना समाप्त किया। ज्ञानप्रकाश श्रीवास्तव, दीनदयाल मल्ल, वीरेंद्र लाल शव, रविंद्र मणि, मनोज पांडेय, उदयभान आदि मौजूद थे। संवाद

# रि. लेखपाल के दरवाजे से स्कार्पियो चोरी

**कसया।** नगर के हाइवे पुलिस चौकी से सौ कदम दूर ओवरब्रिज के किनारे घर के बाहर खड़ी स्कार्पियो चोरी हो गई। दुस्साहसिक चोर कुछ मिनट के अंदर वारदात कर फरार हो गए। घटना मकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई। पुलिस केस दर्ज कर आरोपियों के तलाश में लगी है।

नगरपालिका परिषद कुशीनगर के वार्ड 13 श्रीरामजानकी नगर निवासी रिटायर्ड लेखपाल बैजनाथ गुप्त के पुत्र स्कार्पियो मालिक प्रवीण कुमार गुप्त घर के बाहर गाड़ी खड़ी किए थे। जिसे शुक्रवार की रात में करीब एक बजकर 50 मिनट पर दो अज्ञात बदमाशों ने चोरी कर लिया। शनिवार की सुबह जब वह उठे तो घर के बाहर से गाड़ी चोरी हो चुकी थी। गाड़ी की तलाश की लेकिन पता नहीं चलने पर गायब होने की सूचना उन्होंने पुलिस को दी।

# भूमि से अतिक्रमण हटाने की मांग

विशुनपुरा। जटहां बाजार थाना क्षेत्र के एक व्यक्ति ने तहसीलदार एवं एसडीएम को शिकायती पत्र देकर अपने सहन के सामने सरकारी जमीन में हुए अतिक्रमण को खाली करवाये जाने की मांग की। सोनवल निवासी सुरेश पुत्र छद्दू शनिवार को एसडीएम को दिए शिकायती पत्र में कहा कि वह अपनी काश्तकारी की जमीन में मछली पालन के लिये पोखरा खुदवा रखा है। जिसके सामने ग्राम सभा की राजस्व की सड़क व खाली बंजर की जमीन है। कुछ लोगों द्वारा फूस की झोपड़ियां व नाद खूंटा डाल कर पशुओं को रखा गया है।



समस्याओं के समाधान को लेकर धरने पर बैठे आक्रोशित अधिवक्ता।

# अधिवक्ताओं ने दिया धरना

**कसया, हिन्दुस्तान संवाद।** अधिवक्ता संघ दीवानी न्यायालय कसया से जुड़े अधिवक्ताओं ने एक अधिवक्ता की समस्या के समाधान को लेकर धरना प्रदर्शन करते हुए कसया-देवरिया मार्ग जाम कर धरना दिया। मौके पर अधिकारियों के आश्वासन के बाद धरना समाप्त हुआ।

शनिवार को अधिवक्ता गोपीचन्द गुप्ता के बैनामा भूमि पर एक पक्ष द्वारा अवैध तरीके से निर्माण की जानकारी मिलने पर अधिवक्ता आक्रोशित हो गए। प्रदर्शन करते हुए सड़क जाम कर धरने पर बैठ गए और पीड़ित अधिवक्ता को न्याय दिलाने की मांग करने लगे। जानकारी होते मय फोर्स पहुंचे एएसपी रितेश सिंह, सीओ कसया कुंदन सिंह, थाना प्रभारी डा. आशुतोष तिवारी ने अधिवक्ताओं को समझा बुझाकर प्रदर्शन समाप्त कराया।

# परीक्षा देने गया 10 वीं का छात्र गायब

**जासं, नेबुआ-नौरंगिया:** क्षेत्र के सरपतहीं बुजुर्ग गांव का 17 वर्षीय किशोर बीते गुरुवार से लापता है। घटना वाले दिन साइकिल से वह 10 वीं की परीक्षा देने निकला, लेकिन घर वापस नहीं आया। शनिवार को स्वजन की सूचना पर पुलिस ने मामला दर्ज कर किया। गांव के रियासत अंसारी का पुत्र टीपू कक्षा 10 वीं में पढ़ता है। नेबुआ-नौरंगिया स्थित एक कालेज में उसकी परीक्षा थी। स्वजन के अनुसार एक घंटा पूर्व वह साइकिल से परीक्षा देने निकला और देर शाम तक घर नहीं आया। स्वजन रिश्तेदारी तथा अन्य संभावित स्थानों पर उसकी तलाश किए, पता नहीं चल सका। एसएचओ अतुल कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर तलाश की जा रही है।

# झाड़ियों में मिला नवजात चाइल्ड केयर के सिपुर्द

**जागरण संवाददाता, सेवरही :** शनिवार की सुबह छह बजे क्षेत्र के तिवारी पट्टी में पानी की टंकी के समीप गांव के प्रमोद वर्मा की पत्नी उर्मिला देवी ने झाड़ियों में नवजात के रोने की आवाज सुनी। नजदीक गईं तो देखा कि एक नवजात रो रहा है। नवजात शिशु लड़का है। महिला के शोर मचाने पर ग्रामीण जुट गए। प्रधान सुनील गुप्ता की सूचना पर एसआइ जीत बहादुर ने चाइल्ड केयर को अवगत कराया। चाइल्ड केयर के डिस्ट्रिक को-आर्डिनेटर मोहनलाल गुप्ता टीम की महिला सदस्य सुशीला देवी के साथ पहुंचे और बच्चे को ले गए। बताया कि इसे बाल कल्याण समिति को सौंप दिया जाएगा। नवजात शिशु मिलने को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं व्याप्त हैं।



तिवारी पट्टी में पानी टंकी के समीप मिला नवजात ● जागरण

# फरियादी काट रहे चक्कर, आप कर क्या रहे...

## तमकुहीराज में संपूर्ण समाधान दिवस में तहसीलदार पर बिफरे डीएम, 72 लोगों ने की फरियाद, सिर्फ सात मामलों का हुआ निस्तारण

संवाद न्यूज एजेंसी

तमकुहीराज। ऐसा क्यों हो रहा है कि फरियादियों को चक्कर काटने पड़ रहे हैं, ...आप लोग कर क्या रहे हैं? ये शब्द तहसीलदार तमकुहीराज पर बिफरने के दौरान डीएम रमेश रंजन के थे।

डीएम का तेवर देखकर वहां मौजूद अन्य अधिकारियों के माथे पर पसीना आ गया। कुछ फरियादियों के एक बार से अधिक बार आकर फरियाद लगाने और पूर्व की शिकायतों का निस्तारण न होने की जानकारी पर डीएम खफा हो गए।

गोसाईंपट्टी के राजेंद्र प्रसाद और दुदही के बीच भूमि के मामले के निस्तारण में हीलाहवाली की जानकारी मिलने पर डीएम दोबारा तहसीलदार पर नाराज हो गए। यह सब कुछ हुआ शनिवार की सुबह तमकुहीराज तहसील परिसर में चल रहे संपूर्ण समाधान दिवस में।

वहां डीएम रमेश रंजन और एसपी धवल जायसवाल लोगों की फरियाद सुनने पहुंचे थे। इस दौरान डीएम और एसपी के सामने कुल 72 प्रार्थना पत्र आए।



साहब ! तीन बार आ चुका हूं, मामला निस्तारित करा दीजिए..., कहकर विशुनपुर बरियापट्टी के मदन राय ने डीएम से लगाई गुहार। संवाद

इसमें महज सात का मौके पर निस्तारण हो सका। अन्य प्रार्थना पत्रों को डीएम ने संबंधित विभागों को भेज दिया।

इस दौरान एसपी धवल जायसवाल के सामने पहुंचीं तरया सुजान थाना क्षेत्र के सिसवा बुजुर्ग गांव की कौशल्या देवी ने सीओ तमकुहीराज पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए शिकायत की। 28 मार्च 2022 को उनके बेटे की हत्या कर दी गई थी। इस मामले में वह आरोपियों को सजा दिलाने की मांग एसपी से कर रही थीं।

उन्होंने एसपी को बताया कि हत्यारोपी खुलेआम घूम रहे हैं, लेकिन उनकी गिरफ्तारी नहीं हो रही है। इस पर एसपी ने उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। डीएम और एसपी ने होली और शब-ए-बरात का त्योहार शांतिपूर्ण मनाने की अपील की।



*मैंने डीएम से हाथ जोड़कर विनती कि है कि मेरे पैतृक भूमि पर कब्जा दिला दिया जाए। इसके पहले भी मैं तीन बार शिकायत लेकर संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंच चुका हूं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई है।*
*– मदन राय, विशुनपुर बरियारपट्टी*



*मेरे पट्टे की भूमि पर कब्जा है। कुछ प्रभावशाली लोगों ने अतिक्रमण कर लिया है। चार बार शिकायत कर चुका हूं, लेकिन अभी तक मुझे कब्जा नहीं दिलाया गया है। फिर फरियाद की है।*
*– रघुनाथ प्रसाद, भगवानपुर*



*मुझे पट्टे पर भूमि नहीं मिली है। मैं कई दिनों से अधिकारियों का चक्कर लगा रही हूं। पूर्व में छह कट्ठा भूमि मिली थी, जिसे खारिज करा दिया गया है। बहुत परेशान हूं। देखते हैं कि क्या होता है।*
*-लक्ष्मीना देवी, परसौनी, गंभीरपुर*


संपूर्ण समाधान दिवस सहित अन्य दिवसों पर आने वाले प्रार्थना पत्रों पर गंभीरता से कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। जिन प्रकरणों में किसी की लापरवाही मिलेगी, उस अधिकारी-कर्मचारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। हर पीड़ित को न्याय दिलाना ही हमारी प्राथमिकता है। - रमेश रंजन, डीएम

### हाईकोर्ट का आदेश है, डीएम साहब करिए कार्रवाई

धुरिया कोट के नबी रसूल ने डीएम से अतिक्रमण हटवाने की गुहार लगाई। डीएम के सामने पहुंचकर उन्होंने कहा कि वह 20 बार से अधिक प्रार्थना पत्र दे चुके हैं। संपूर्ण समाधान दिवस से लेकर हर अधिकारी को पत्र दे चुके हैं, लेकिन कार्रवाई नहीं हो रही है। हाईकोर्ट का आदेश होने के बावजूद स्थिति जस की तस है। दिसंबर 2021 में हाईकोर्ट ने 90 दिन के भीतर अतिक्रमण हटवाने का आदेश दिया था, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हो सकी है। नबी रसूल की बात सुनकर डीएम ने कार्रवाई का आश्वासन दिया। नबी रसूल की समस्या सामने आने पर शिकायतकर्ता के मामले की जानकारी ली गई। इस दौरान सामने आया कि उनकी सहन (सामने) की भूमि पर कुछ लोगों ने अतिक्रमण कर लिया है, जिसे हटवाने के लिए वह प्रशासनिक अधिकारियों के चक्कर लगा रहे हैं।

# एसपी के निर्देश पर छह आरोपियों पर मारपीट और बलवा का केस

गोड़रिया। मारपीट के मामले में एसपी के निर्देश पर शुक्रवार की शाम को विशुनपुरा थाने में छह लोगों पर केस दर्ज हुआ। आरोपियों पर मारपीट, बलवा के आरोप में केस दर्ज किया गया। इसके पूर्व पीड़ित चार बार थाने में तहरीर दे चुके थे। विशुनपुरा थाना क्षेत्र के बंगाली पट्टी टिकुलिया टोला निवासिनी अमरुन नेशा पत्नी सैमुल्लाह ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर बताया पुराने विवाद में 14 फरवरी को उनके गांव के छह लोगों ने पीटकर घायल कर दिया। उन्होंने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की तो छोटी बात कहकर थानेदार ने वहां से जाने के लिए बोल दिया। मुकदमा नहीं दर्ज होने से आरोपियों ने दोबारा 20 फरवरी को हमला कर दिया। इसकी शिकायत थाने पर की गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इस संबंध में विशुनपुरा के थानाध्यक्ष महेंद्र प्रजापति ने बताया कि महिला की तहरीर पर छह लोगों पर मारपीट, बलवा का मुकदमा दर्ज किया गया है। संवाद



# धोखाधड़ी के आरोप में कोर्ट के आदेश पर केस

**पडरौना।** रुपये हड़पने, धोखाधड़ी करने सहित अन्य आरोपों में न्यायालय के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने केस दर्ज किया है। सदर कोतवाल राजप्रकाश सिंह ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर वनवीरपुर निवासी मेराज अहमद के खिलाफ मुकदमा दर्जकर मामले विवेचना की जा रही है। उसके खिलाफ 63,85,918 रुपये का आरोप लगाते हुए पीड़ित ने कोर्ट में प्रार्थना पत्र दिया था। न्यायालय का आदेश मिलने पर 28 फरवरी को मुकदमा दर्ज कर लिया गया। गुणदोष के आधार पर जांच की जाएगी। संवाद

# कूड़े से ढका मिला नवजात चाइल्ड लाइन में भेजा गया



तिवारीपट्टी में पानी टंकी के पास कूड़े से ढंका मिला बच्चा। संवाद

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**दुदही/गौरीश्रीराम।** सेवरही थाना क्षेत्र तिवारी पट्टी गांव में शनिवार की सुबह नौ बजे पानी की टंकी के पास कूड़े से ढका नवजात मिला। एक परिवार के लोगों ने उसको सेवरही सीएचसी में भर्ती कराकर पुलिस को सूचना दी। पुलिस की सूचना पर पहुंची चाइल्ड हेल्प लाइन 1098 की टीम उसको साथ ले गई।

सेवरही थाना क्षेत्र के तिवारी पट्टी गांव निवासी प्रमोद वर्मा शनिवार की सुबह नौ बजे चौराहे की दुकान से चाय पीकर वापस घर पैदल जा रहे थे। गांव के समीप टंकी के पास बच्चे की रोने की आवाज सुनाई दी। वह झाड़ियों की तरफ गए तो कूड़े में ढका हुआ नवजात का पैर नजर आया। कूड़ा उठाकर उन्होंने उसको बाहर निकाला।

उसके बाद वह पत्नी उर्मिला की मदद से उसे सेवरही सीएचसी पर ले गए। लोगों ने इसकी सूचना सेवरही थानाध्यक्ष को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की। उसके बाद पुलिस ने चाइल्ड हेल्प लाइन 1098 की टीम को बुलवा लिया। टीम के जिला समन्वयक मोहन लाल गुप्ता एवं सुशीला मौके पर पहुंचीं। इलाज के बाद उसे रविंद्रनगर स्थित चाइल्ड हेल्प लाइन 1098 में भेज दिया गया।

### सेवरही क्षेत्र के तिवारी पट्टी गांव के पास सुबह राहगीर ने देखा

## कहां से लाया गया नवजात, जांच में जुटी सेवरही थाने की पुलिस

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**पडरौना/दुदही।** सेवरही थाना क्षेत्र तिवारी पट्टी गांव में शनिवार की सुबह लावारिस हाल में नवजात के मिलने के मामले में पुलिस जांच कर रही है। नवजात कहां से लाया गया है, इसकी जांच के लिए थाने की पुलिस टीम लगी है। क्षेत्र के अस्पतालों में हुए प्रसव सहित अन्य जानकारी जुटाई जा रही है। एसपी धवल जायसवाल ने बताया कि इसकी छानबीन के निर्देश सेवरही पुलिस को दिए गए हैं।

शनिवार की सुबह तिवारीपट्टी में पानी की टंकी के पास कूड़े से ढका नवजात का मिला था। एक परिवार के लोगों ने उसे सेवरही सीएचसी में भर्ती कराकर पुलिस को सूचना दी। बाद में बच्चे को चाइल्ड लाइन की टीम लेकर चली गई। सुबह नौ बजे नवजात झाड़ियों में कैसे लाया गया, उसे कौन लाया होगा, सहित अन्य बिंदुओं पर पुलिस छानबीन में जुटी है। इस मामले में पुलिस विधिक कार्रवाई की तैयारी में है।

### पूर्व डीजीपी ने दिया था मुकदमा दर्ज करने का आदेश

वर्ष 2019 में नवजात और 12 साल तक के बच्चों को लावारिस छोड़ने के हर मामले में तत्कालीन पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) ओपी सिंह ने कार्रवाई का आदेश दिया था। उन्होंने पत्र जारी करके कहा था कि ऐसे प्रकरणों में पुलिस का रवैया बेहद ही संवेदनशील होना चाहिए। डीजीपी ने थाने के रोजनामचे (जीडी) में तस्करा (विवरण) डालकर कार्रवाई पूरी करने के बजाय भारतीय दंड विधान की धारा 317 के तहत एफआईआर दर्ज करने का आदेश जारी किया था। इसके तहत दोषी पाए जाने वाले अभिभावकों को इस कानून के तहत सात साल के कारावास की सजा हो सकती है। तब इसी तरह के प्रकरण में कुशीनगर और जीआरपी में एक मुकदमा दर्ज किया गया था। हालांकि, बाद में इस आदेश को थानों की पुलिस भूल गई।

**पिपरा बाजार।** नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के बिरईठ रामनगर-डिबनी चौराहा के बीच स्थित नहर पुल के पास अनियंत्रित ट्रैक्टर-ट्राली पलट गई।

शनिवार की शाम धर्मपुर निवासी चालक विजय कुमार गन्ना तौल कराकर लौट रहा था। तभी अचानक ट्रैक्टर-ट्राली अनियंत्रित होकर नहर में गिर गई।

चालक बच गया। हादसे के बाद मौके पर बाद मौके पर काफी लोग जुट गए। में जेसीबी मंगाकर लोगों ने वाहन को बाहर निकाला। संवाद

# शराब पीकर वाहन चलाने वालों से 70 हजार वसूले

**पडरौना।** होली के त्योहार को ध्यान में रखते हुए यातायात पुलिस की तरफ से शनिवार को सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। सात ऐसे व्यक्ति मिले, जो शराब पीकर वाहन लेकर निकले थे। इनके वाहनों पर 70 हजार रुपये का ई चालान काटा गया। यातायात निरीक्षक सत्य सान्याल शर्मा ने बताया कि होली नजदीक है। शराब पीकर लोग वाहन चलाते हैं, जिससे दुर्घटनाएं हो जाती हैं। इस पर नियंत्रण के लिए एसपी धवल जायसवाल ने वाहनों की सघन जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। इसी क्रम में शनिवार को विभिन्न स्थानों पर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान सात लोग नशे में धुत होकर वाहन चलाते मिले। संवाद

# देसी शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**तमकुहीराज।** शुक्रवार देर शाम तरयासुजान पुलिस ने देसी शराब के साथ एक व्यक्ति को पकड़कर मुकदमा दर्ज किया है। एसएचओ आरके सिंह ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर बांक खास- फागू छापर जाने वाले मार्ग से देसी शराब की 36 शीशियों के साथ युवक को पकड़ा गया। पूछताछ में युवक की पहचान बांकखास निवासी वीरेंद्र साहनी के रूप में हुई है। संवाद

MAHARAJ GANJ POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 05-03-2023

# नेपाली शराब के साथ महिला गिरफ्तार

भगवानपुर। परसामलिक पुलिस ने शनिवार को नेपाली शराब के साथ एक महिला कारोबारी को गिरफ्तार किया।

उसके खिलाफ आबकारी अधिनियम में कार्रवाई की गई। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि ग्राम पंचायत महदेइयां के बकुलादह टोले से 80 शीशी अवैध नेपाली शराब किया गया। इस मामले में हिरासत में ली गई महिला के खिलाफ आबकारी अधिनियम में कार्यवाही की गई। जिले में आए दिन सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। आगाती होली त्योहार को लेकर पुलिस सख्त है।

# मानव तस्करी की रोकथाम पर चर्चा

भगवानपुर। एसएसबी 22 वाहिनी बटालियन के प्रभारी निरीक्षक जयंत घोष की अध्यक्षता में शनिवार को मानव तस्करी की रोकथाम के लिए पीस कमेटी की बैठक हुई। इसमें चाइल्ड लाइन, गैर सरकारी संगठन के पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

सृष्टि सेवा संस्थान के सचिव सुनील पाण्डेय व चाइल्ड लाइन सब सेंटर नौतनवां के कार्यक्रम निर्देशक प्रदुम्न पाठक ने बार्डर पर मिलने वाली बच्चियों के बारे में चर्चा किया। कहा कि जिस तरह सीमावर्ती क्षेत्रों व बार्डरों पर बाहरी बच्चियों का रेस्क्यू किया जाता है ठीक उसी प्रकार उन बच्चियों से विधिवत काउंसलिंग के माध्यम से पूछताछ की जानी चाहिए। बैठक में प्रभारी निरीक्षक गिरधारी लाल, विवेक कुमार, अर्चना, प्रेमा देवी, पुष्पा चौधरी आदि मौजूद रही।

# 188 में से 21 मामले ही निपटा पाए अफसर

## समाधान दिवस



सम्पूर्ण समाधान दिवस में सदर तहसील में फरियाद सुनते डीएम सत्येन्द्र कुमार।

महराजगंज, निज संवाददाता। सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन शनिवार को चारों तहसीलों में आयोजित हुआ। इस दौरान कुल 188 मामले आए। जिसमें 21 मामलों को मौके पर निस्तारण कर दिया गया। शेष 167 मामलों को डीएम ने एक सप्ताह में गुणवत्ता के साथ निस्तारित करने का निर्देश दिया।

जिला स्तरीय समाधान दिवस का आयोजन सदर तहसील में आयोजित हुआ। इसकी अध्यक्षता डीएम सत्येन्द्र कुमार ने की। एसपी डॉक्टर कौस्तुभ व सीडीओ संतोष कुमार की मौजूदगी में फरियाद सुनी गई। इस दौरान कुल 37 फरियादी अपनी समस्या लेकर पहुंचे। जिसमें मौके पर पांच मामलों का निस्तारण पर कर दिया गया। जिसमें राजस्व के 22, पुलिस तीन, विकास के 8 मामलें सहित अन्य विभागों से संबंधित मामले रहे। ठीक से निस्तारण न होने से शिकायतकर्ता द्वारा एक ही शिकायत को को लेकर बार बार दौड़ना पड़ता है यह ठीक नहीं है। शिकायतों का निस्तारण ठीक नहीं होने पर कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान पीडी, डीसी मनरेगा, एसडीएम समेत अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

**निचलौल में दस में एक निस्तारित:** तहसील सभागार में एसडीएम राम सजीवन मौर्य की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। इस दौरान आए कुल 10 मामलों में से एक का निस्तारण हुआ। इस मौके पर तहसीलदार वाचस्पति सिंह, सीओ सूर्य बली मौर्य, नायब तहसीलदार नवीन निश्चिल त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

### 29 में चार निस्तारित

नौतनवा। नौतनवा तहसील सभागार में शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 29 मामले आए। जिसमें मौके पर 4 मामलों का ही निस्तारण किया जा सका। एसडीएम दिनेश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस में तहसील स्तर के अधिकारी भी मौजूद रहे।

### फरेंदा तहसील में 112 में 11 मामले हुए निस्तारित

फरेंदा। फरेंदा तहसील में आयोजित समाधान दिवस में कुल 112 मामले आए। जिसमें मौके पर 11 मामलों का निस्तारण किया गया। समाधान दिवस की अध्यक्षता एसडीएम फरेंदा मदन मोहन वर्मा ने की। इस दौरान पुलिस क्षेत्राधिकारी कोमल प्रसाद मिश्र, तहसीलदार राम अनुज त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

# भूमि विवाद में लाठी से पीटकर भाई की हत्या

## पत्नी की तहरीर पर पांच के विरुद्ध गैर इरादतन हत्या का केस, भिटौली के बगहियां की घटना



रघु गुप्ता ● फाइल फोटो

**जागरण संवाददाता, भिटौली :** बरियारपुर टोला बगहिया में शनिवार की सुबह भूमि विवाद में दो भाइयों में जमकर मारपीट हुई। घटना में गंभीर रूप से घायल रग्घू को जिला अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। घटना से आक्रोशित स्वजन ने पुलिस पर कार्रवाई में लापरवाही का आरोप लगाकर एसपी आवास पर प्रदर्शन किया। पुलिस ने हत्यारोपित भाई समेत पांच लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर चार को गिरफ्तार कर लिया है।

मृतक रग्घू की पत्नी गंगोत्री ने बताया कि शुक्रवार को भूमि विवाद को लेकर पति के भाई नंदू गुप्ता के स्वजन से विवाद हो गया था। यूपी-112 पर फोन कर शिकायत की गई तो नंदू गुप्ता के पुत्र बृजेश को पुलिस पकड़कर थाने ले गई, बाद में छोड़ दिया। इधर शनिवार की सुबह फिर विपक्षियों ने लाठी डंडा लेकर उनके पति रग्घू गुप्ता समेत पूरे परिवार पर हमला कर दिया। जमकर हुई मारपीट में रग्घू के सिर पर गंभीर चोट आई। जिससे रग्घू अचेत हो गए। उन्हें जिला अस्पताल ले जाया गया, इलाज शुरू होने के कुछ ही देर बाद मृत घोषित कर दिया गया।



घटनास्थल पर पूछताछ करते पुलिस अधीक्षक डा. कौस्तुभ ● जागरण

रग्घू की मृत्यु के बाद आक्रोशित स्वजन शव लेकर एसपी आवास पर प्रदर्शन करने लगे। प्रदर्शन की सूचना मिलते ही मौके पर एएसपी आतिश कुमार सिंह पुलिस के साथ पहुंचे, आक्रोशित स्वजन को समझा बुझाकर शांत कराया। पुलिस अधीक्षक डा. कौस्तुभ ने बताया कि भूमि विवाद में दोनों भाइयों के बीच विवाद चल रहा था। मृतक रग्घू की पत्नी गंगोत्री की तहरीर के आधार पर मुख्य आरोपित नंदू गुप्ता, बृजेश, मनीषा पत्नी बृजेश, चंद्रावती व मनीषा पत्नी दीनानाथ के विरुद्ध गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज करते हुए बृजेश, नंदू, चंद्रावती और मनीषा पत्नी बृजेश को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### लापरवाही पर बीट पुलिस अधिकारी निलंबित

शुक्रवार की दोपहर में हुए विवाद के बाद पीआरवी नंदू के पुत्र बृजेश को थाने लाई थी। इसके बाद भी मामले में गंभीरता नहीं दिखाने पर पुलिस अधीक्षक ने बीट पुलिस अधिकारी अरविंद कुमार को निलंबित कर दिया है। प्रकरण की जांच के लिए अपर पुलिस अधीक्षक आतिश कुमार सिंह को जांच सौंपी है। पुलिस अधीक्षक डा. कौस्तुभ ने बताया कि जांच के बाद मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# होली को लेकर पुलिसकर्मियों ने किया फ्लैग मार्च

निचलौल। निचलौल थानाक्षेत्र में होली व शबे बरात त्योहार को ध्यान में रखते हुए और शांति व कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए पुलिस ने नगर और ग्रामीण क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला। निचलौल थाना परिसर से फ्लैग मार्च एसओ आनंद कुमार गुप्ता के नेतृत्व में निकाला गया। इस दौरान एसआई फिरोज आलम सिद्दीकी, अख्तर हुसैन, मनीष पटेल, दिनेश सिंह, योगेंद्र सिंह, वीर बहादुर, विनोद सिंह, सौरव सिंह आदि रहे।

## पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

**जासं, आनंदनगर:** शनिवार को पुलिस ने फरेंदा कस्बे में फ्लैग मार्च निकालकर नागरिकों को सुरक्षा का एहसास दिलाया। उपजिलाधिकारी मदन मोहन वर्मा एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी कोमल प्रसाद मिश्र के नेतृत्व में त्योहार एवं अन्य गतिविधियों को लेकर फ्लैग मार्च निकाला गया। फरेंदा थाने से निकला मार्च विष्णु मंदिर, आंबेडकर तिराहा, धानीढाला, रेलवे स्टेशन आदि क्षेत्रों में भ्रमण किया।

# मासूम बच्ची के शव का दूसरी बार हुआ पोस्टमार्टम

संवाद न्यूज एजेंसी

अमर उजाला फॉलोअप

**निचलौल।** छह माह की मासूम बच्ची की शुक्रवार को पटककर पिता ने जान ले ली थी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया था, लेकिन वजह साफ नहीं हो पाई है। शनिवार को पुलिस ने फिर बच्ची के शव का पोस्टमार्टम कराया। अब उसे रिपोर्ट का इंतजार है। आरोपी पिता पुलिस की गिरफ्त में है।

निचलौल थाने के प्रभारी निरीक्षक आनंद कुमार गुप्ता ने बताया कि क्षेत्र के अमड़ा उर्फ झुलनीपुर गांव में शुक्रवार की नरेश ने अपनी छह माह की बेटी को जमीन पर पटककर मार डाला था।

### शुक्रवार को पिता ने पटककर ले ली थी जान

मृत सनिता के शव का शुक्रवार को पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण पता नहीं चल सका।

उच्चाधिकारियों के निर्देश पर शनिवार को दोबारा पोस्टमार्टम कराया गया है। रिपोर्ट आने में देरी के चलते आरोपी पिता नरेश को जेल नहीं भेजा जा सका है। सनिता की मां और अन्य परिजन दूसरे दिन भी मासूम के शव का इंतजार करते रहे। उनका रो-रोकर बुरा हाल है।

# थानाध्यक्ष ने सुरक्षा को लेकर बैठक की

सोनौली। रंगों के महापर्व पर सतर्कता एवं सुरक्षा को लेकर थाना प्रभारी अभिषेक सिंह व चौकी इंचार्ज अंकित सिंह ने शनिवार को नगर के प्रबुद्धजनों एवं व्यापारियों के साथ बैठक की। इस दौरान थाना प्रभारी ने कहा कि होली पर्व पर नगर के लोगों के जरिए जुलूस नहीं निकाला जाएगा। होली रंगों का पर्व है।

ऐसे में इस खास पर्व पर खलल डालने एवं हुड़दंग बाजी से लोगों को बचना चाहिए। होली पर्व पर दो से तीन दिनों तक शराब बंदी रहेगी। ऐसे में नेपाल जाने वाले शौकीन नेपाल ना जाकर घर पर ही होली का आनंद उठाए। इस अवसर पर कन्हैयालाल गुप्ता, अखिलेश त्रिपाठी, प्रेम , महेन्द्र , राजकुमार गुप्ता आदि व्यापारी मौ

# पुलिस ने 10 लीटर कच्ची बरामद की

झनझनपुर। होली पर्व पर अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में शनिवार को मुखबिर की सूचना पर बागापार चौकी इंचार्ज अपने हमराहियों के साथ उसरहवा नर्सरी में छापेमारी किया।

इस दौरान दस लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ एक आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत केस दर्ज कर जेल भेज दिया गया। बागापार चौकि प्रभारी विजय कुमार द्विवेदी ने बताया कि उसरहवा निवासी आरोपित श्याम सुन्दर साहनी के घर के बाहर अवैध कच्ची शराब बनाया जा रहा था।

# नेपाली नागरिक को गैंगस्टर एक्ट में 46 माह की सजा

**जासं, महराजगंज :** गिरोह बनाकर भारत-नेपाल की सीमा पर वर्ष 2010 में मादक पदार्थों की तस्करी और खरीद फरोख्त में शामिल नेपाल के नवलपरासी जिला, थाना बेलाटाड़ी सकरदिनहीं निवासी रामदरश जायसवाल को न्यायालय ने दोषी माना है। गैंगस्टर एक्ट में दोषसिद्ध अभियुक्त रामदरश को न्यायालय ने तीन वर्ष 10 माह (46 माह) का कारावास और 10 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। इस मामले में निचलौल पुलिस ने वर्ष 2010 में गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की थी।

वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी सत्यप्रकाश पांडेय ने बताया कि गिरोहबंद होकर सीमा पर मादक पदार्थों की तस्करी करने के मामले में निचलौल पुलिस ने वर्ष 2010 में गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए जिला कारागार में निरुद्ध किया था। विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर एक्ट अंकित कुमार मित्तल ने अभियुक्त रामदरश जायसवाल को सजा सुनाई है। अर्थदंड का भुगतान नहीं करने पर एक माह का अतिरिक्त सजा काटनी होगी।

# दोबारा पोस्टमार्टम में भी मृत्यु का कारण स्पष्ट नहीं

**जासं, महराजगंज** : शुक्रवार को अमड़ा उर्फ झुलनीपुर में छह माह की बच्ची की मृत्यु मामले में शनिवार को हुए दोबारा पोस्टमार्टम में भी मृत्यु का कारण स्पष्ट नहीं हो सका। चिकित्सकों के पैनल ने बिसरा सुरक्षित कर दिया है।

अमड़ा उर्फ झुलनीपुर निवासी मृत बच्ची के पिता नरेश और मां सुभावती के बीच गुरुवार की रात विवाद हुआ था। रात में नरेश ने सिर दर्द होने पर पत्नी से तेल मांगा। पत्नी ने तेल देने से इन्कार कर दिया तो दोनों के बीच विवाद हुआ था। शुक्रवार की सुबह जब सुभावती बच्ची को घर पर छोड़कर नित्यक्रिया के लिए चली गई। लौटी तो बच्ची का शव मिला। पत्नी ने गला घोंटकर हत्या करने का आरोप लगाते हुए पति के विरुद्ध तहरीर दी। पुलिस ने नरेश के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया तो पहले दिन मृत्यु का कारण स्पष्ट नहीं हुआ था। शनिवार को पुनः पोस्टमार्टम कराया गया। एसपी डा. कौस्तुभ ने बताया कि पोस्टमार्टम में मृत्यु का कारण स्पष्ट नहीं होने के कारण बिसरा सुरक्षित किया गया है।

# तहसीलों से निराश लौटे 157 फरियादी

## समाधान दिवस में आई समस्याओं के निस्तारण में न बरतें शिथिलता

**जागरण संवाददाता, महराजगंज** : जिले की चारों तहसीलों में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 178 मामले आए, इनमें से 21 का निस्तारण किया गया। शेष मामलों को निस्तारित करने के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को पास भेजा गया। ऐसे में 157 फरियादी आश्वासन लेकर लौट गए। आनंदनगर में सर्वाधिक 102 और निचलौल में सबसे कम 10 मामले आए।

सदर तहसील सदर सभागार में जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार ने जन शिकायतों की सुनवाई की। कुल 37 शिकायतें प्राप्त हुईं, इनमें से मौके पर पांच का निस्तारण किया गया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतों का निस्तारण मौका मुआयना एवं गुण दोष के आधार पर करें। शिकायतकर्ता की ओर से एक ही शिकायत बार-बार करना ठीक नहीं है। शिकायतों की समीक्षा शासन स्तर पर भी की जा रही है, निस्तारण में शिथिलता न बरती जाए। पुलिस अधीक्षक डा. कौस्तुभ कुमार, मुख्य विकास अधिकारी संतोष कुमार, पीडी, डीसी मनरेगा, एसीएमओ, एसडीएम, तहसीलदार सदर व अन्य जिला स्तरीय अधिकारी एव संबंधित कर्मचारी उपस्थित रहे। नौतनवा संवाददाता के अनुसार तहसील सभागार में एसडीएम दिनेश कुमार मिश्र के सामने आई 29 शिकायतों में से चार का निस्तारण किया गया। तहसीलदार अरविंद कुमार श्रीवास्तव, सीओ अनुज कुमार सिंह, नायब तहसीलदार विवेक श्रीवास्तव, बीडीओ अमरनाथ पांडेय, अधिशासी अधिकारी सुनील कुमार सरोज मौजूद रहे। निचलौल संवाददाता के अनुसार उपजिलाधिकारी रामसजीवन के समक्ष 10 मामले आए, जिसमें मात्र एक ही निस्तारण किया गया। पुलिस क्षेत्राधिकारी सूर्यबली मौर्य व तहसीलदार वाचस्पति सिंह आदि मौजूद रहे। आनंदनगर संवाददाता के अनुसार एसडीएम मदन मोहन वर्मा समक्ष आए 102 मामलों में से 11 का निस्तारण हुआ। तहसीलदार रामअनुज त्रिपाठी, थानाध्यक्ष सत्येन्द्र कुमार राय, रेंजर टीएन त्रिपाठी, नायब तहसीलदार रवि यादव आदि उपस्थित रहे।



तहसील सभागार में जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस में फरियाद सुनते डीएम सत्येन्द्र कुमार ( बाएं से दूसरे ) ●जागरण

# 21 बोरी सरसों बरामद

**जासं, ढूढीबारी** : तस्करी की रोकथाम के क्रम में ठूठीबारी कोतवाली पुलिस लावारिस 21 बोरी सरसों बरामद कर कस्टम विभाग को सौंप दिया। ठूठीबारी कोतवाल जेपी सिंह यादव ने बताया कि बार्डर से करीब तीन सौ मीटर की दूरी पर लावारिस 21 बोरी सरसों ( आठ क्विंटल) बरामद हुआ हुआ है।

# गला दबाकर चाचा को मार डाला

## आपत्तिजनक वीडियो वायरल करने की धमकी दे रहा था आरोपी



रघु गुप्ता (फाइल फोटो)

**विरोध करने पर एक दिन पहले पीटा था दूसरे दिन ले ली जान, परिवार के पांच लोग गिरफ्तार**

**महराजगंज।** भिटौली थाना क्षेत्र के बरियारपुर गांव में भतीजे ने शनिवार सुबह दिनदहाड़े सगे चाचा की गला घोटकर हत्या कर दी। आरोपी ने चाचा के परिवार के एक शख्स का आपत्तिजनक वीडियो बना लिया था। वह बार बार उसे वायरल करने की धमकी दे रहा था। चाचा ने इसका विरोध किया तो उनकी जान ले ली। घटना से आक्रोशित परिजनों ने एसपी आवास पर हंगामा किया। पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

बरियारपुर गांव के रघु गुप्ता (55) और नंदू गुप्ता भाई हैं। दोनों परिवारों में बीते दो साल से तनातनी चल रही है। इसी खुन्नस में नंदू के बेटे बृजेश ने परिवार के एक सदस्य का वीडियो बना लिया। इससे दोनों परिवारों में तनाव और बढ़ गया। शुक्रवार रात को भी इसी बात को लेकर झगड़ा हुआ। बृजेश ने रघु को पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। डायल 112 पुलिस ग्रामीणों के सहयोग से आरोपी बृजेश को पकड़ कर थाने ले आई।

रघु को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज गोरखपुर रेफर कर दिया। रघु रात में ही इलाज कराकर लौट आए। इधर, पुलिस ने बृजेश को भी थाने से छोड़ दिया। शनिवार सुबह रघु पशुओं को चारा डाल रहे थे। तभी बृजेश ने उन पर हमला कर दिया और गला दबाकर हत्या कर दी।

घटना को लेकर परिवारीजनों और ग्रामीणों में आरोपियों और पुलिस कर्मियों के खिलाफ आक्रोश देखने को मिला। बृजेश पर कार्रवाई न करने की बात को लेकर परिजनों ने एसपी आवास के सामने हंगामा किया। अपर पुलिस अधीक्षक आतिश कुमार सिंह ने बताया कि मामले में रघु की पत्नी गंगोत्री देवी की तहरीर पर आरोपी बृजेश, उनके पिता नंदू, बहन मनीषा, मां चंद्रवाती और मनीषा देवी पर रिपोर्ट दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है। संवाद

# कार्रवाई न होने से बेखौफ था आरोपी, टालती रही पुलिस

## गला दबाकर मारने के बाद शव के पास 20 मिनट तक बैठा रहा आरोपी




हत्यारोपी नंदू को जिला अस्पताल से गिरफ्तार कर ले जाते पुलिसकर्मी व घटना के बाद बदहवास रघु की पत्नी व बेटियां। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

**महराजगंज।** भिटौली थाना क्षेत्र के बरियारपुर गांव में शुक्रवार को मारपीट की घटना के बाद मामला थाने में पहुंचा। पुलिस अगर इस प्रकरण में गंभीरता बरतती तो शायद इतनी बड़ी घटना नहीं होती।

शुक्रवार को आपत्तिजनक वीडियो की बात सामने आने पर मारपीट हुई। पुलिस मौके पर पहुंची तो आरोपी को गांव के स्कूल के पास से पकड़ा था। मारपीट में घायल इलाज कराने लगे। आरोप है थाने में बोला गया था कि शनिवार सुबह केस दर्ज किया जाएगा। रात के समय घर जाइए। रघु इलाज के कराने के बाद घर पहुंचे तो आरोपी भी उसके पहले ही घर पहुंच चुके थे। शनिवार सुबह मवेशियों को चारा डालने के लिए नाद पर रघु पहुंचे तो आरोपियों ने उनको अचानक घेर लिया। आरोप है कि नंदू ने रघु का गला दबाकर उन्हें मौत की नींद सुला दी।

रघु की मौत का आरोपी वहीं उनके शव के पास करीब 20 मिनट तक बैठा रहा। मृतक की पत्नी घर से बाहर निकली तो नजारा देखकर बेहोश हो गईं। उनके चीखने-चिल्लाने की आवाज सुनकर गांव के तमाम लोग एकत्र हो गए। थोड़ी देर बाद पुलिस भी सक्रिय हो गई। थानाध्यक्ष भिटौली सुनील राय ने बताया कि मामले में कोई लापरवाही नहीं हुई है। दोनों पक्षों को समझा बुझाकर शांत करा दिया गया था। जब भी शिकायत मिली त्वरित कार्रवाई की गई थी।

**सावित्री के हाथ पीला करने का सपना रहा गया अधूरा :** मृतक रघु की पत्नी गंगोत्री पति की हर एक बात को सोचते हुए बार-बार अचेत हो जा रहीं थीं। गंगोत्री ने कहा कि पति मेहनत करके पांच बेटियों अनीता, मैना, सुमन, सुनीता, सोनमती और एक बेटे शिव की शादी कर दी थी। पति सबसे छोटी बेटी सावित्री के हाथ पीले करने के लिए तमाम सपना संजोए थे, लेकिन आरोपियों ने पति के सपने को अधूरा कर दिया। जिला अस्पताल परिसर में मृतक की पत्नी रोते रोते बेहोश हो जा रहीं थीं। बिलखते परिजनों को पुलिस हटाने में जुटी रही।

शनिवार सुबह घटना की जानकारी मिलने के बाद लोगों में हड़कंप मच गया। पुलिस शुक्रवार को मामले को लेकर उदासीन बनी हुई थी। वहीं घटना होने के बाद गांव पुलिस छावनी में तब्दील हो गया। हर चौराहे और सड़क पर पुलिस कर्मी नजर आ रहे थे।

### भाई के बेटे ने बनाया था आपत्तिजनक वीडियो

**मृतक** रघु के भाई नंदू गुप्ता के बेटे ने आपत्तिजनक वीडियो बनाकर परेशान करने की कोशिश की। बार-बार विवाद से आजिज आकर उसने इस वीडियो के जरिए रघु को ब्लैकमेल किया। इस वीडियो के जरिए वह रास्ते एवं जमीन को हड़पना चाहता था, लेकिन मामला इस तरह से हो जाएगा, उसे भी इसका अंदाजा नहीं था।

## जमीन के विवाद ने बढ़ा दी थीं दूरियां

**महराजगंज।** भिटौली थाना क्षेत्र के गांव बरियापुर में रघु की गला दबाकर हत्या पुलिस की सख्त कार्रवाई के दावों की पोल खोलने के लिए काफी है। इस घटना से कई सवाल जेहन में कौंध रहे हैं।

पारिवारिक विवाद को लेकर अधिकारियों की चौखट पर दम तोड़ती फरियाद न्यायालय तक पहुंची। दोनों पक्षों के रास्ते एवं जमीन का मामला न्यायालय में विचाराधीन है। जमीन के विवाद में गुजरते वक्त के साथ दोनों परिवारों के बीच दूरियों को बढ़ा दीं।

जानकारी के अनुसार दोनों भाइयों रघु गुप्ता एवं नंदू गुप्ता के बीच करीब पांच साल से जमीन का विवाद चल रहा था। गुजरे वक्त में बरियारपुर गांव पनियरा थाना क्षेत्र में आता था। भिटौली थाना बनने के बाद यह इसके क्षेत्र में आया गया। पहले इन दोनों पक्षों के विवाद को लेकर पनियरा थाने में वर्ष 2022 में दोनों पक्षों पर तीन बार शांति भंग की धारा में कार्रवाई हुई थी। इन दोनों परिवारों के बीच इस तरह की घटना हो जाएगी, यह किसी को अंदाजा नहीं था। गांव के लोगों के मुताबिक थाने में करीब 10 बार दोनों पक्षों की पंचायत हो चुकी है।

बार-बार विवाद होने पर मामला थाने तक पहुंचता था पर पुलिस ने जैसे-तैसे कार्रवाई करते हुए अपना दायित्व पूरा कर किनारा कस लिया। घर के पास रास्ते एवं पारिवारिक जमीन को लेकर दोनों पक्ष हमेशा आमने-सामने रहते थे। अधिकारियों के पास मामला नहीं सुलझा तो मामला न्यायालय में चला गया।

अपर पुलिस अधीक्षक आतिश कुमार सिंह ने बताया कि दोनों भाइयों के बीच जमीन का विवाद है। न्यायालय में दोनों का मामला विचाराधीन है। पुलिस जरूरी तथ्यों की जांच पड़ताल में जुटी है। इस प्रकरण की जांच में अगर पुलिस की लापरवाही सामने आएगी तो कार्रवाई की जाएगी। संवाद

# BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 05-03-2023

# मृतक के नाम रुपये निकालने के मामले में केस

**दुबौलिया (एसएनबी)।** बडौदा यूपी बैक शाखा चिलमा बाजार में कूटरचित ढंग से आधार मे नाम बदलकर फर्जी दस्तावेज तैयार करके पांच लाख पैतालिस हजार रुपये निकालने के मामले मे मुकदमा दर्ज कर पुलिस छानबीन में कर रही है। थाना क्षेत्र के बैरागल उपाध्यायपुरवा गांव निवासी ष्ण मणि उपाध्याय पुत्र स्वलक्ष्मी प्रसाद उपाध्याय ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया था कि राम लाल पुत्र राम निहोर निवासी फेरसहन थाना कप्तानगंज अपना नाम व आधार कार्ड बदलकर कभी रामनाथ पुत्र दूवर तो कभी मगरू पुत्र अवतार बनकर सरकारी योजनाओं जैसे आवास,मनरेगा, किसान सम्मान निधि एवं राशन कार्ड पर लाभ ले रहा है।उस आदमी की फोटो एक ही है।आधार नम्बर भी एक ही है।बस नाम बदल-बदलकर लाभ ले रहा है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने राम लाल पुत्र राम निहोर के विरुद्ध सुंसंगत धाराओ मे मुकदमा दर्ज किया है।प्रभारी निरीक्षक ओम प्रकाश गौतम ने बताया कि रामलाल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर छानबीन किया जा रहा है।

# ससुर की मौत, बहू ने बेटे को दिया जन्म

**बभनान (एसएनबी)।** कुदरत का करिश्मा भी अजीब है जहाँ एक व्यक्ति अपनी पत्नी और बेटे के साथ पुत्र वधू को प्रसव के लिए अस्पताल ले जा रहा था रास्ते में मार्ग दुर्घटना में उसकी मौत हो गई और खुशी आने से पहले ही पूरा परिवार मौत के गम में डूब गया। बाद में महिला ने एक बेटे को जन्म दिया लेकिन गम में डूबा परिवार घर में आए नए बच्चे की खुशी भी नहीं मना सका। सेखुई निवासी हरीराम वर्मा अपनी पुत्रवधू मिथिलेश कुमारी को प्रसव के लिए परिवार के साथ अस्पताल जा रहे थे रास्ते में ही वाहन पलटने से उनकी मौत हो गई तथा उनकी पत्नी और पुत्र घायल हो गए। उनके रिश्तेदारों ने मिथिलेश कुमारी को नवयुग हस्पिटल बस्ती में भर्ती कराया जहाँ उन्होंने एक पुत्र को जन्म दिया। लेकिन पूरा परिवार घर के मुखिया की मौत के गम में डूबा हुआ है।

# महिलाओं से अभद्र व्यवहार के आरोपी को जेल

**हर्रैया (एसएनबी) ।एसडीएम** द्वारा शांति भंग में चालान किए गए लोगों को जेल भेजने का सिलसिला जारी है। गौर थाना क्षेत्र के साड़ीकल्प निवासी सुनील पुत्र स्व रामसूरत ने एक कार्यक्रम के दौरान कुछ महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार किया और मना करने पर मारपीट करने लगा। इस मामले में गौर पुलिस द्वारा शांति भंग में चालान कर उपजिलाधिकारी के न्यायालय में भेजा गया। उपजिलाधिकारी गुलाबचन्द्र ने उसकी जमानत खारिज कर 14 दिनों के लिए जेल भेज दिया। उप जिलाधिकारी के इस कार्रवाई से क्षेत्र में लोग अपराध करने से डरने लगे हैं।

# छेड़खानी मामले में पांच साल की सजा

**बस्ती (एसएनबी)।** आपरेशन शिकंजा के तहत पैरवी सेल द्वारा की गयी सशक्त व प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप 10 वर्ष की बच्ची के साथ अकेला पाकर छेड़खानी करने वालेएक अभियुक्त कोपांच वर्ष के सश्रम कारावास व 11,000 रुपये के अर्थदंड की सजा सुनायी गयी। वादिनी द्वारा थाना दुबौलिया पर तहरीर दिया गया कि अपने अभियुक्त जितेन्द्र उर्फ करिया पुत्र शियाराम निवासी खैरा थाना इब्राहिमपुर जनपद अम्बेडकर नगर अपने ननिहाल में आया था जब मै बाजार गयी थी तो मोरी पुत्री उम्र करीब 10 वर्ष के साथ दुष्कर्म व छेड़खानी किया कर भाग गया। इस तहरीर के आधार पर थाना दुबौलिया पर मुकदमा अपराध संख्या 253/2018 धारा 354क, 376कख,504 भादवि के तहत 5/6 पाक्सो एक्ट पंजीकृत कर आरोप पत्र न्यायालय प्रेषित किया गया। पुलिस अधीक्षक बस्ती के निर्देशन में पैरवी सेल बस्ती एवं थाना हरैया पुलिस की सशक्त व प्रभावी पैरवी से माननीय न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश अनन्य न्यायालय (पाक्सो एक्ट) बस्ती द्वारा धारा 354क,504 भादवि व 0 पाक्सो एक्ट का अपराध पाते हुए अभियुक्त जितेन्द्र उर्फ करिया पुत्र शियाराम निवासी खैरा थाना इब्राहिमपुर जनपद अम्बेडकर नगर कोपांच वर्ष के सश्रम कारावास व रुपये 11,000 के अर्थदंड की सजा सुनाई गयी।

# मारपीट मामले में वांछित चढ़ा पुलिस के हत्थे



**बस्ती (एसएनबी)**। पुरानी रंजिश को लेकर एक व्यक्ति को मार पीटकर बुरी तरह से जख्मी कर देने के मामले में वांछित अभियुक्त को मुण्डेरवा थाने की पुलिस ने शनिवार को थाना क्षेत्र के एक स्थान से गिरफ्तार कर लिया है। जिसे नियमानुसार कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया। चन्द्रशेखर पुत्र राम उग्रह निवासी अहरा थाना मुण्डेरवा का अजय अग्रहरी से अच्छा ताल मेल व सम्बन्ध था। चन्द्रशेखर का आरोपीगण रामकिशुन से पुराना जमीनी विवाद चल रहा था । अजय अग्रहरी कोर्ट कचहरी व अन्य जगहो पर चन्द्र शेखर की मदद करते थे। जिसके कारण अन्दरूनी रूप से आरोपीगण ईर्ष्या रखते थे। बीते 1 मार्च की रात्रि करीब 10.30 बजे अजय अग्रहरी चन्द्रशेखर के यहाँ से खाना खाकर लौट रहे थे। तभी अकेला पाकर आरोपीगण द्वारा एकराय होकर लाठी डण्डे से हत्या करने की नियत से अजय अग्रहरि पर प्रहार किया गया था। जिससे वह बुरी तरह से घायल हो गये। इस सम्बन्ध में पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत करते हुए घटना में शामिल एक अभियुक्त शिवाजी पुत्र रामकिशुन निवासी उमरी अहरा थाना मुंडेरवा को उमरी अहरा मोड से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही पूर्ण कर न्यायालय रवाना किया गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में निरीक्षक विजय कुमार व आरक्षी मुकेश साहनी थाना मुंडेरवा शामिल रहे।

# घायल व्यक्ति की मौत, केस

**बस्ती (एसएनबी)।** तेज रफ्तार बाइक की चपेट में आकर गम्भीर रूप से जख्मी हुए साईकिल सवार व्यक्ति की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गयी। इस सम्बन्ध में मृतक के पुत्र की शिकायत पर पुलिस नेमुकदमा दर्ज किया है।कलवारी थाना क्षेत्र के चमनगंज तिराहा पर तेज रफ्तार बाइक स्पलेंडर प्लस के चालक ने लापरवाही पूर्वक आकर रामसुभग की साईकिल में ठोकर मार दिया। जिससे राम सुभग गिरकर गम्भीर रूप से जख्मी हो गया। उन्हे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां पर उनकी मौत हो गयी। मामले में मृतक के पुत्र वीर बहादूर पुत्र रामसुभग निवासी माझा कला थाना कलवारी की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चालक के विरुद्ध धारा 279, 304ए आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# ट्रैक्टर से कुचलकर स्कूटी सवार की मौत

**बस्ती (एसएनबी)।** स्कूटी से घर आते समय रास्ते में गिट्टी लदे ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आकर एक व्यक्ति की मौत हो गयी। इस सम्बन्ध में मृतक के पुत्र की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।नगर थाना क्षेत्र के दुबखरा स्थित एक ढाबे के पास गिट्टी लदे ट्रैक्टर ट्राली के चालक ने तेज रफ्तार से आकर श्याम किशोरी के वाहन संख्या यूपी 51 वाई/ 2573 में ठोकर मार दिया। जिससे श्याम किशोर की मौके पर मौत हो गयी तथा स्कूटी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। मामले में मृतक के बेटे विशाल कुमार पुत्र श्याम किशोर निवासी कोदई (जुरईपुर) थाना हर्रैया हाल मुकाम पचपेड़िया थाना पुरानी बस्ती की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चालक के विरुद्ध धारा 279, 304ए, 427 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# छात्र की हत्या में चार नामजद, 15 अज्ञात पर केस

**बस्ती (एसएनबी)।** छात्र की हत्या मामले में पुलिस ने चार लोगो को नामजद किया है। वही 15 अज्ञात लोगो के विरुद्ध भी मुकदमा दर्ज करने की कार्यवाही की गयी है। मामला लालगंज थानाक्षेत्र के पाकरडाड़ से जुड़ा हुआ है। बीते 1 मार्च को परीक्षा देकर घर जाते समय कुछ लोगो ने पुरानी रंजिश के चलते लालगंज थानाक्षेत्र के पारकडाड़ स्थित ईंट से मारकर बेलाल अहमद पुत्र इकबाल को जख्मी कर दिया था। जिसकी उपचार के दौरान अस्पताल में मौत हो गयी। इस सम्बन्ध में लालगंज थाने पर अज्ञात लोगो के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा भी पंजीकृत किया गया। जिसकी उपनिरीक्षक राजेश कुमार गुप्ता चौकी प्रभारी महादेवा थाना लालगंज द्वारा विवेचना की जा रही थी। जिसमें चार लोगों की पहचान होने के बाद तबारक पुत्र जमील अहमद, शाह आलम पुत्र शमी मोहम्मद, नदीम पुत्र सिद्दीक व आरिफ पुत्र शाह मोहम्मद निवासीगण पाकरडाड़ थाना लालगंज सहित 10-15 अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध धारा 143, 145, 341, 188 आईपीसी व 7 सीएलए एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# गो मांस तस्करी करने वाला धराया

**बस्ती (एसएनबी)।** गोवंशीय पशुओं के मांस की तस्करी करने वाले आरोपी को वाल्टरगंज पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार कर नियमानुसार कार्यवाही करते हुए जेल भेज दिया है। थाना वाल्टरगंज पुलिस फोर्स द्वारा गोवंश मांस तस्करी करने वाले अभियुक्त सद्दाम हुसैन पुत्र मोहम्मद सिद्दिक निवासी बिछियागंज थाना वाल्टरगंज को क्षेत्र के पंचायत भवन मुस्तफाबाद से गिरफ्तार कर नियमानुसार कार्यवाही करते हुए न्यायालय रवाना किया गया। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त सद्दाम हुसैन के विरुद्ध मुकामी थाने पर धारा 3/5/8 गोवध निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया था। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक सुभाष मौर्या, आरक्षी रविशंकर गौड थाना वाल्टरगंज शामिल रहे।

# किशोरी को बहलाकर भगाने का आरोपी गिरफ्तार

बस्ती। वाल्टरगंज पुलिस ने किशोरी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। थानाध्यक्ष नारायण लाल श्रीवास्तव ने बताया कि दो मार्च को पंद्रह वर्षीय किशोरी को बहला-फुसलाकर शादी करने के लिए भगा ले जाने के आरोप में अजमल हुसैन के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। टीम ने शनिवार को भरौली बाबू मोड़ से उसे गिरफ्तार कर लिया।

# कोर्ट के आदेश पर मुकदमा

बस्ती। कोर्ट के आदेश पर हर्रैया पुलिस ने युवती से जबरदस्ती, लूटपाट व अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है। बीस वर्षीय पीड़िता ने तहरीर देकर बताया है कि तेरह अगस्त 2022 में विपक्षियों ने घर में घुसकर गए। इस दौरान मारपीट कर रेप की कोशिश की गई। शोर मचाने पर उसकी मां बचाने आई तो उन्हें भी मारापीटा और गले से सोने की चेन खींच ली। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पवन व राजू के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

# छात्र की मौत मामले में जाम लगाने वालों पर केस

महादेवा (बस्ती)। परीक्षा देकर लौटते वक्त पत्थर से हुए हमले में घायल छात्र की मौत मामले में जाम लगाने के मामले में लालगंज पुलिस ने चार नामजद समेत एक दर्जन लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

लालगंज थाने के पाकरडांड़ निवासी बेलाल (17) पुत्र इकबाल 21 फरवरी को अपने मित्र राज सोनी तथा शिवम के साथ एक ही बाइक पर सवार होकर लालगंज के रामनरेश इंटर कॉलेज से हाईस्कूल के गणित का पेपर देने गया था। थानेदार महेश सिंह ने बताया कि मामले में तबारक, शाह आलम, नदीम व आरिफ निवासी पाकड़डाड़ व 10-15 अज्ञात के खिलाफ आईपीसी 143, 145, 341, 188 व 7 सीएलए एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया गया है।

# दुष्कर्म कर बनाया युवती का वीडियो, केस




- 2017 से वीडियो वायरल करने की धमकी दे कर रहा था ब्लैकमेल
- युवती का विवाह तय होने पर दूल्हे के मोबाइल पर भेज दिया वीडियो

बस्ती, निज संवाददाता। एक युवती ने रुधौली थाने में दुष्कर्म करने व अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने का आरोप लगाते हुए गांव के ही एक युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। युवती का विवाह तय होने पर दूल्हे के मोबाइल पर अश्लील वीडियो भेजकर शादी भी तोड़वा दी। थाना प्रभारी संजय कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर अभियोग पंजीकृत कर आरोपी की तलाश की जा रही है।

रुधौली क्षेत्र की रहने वाली पीड़िता ने तहरीर में बताया है कि उनके गांव का रहने वाले श्रीकेश उनकी ही बिरादरी का है। 2017 में एक दिन उसने अपने घर बुलाया और उसके साथ बलात्कार किया। इस दौरान उसने अश्लील वीडियो भी बना लिया। बोला कि अगर किसी को घर पर बताओगी तो वीडियो वायरल कर देंगे। इसी बात का फायदा उठाकर वह उसने डरा धमका कर कई बार दुष्कर्म किया। उसे एक मोबाइल भी दे दिया और झांसा दिया की तुमसे ही शादी करेंगे। आरोप है कि 2018 में गांव के ही रहने वाले एक व्यक्ति के मोबाइल पर आरोपी ने एक फोटो वायरल कर भेज दी। इसकी जानकारी युवती के पिता को हुई तो शिकायत की। बातचीत के आधार पर दोनों पक्ष में सुलह हो गया। इसके बाद आरोपी श्रीकेश ने दूसरी लड़की से शादी कर ली। उसके बाद पीड़िता के परिजनों ने उसकी शादी कराने के लिए बड़ी बहन के पास मुंबई भेज दिया। जीजा ने उसकी शादी भी तय करा दी। इसकी भनक आरोपी श्रीकेश को लग गई। इसके बाद उसने पीड़िता के होने वाले पति व उसके परिजनों का फोन नंबर पता कर अश्लील वीडियो उनके मोबाइल पर भेज दिया।

# 28 लाख के गोलमाल का आरोप, केस

बस्ती। गौर थाने में तहरीर देकर गोंडा खोड़ारे थानांतर्गत अइया बुजुर्ग निवासी परशुराम ने आरोप लगाया है कि बभनान बाजार के पास छलपूर्वक विपक्षी ने 28 लाख रुपया ले लिया। मांगने पर देने से इंकार कर दिया। पुलिस ने बभनान निवासी दिनेश कुमार के खिलाफ केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

# दूसरे नाम पर केसीसी बनवाकर निकाले रुपये

दुबौलिया। बड़ौदा यूपी बैंक शाखा चिलमा बाजार में कूटरचित ढंग से आधार में नाम व दस्तावेज तैयार करके 5 लाख 45 हजार रुपये निकालने के मामले मे पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के बैरागल उपाध्यायपुरवा निवासी कृष्णमणि उपाध्याय का आरोप है कि विपक्षी राम लाल निवासी फेरसहन कप्तानगंज ने अपना नाम व आधार कार्ड बदलकर कभी रामनाथ पुत्र दूवर तो कभी मगरू पुत्र अवतार बनकर सरकारी योजनाओं का लाभ ले रहा है।

# फरियाद लेकर 253 पहुंचे, 38 निस्तारित

बस्ती। चारो तहसीलों में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में 253 फरियादी पहुंचे। हर्रैया में सीडीओ डॉ. राजेश कुमार प्रजापति, रुधौली में एडीएम कमलेश चंद्र, बस्ती सदर में एसडीएम शैलेष दूबे और भानपुर में एसडीएम अतुल आनंद ने सुनवाई किया।38 मामलों को निस्तारित किया तो 215 फरियादी समय से मामला निस्तारित होने की उम्मीद लेकर घर लौटे। सदर तहसील में एसडीएम शैलेष कुमार दूबे ने 132 मामलों की सुनवाई की। 9 मामलों का निस्तारण किया। हर्रैया में 67 मामलों में से 19 निस्तारित हुए। रुधौली में कुल 34 मामले आए, पांच मामलों का निस्तारण किया गया।

# समस्या का समाधान नहीं हुआ तो कर लूंगी आत्महत्या

- हरैंया में समाधान दिवस में महिला की धमकी से सनसनी
- सीडीओ ने तत्काल राजस्व व पुलिस टीम को मौके पर भेजा

हरैंया, हिसं। संपूर्ण समाधान दिवस हरैंया में उस समय सनसनी फैल गई जब एक महिला ने आत्महत्या की धमकी दे दी। उसका कहना था कि वह पांच बार शिकायती पत्र दिया, लेकिन न्याय नहीं मिला। मामले का निस्तारण नहीं होने से वह आजिज आ चुकी है और अब आत्महत्या कर लेगी।

समाधान दिवस में कप्तानगंज थाना क्षेत्र के मीतासोती निवासी दीपिका ने सीडीओ को शिकायती पत्र देकर कहा कि गांव के एक लोग, जो घर के पास आबादी रास्ता में कूड़ा फेंकते रहते हैं। कई बार शिक़ायत की लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। आज मेरे मामले का निस्तारण नहीं हुआ तो तहसील दिवस में आत्महत्या कर लूंगी। सीडीओ ने तत्काल थानाध्यक्ष को राजस्व टीम के साथ मौके पर जाकर निस्तारण करने का निर्देश दिया। एसडीएम हरैंया गुलाब चंद्र ने पुलिस को राजस्व टीम के साथ मौके पर निस्तारण करने का निर्देश दिया गया हैं। कप्तानगंज थानाध्यक्ष रोहित उपाध्याय का कहना हैं कि पीड़िता व उनके पड़ोसी का आपस में आबादी की जमीन को लेकर विवाद है। राजस्व टीम से पैमाईश करने के लिए कहा गया है।

# दो दिन लगेगी विशेष लोक अदालत

बस्ती। विशेष लोक अदालत का आयोजन 17 व 18 मार्च को होगा। इस आयोजन में बैंक वसूली से सम्बंधित व मोटर दुर्घटना से सम्बंधित प्रतिकर याचिकाएं, जिनका निस्तारण सुलह-समझौते के आधार पर हो सकता है, उनका निस्तारण कराया जाएगा। यह जानकारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रजनीश कुमार मिश्र ने दी।

# सब्जी की आड़ में बेच रहा था प्रतिबंधित मांस

## दबोचा

वाल्टरगंज (बस्ती), हिसं। पिकअप पर सब्जी की आड़ में प्रतिबंधित मांस बेचने के आरोपी को वाल्टरगंज पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सूचना पर पहुंचे प्रभारी पशु चिकित्सा अधिकारी पुरैना डॉ. विजय कुमार श्रीवास्तव व पशु चिकित्सा अधिकारी गनेशपुर डॉ. सतीश कुमार वर्मा ने थाने पर पहुंचकर मांस का सैम्पल लिया और जांच की प्रक्रिया पूरी की। थानाध्यक्ष नारायण लाल श्रीवास्तव ने बताया कि आरोपी सद्दाम हुसैन निवासी बिछियागंज थाना वाल्टरगंज के खिलाफ गोवध निवारण अधिनियम के तहत केस दर्ज कर आरोपी को न्यायालय भेज दिया गया।



वाल्टरगंज पुलिस की गिरफ्त में आरोपी। ● हिन्दुस्तान

बस्ती-रुधौली मार्ग स्थित पुरैना पड़ाव के पास पिकअप पर एक व्यक्ति सब्जी बेच रहा था। पुलिस को सूचना मिली कि इस व्यक्ति ने पिकअप की केबिन में प्रतिबंधित मांस बेचने के लिए रखा हुआ है। घेराबंदी कर पुलिस ने चालक को हिरासत में लेकर गाड़ी को कब्जे में ले लिया। तलाशी के दौरान पिकअप की केबिन से अलग-अलग थैलों में पैक 8 किलो प्रतिबंधित मांस पाया गया। पशु चिकित्सकों की मदद से प्रतिबंधित की सैम्पलिंग कराकर जांच हुई। थानाध्यक्ष ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया गया है।

## कोर्ट के आदेश पर मुकदमा

**बस्ती:** कोर्ट के आदेश पर हर्रैया पुलिस ने युवती से जबरदस्ती करने, लूटपाट व अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। 20 वर्षीय पीड़िता का आरोप है कि 13 अगस्त 2022 को विपक्षीगण घर में घुस गए। इस दौरान मारपीट कर दुष्कर्म की कोशिश की गई। शोर मचाने पर उसकी मां बचाने आई तो उन्हें भी मारापीटा और गले से सोने की चेन खींच ली। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पवन कुमार व राजू के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

# पति ने कर ली दूसरी शादी, एफआईआर

बस्ती। वाल्टरगंज थाने में तहरीर देकर एक महिला ने तहरीर देकर आरोप लगाया है कि उसके साथ ससुराल में गलत व्यवहार किया गया। पति ने दूसरी शादी कर ली। शारीरिक संबंध न बनाने पर मारपीट की गई और घर से बाहर निकाल दिया गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मदन मुरारी समेत तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

# पॉक्सो एक्ट में पांच वर्ष का कारावास

बस्ती। विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट डॉ. अमित वर्मा की अदालत ने आठ वर्षीय नाबालिग के साथ छेड़छाड़ करने के मामले में जितेन्द्र उर्फ करिया, निवासी खैरा, इब्राहिमपुर, जिला-अम्बेडकरनगर को पांच वर्ष सश्रम कारावास व 11 हजार अर्थदंड की सजा सुनाई है। अर्थदंड न अदा करने पर एक वर्ष आठ माह अतिरिक्त सजा काटनी होगी। विशेष शासकीय अधिवक्ता पाक्सो वंदना चौधरी की टीम ने अदालत को बताया कि दुबौलिया क्षेत्र एक गांव निवासी पीड़िता की मां ने तहरीर देकर कहा था कि 14 दिसम्बर 2018 को दिन में 11 बजे जब उसकी बेटी गांव में खेलने गई थी।

# वांछित आरोपी को पुलिस ने पकड़ा

बस्ती। मुंडेरवा पुलिस ने जानलेवा हमला समेत अन्य धाराओं में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस कार्यालय के अनुसार एक मार्च को उमरी अहरा में हुई मारपीट के मामले में तीन आरोपी पहले गिरफ्तार कर जेल भेजे जा चुके हैं। इस मुकदमे में एक अन्य आरोपी शिवाजी निवासी उमरी अहरा को गिरफ्तार किया गया है।

# पूर्व विधायक खब्बू तिवारी की तलाश में घूम रही पुलिस

**फॉलोअप**

- आज तक नहीं जमा किया शस्त्र, हाईकोर्ट में शुक्रवार को पेश हुई थीं डीएम बस्ती
- पूर्व विधायक ने 1995 में हर्रैया बस्ती के फर्जी पते पर लिया था लाइसेंस

बस्ती, निसं। अयोध्या जिले के गोसाईगंज के पूर्व विधायक इन्द्र प्रताप तिवारी उर्फ खब्बू तिवारी की तलाश में हर्रैया पुलिस जुटी हुई। इनके खिलाफ बस्ती जिले के हर्रैया थाने में खुद एसएचओ ने नामजद केस दर्ज कराया है। आरोप है कि पूर्व विधायक ने फर्जी पते पर बस्ती जिले से जारी शस्त्र लाइसेंस जिला प्रशासन द्वारा निरस्त किए जाने के ढाई दशक बाद भी शस्त्र/ राइफल जमा नहीं किया। सीओ हर्रैया शेषमणि उपाध्याय ने बताया कि आरोपी की तलाश व असलहा बरामदगी के लिए पुलिस अयोध्या गई, लेकिन अभी सफलता नहीं मिल सकी है।

हर्रैया थाने में प्रभारी थाना निरीक्षक शैलेश कुमार सिंह ने तहरीर देकर बताया कि इन्द्र प्रताप तिवारी उर्फ खब्बू तिवारी पुत्र कृष्ण गोपाल तिवारी निवासी देवकाली थाना कोतवाली अयोध्या ने वर्ष 1995 में हर्रैया थाना क्षेत्र के ग्राम गौहनिया नेपाल सिंह का निवासी होने संबंधी फर्जी कागजात प्रस्तुत कर डीएम बस्ती से शस्त्र लाइसेंस जारी करा लिया था। बाद में जांच के दौरान मामला पकड़ में आने पर डीएम बस्ती ने चार जुलाई 1996 को आदेश जारी कर लाइसेंस निरस्त कर दिया। साथ ही उन्होंने शस्त्र जमा करने का आदेश दिया। खब्बू तिवारी ने 26 साल बाद भी राइफल जमा नहीं किया और गैरकानूनी तरीके से अपने पास रखे हुए हैं। एसएचओ की तहरीर पर हर्रैया थाने में आरोपी खब्बू तिवारी पुत्र कृष्ण गोपाल तिवारी निवासी देवकाली थाना कोतवाली अयोध्या पर धोखाधड़ी, आर्म्सएक्ट व अन्य धाराओं में केस दर्ज किया गया। इससे संबंधित मामला इलाहाबाद हाईकोर्ट में विचाराधीन है जिसमें शुक्रवार को डीएम बस्ती को तलब किया गया था। हर्रैया थाने में केस दर्ज कर पूर्व विधायक खब्बू तिवारी व असलहे की तलाश पूरी सरगर्मी से करने में पुलिस जुट गई।

# छेड़खानी के आरोपित को पांच वर्ष की सजा

**जासं,बस्ती:** विशेष सत्र न्यायाधीश पाक्सो एक्ट डा. अमित वर्मा ने आठ वर्षीय बालिका के साथ छेड़छाड़ करने के मामले में आरोपित युवक को पांच वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय ने ग्यारह हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड न अदा करने पर एक वर्ष आठ माह अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

विशेष शासकीय अधिवक्ता पाक्सो एक्ट बंदना चौधरी, अरुण कुमार श्रीवास्तव, अखिलेश दूबे, अरविंद पांडेय की टीम ने न्यायालय ने पीड़िता का पक्ष रखते हुए कहा कि दुबौलिया थाना क्षेत्र एक गांव की पीड़िता की मां ने थाना दुबौलिया में मुकदमा दर्ज कराया। इसमें कहा कि 14 दिसम्बर 2018 को दिन में 11 बजे जब उसकी पुत्री गांव में खेलने गयी थी, तो गांव के एक व्यक्ति के यहां रिश्तेदारी में आए जितेंद्र उर्फ करिया निवासी खैरा थाना इब्राहिमपुर जिला आंबेडकरनगर ने पीड़िता को अपशब्द कहते हुए छेड़खानी करने लगा। बालिका के शोर करने पर वह भाग गया। न्यायाधीश ने गवाहों व साक्ष्यों के आधार पर आरोपित जितेंद्र को पाक्सो एक्ट व अन्य धाराओं के अपराध में दोषी मानते हुए दंडित किया है।

# अधिकतर लोगों को मिला आश्वासन

## संपूर्ण समाधान दिवस पर 253 में से सिर्फ 38 मामले हुए निस्तारित


हरैया में फरियाद सुनते सीडीओ डा.राजेश प्रजापति व एसडीएम ● जागरण

**जागरण टीम, बस्ती:** जनपद की चारों तहसीलों पर शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान न्याय की उम्मीद में पहुंचे फरियादियों को एक बार फिर आश्वासन देकर लौटा दिया गया। इस दौरान कुल 253 मामले आए। जिनमें से 38 मामलों का ही निस्तारण हो सका। शेष मामलों को संबंधित विभाग को समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने के लिए सौंप दिया गया। हरैया कार्यालय के अनुसार हरैया तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में मुख्य विकास अधिकारी राजेश प्रजापति ने फरियादियों की समस्याएं सुनी। कुल 67 मामले आए। जिनमें सर्वाधिक राजस्व विभाग से 27, पुलिस 14, विकास 11, विद्युत सात तथा अन्य विभाग से संबंधित कुल आठ मामले आए। जिनमें से 19 मामले का मौके पर त्वरित निस्तारण किया गया। **सदर तहसील में नौ मामले निपटाए गए** : सदर तहसील में एसडीएम सदर शैलेश दुबे की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान कुल 132 मामले आए। जिनमें से महज नौ का ही निस्तारण हो पाया। शेष मामलों को संबंधित विभाग को सिपुर्द कर दिया गया।

**रुधौली में एडीएम व एएसपी ने सुनी फरियाद, रुधौली:** तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस एडीएम कमलेश चंद्र व अपर पुलिस अधीक्षक दीपेंद्र नाथ चौधरी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। जिसमें कुल 34 मामले आए। केवल पांच मामले का मौके पर निस्तारण हो सका।

**पांच शिकायतें निस्तारित**

**भानपुर:** भानपुर में एसडीएम अतुल आनंद की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। 20 मामलों का पंजीकरण किया गया, जिसमें से 5 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष को आश्वासन देकर लौटा दिया गया।

# युवती से दुष्कर्म कर बनाया वीडियो, मुकदमा

**जागरण संवाददाता, बस्ती :** रुधौली थाना क्षेत्र की रहने वाली एक युवती ने आरोप लगाया है कि गांव के ही एक युवक ने उसके साथ दुष्कर्म किया और वीडियो बनाकर उसे ब्लैकमेल करने लगा। इतना ही नहीं युवती का विवाह तय होने पर दूल्हे के मोबाइल पर आपत्तिजनक वीडियो भेजकर शादी भी तोड़वा दी। मामले में पुलिस ने एसपी के आदेश पर मुकदमा दर्ज किया है।

रुधौली थाना क्षेत्र की रहने वाली पीड़िता ने तहरीर में बताया कि उनके गांव के रहने वाला श्रीकेश ने 2017 में उसे एक दिन अपने घर बुलाया और उसके साथ दुष्कर्म किया। इस दौरान उसने आपत्तिजनक वीडियो भी बना लिया। उसने धमकी दी कि यदि किसी को इस घटना की जानकारी दी तो उसका वीडियो वायरल कर देगा। उसकी धमकी से वह डर गई। इसी बात का फायदा उठाकर आरोपित ने उसके साथ कई बार दुष्कर्म किया। उसे एक मोबाइल भी दे दिया और झांसा दिया की वह उसी से शादी करेगा। युवती का आरोप है कि 2018 में गांव के ही रहने वाले एक व्यक्ति के मोबाइल पर आरोपित ने उसकी एक आपत्तिजनक फोटो भेज दी। इसकी जानकारी युवती के पिता को हुई तो उन्होंने इसकी शिकायत आरोपित के घरवालों से की। बातचीत के आधार पर दोनों पक्ष में सुलह हो गया। इसके बाद आरोपित श्रीकेश ने दूसरी लड़की से शादी कर ली। उसके बाद पीड़िता के परिवारीजन ने भी उसकी शादी कराने के लिए बड़ी बहन के पास मुंबई भेज दिया। जीजा ने उसकी शादी भी तय करा दी। इसकी भनक आरोपित को लगी तो उसने पीड़िता के होने वाले पति व उसके परिवारीजन का फोन नंबर पता कर युवती का आपत्तिजनक वीडियो उनके मोबाइल पर भेज दिया। इससे उसका रिश्ता टूट गया।

प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपित के विरुद्ध दुष्कर्म सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश कर रही है।

### किशोरी को भगाने का आरोपित गिरफ्तार

**बस्ती:** वाल्टरगंज पुलिस ने किशोरी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के आरोपित को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष नारायण लाल श्रीवास्तव ने बताया कि दो मार्च को 15 वर्षीय किशोरी को शादी के लिए भगा ले जाने के आरोप में अजमल हुसैन पर केस दर्ज किया गया था। टीम ने शनिवार को भरौली बाबू मोड़ से उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस टीम में एसआइ सुरेन्द्र प्रताप सिंह व हरिशंकर यादव शामिल रहे।

# पुरुष वर्ग में बस्ती व महिला में बहराइच की टीम विजेता

**जासं, देवरिया:** बस्ती व बहराइच की टीम ने यहां खेली गई गोरखपुर जोन की 71वीं अंतरजनपदीय पुलिस फुटबाल प्रतियोगिता के क्रमशः पुरुष व महिला वर्ग का खिताब जीत लिया।

रविंद्र किशोर शाही स्पोर्ट्स स्टेडियम में शनिवार को खेले गए पुरुषों के फाइनल में बस्ती ने श्रावस्ती को 6-5 से और बहराइच ने बस्ती को 3-2 से पराजित किया।

# पति पर दूसरी शादी का आरोप, मुकदमा

**वस्ती:** कप्तानगंज थाना क्षेत्र के ब्याही एक महिला ने वाल्टरगंज पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि उसके साथ ससुराल में गलत व्यवहार किया गया। पति ने दूसरी शादी कर ली। शारीरिक संबंध न बनाने पर उससे मारपीट की गई और घर से बाहर निकाल दिया गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मदन मुरारी समेत तीन लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

# हमले का आरोपित गिरफ्तार

**बस्ती:** मुंडेरवा पुलिस ने थाने पर दर्ज मारपीट व जानलेवा हमले के मुकदमें में वांछित आरोपित शिवाजी निवासी उमरी अहरा को गिरफ्तार कर लिया है। उसे शुक्रवार की शाम गांव के मोड़ से पकड़ा गया। शनिवार को उसे न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

# जमीन के नाम पर ले लिया रकम, मुकदमा

**बस्ती:** हर्रैया थाना क्षेत्र के महादेवरी गांव निवासी दुःखहरण ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि सात जनवरी को विपक्षी ने भारतीय स्टेट बैंक भदावल में उनसे जमीन के लिए दो लाख रुपये ले लिया गया। बहुत दबाव देने पर 75 हजार रुपये ही उसने वापस किए। अभी भी उस पर 1.25 लाख रुपया बाकी है जो वह नहीं दे रहा है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर राजेश कुमार चौबे निवासी मोकलपुर थाना कोतवाली देहात जनपद गोंडा के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

# मिलावटी पनीर बेचने के आरोपित को दो वर्ष की सजा

**जागरण संवाददाता, बस्ती:** अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट उमेश यादव ने शहर के एक रेस्टोरेंट में मिलावटी पनीर बेचने के आरोप में दोषी पाए गए एके वर्मा को दो वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। मजिस्ट्रेट ने आरोपित को 3000 रुपये अर्थदंड से भी दंडित किया है। अर्थदण्ड न देने पर एक माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

अभियोजन के अनुसार तत्कालीन मुख्य चिकित्सा अधिकारी के आदेश 22 जून 2009 के अनुपालन में तत्कालीन खाद्य निरीक्षक बाबूलाल ने 23 जून 2009 को कंपनी बाग स्थित रेस्टोरेंट का निरीक्षण किया। कोतवाली थाना क्षेत्र के जयपुरवा मोहल्ला निवासी एके वर्मा रेस्टोरेंट में मौजूद थे। उस समय वह रेस्टोरेंट में दही, पनीर, आइसक्रीम, दोसा-इडली इत्यादि खाद्य पदार्थ की बिक्री कर रहे थे। पनीर की गुणवत्ता पर संदेह हुआ तो 75 रुपये नकद देकर खाद्य निरीक्षक ने 750 ग्राम पनीर की खरीदारी की। तीन पैकेट में उसे भरकर प्रयोगशाला में जांच के लिए भेज दिया गया। प्रयोगशाला की जांच रिपोर्ट एक अगस्त 2009 के अनुसार पनीर में अपमिश्रण पाया गया। न्यायालय ने दोनों पक्षों को गवाही व सफाई का अवसर दिया। दोनों पक्ष की दलील सुनी। पत्रावली का अवलोकन किया। न्यायालय ने माना कि जो पनीर बेची जा रही थी उसमें मिलावट किया गया था। आरोपित एके वर्मा को दोषी मानते हुए दंडित किया।

# सब्जी की आड़ में बेच रहा था प्रतिबंधित मांस, गिरफ्तार

**वाल्टरगंज पुलिस ने पुरैना पड़ाव के पास से आरोपित को पकड़ा, तलाशी के दौरान केबिन में मिला आठ किलो प्रतिबंधित मांस**

**जासं, बस्ती**: पिकअप पर सब्जी की आड़ में प्रतिबंधित मांस बेचने के आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया है। वाल्टरगंज थाने की पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी शनिवार को बस्ती-रुधौली मार्ग पर पुरैना पड़ाव के पास से की। आरोपित सद्दाम हुसैन वाल्टरगंज थानाक्षेत्र के बिछियागंज गांव का रहने वाला है।

पुलिस को पुरैना पड़ाव के पास सुबह पिकअप पर सब्जी के साथ छिपाकर प्रतिबंधित मांस बेचने वाले के बारे में सूचना मिली थी। उप निरीक्षक सुभाष मौर्य टीम के साथ पहुंचकर जांच की तो अलग-अलग थैलों में पैक कर रखा गया आठ किलोग्राम प्रतिबंधित मांस मिला। विक्रेता की पहचान सद्दाम हुसैन के रूप में हुई। थानाध्यक्ष वाल्टरगंज नारायण लाल श्रीवास्तव ने बताया कि आरोपित सद्दाम हुसैन के विरुद्ध गोवध निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया है। प्रभारी पशु चिकित्सा अधिकारी (पुरैना) डा. विजय कुमार श्रीवास्तव व पशु चिकित्सा अधिकारी (गनेशपुर) डा. सतीश कुमार वर्मा ने थाने पर पहुंचकर मांस का नमूना लिया।

## किशोरी को बहला-फुसलाकर भगाने का आरोपी गिरफ्तार

**बस्ती।** वाल्टरगंज पुलिस ने किशोरी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। थानाध्यक्ष नारायण लाल श्रीवास्तव ने बताया कि दो मार्च को पंद्रह वर्षीय किशोरी को बहला-फुसलाकर शादी करने के लिए भगा ले जाने के आरोप में अजमल हुसैन के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। टीम ने शनिवार को भरौली बाबू मोड़ से उसे गिरफ्तार कर लिया। संवाद

# बैंक कर्मी पर अभद्रता का आरोप कोटेदारों ने पुलिस से की शिकायत

## पूर्ति निरीक्षक भानपुर व चौकी इंचार्ज असनहरा ने मौके पर पहुंचकर शांत कराया मामला

संवाद न्यूज एजेंसी

**भानपुर।** सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान का चीनी उठान के लिए चालान जमा करने को लेकर पंजाब नेशनल बैंक के कर्मचारी की ओर से कोटेदारों से अभद्रता किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। नाराज कोटेदारों ने इसकी शिकायत पूर्ति निरीक्षक के माध्यम से जिला पूर्ति अधिकारी से की गई है।

पत्र में कोटेदारों ने कहा कि पीएनबी रामनगर में सभी कोटेदारों का खाता है। जहां विक्रेता पिछले माह की चीनी का चालान के रुपये जमा करने गए थे। उन्हें इसके लिए एक मार्च से ही दौड़ाया जा रहा है। आरोप लगाया है कि शाखा में तैनात बैंक कर्मी कोटेदारों से अभद्र व्यवहार करते हैं।



कोटेदारों की समस्याओं को लेकर शाखा प्रबंधक से वार्ता करते लोग। संवाद

साथ ही लाइसेंस नंबर की मांग की जाती है, जबकि विभाग की ओर से पहले ही सभी उचित दर विक्रेताओं के दुकान की शॉप आईडी उपलब्ध करा दी गई है। शनिवार सुबह भी जब सभी कोटेदार बैंक पहुंचे, तो कर्मचारी ने शाम चार बजे आने की बात कहकर चालान जमा करने से मना कर दिया।

इसकी जानकारी के बाद मौके पर पहुंचे पूर्ति निरीक्षक कुलभूषण श्रीवास्तव, चौकी इंचार्ज असनहरा मनीष जायसवाल ने शाखा प्रबंधक आशीष कुमार से वार्ता कर कोटेदारों की समस्या का निदान कराकर मामले को शांत कराया।

> चालान जमा करने को लेकर कर्मचारी की ओर से किसी से अभद्रता नहीं की गई है, बल्कि कुछ खातों की केवाईसी और प्रपत्र अपडेट कराने को कहा गया था। इससे कोटेदार नाराज हो गए। दोनों पक्षों से वार्ता कर मामला सुलझा लिया गया है।
>
> **-आशीष कुमार, शाखा प्रबंधक**

> कोटेदारों की ओर से शिकायती पत्र दिया गया है, जिसे संज्ञान में लेकर शाखा प्रबंधक से मिलकर वार्ता कर समस्या का समाधान करा दिया गया है। समस्या से उच्चाधिकारी को भी अवगत कराया जाएगा।
>
> **-कुलभूषण श्रीवास्तव, पूर्ति निरीक्षक**

# पीड़ित महिला के आत्महत्या की धमकी पर जागे अधिकारी

**जास, हर्रैया, बस्ती:** हर्रैया तहसील में शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में एक पीड़ित महिला ने सीडीओ के सामने समस्या निस्तारण न होने पर आत्महत्या की धमकी दी तब जाकर वहां मौजूद पुलिस और प्रशासनिक अफसर जागे। आनन फानन महिला को न्याय दिलाने के लिए पुलिस और राजस्व टीम गांव में भेजी गई। पुलिस ने रास्ते से कूड़ा करकट हटवा दिया है।

**पुलिस ने रास्ते से कूड़ा-करकट हटवाया, जमीन की होगी पैमाइश, चार बार संपूर्ण समाधान दिवस में भी गुहार लगा चुकी थी महिला**

मीता सोती गांव निवासी दीपिका शनिवार को सीडीओ के पास संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायती पत्र लेकर पहुंची। बताया कि साहब गांव के ही कुछ घर के पास रास्ता में कूड़ा फेंकते रहते हैं। मना करने पर मारपीट को उतारू हो जाते हैं। इसको लेकर वह कई बार शिकायत की लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। चार बार वो तहसील दिवस में भी आ चुकी है। पीड़ित महिला यह कहते हुए मामले का निस्तारण न होने पर आत्महत्या करने की धमकी दे डाली। यह सुन अधिकारियों के कान खड़े हो गए। सीडीओ ने थानाध्यक्ष कप्तानगंज को राजस्व टीम के साथ मौके पर जाकर समस्या निस्तारित करने का निर्देश दिया। एसडीएम हर्रैया गुलाब चंद्र ने बताया की पीड़िता ने आत्महत्या करने की धमकी दी है। पुलिस को राजस्व टीम के साथ मौके पर जाकर समस्या का निस्तारण करने का निर्देश दिया गया है। कप्तानगंज थानाध्यक्ष रोहित का कहना हैं कि पीड़िता व उनके पड़ोसी का जमीन विवाद है। सड़क से कूड़ा हटवा दिया गया है। दोनों पक्षों को राजस्व टीम से जमीन की पैमाइश कराने के लिए कहा गया है।

# पति ने कर ली दूसरी शादी, एफआईआर

**बस्ती।** वाल्टरगंज थाने में तहरीर देकर एक महिला ने तहरीर देकर आरोप लगाया है कि उसके साथ ससुराल में गलत व्यवहार किया गया। पति ने दूसरी शादी कर ली। शारीरिक संबंध न बनाने पर मारपीट की गई और घर से बाहर निकाल दिया गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मदन मुरारी समेत तीन लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। संवाद

# छात्र की नीलगाय से टक्कर, घायल

**बनकटी।** लालगंज थाना क्षेत्र के मथौली गांव के पास परीक्षा देने जा रहे इंटरमीडिएट के छात्र की नील गाय से टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में छात्र घायल हो गया। ग्रामीणों की मदद से उसे पीएचसी बनकटी पहुंचाया गया जहां चिकित्सक ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। दूसरी पाली में इंटरमीडिएट की परीक्षा देने जा रहे घायल छात्र की पहचान 25 वर्षीय राहुल गुप्ता निवासी लखनौरा पुरानी बस्ती के रूप में हुई। संवाद

# पिकअप से प्रतिबंधित मांस बरामद

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**बस्ती।** वाल्टरगंज पुलिस ने शनिवार को एक पिकअप से प्रतिबंधित मांस बरामद किया है। इसे पिकअप पर सब्जी के साथ बेचा जा रहा था।

मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने जांच की तो पिकअप के केबिन में बोरों में रखा मांस बरामद हुआ। इस मामले में वाहन कब्जे में लेकर विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

थाना क्षेत्र के रुधौली बस्ती मार्ग स्थित पुरैना चौराहे के समीप बिछियागंज चौराहे पर पुलिस को सब्जी के साथ ही प्रतिबंधित मांस बेचने की सूचना मिली। सूचना के बाद पुलिस सक्रिय हो गई और मौके पर जा पहुंची।

यहां पिकअप पर आलू, प्याज व अन्य सब्जियां बेची जा रही थीं। जब पुलिस ने पिकअप के भीतर जांच की तो वहां अलग-अलग आठ पॉलीथिन में प्रतिबंधित मांस बरामद हुआ। पुलिस वाहन को कब्जे में लेकर मांस सहित थाने ले आई।

# दूसरे के नाम पर केसीसी बनवाकर निकाले रुपये

दुबौलिया। बड़ौदा यूपी बैंक शाखा चिलमा बाजार में गलत तरीके से आधार में नाम व दस्तावेज तैयार करके 5.45 लाख रुपये निकालने के मामले में दुबौलिया पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के बैरागल उपाध्यायपुरवा निवासी कृष्णमणि उपाध्याय का आरोप है कि विपक्षी राम लाल निवासी फेरसहन थाना कप्तानगंज ने अपना नाम व आधार कार्ड बदलकर कभी रामनाथ पुत्र दूवर तो कभी मगरू पुत्र अवतार बनकर सरकारी योजनाओं जैसे आवास, मनरेगा, किसान सम्मान निधि एवं राशन कार्ड पर लाभ ले रहा है। इस आदमी की फोटो एक ही है। आधार नंबर भी एक ही है। बस नाम बदल-बदलकर लाभ ले रहा है। दूसरे के नाम पर केसीसी बनाकर रुपये निकाल लिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। संवाद

# युवती ने की शिकायत, कोर्ट के आदेश पर मुकदमा

**बस्ती।** कोर्ट के आदेश पर हर्रैया पुलिस ने युवती से जबरदस्ती, लूटपाट व अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। बीस वर्षीय पीड़िता ने तहरीर देकर बताया कि 13 अगस्त 2022 को विपक्षियों ने घर में घुस कर मारपीट की और दुष्कर्म की कोशिश की। शोर मचाने पर उसकी मां बचाने आई तो उन्हें भी मारापीटा और सोने की चेन खींच ली। जाते वक्त धमकी भी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पवन कुमार व राजू के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। संवाद

# जाम लगाने वाले 15 लोगों पर रिपोर्ट, चार नामजद

संवाद न्यूज एजेंसी

### 21 फरवरी को पत्थर लगने से हो गया था घायल

### मौत होने के बाद पाकड़डाड़ में एक मार्च को लगाया था जाम

**महादेवा (बस्ती)।** परीक्षा देकर लौटते वक्त पत्थर से हुए हमले में घायल छात्र की मौत के बाद जाम लगाने के मामले में लालगंज पुलिस ने चार नामजद समेत 15 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

लालगंज थाने के पाकड़डाड़ निवासी बेलाल (17) पुत्र इकबाल 21 फरवरी को अपने मित्र राज सोनी तथा शिवम के साथ एक ही बाइक पर सवार होकर लालगंज के रामनरेश इंटर कॉलेज से हाईस्कूल के गणित का पेपर देने गया था। दिन में करीब 11.30 बजेपरीक्षा देकर लौटते वक्त लालगंज-महादेवा मार्ग पर बारीघाट के पास किसी ने पत्थर फेंक कर मारा।

पत्थर बीच में बैठे बेलाल के सिर में लगा और वह चोटिल हो गया था।आनन-फानन में साथी राज व शिवम बाइक पर ही बैठाकर बेलाल को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बनकटी ले गए थे। यहां से डॉक्टर ने जिला अस्पताल रेफर दिया, जहां से मेडिकल कॉलेज लखनऊ भेज दिया गया था। जहां उसकी मौत हो गई। एक मार्च को एंबुलेंस से शव लेकर पाकड़डाड़ पहुंचने के बाद आक्रोशित लोगों ने जाम लगा दिया था। सीओ के पहुंचने के बाद जाम खुल सका था।

थानेदार महेश सिंह ने बताया कि मामले में तबारक, शाह आलम, नदीम व आरिफ निवासी पाकड़डाड़ व 15 अज्ञात के खिलाफ जाम लगाकर रास्ता अवरुद्ध करने व 7 सीएलए एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

# वांछित आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

बस्ती। मुंडेरवा पुलिस ने जानलेवा हमला समेत अन्य धाराओं में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस कार्यालय के अनुसार एक मार्च को उमरी अहरा में हुई मारपीट के मामले में तीन आरोपी पहले गिरफ्तार कर जेल भेजे जा चुके हैं। इस मुकदमे में एक अन्य आरोपी शिवाजी निवासी उमरी अहरा को गिरफ्तार किया गया है। संवाद

# दुष्कर्म कर बनाया युवती का वीडियो एफआईआर दर्ज

**बस्ती।** रुधौली पुलिस ने युवती से दुष्कर्म करने व अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है।

रुधौली क्षेत्र निवासी पीड़िता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनके गांव के रहने वाले श्रीकेश ने 2017 में एक दिन उसे अपने घर बुलाया और उसके साथ दुष्कर्म किया। इस दौरान उसने अश्लील वीडियो भी बना लिया। इस दौरान धमकी दी कि अगर किसी को बताओगी तो वीडियो वायरल कर देंगे। इससे वह डर गई।

इसी का फायदा उठाकर वह उसे डरा धमका कर कई बार कुकर्म करता रहा। उसे एक मोबाइल भी दे दिया और झांसा दिया की तुमसे ही शादी करेंगे। आरोप है कि 2018 में गांव के ही रहने वाले एक व्यक्ति के मोबाइल पर आरोपी ने एक फोटो भेज दी।

इसकी जानकारी युवती के पिता को हुई तो शिकायत की। बातचीत के आधार पर दोनों पक्ष में सुलह हो गया। इसके बाद आरोपी श्रीकेश ने दूसरी लड़की से शादी कर ली। संवाद

# समाधान करने वाले ही रहे नदारद, फरियादी परेशान

## समाधान दिवस में फरियादियों को मिला आश्वासन, किसी ने तीन तो किसी ने चार बार उठाई आवाज

अमर उजाला लाइव

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती/हर्रैया।** जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस शनिवार को हर्रैया में हुआ। यहां सुबह दस बजे से अधिकारियों का इंतजार फरियादी करते दिखाई दिए, मगर 11 बजे तक जिले वरिष्ठ अधिकारी नहीं पहुंचीं।

इस कारण फरियादी मायूस हो गए, मगर 11 बजे सीडीओ पहुंचे। इसके बाद फरियादियों की सुनवाई शुरू हुई। कुछ मामलों के निस्तारण करने के बाद एसडीएम को लोगों की समस्याओं का समाधान करने निर्देश दिए। यही नहीं इस दिवस पर सीएमओ डॉ. आरपी मिश्र व बीएसए डॉ. इंद्रजीत मौर्य भी देरी से पहुंचे।

पहला मामला करीब 11 बजे बनियाजोत निवासी शिव प्रसाद का रहा। यह चौथी बार अवरुद्ध चकमार्ग को खाली कराने का प्रार्थना पत्र लेकर पहुंचे थे। सब कुछ सुनने के बाद केवल निर्देश हुआ, लेकिन निस्तारण की तारीख पड़ गई।

दूसरा मामला परशुरामपुर के तिरखा गांव निवासी जगदीश ने अधिकारियों के सामने रखा। यह मामला भी चकमार्ग का ही था, मगर निस्तारण के बजाय आश्वासन लेकर लौटना पड़ा। पिपराकाजी निवासी सुरेंद्र कुमार अपनी जमीन पर किए गए कब्जे को हटाने की गुहार लगाई, इनको सुनने के बजाय उनका प्रार्थना पत्र अधिकारियों ने रखकर उन्हें वापस भेज दिया।



हर्रैया तहसील में समाधान दिवस पर प्रार्थना पत्र देने के लिए खड़े लोग। संवाद



पांचवीं बार समाधान दिवस में शिकायत लेकर पहुंचीं मीता सोती गांव की दीपिका ने अधिकारियों को बताया कि उनके सहन के रास्ते पर पड़ोसी कूड़ा फेंकते हैं, रोकने पर वह लड़ाई करने लगते हैं। दीपिका ने विवाद न सुलझाने पर आत्मदाह की चेतावनी दी।



खम्हरिया गंगाराम निवासी तिलकराम की सुनवाई शुरू हुई तो यहां पुश्तैनी जमीन के बंटवारे का मामला मिला। तिलकराम का आरोप था कि पैमाइश के लिए उनसे हलका लेखपाल व कानूनगो ने 24 हजार रुपये लिए हैं, मगर केवल आश्वासन कर उन्हें लौटा दिया गया।

### शिकायत पर सोनहा पुलिस को कार्रवाई का निर्देश

भानपुर। तहसील सभागर में संपूर्ण समाधान दिवस में एसडीएम अतुल आनंद से रामनगर ब्लॉक के धौरहरा गांव के अमरूल्लाह, धर्मेंद्र कुमार और रफीकुल्लाह ने शिकायत की कि उनके ग्राम पंचायत धौरहरा की प्रधान सुनीता हैं, जबकि डिडई निवासी जसवंत कुमार ने क्षेत्र में जगह-जगह अपने नाम के पोस्टर लगाकर खुद को धौरहरा का प्रधान बता रहे हैं। एसडीएम ने मामले पर सोनहा पुलिस को तत्काल कार्रवाई का निर्देश दिया। संवाद

SIDDHARTH NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 05-03-2023

# होली सकुशल सम्पन्न कराने के लिए कमिश्नर व आईजी ने की बैठक



■ सिद्धार्थनगर।

**सहारा न्यूज ब्यूरो**

आगामी त्योहार होलिका दहन, होली, शब-ए-बारात को सकुशल व शान्तिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने तथा कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने के लिए कमिश्नर योगेश्वर मिश्र व आईजी आरके भारद्वाज ने पुलिस अधिकारियों को बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। कमिश्नर व आईजी ने पुलिस अधिकारियों को आगामी त्योहारों को सकुशल, शांतिपूर्ण वातावरण में समपन्न कराने के दृष्टिगत निर्देश दिया कि पुलिस एवं प्रशासन व अन्य विभागों के अधिकारीगण को सयुक्त रूप से समस्त जूलुसों के मार्ग का पैदल भ्रमण कर ले, प्रत्येक होलिका दहन स्थल पर ड्युटी लगाने तथा टीम वर्क से कार्य करने हेतु निर्देशित किया। कहा कि पिछले 05 वर्ष के अपराधों की समीक्षा कर तथा दोनों सम्प्रदायों के मध्य विवादों को चिन्हित कर निरोधात्मक कार्यवाही कर पाबन्द कराने तथा परम्परागत रूप से ही त्यौहार मनाने के संबंध में सभी को

**जूलुस मार्ग का पैदल भ्रमण करने व प्रत्येक होलिका दहन स्थल पर ड्यूटी लगाने का दिया निर्देश**

आवश्यक दिशा निर्देश दिया। कहा कि किसी भी त्यौहार पर कोई नई परम्परा लागू नही होने दिया जाएगा, लोगों से निरन्तर संवाद स्थापित करने हेतु बताया गया। बैठक में जिलाधिकारी संजीव रंजन,पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द,अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ,सीओ सदर अखिलेश कुमार वर्मा सहित सभी क्षेत्राधिकारी व थानाध्यक्ष उपस्थित रहे।

शा

र्यकर्ता
उन्होंने
फ कर
ती का
समान

# अवैध कटान लकड़ी के साथ तीन गिरफ्तार

**कपिलवस्तु (एसएनबी)**। सशस्त्र सीमा बल की सीमा चौकी बजहा के जवानों ने गांव भारवलिया के पास तीन अभियुक्त मुनीर आलम पुत्र न्नहा निवासी गोपीजोत, राम कुमार पुत्र शेष नाथ निवासी रामगढ़ एवं विश्वम्भर पुत्र नारायन निवासी रामनगर थाना मुहाना को एसएसबी की टीम करवाई करते हुए मौके से 15 शीशम की लकड़ी व कटान से सम्बंधित समान ट्रैक्टर ट्राली सहित 3 लोगों को गिरफ्तार कर उचित कार्यवाही करते हुए वन विभाग नौगढ़ रेंज के सड्डा चौकी विजय प्रकाश को सुपुर्द कर दिया है। कार्रवाई में सीमा चौकी बजहाँ के पार्टी में उप निरीक्षक मुकेश चौधरी, हेड कांस्टेबल धर्मेंद्र मिश्रा, संजय कुमार, राजमंगल यादव शामिल रहे। कार्यवाहक कमान्डेंट राम कृष्ण डोगरा ने बताया कि भारत नेपाल सीमा पर होने वाली तस्करी और अन्य अपराधों की रोकथाम के लिये नाका, पेट्रोलिंग के माध्यम से निरन्तर प्रयासरत है एवं अवैध रूप से हो रही तस्करी के सामान को जब्त कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# राजस्व निरीक्षक का वायरल वीडियो

**डुमरियागंज (एसएनबी)**। स्थानीय तहसील में तैनात राजस्व निरीक्षक के वायरल वीडियो से क्षेत्र में हड़कम्प मचा हुआ है। जिसमें वह कुछ अभिलेखों को फाड़ कर उसका वीडियो बनवा रहे है। साथ वीडियो में किसी को सबक सिखाने व फसाने की बात भी कर रहे है। शनिवार को सोशल मीडिया वायरल वीडियो क्षेत्र में तहलका मचा दिया जिसमे स्थानीय तहसील में तैनात राजस्व निरीक्षक टी डी सिंह का अभिलेख फाड़ने व किसी को फंसाने के लिए वीडियो बनाने की बात की जारही है। सूत्रों की माने तो यह वीडियो 3 दिन पूर्व ग्राम भरड़िया का है। वीडियो में टी डी सिंह अभिलेख को फाटते हुए दिख रहे। इस संबंध में उपजिलाधिकारी कुणाल ने कहा कि मामला संज्ञान में है जिसकी विद्रत जांच करा कर मामले की तह तक जाकर दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# साइबर सेल ने फ्रॉड हुए 30 हजार वापस कराए

**सिद्धार्थनगर**। साइबर सेल ने एक व्यक्ति के खाते फ्राड हुए 30 हजार रुपये को उसके खाते में वापस करा दिया। प्रभारी साइबर सेल सुभाष यादव ने बताया कि जोगिया क्षेत्र के सोनवल गांव निवासी त्रिलोकी नाथ पाण्डेय ने साइबर सेल में शिकायत की थी कि एक जालसाज ने झांसे में लेकर अपने खाते में 40 हजार रुपये जमा करवा लिया। शिकायत के बाद साइबर सेल की टीम सक्रिय हुई और शुक्रवार को पीड़ित के खाते में 30 हजार रुपये वापस करा दिया।

# टीम बनाकर मामलों का समाधान करें : कमिश्नर

**सिद्धार्थनगर (एसएनबी)।** जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में नौगढ़ तहसील में आयोजित तहसील समाधान दिवस में कुल 45 मामले आए, जिसमें से मौके पर मात्र 3 ही मामले का समाधान हो पाया। शेष मामलों को समाधान न होने के कारण फरियादियों को निराश होकर वापस लौटना पड़ा।



तहसील दिवस में मामले की सुनवाई करते कमिश्नर व उपस्थित अधिकारी।

तहसील समाधान दिवस में पहुँचे कमिश्नर योगेश्वर राम मिश्र व आईजी आर के भारद्वाज ने फरियादियों की समस्याओं की सुनवाई करते हुए सम्बंधित निर्देश दिया कि मामलों के निस्तारण में लापरवाही कत्तई न करें।

आयुक्त बस्ती मण्डल बस्ती योगेश्वर राम मिश्र ने कहा कि सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस में अधिकतर शिकायतें ग्रामीण क्षेत्रों से आती है, जिसमें राजस्व विभाग एवं पुलिस विभाग के अधिकारी संयुक्त रूप से टीम बना कर शिकायतों का निस्तारण करायें जिससे शिकायतें कम हो सके। कहाकि मुख्यमंत्री के पास भी जनपद की शिकायतें जा रही है। सभी तत्परता से शिकायतों का निस्तारण करायें। भू-माफिया एवं पशु तस्कर को चिन्हित कर उनके प्रति कठोर कार्यवाही करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तभी सफल होगा जब लोगों की समस्याओं का समय से निस्तारण हो। पुलिस महानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र बस्ती आरके भारद्वाज ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जो भी निर्देश दिये गये

**तहसील समाधान दिवस में 45 मामले आए, मात्र तीन का समाधान**

**उच्च अधिकारियों द्वारा दिए गए निर्देश का कड़ाई से पालन करें : आईजी**

है उसका शत-प्रतिशत पालन करें। जिलाधिकारी ने तहसील समाधान दिवस नौगढ़ में उपस्थित अधिकारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप गरीबों, असहायों को उचित एवं त्वरित न्याय दिलाये जाने की कार्यवाही सुनिश्चित करें। किसी भी पीड़ित व्यक्ति को उचित न्याय दिलाना हम सब की नैतिक जिम्मेदारी है। किसी भी विभाग का तहसील दिवस का कोई भी प्रकरण लम्बित नहीं होना चाहिए। यदि किसी भी विभाग का प्रकरण लम्बित पाया जायेगा तो सम्बन्धित के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस के आयोजन के अवसर पर कुल 45 प्रार्थना पत्र प्रस्तुत हुए जिसमें राजस्व विभाग-26, पुलिस विभाग से सम्बन्धित-07, विकास विभाग के-25 मामले प्रस्तुत हुए। जिसमें राजस्व के 03 प्रार्थना-पत्रों का मौके पर ही निस्तारित करा दिया गया। तहसील दिवस में अवशेष शिकायती प्रार्थना पत्रों को तीन दिवस के अन्दर शत-प्रतिशत निस्तारण की कार्यवाही सम्बन्धित विभाग के अधिकारी सुनिश्चित करने हेतु निर्देश दिया। इस अवसर पर जिलाधिकारी संजीव रंजन,पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द, जिला विकास अधिकारी शेषमणि सिंह, परियोजना निदेशक नागेन्द्र मोहन राम त्रिपाठी, जिला विद्यालय निरीक्षक अवधेश नारायन मौर्य, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी देवेन्द्र कुमार पाण्डेय, जिला पूर्ति अधिकारी बृजेश कुमार मिश्र, जिला पंचायत राज अधिकारी आदर्श, तहसीलदार नौगढ़ राम ऋषि रमन, क्षेत्राधिकारी सदर अखिलेश कुमार वर्मा, तहसील नौगढ़ क्षेत्र के अन्तर्गत समस्त थानाध्यक्ष एवं खण्ड विकास अधिकारी तथा अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

**कमिश्नर व आईजी ने पुलिसकर्मियों के लिए नव निर्मित पुस्तकालय का किया उद्घाटन :** पुलिसकर्मियों व उनके परिवार जनों के लिए रिजर्व पुलिस लाइन में नव निर्मित पुस्तकालय का उद्घाटन आईजी बस्ती परिक्षेत्र बस्ती आरके भारद्वाज द्वारा शनिवार को किया गया। आईजी ने कहा कि पुस्तकालय के खुल जाने से स्कूल परीक्षा से लेकर प्रतियोगी परीक्षाओं, कानून, वित्त, स्वास्थ्य, फिटनेस, आत्मकथा, आध्यात्मिक और कथा साहित्य आदि क्षेत्रों से सम्बन्धित पुस्तकें उपलब्ध है। कहा कि कई पुलिस कर्मी काम करते हुए प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते हैं और हम लोगो ने उनकी मदद के लिए किताबों का भंडार बनाने की कोशिश की है और शांतिपूर्वक पढ़ने के लिए वातानुकूलित जगह भी बनाई है। पुस्तकालय में वाई-फाई सुविधा स्थापित होने के बाद बच्चे वहां से भी आनलाइन कक्षाओं में भाग ले सकते हैं। किताबों की एक बड़ी संख्या के अलावा, पुस्तकालय में डेस्कटप के साथ एक ई-लर्निंग सेंटर भी है। दैनिक समाचार पत्र व प्रमुख मासिक पत्रिकाएं उपलब्ध रहेंगी।

# साइबर सेल ने वापस कराया 30 हजार

**सिद्धार्थनगर (एसएनबी)।** साइबर सेल ने बैंक अधिकारी बनकर ठगे गए 30 हजार रुपये को वापस कराने में सफलता हासिल किया है। जोगिया थाना क्षेत्र के सोनवल गांव निवासी त्रिलोकीनाथ पांडेय ने शिकायत दर्ज कराया कि वह बैंक का टोल फ्री नंबर गूगल पर खोज रहे थे। कुछ समय पश्चात एक नंबर से उनके मोबाइल पर काल आई। काल करने वाले ने झांसा देकर उनके बैंक खाते से 30 हजार रुपये निकाल लिया। बैंक खाते से पैसा निकलने की जानकारी होने पर उन्होंने साइबर सेल में मामले की शिकायत दर्ज कराया। साइबर सेल की टीम ने प्रयास कर ठगे गए रुपये को वापस कराने में सफलता हासिल किया। सेल प्रभारी सुभाष यादव, उपनिरीक्षक हरिओम कुशवाहा, आरक्षी अतुल चौबे, आशुतोष जायसवाल, अजय यादव, राहुल मौर्या, शिवम मौर्या ने अहम भूमिका निभाई।

# युवक व युवती को पुलिस ने पकड़ा

**शोहरतगढ़।** थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती को शादी का झांसा देकर भगा ले जाने के आरोप में शनिवार को शोहरतगढ़ पुलिस ने खुनुवा बाईपास तिराहा से आरोपित युवक व युवती को पकड़ लिया। एसओ पंकज पांडेय ने बताया कि 10 दिन पहले क्षेत्र के एक गांव की युवती की मां ने तहरीर देकर गांव के ही युवक पर पुत्री को शादी का झांसा देकर भगा ले जाने का आरोप लगाया था। युवक के विरुद्ध थाना में केस दर्ज कर तलाश की जा रही थी।

# नंबर प्लेट लगवाने के लिए विभागों को भेजा नोटिस

लोटन, हिन्दुस्तान संवाद। वाहनों पर हाई सिक्योरिटी नंबर को लेकर परिवहन विभाग सख्त हुआ है। जिन वाहनों में नंबर नहीं होंगे उनका चालान कर जुर्माना वसूला ज़ा रहा है। जिले में प्राइवेट ही नहीं कई विभागों के सरकारी वाहनों पर समय सीमा खत्म होने के बाद भी हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट अभी तक नहीं लगवाया गया है। जिन सरकारी विभाग के वाहनों पर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट नहीं है। उन्हें नोटिस जारी किया गया है।

कई अध्ययनों के बाद एचआरपी नंबर को लेकर कदम उठाए गए हैं। यह सिर्फ प्लेट नहीं बल्कि पूरे वाहन से जुड़ी जानकारी प्लेट में समाहित होती हैं। यहां तक की आग लगने पर भी नंबर नहीं मिटेगा। इसके आधार पर चोरी होने पर वाहन के मूल स्वामी का आसानी से पता लगाया जा सकेगा। यह प्लेट एल्युमीनियम की बनी हुई है। इस पर एक होलोग्राम है। उस पर चक्र बना हुआ है। यह होलोग्राम एक प्रकार का स्टीकर है। इस पर वाहन के इंजन और चेसिस नंबर इंगित होते हैं।

- हाई सिक्योरिटी नंबर को लेकर परिवहन विभाग सख्त
- प्राइवेट के साथ सरकारी वाहनों पर भी कसा जा रहा शिकंजा

"सरकारी वाहनों पर नंबर प्लेट हाई सिक्योरिटी का लगवाने के लिए विभाग को नोटिस भेजी गई है, कि वह जल्द से लगवा लें। प्राइवेट वाहनों के लिए आए दिन चेकिंग अभियान चलाकर जुर्माना वसूला जा रहा है।

– एपी चौबे, एआरटीओ

दो पहिया वाहनों के नम्बर प्लेट का पंजीयन शुल्क 150 व चार पहिया वाहनों का शुल्क 250 से 350 रुपये है। सरकार ने सुविधा व सुरक्षा के मददेनजर सभी वाहनों में उच्च सुरक्षा पंजीयन प्लेट अनिवार्य किया है।

# राजस्व, पुलिस विभाग की संयुक्त टीम बना कराएं मामलों का निस्तारण

**समाधान दिवस**

सिद्धार्थनगर, हिन्दुस्तान टीम। नौगढ़ तहसील में शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम संजीव रंजन व एसपी अमित कुमार आनंद के साथ मंडलायुक्त योगेश्वर राम मिश्र व आईजी आरके भारद्वाज ने फरियादियों की फरियाद सुनी।

कमिश्नर ने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस में अधिकतर शिकायतें ग्रामीण क्षेत्रों से आती हैं। इसमें राजस्व व पुलिस विभाग के अधिकारी संयुक्त रूप से टीम बनाकर शिकायतों का निस्तारण कराएं।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के पास जिले की शिकायतें जा रही है। सभी तत्परता से शिकायतों का निस्तारण कराएं। भू-माफिया व पशु तस्करों को चिन्हित कर उन पर कड़ी कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तभी सफल होगा जब समस्याओं का समय से निस्तारण हो। यहां 45 मामले आए। इसमें से तीन का ही निस्तारण हो सका।

### तीन तहसीलों में 84 मामले आए, दो का निस्तारण

इटवा/बांसी/शोहरतगढ़। शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस में इटवा, बांसी और शोहरतगढ़ में राजस्व, बिजली व अन्य विभागों से जुड़े 84 मामले आए। जिनमें दो का ही निस्तारण हो सका। बाकी मामलों को संबंधित विभागों के जिम्मेदारों को सौंपते हुए तय समय में निस्तारण करने की हिदायत दी गई। इटवा तहसील सभागार में शनिवार को एसडीएम कर्मेन्दर की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस पर 29 शिकायतें आई मौके पर एक भी मामले का निस्तारण नहीं हो सका। बांसी तहसील सभागार में 32 फरियादी पहुंचे। इसमें से सिर्फ दो मामलों का ही निस्तारण हो सका। शोहरतगढ़ तहसील सभागार में शनिवार को एसडीएम प्रदीप कुमार यादव की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस में 23 फरियादी फरियाद लेकर पहुंचे। यहां एक भी मामले का निस्तारण नहीं हो सका। यहां बढ़नी कस्बे के वार्ड नंबर 11 में आबादी की जमीन के प्लाटिंग करने का आरोप शिकायतकर्ता शाहिद ने लगाया।


नौगढ़ तहसील में शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में मंडलायुक्त योगेश्वर राम मिश्र व आईजी आरके भारद्वाज ने फरियादियों की शिकायतें सुनी।

# पुलिस लाइन में किया गया पुस्तकालय का उद्घाटन

**सिद्धार्थनगर।** आईजी आरके भारद्वाज ने शनिवार को पुलिस लाइंस में पुलिसकर्मियों और उनके परिवारों के लिए नव निर्मित वातानुकूलित पुस्तकालय का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि पुस्तकालय में प्रतियोगी परीक्षाओं, कानून, वित्त, स्वास्थ्य, फिटनेस, आत्मकथा, आध्यात्मिक व कथा साहित्य आदि क्षेत्रों से संबंधित पुस्तकें उपलब्ध हैं।

उन्होंने कहा कि पुस्तकालय में वाई-फाई सुविधा स्थापित होने के बाद बच्चे वहां से भी ऑनलाइन कक्षाओं में भाग ले सकते हैं। पुस्तकालय में डेस्कटॉप के साथ एक ई-लर्निंग सेंटर भी है। पुलिसकर्मी या उनके परिवारजन जो प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे है उनके लिए पुस्तकें उपलब्ध हैं। इस अवसर पर एएसपी सिद्धार्थ आदि मौजूद रहे।

# सरकारी अभिलेख फाड़ने का वीडियो हुआ वायरल

## आरोप

डुमरियागंज, हिन्दुस्तान संवाद। डुमरियागंज तहसील में एक अभिलेख फाड़े जाने का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है।

एक काश्तकार का आरोप है कि उसको फर्जी मुकदमें में फंसाने की साजिश की जा रही है जबकि राजस्वकर्मी का दावा है कि काश्तकार ने दबंगई के बल पर अभिलेखों को फाड़ा है। हलांकि हिन्दुस्तान वायरल वीडियो की सत्यता की पुष्टि नहीं करता है। राजस्व कर्मी ने बताया कि भड़रिया गांव का एक व्यक्ति आफिस में दबंगई के सात अभिलेख को फाड़ दिया। उसके परिजनों व अन्य लोगों की ओर से शिकायत न करने सिफारिश की गई थी। जिससे कहीं शिकायत नहीं की गई। भड़रिया निवासी शिकायतकर्ता ने बताया कि कानूनगो साजिश कर रहे हैं।

# एक क्विंटल लहन कराया गया नष्ट

**जासं, इटवा, सिद्धार्थनगर:** कठेला पुलिस व आबकारी विभाग की टीम ने शनिवार को कच्ची के विरुद्ध छापामारी अभियान चलाया। होली पर्व के दृष्टिगत चलाए गए इस अभियान में कच्ची के निर्माण की बर्तन और लहन बरामद किए गए। टीम ने सभी को तालाब के निकट नष्ट कराया।

प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार यादव नेतृत्व में उपनिरीक्षक विजय प्रताप यादव व उप निरीक्षक वीरेंद्र यादव तथा आबकारी निरीक्षक अजय कुमार मय टीम की संयुक्त कार्रवाई में ग्राम बाला नगर में चली। यहां कच्ची निर्माण व विक्रय के संबंध में प्राप्त हो रही शिकायतों को देखते हुए छापामारी की गई। नदी जंगल के किनारे पहुंचकर टीम ने देखा तो कच्ची निर्माण के लिए रखे गए बर्तन व एक क्विंटल लहन को बरामद किया, वहीं पर उसे नष्ट किया गया। टीम की कार्रवाई की भनक लगते ही धंधेबाज फरार हो गए।

# युवती को अगवा करने का आरोपित गिरफ्तार

**जासं, शोहरतगढ़:** एक गांव की युवती को शादी का झांसा देकर अगवा करने वाले आरोपित को शोहरतगढ़ थाना पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। आरोपित का नाम शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र के नकाही निवासी सुभाष है। प्रभारी निरीक्षक शोहरतगढ़ पंकज पांडेय ने बताया कि 10 दिन पहले युवती की मां ने तहरीर देकर युवक पर आरोप लगाया कि मेरी पुत्री को शादी का झांसा देकर अगवा कर लिया है। पुलिस युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर दोनों की तलाश कर रही थी।

# मुंडन कराने आए लोगों से मारपीट, बाद में समझौता

**जासं, जोगिया**: जोगिया कोतवाली क्षेत्र के जोगमाया मंदिर पर शुक्रवार को मुंडन कराने आये लोगों व एक दुकानदार के बीच में जमकर मारपीट हुई। इसमें सात लोग घायल हो गए। बाद में दोनों पक्षों ने समझौता कर लिया। गोल्हौरा थाना क्षेत्र के हिलंगी नानकार निवासी कुछ लोग बच्चे का मुंडन कराने के लिए जोगमाया मंदिर आये हुए थे। इस दौरान उनके घर के कुछ सदस्य मंदिर के बाहर एक दुकान पर चाय पीने चले गए। वहां किसी बात को लेकर उनकी दुकानदार से मारपीट हो गई। दोनों पक्षों से सात व्यक्ति घायल हो गए। सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों पक्षों ने आपस में समझौता कर लिया।

# एनओसी पर बनाया मंडलायुक्त का फर्जी हस्ताक्षर

- **बीएसए की तहरीर पर स्कूल प्रबंधन के खिलाफ सदर थाना में मुकदमा दर्ज**
- **गैर जनपद में तैनात तीन बाबूओं के नाम का किया उल्लेख**

**जासं, सिद्धार्थनगर:** बेसिक शिक्षा विभाग में लाख कोशिशों के बाद भी फर्जीवाड़ा कम नहीं हो रहा है। यह इतने मनबढ़ हैं कि अधिकारियों के पद का भी कोई भय नहीं है। मंडलायुक्त बस्ती योगेश्वर राम मिश्रा ने शनिवार को सदर तहसील में हुए संपूर्ण समाधान दिवस में सार्वजनिक रूप से इसका उल्लेख भी किया। डीआइजी बस्ती रेंज आरके भारद्वाज सहित डीएम संजीव रंजन व एसपी अमित कुमार आनंद से बीएसए कार्यालय में फैले फर्जीवाड़ा के काकस को समाप्त करने के लिए कहा।

कमिश्नर योगेश्वर राम मिश्रा ने बताया कि खुनियावं ब्लाक के बघनी गांव में चौधरी इंटरनेशनल स्कूल है। बीएसए कार्यालय से इस विद्यालय को कक्षा आठ तक की मान्यता प्रदान की गई है। इसके बाद विद्यालय प्रबंधन ने सीबीएसई बोर्ड से इंटर की मान्यता के लिए आवेदन किया। बोर्ड की मान्यता प्रदान करने के लिए मंडलायुक्त की अध्यक्षता व संयुक्त निदेशक सीबीएसई की समिति एनओसी (अनापत्ति पत्र) जारी करती है। बीएसए कार्यालय में कार्यरत बाबूओं ने फर्जी हस्ताक्षर बनाकर बोर्ड के वेबसाइट पर एनओसी को अपलोड कर दिया। हालात यह है कि विभागीय तीन बाबू, जो इस समय गैर जनपद कार्यरत हैं वह अभी भी यहां का कार्यालय चला रहे हैं। इनमें एक बाबू को गोरखपुर की पुलिस ने फर्जी शिक्षक भर्ती के मामले में गिरफ्तार किया था। यह इस समय अमेठी में तैनात है। वहीं संतकबीर नगर में तैनात दूसरे बाबू की भूमिका संदिग्ध मिली थी। उसकी अभी भी जांच चल रही है। इन सभी की कारगुजारी को वहां के प्रशासन के साथ शासन को अवगत करा दिया गया है।

**बीएसए की तहरीर पर मुकदमा दर्ज:** बीएसए देवेंद्र कुमार पांडेय की तहरीर पर सदर थाना पुलिस ने दो मार्च को चौधरी इंटरनेशनल स्कूल बघनी के प्रबंधक के धोखाधड़ी व फर्जीवाड़ा का मुकदमा दर्ज किया है। आरोपित का नाम सफातुल्लाह है। अब इसकी गिरफ्तारी के लिए टीम गठित की गई।

> सीबीएसई बोर्ड के वेबसाइट पर फर्जी हस्ताक्षर से एनओसी बनाकर अपलोड करने के मामले में मंडलायुक्त ने कार्रवाई के लिए निर्देशित किया है। यह गंभीर प्रकरण है, जितने लोगों का नाम सामने आएगा, इनके खिलाफ विधिक कार्रवाई की जाएगी।
>
> **देवेंद्र कुमार पांडेय**, बीएसए



# मंडलायुक्त ने बीएसए को दी कार्य में सुधार लाने की चेतावनी

## समाधान दिवस में पहुंचे मंडलायुक्त व डीआइजी, कर्मचारियों को कार्यप्रणाली में बदलाव लाने का दिया निर्देश

- **कार्यालय के तीन बाबूओं के काकस को समाप्त करने का दिया निर्देश**
- **डीआइजी ने फर्जीवाड़ा करने वालों पर कार्रवाई के लिए किया निर्देशित**

**जासं, सिद्धार्थनगर:** मंडलायुक्त बस्ती योगेश्वर राम मिश्रा ने शनिवार को सीबीएसई बोर्ड के वेबसाइट पर फर्जी हस्ताक्षर से एनओसी अपलोड करने के मामले को गंभीरता से लिया। इस मुद्दे पर बीएसए देवेंद्र कुमार पाडेंय को कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने बीएसए को कहा कि क्या लिपिक बेसिक शिक्षा विभाग चलाएंगे। उन्होंने बीएसए को कार्यप्रणाली में सुधार लाने की चेतावनी दी। बेसिक शिक्षा विभाग के तीन बाबूओं को इंगित करते हुए इनके काकस को समाप्त करने का निर्देश दिया। डीआइजी बस्ती रेंज आरके भारद्वाज ने पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद को फर्जीवाड़ा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया।

मंडलायुक्त ने कहा कि सीबीएसई बोर्ड की मान्यता के लिए कमिश्नर की अध्यक्षता में कमेटी गठित होती है। संयुक्त निदेशक सीबीएसई इसके सदस्य सचिव होते हैं। अधिकारियों का भी फर्जी हस्ताक्षर बना दिया गया। इससे पहले विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता आरके कुशवाहा के संबंध में पूछा। उन्होंने कहा कि एक दिन पूर्व महाप्रबंधक विद्युत वाराणसी शंभू कुमार के साथ बैठक की। यहां पर बकाया विद्युत बिल वसूली संतोषजनक नहीं हैं। इसमें तेजी लाने की आवश्यकता है। कनेक्शन विच्छेदन की कार्रवाई भी की जाए। अधिकारियों से कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस में अधिकतर शिकायतें ग्रामीण क्षेत्र से आती हैं। इसमें राजस्व व पुलिस विभाग के अधिकारी संयुक्त रूप से टीम बनाकर निस्तारण कराएं। शासन स्तर पर भी जनपद की शिकायतें पहुंच रही है। भूमाफिया व पशु तस्कर को चिह्नित कर कार्रवाई की जाए। समाधान दिवस का आयोजन तभी सफल माना जाएगा, जब लोगों की समस्याओं का समय से निस्तारण हो। जिलाधिकारी संजीव रंजन, एसपी अमित कुमार आनंद, एसडीएम सदर डा. ललित मिश्रा, सीओ सदर अखिलेश वर्मा, डीडीओ शेषमणि सिंह, परियोजना निदेशक डीआरडीए नागेंद्र मोहन राम त्रिपाठी, डीआइओएस अवधेश नारायण मौर्या, डीएसओ बृजेश कुमार मिश्रा, डीपीआरओ आदर्श, तहसीलदार नौगढ़ राम ऋषि रमन, एसओ सदर सतीश कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।



सदर तहसील सभागार में समाधान दिवस पर फरियाद सुनते मंडलायुक्त योगेश्वर राम मिश्रा, आइजी आरके भारद्वाज, डीएम संजीव रंजन, एसपी अमित कुमार आनंद ● जागरण

## सदर तहसील में आए 45 मामले

सदर तहसील में हुए संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 45 मामले पहुंचे। इसमें राजस्व के 23, पुलिस से संबंधित 10, विकास विभाग के 12 मामले शामिल रहे। राजस्व से संबंधित तीन मामलों का त्वरित निस्तारण किया गया। बांसी तहसील में सीडीओ जयेंद्र कुमार ने सुनवाई की।

कुल 32 मामले आए। अधिकारियों ने राजस्व के दो मामलों का निस्तारण किया। एसडीएम बांसी प्रमोद कुमार, सीओ देवी गुलाम, तहसीलदार डा. संजीव कुमार दीक्षित, बीडीओ मिठवल सतीश कुमार सिंह, एडीओ पंचायत बांसी अजय कुमार राय आदि मौजूद रहे। शोहरतगढ़ तहसील में एसडीएम प्रदीप कुमार यादव ने अध्यक्षता की।

23 मामले पहुंचे, इसमें राजस्व के 13, पुलिस के छह, विकास विभाग के दो, नगर पंचायत व विद्युत विभाग से संबंधित एक-एक मामला रहा। तहसीलदार शोहरतगढ़ राजेश प्रताप सिंह, एसएचओ पंकज पांडेय आदि मौजूद रहे।

# तीस बकायेदारों की कटी बिजली 80205 रुपये की हुई वसूली

जोगिया : बिजली विभाग ने शनिवार को हरैया गांव में कनेक्शनों की जांच किया। 30 उपभोक्ताओं का बिल बकाया होने के कारण उनका कनेक्शन काटा गया है, वहीं 80205 रुपये बकाया वसूल किया। एसडीओ गौरव शुक्ला ने कहा कि बकायेदार अपना बिल जमा करके रसीद ले लें, वरना कनेक्शन विच्छेद किया जाएगा। इस दौरान अवर अभियंता सुभाष गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# एक नजर में



तहसील सभागार में शिकायत सुनते एसडीएम कमरेंद्र (मध्य में) ● जागरण

## कमरेंद्र बने इटवा के एसडीएम

**इटवा :** उपजिलाधिकारी विकास कश्यप का स्थानांतरण हो गया है। उनके स्थान पर कमरेंद्र को इटवा का नया एसडीएम बनाया गया। शनिवार को वे तहसील कार्यालय में पहुंचकर अपना कार्यभार ग्रहण किया। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का निस्तारण उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि जनता को किसी प्रकार की समस्या आती है तो सीधे उनसे मिलकर जानकारी दें। त्वरित समाधान कराया जाएगा। (जासं)

# घूस की रकम वापस मांगने पर कानूनगो ने फाड़ा प्रपत्र

**जासं, भवानीगंज, डुमरियागंज:** तहसील क्षेत्र में अधिकारियों पर घूस लेने के आरोप लगने लगा है। बीते माह डुमरियागंज के सीओ पर एक भूमि के मामले में रुपये लेने का दबाव बनाने संबंधित मामले का आरोप लगा, जिसकी जांच अपर पुलिस अधीक्षक कर रहे हैं। अब तहसील के एक कानूनगो का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर वायरल हो रहा है। पैमाईश के एवज में दिया गया व और रुपये मांगने पर राजस्वकर्मी स्वयं सरकारी अभिलेख फाड़कर फरियादी को फंसाने की धमकी दे रहे हैं और अपने सहायक मुंशी से वीडियो बनवा रहे हैं।

मामला डुमरियागंज तहसील क्षेत्र में भड़रिया गांव का है, जहां के पूर्व प्रधान प्रतिनिधि इंतजार अहमद ने उक्त वायरल वीडियो व प्रार्थनापत्र डीएम सिद्धार्थनगर को प्रेषित किया है। प्रधान प्रतिनिधि ने आरोप लगाया कि राजस्व भवानीगंज सर्किल के कानूनगो तिलकधारी सिंह ने पैमाइश करने के बदले 25 हजार रुपये लिए, लेकिन पैमाइश नहीं कराया। जब शिकायत लेकर वह पहुंचे तो उनसे और धनराशि मांगी जाने लगी। पूर्व प्रधान प्रतिनिधि ने असमर्थता व्यक्त करते हुए पहले दिया गया पैसा वापस मांगा तो कर्मी गुस्से में खरी-खोटी सुनाते हुए मुंशी राज यादव से कहकर वीडियो बनवाने लगे और खुद अभिलेख फाड़कर पूर्व प्रतिनिधि को सरकारी कार्य में बाधा डालने के आरोप में फंसाने की धमकी दी। छिपे तौर पर पूर्व प्रधान प्रतिनिधि ने भी सारे वाकये का वीडियो तैयार कराया और शिकायती पत्र के साथ उसे डीएम के पास भेज दिया। एसडीएम कुणाल ने कहा कि प्रकरण गंभीर है मामला उनके संज्ञान में है। संबंधित कानूनगो को नोटिस दी गई है, 24 घंटे के भीतर संतोषजनक जवाब न मिलने पर रिपोर्ट एडीएम को प्रेषित की जाएगी।

# मारपीट के मामले में चार को एक वर्ष की सजा

**जासं, सिद्धार्थनगर:** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एससी-एसटी चंद्रमणि की कोर्ट ने मारपीट के मामले में चार आरोपितों को सजा सुनाई है, वहीं दलित उत्पीड़न के आरोप से सभी को बरी कर दिया है। उसका थाना क्षेत्र के करछुलिया सुखारी पुत्र भग्गल ने उसका थाने में 12 मई 2016 को मारपीट, दलित उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कराया। तहरीर में कहा कि उसकी मड़ई इसराइल के घर के पास रखी थी। उसे हटाने के लिए आरोपितों ने मारपीट की। पुलिस ने मामले की जांच कर कोर्ट में आरोपितों के खिलाफ चार्जशीट प्रस्तुत किया। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने गांव निवासी मोहम्मद इसराइल पुत्र नईमुल्लाह, सादिक पुत्र इजराइल, अब्दुल्ला उर्फ गुड्डू को एससी-एसटी के आरोप से बरी करते हुए मारपीट के मामले में एक-एक वर्ष की सजा सुनाई है। आदेश दिया है कि सभी सजायाप्ता इस अवधि में परवीक्षा काल में रहेंगे। यह कोर्ट में पड़ने वाली तारीख पर जिला प्रोवेशन कोर्ट में अपनी हाजिरी लगाएंगे। उपस्थित न होने और पूरे अवधि में शांति व्यवस्था कायम करने में यदि विफल रहे तो सभी को उक्त सजा की अवधि जेल में बितानी होगी।

# साइबर सेल ने वापस कराए 30 हजार

**जासं, सिद्धार्थनगर:** साइबर सेल ने बैंक अधिकारी बनकर ठगे गए 30 हजार रुपये को वापस कराने में सफलता हासिल किया है। जोगिया थाना क्षेत्र के सोनवल गांव निवासी त्रिलोकीनाथ पांडेय ने शिकायत दर्ज कराया कि वह बैंक का टोल फ्री नंबर गूगल पर खोज रहे थे। कुछ समय पश्चात एक नंबर से उनके मोबाइल पर काल आई। काल करने वाले ने झांसा देकर उनके बैंक खाते से 30 हजार रुपये निकाल लिया। उन्होंने इसकी जानकारी साइबर सेल को दी। साइबर सेल की टीम ने प्रयास कर ठगे गए रुपये को वापस कराने में सफलता हासिल किया। सेल प्रभारी सुभाष यादव, उपनिरीक्षक हरिओम कुशवाहा, आरक्षी अतुल चौबे, शिवम मौर्या ने अहम भूमिका निभाई।

# परिवारों को एक करने में भूमिका निभा रही पुलिस

- **हर दिन एक परिवार के दिल से मनमुटाव मिटाने में मिली सफलता**
- **एक वर्ष में आये 392 मामले, 366 दंपती एक साथ रहने को राजी**

**जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर:** टूटने की कगार पर पहुंच रहे परिवारों को एक करने में भी पुलिस अहम भूमिका निभा रही है। मामूली बातों पर एक-दूसरे से अलग होने का निर्णय कर चुके पति-पत्नी को एक करने की पहल पुलिस लगातार कर रही है। पुलिस का प्रयास होता है कि परिवार फिर से एक हो जाए। इसके लिए पुलिस पहले दोनों से अलग-अलग बात कर और उसके बाद एक साथ बैठाती है। आपस में एक-दूसरे से बात करने का मौका भी देती है। इसमें महिला पुलिसकर्मियों की अहम भूमिका होती है। यह प्रक्रिया एक सप्ताह या 15 दिनों तक चलती रही है।

महिला थाना प्रभारी मीरा चौहान ने बताया कि पुलिस के सामने इस वर्ष 390 पारिवारिक मामले आए, जिसमें 366 परिवारों को पुलिस ने सार्थक पहल कर एक करा दिया। आज यह परिवार एक साथ रह रहे हैं। 24 मामले में बात नहीं बनने पर पुलिस को मजबूरन मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई करनी पड़ी है। त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र के हथपरा गांव निवासी शबनम खातून पत्नी इरफान के बीच विवाद था। पुलिस ने काउंसिलिंग करके विवाद को खत्म कराया। इसी प्रकार खेसरहा थाना क्षेत्र के बनौली गांव निवासी सुधा पत्नी नितेश के बीच विवाद को पुलिस ने बातचीत के जरिये दोनों को साथ रहने के लिए राजी किया।

> पारिवारिक मामलों को गंभीरता से निस्तारण करने के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस का पूरा प्रयास होता है कि परिवार को बिखरने से बचाया जाए। इसके लिए हर स्तर पर दोनों पक्षों से बात की जाती है। आपसी सहमति से एक साथ रहने की राजी होने पर घर भेजा जाता है। उसके बाद भी उनकी कुछ दिन तक निगरानी की जाती है। **अमित कुमार आनंद**, पुलिस अधीक्षक



महिला थाना प्रभारी मीरा चौहान

**पुलिस ऐसे करती पहल:** पारिवारिक मामले में प्रार्थना पत्र मिलने पर पुलिस दोनों पक्षों को नोटिस भेजकर पुलिस लाइन में बुलाती है। फिर दोनों को जिलाधिकारी द्वारा नियुक्त काउंसलर व पुलिस के सामने समस्याओं को प्रस्तुत किया जाता है। उसके बाद समझा-बुझाकर निस्तारण किया जाता है।

# पुलिस के जवान कर सकेंगे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी : आइजी

**जासं, सिद्धार्थनगर:** पुलिस लाइन परिसर में शनिवार को आइजी बस्ती परिक्षेत्र आरके भारद्वाज ने पुस्तकालय का पुलिस लाइन में लोकार्पण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि पुलिसकर्मियों को पुस्तकालय के माध्यम से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने में आसानी होगी। उन्होंने ड्यूटी के बाद तैयारी में जुटे कर्मियों को खाली समय में उपलब्ध पुस्तकों के अध्ययन की सलाह दी।

आइजी भारद्वाज ने कहा कि एसपी ने पुलिसकर्मियों एवं उनके परिवार के लिए नए वातानुकूलित पुस्तकालय का निर्माण कराया गया। इसमें स्कूल परीक्षा से लेकर प्रतियोगी परीक्षाओं, कानून, वित्त, स्वास्थ्य, फिटनेस, आत्मकथा, आध्यात्मिक और कथा साहित्य आदि क्षेत्रों से संबंधित पुस्तकें उपलब्ध हैं। हम लोगों ने उनकी मदद के लिए किताबों का भंडार बनाने की कोशिश की है। इसकी स्थापना शांतिपूर्वक पढ़ाई के लिए अनुकूल माहौल में की गयी है, क्योंकि बैरक में अध्ययन के लिए आवश्यक माहौल नहीं होता है। एसपी अमित कुमार आनंद ने कहा कि पुस्तकालय में वाई-फाई सुविधा स्थापित होने के बाद बच्चे वहां से आनलाइन कक्षाओं में भाग ले सकते हैं। किताबों की एक बड़ी संख्या के अलावा, पुस्तकालय में डेस्कटाप के साथ एक ई-लर्निंग सेंटर भी है। यहां दैनिक समाचार पत्र व प्रमुख मासिक पत्रिकाएं उपलब्ध रहेंगी। बच्चों के लिए कक्षा प्रथम से इंटरमीडिएट तक की पुस्तकें यहां पढ़ने को मिलेगी। इस अवसर पर एएसपी सिद्धार्थ,सीओ सदर अखिलेश कुमार वर्मा, सीओ प्रशिक्षु गर्वित सिंह, प्रतिसार निरीक्षक भूतनाथ गुप्ता, एसपी के पीआरओ चन्दन कुमार आदि मौजूद रहे।



पुलिस लाइन में स्थापित पुस्तकालय • जागरण

- **पुलिस लाइन में नवनिर्मित पुस्तकालय का आइजी ने किया उद्घाटन**
- **स्वास्थ्य, आत्मकथा, आध्यात्मिक और साहित्य से जुड़ी मिलेगी जानकारी**

# शांदी का झांसा देकर अगवा किया आरोपी गिरफ्तार

**शोहरतगढ़।** थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती को शादी का झांसा देकर भगाने के आरोपी को पुलिस ने शनिवार को शोहरतगढ़ के खुनुवा बाईपास तिराहा से पकड़ लिया। साथ ही युवती को भी ढूंढ लिया।

थानाध्यक्ष पंकज पांडेय ने बताया कि लगभग 10 दिन पहले क्षेत्र के एक गांव की युवती की मां ने तहरीर देकर अपने गांव के एक युवक पर आरोप लगाया कि मेरी पुत्री को शादी का झांसा देकर भगा ले गया है।

युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर दोनो की तलाश की जा रही थी। पुलिस ने बरामद युवती को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया और युवक के विरूद्ध कार्रवाई की गई। संवाद

# पासपोर्ट बनवाने के नाम पर 60 हजार रुपये की ठगी

**डुमरियागंज।** डुमरियागंज तहसील में शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में एक व्यक्ति ने पासपोर्ट बनवाने के नाम पर ठगी का आरोप लगाते हुए एसडीएम से शिकायत की। मामले की जांच करवाकर कार्रवाई की मांग की।

## समाधान दिवस में पीड़ित ने कार्रवाई की मांग की

एसडीएम को दिए गए प्रार्थना पत्र में डुमरियागंज नगर पंचायत के कृष्णानगर वार्ड निवासी महबूब आलम ने बताया कि उनसे क्षेत्र के एक गांव निवासी एक व्यक्ति ने पासपोर्ट बनवाने के नाम पर 60 हजार रुपया ऐठ लिया है। रुपये वापस मांगने पर आरोपी मारने पीटने और मुकदमे में फंसाने की धमकी दे रहा है। पीड़ित ने कार्रवाई की मांग की।

मामले को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम ने डुमरियागंज थानाध्यक्ष से मामले में विधिक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

इस संबंध में डुमरियागंज थानाध्यक्ष बिंदेश्वरी मणि त्रिपाठी ने बताया कि शिकायती पत्र मिला है। मामले में जांच करके कार्रवाई की जाएगी। संवाद

# अपराधियों पर त्वरित कार्रवाई के दिए निर्देश



पुलिस लाइन सभागार में पर्व होलिका दहन, होली व शब-ए-बारात को लेकर बैठक करते कमिश्नर योगेश्वर राम मिश्र, आईजी आरके भारद्वाज। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

सिद्धार्थनगर। पुलिस लाइन सभागार में शनिवार शाम को गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें होली त्योहार को सकुशल संपन्न कराने का निर्देश दिया गया। साथ ही अपराध की समीक्षा करके अपराधियों पर त्वरित कार्रवाई करने का आईजी बस्ती ने निर्देश दिया।

मंडलायुक्त बस्ती योगेश्वर राम मिश्र व आईजी बस्ती आरके भारद्वाज ने संयुक्त रूप से त्योहार होलिका दहन, होली, शब ए बारात को सकुशल व शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए कहा।

सुरक्षा के दृष्टिगत पुलिस एवं प्रशासन व अन्य विभागों के अधिकारीगणों को संयुक्त रूप से समस्त जुलूस के मार्ग का पैदल

## पुलिस लाइन सभागार में होली के मद्देजनर आयोजित हुई बैठक

भ्रमण करने व प्रत्येक होलिका दहन स्थल पर ड्यूटी लगाने तथा टीम वर्क से कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया।

साथ ही पिछले पांच वर्ष के अपराधों की समीक्षा कर तथा दोनों सम्प्रदायों के मध्य विवादों को चिह्नित कर निरोधात्मक कार्रवाई करते हुए पाबंद कराने का निर्देश दिया। इसी क्रम में दोनों अधिकारियों ने पुलिस लाइन में बने लाइब्रेरी को उद्घाटन किया। कहा कि इससे पुलिस कर्मियों को बहुत लाभ होगा। इस दौरान जिलाधिकारी संजीव रंजन, पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद आदि मौजूद रहे।

# जिले में इतने स्थानों पर जलेगी होली

**सिद्धार्थनगर** थाना 154, लोटन 86, उसका बाजार 128, मोहाना195, कपिलवस्तु 98, बांसी 217, खेसरहा 106, जोगिया 99, शिवनगर डिड़ई 105, इटवा 191, मिश्रौलिया, 107, गोल्हौरा 129, शोहरतगढ़ 143, चिल्हिया 114, ढेबरुआ 70, कठेला 85, डुमरियागंज 133, त्रिलोकपुर170, पथरा बाजार 83, भवानीगंज 75 सहित जिले में कुल 2488 स्थानों पर होलिका दहन होगा। जहां पर सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर सुरक्षाकर्मी तैनात रहेंगे।



डुमरियागंज, बैदौला चौराहा

# अधिकारी सभी विभागों में चिह्नित करें माफिया : मंडलायुक्त

सिद्धार्थनगर। नौगढ़ तहसील के संपूर्ण समाधान दिवस में दोपहर एक बजे पहुंचे मंडलायुक्त योगेश्वर राम मिश्र व आईजी आरके भारद्वाज ने भी मामलों की सुनवाई की। मंडलायुक्त ने एक प्रकरण की सुनवाई के दौरान बीएसए पर नाराजगी जताई।

कहा कि शिक्षा समेत सभी विभागों में माफिया को चिह्नित करने की जरूरत है। प्रत्येक थाने व तहसील से 10-10 बड़े मामलों को चिह्नित कर मौके पर पहुंचें और उनके निस्तारण पर जोर दें। उन्होंने कहा कि मारपीट के 80 से 90 फीसदी मामले भूमि विवाद से संबंधित होते हैं। इनका निस्तारण प्राथमिकता से करें। जिले में ही इन समस्याओं का निस्तारण होने से शासन स्तर पर मामले नहीं पहुंचेंगे, जिससे प्रशासन की छवि सुधरेगी। संवाद

# साहब ! पहले बाढ़ ने बर्बाद किया, जांच में लेखपाल ने

## संपूर्ण समाधान दिवस में बाढ़ पीड़ितों ने मुआवजा मिलने में गड़बड़ी का मुद्दा उठाया



नौगढ़ तहसील सभागार में आयोजित समाधान दिवस में लेखपाल के खिलाफ कमिश्नर को ज्ञापन सौंपने पहुंचे ग्रामीण। संवाद



नौगढ़ में लोगों की समस्याओं को सुनते कमिश्नर योगेश्वर राम मिश्र व आईजी आरके भारद्वाज। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

**सिद्धार्थनगर।** भयावह बाढ़ में बर्बाद हो चुकी फसल के मुआवजे के लिए चक्कर लगा रहे ग्रामीणों ने डीएम संजीव रंजन से फरियाद की। नौगढ़ तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में उसका क्षेत्र के अजिगरा गांव के किसानों ने कहा, साहब! बाढ़ से ही नहीं लेखपाल की कारगुजारी से भी वे बर्बाद हो गए।

किसानों का आरोप है कि बाढ़ से नुकसान की लेखपाल की गलत रिपोर्ट के कारण उन्हें मुआवजा नहीं मिल सका। डीएम ने संबंधित लेखपाल को निलंबित करने एवं राजस्व निरीक्षक को प्रतिकूल प्रविष्टि देने का निर्देश दिया।

संपूर्ण समाधान दिवस में सुबह 11 बजे पहुंचे डीएम संजीव रंजन के सामने नौगढ़ तहसील क्षेत्र के राजस्व से संबंधित 26, विकास के सात व पुलिस समेत विभिन्न विभागों के 45 मामले आए। इनमें मौके पर छह निस्तारित किए गए, डीएम ने शेष मामलों में मौके पर टीम भेजकर निस्तारण के निर्देश दिए। उसका बाजार के मदनपुर गांव के नोहर ने इंटरलॉकिंग पर भैंस बांधकर रास्ता अवरुद्ध करने की शिकायत की।

सुगही के जितेंद्र शर्मा व मिलन ने गांव के कुछ लोगों पर उनको निजी भूमि पर प्रधानमंत्री आवास नहीं बनवाने से रोकने का आरोप लगाया। नौगढ़ ब्लॉक के जगदीशपुर ग्रांट निवासी गोरख यादव ने पूर्व माध्यमिक विद्यालय में बाउंड्रीवाल व इंटरलॉकिंग कार्य में अनियमिता, शहर के मुड़िला निवासी सुधा ने विपक्षियों पर पट्टे की भूमि पर मकान निर्माण से रोकने की शिकायत की।

इस दौरान डीडीओ शेषमणि सिंह, पीडी नागेंद्र मोहन राम त्रिपाठी, एसडीएम डॉ. ललित कुमार मिश्र, बीएसए देवेंद्र कुमार पांडेय, डीएसओ बीके मिश्र मौजूद रहे।



बाढ़ में बह गया निवाला, अब मुआवजे के लिए भटक रहे किसान



किसानों ने डीएम को सौंपा शिकायती पत्र

लेखपाल पर बाढ़ से हुए नुकसान के मुआवजे में अनियमितता का आरोप

किसानों की समस्या से संबंधित अमर उजाला में प्रकाशित खबरें।

**अमर उजाला लाइव**

### लेखपाल निलंबित, राजस्व निरीक्षक को प्रतिकूल प्रविष्टि

**उसका** क्षेत्र के अजिगरा गांव के लालबिहारी, रामबेलास, उदयभान, पलटन, तौलन, रामसुमेर, हरिश्चंद्र, पूर्णमासी, जनार्दन व पारसनाथ ने शिकायत की कि बाढ़ से उनका गांव चारो तरफ से पानी घिरा था और उनकी पूरी फसल नष्ट हो गई थी। तत्कालीन हल्का लेखपाल हसन तमीम ने फसल नुकसान की गलत रिपोर्ट लगाई, जिस कारण गांव के डेढ़ सौ से अधिक किसानों को मुआवजा नहीं मिल सका। सुनवाई कर रहे डीएम संजीव रंजन ने लेखपाल को फोन लगाने का निर्देश दिया, लेकिन लेखपाल का फोन बंद जा रहा था। एसडीएम डॉ. ललित कुमार मिश्र ने बताया कि डीएम के निर्देश पर लेखपाल हसन तमीम को निलंबित एवं राजस्व निरीक्षक को प्रतिकूल प्रविष्टि दी गई है।

### महिला ने रोते हुए की फरियाद, आरोपियों पर होगा केस

**नौगढ़** तहसील के संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंची मिश्रौलिया थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने रोते हुए डीएम व एसपी से फरियाद की। महिला ने आरोप लगाया कि गांव का ही एक व्यक्ति उसका अश्लील फोटो खींचकर चार वर्ष से उसके साथ गलत संबंध बना रहा है। अब वह मुझे व बच्चों को जान से मारने की धमकी दे रहा है और फर्जी तरीके से उस पर छह लाख रुपये लेने का भी आरोप लगाकर प्रताड़ित कर रहा है। एसपी अमित कुमार आनंद ने मामले में एसओ मिश्रौलिया को आरोपियों के विरुद्ध केस दर्जकर त्वरित कार्रवाई का निर्देश दिया है।

SANT KABEER NAGAR POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 05-03-2023


# होली पर्व में मचाया हुड़दंग तो होगी जेल : एडीएम

मेंहदावल। होली त्योहार को लेकर क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए मेंहदावल थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक हुई। इसमें एडीएम अभिनव रंजन श्रीवास्तव ने लोगों से भाईचारे व सौहार्दपूर्ण तरीके से त्योहार मनाए जाने की अपील की। उन्होंने कहा कि होली के त्यौहार को शांतिपूर्ण ढंग से मनायें। यह पर्व प्रेम व सौहार्द का है। असमाजिक तत्वों की सूचना पुलिस को दें। रंगों के त्यौहार पर केवल रंग गुलाब,अबीर का प्रयोग करें। जो भी होली पर हुडदंग या उपद्रव मचाएगा उसें जेल भेजा जाएगा। एडीएम अभिनव रंजन श्रीवास्तव व एएसपी संतोष कुमार सिंह ने कहा कि यह कबीर की धरती है जो पूरे विश्व को शांति, सदभावना व गंगा-जमुनी तहजीब का संदेश देती है। त्यौहार किसी भी वर्ग का हो वह आपसी भाईचारें का प्रतीक होता है। होली पर्व पर शांति का परिचय दें प्रेम,भाईचारें व सौहार्द के साथ त्यौहार संपन्न कराने में पुलिस का सहयोग करें। जन सहयोग से ही समाज में शांति कायम की जा सकती है। मिल जुल कर त्यौहार में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। होलिका दहन उन्ही स्थानों पर होगा जहां पहले से होता चला आ रहा है। इस दौरान सीओ राजीव कुमार यादव, थानाध्यक्ष रविंद्र कुमार सिंह समेत कई लोग मौजूद रहे।



# डीएम-एसपी ने किया पैदल मार्च

धनघटा (एसएनबी)। जिलाधिकारी संदीप कुमार और पुलिस अधीक्षक सत्यजीत ने पुलिसबल के साथ शनिवार को अपरान्ह धनघटा कस्बे में पुलिसबल और मातहतों के साथ पैदल मार्च किया। होली के मद्देनजर जिले के आलाधिकारियों की अगुवाई में कस्बे में



पैदल मार्च कर प्रशासन ने कस्बावासियों को सुरक्षा का एहसास कराया। पैदल मार्च के दौरान पुलिस बल के साथ दोनों आलाधिकारी धनघटा कस्बे के सभी गली-कूचों तक पहुंचे और कस्बावासियों से संवाद कर आपसी प्रेम और खुशहाली के बीच होली का त्योहार मनाने की अपील भी किया। कस्बावासियों से संवाद करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि प्रशासन होली का त्योंहार सकुशल और शान्तिपूर्ण माहौल में सम्पन्न कराने के लिए प्रतिबद्ध है। ऐसे में कस्बावासियों से प्रशासन का सहयोग करने की अपील करते हुए जिलाधिकारी ने चेतावनी दी कि त्योहार के मौके पर अगर कोई अराजक तत्व शान्ति व्यवस्था में खलल पैदा करने की कोशिश करेगा तो प्रशासन ऐसे अराजक तत्वों से सख्तीपूर्वक निपटेगा। पुलिस अधीक्षक ने कस्बावासियों को बताया कि स्थानीय पुलिस को त्योहार के मौके पर सुरक्षा व्यवस्था चौकस बनाने का निर्देश दिया गया है बाकी कस्बावासियों को जैसे भी तनिक सा विवाद की स्थिति दिखे तो वह तत्काल पुलिस को उसके बारे में सूचित करे जिससे पूर्व समय रहते स्थिति को नियन्त्रित कर सके। पैदल मार्च के दौरान जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक के साथ एसडीएम धनघटा डा. रविन्द्र कुमार, तहसीलदार रत्नेश त्रिपाठी, प्रभारी निरीक्षक धनघटा जयवर्धन सिंह, प्रभारी निरीक्षक महुली संतोष कुमार मिश्र सहित कई अन्य अधिकारी और भारी संख्या में पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# बंटवारे के विवाद में मारपीट, चार घायल

धनघटा (एसएनबी)। धनघटा थाना क्षेत्र के बड़गो गांव में पैतृक सम्पत्ति के बंटवारे को लेकर शुक्रवार की देर शाम हुए विवाद में तीन महिलाओं समेत चार लोग बुरी तरह से घायल हो गए है। घायल एक महिला की हालत बेहद नाजुक बताई जा रही है। घटना के सम्बन्ध में पुलिस को दी गई तहरीर में थाना क्षेत्र के बड़गो गांव निवासी संतकुमार पुत्र मेवा ने बताया कि शुक्रवार की शाम बंटवारे को लेकर पट्टीदार हरिकेश व जगन्नाथ पुत्रगण स्व. जगदेव, सन्नी पुत्र हरिकेश और सुनीता पत्नी हरिकेश उसे भद्दी-भद्दी गालियां देने लगे। गाली देने का जब उसने विरोध किया तो उक्त सभी लाठी-डण्डा लेकर उसके उपर टूट पड़ें। इस बीच शोर सुनकर उसकी पत्नी अनीता और भतीजा रवीना और करीना पुत्रीगण शिवकुमार मौके पर पहुंचकर उसका बचाव करने की कोशिश की तो उक्त सभी हमलावर उसके साथ-साथ उसकी पत्नी और दोनों भतीजी को भी लाठी-डण्डे से पीटकर लहूलुहान कर दिए। इस दौरान हमलावर लगातार जान से मार देने की धमकी देते रहे। घायल एक भतीजा की हालत बेहद नाजुक बताते हुए प्रार्थनापत्र में हमलावरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई करने की मांग पुलिस से की गई है। प्रार्थनापत्र के आधार पर पुलिस मुकदमा दर्ज करने की तैयारी में जुट गयी है। प्रभारी निरीक्षक धनघटा जयवर्धन सिंह ने कहा कि जल्द ही नामजद हमलावरों को गिरफ्त में लेकर कानूनी कार्रवाई पूरी कर दी जाएगी।

# सम्पूर्ण समाधान : खतौनी में नाम दर्ज कर फरियादी को दी प्रतिलिपि

**खलीलाबाद में आये 92 प्रार्थना पत्रों में मात्र तीन निस्तारित, मेंहदावल में आये 36 प्रार्थनापत्रों में आठ का निस्तारण**



तहसील खलीलाबाद में खतौनी में नाम दर्ज कर फरियादी प्रतिलिपि देते एसडीएम तथा मेंहदावल मे फरियादियों की समस्याएं सुनते एडीएम।

संतकबीरनगर/मेंहदावल (एसएनबी)। खलीलाबाद तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस की सुनवाई मुख्य विकास अधिकारी संत कुमार की अध्यक्षता मे सम्पन्न हुआ। मुख्य विकास अधिकारी ने विभिन्न मामलों से संबंधित एक-एक कर फरियादियों की समस्याओं को सुनते हुए सम्बंधित अधिकारी-कर्मचारी को मामले के त्वरित निस्तारण का निर्देश दिये। इसी क्रम में एक प्रकरण मे राज कुमार पुत्र रामजी निवासी, ग्राम चमरसन के द्वारा प्रार्थना पत्र दिया गया कि उक्त ग्राम में आवेदक का नाम विरासत न होने के कारण से खतौनी मे दर्ज नहीं हो रहा है हमारा नाम खतौनी में होना चाहिए। जिस पर तत्काल उप जिलाधिकारी सदर रमेश चंद्र द्वारा आदेश दिया कि वरासत कर के नाम अंकित किया जाय।

क्षेत्रीय लेखपाल संजू चौरसिया द्वारा तत्काल वरासत कर आवेदक राजकुमार तथा उनके भाइयों राम अधीन तथा पप्पू चौधरी का नाम अभिलेख खतौनी में दर्ज करा कर आवेदक को खतौनी की प्रतिलिपि दिया गया। तहसील खलीलाबाद में कुल 92 प्रार्थना पत्र आये जिसमें से मौके पर 03 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण कर शेष प्रार्थना पत्रों को सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को हस्तांतरित करते हुए अविलम्ब गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराये जाने का निर्देश दिया गया। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी खलीलाबाद रमेश चंद्र, नायब तहसीलदार खलीलाबाद विजय गुप्ता, नायब तहसीलदार सेमरियावाँ प्रियंका तिवारी, राजस्व निरीक्षक चंद्र भूषण, लेखपाल अर्जुन पाठक, राजेश चौधरी, जय शंकर, अमरेंद्र शाही, राजू पटेल आदि उपस्थित रहे। इसी क्रम में मेंहदावल तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की सुनवाई अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। अपर जिलाधिकारी ने विभिन्न मामलों से सम्बंधित फरियादियों को सुनते हुए सम्बंधित अधिकारीध्कर्मचारी को मामले के त्वरित निस्तारण का निर्देश दिया।

उन्होंने कहा कि मामलों के निस्तारण में स्थलीय जांच एवं अन्य कार्यवाही आदि के दौरान अधिकारीगण शिकायतकर्ता के साथ अच्छा व्यवहार करें तथा दोनो पक्षों की पूरी बात को अवश्य सुनें क्योंकि शिकायतकर्ताओं-फरियादियों की संतुष्टि ही संपूर्ण समाधान दिवस का लक्ष्य है। तहसील मेंहदावल में कुल 36 प्रार्थनापत्र आये जिनमें से मौके पर आठ प्रार्थनापत्रों का निस्तारण कर शेष प्रार्थनापत्रों को संबंधित विभाग के अधिकारियों को हस्तांतरित करते हुए अविलम्ब गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराये जाने का निर्देश दिया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कानून व्यवस्था एवं पुलिस प्रशासन से संबधित मामलों की सुनवाई अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह द्वारा की गयी।

उन्होंने किसी भी विवाद की स्थिति में थानाध्यक्षों को मौके का स्थलीय निरीक्षण करने, शांति व्यवस्था बरकरार रखने आदि से सम्बंधित आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी मेंहदावल योगेश्वर सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी राजीव यादव, तहसीलदार निशा श्रीवास्तव सहित तहसील से सम्बंधित अधिकारी, राजस्व कर्मचारी, लेखपाल आदि उपस्थित रहे।

## कच्ची का कारोबार को पूरी तरह बंद कराने पर पुलिस अमादा

# चौथे दिन भी जारी रही छापेमारी


छापेमारी के चौथे दिन शनिवार की भोर में प्रभारी निरीक्षक की अगुवाई में सरयू नदी की तलहटी में पहुंची पुलिस ने चलाया जबरजस्त छापेमारी अभियान

छापेमारी में 4000 लीटर अर्द्धनिर्मित कच्ची और 300 लीटर तैयार कच्ची शराब बरामद

नदी के दियारे में धधक रही डेढ़ दर्जन भट्ठियों को भी पुलिस ने तोड़ा

धनघटा (एसएनबी)। होली त्योहार को देखते हुए बीते बुधवार को धनघटा थानान्तर्गत कच्ची शराब का उत्पादन और विक्री रोकनें के लिए जिलाधिकारी संदीप कुमार और पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता की अगुवाई में शुरू किया गया छापेमारी अभियान लगातार चौथे दिन शनिवार को भी प्रभारी निरीक्षक धनघटा जयवर्धन सिंह के नेतृत्व में जारी रहा। प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में शनिवार की भोर में भारी पुलिसबल थानान्तर्गत चपरापूर्वी और तुर्कवलिया नायक गांव के समीप सरयू नदी की दो धाराओं के बीच संचालित कच्ची कारोबार के ठिकानों पर नाव पर सवार होकर पहुंचा और पूरी तरह घेराबंदी की तलाशी अभियान चलाया।

तलाशी अभियान के दौरान पुलिस टीम ने जगह-जगह धधक रही करीब डेढ दर्जन भट्ठियों को सर्वप्रथम तोड़कर नष्ट किया और उसके वाद पुलिस टीम जगह-जगह रेत के नीचे छिपाकर रखी गई अर्द्धनिर्मित और तैयार कच्ची शराबों को निकालना शुरू किया। हालत यह रही कि पुलिस टीम ने खुदाई कर जगह-जगह रेत के नीचे प्लास्टिक की बड़ी वड़ी पन्नियों में छिपाकर रखी गई करीव 4000 लीटर अर्द्धनिर्मित कच्ची और 300 लीटर तैयार कच्ची शराव वरामद कर लिया। वरामद शराव को पुलिस टीम ने मौके पर ही नष्ट कर दिया। इसके अलावा पुलिस टीम ने मौके से भारी मात्रा में शराव वनाने के उपकरण, वड़े-वड़े वर्तन, ड्राम के अलावा शराव वनाने में उपयोग होने वाला कच्चा माल जैसे गुड़, नौसादर आदि भी वरामद किया है। इसके अलावा मौके पर रखा कई कुन्तल कोयला और लकड़ियों को भी पुलिस ने वरामद कर उसे नदी की धारा के हवाले कर दिया है। प्रभारी निरीक्षक जयवर्धन सिंह ने कहा कि धनघटा थाना क्षेत्र से वह मातहतों के सहयोग से कच्ची शराव का उत्पादन और विक्री पूरी तरह से बन्द कराकर ही दम लेगे। उन्होने कहा कि छापेमारी में भले ही कारोवारी हत्थे नहीं चढ़ रहे है लेकिन जल्द ही कारोबारियों की गफलत दूर हो जाएगी। उन्होंने कहा कि कच्ची कारोवारी लगातार चिन्हित किए जा रहे है। जल्द ही छापेमारी कर कारोबारियों को भी गिरफ्त में लिया जाएगा और उनके विरूद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेजा जाएगा।



सरयू की तलहटी में धधक रही कच्ची शराब की भट्ठियों को तोड़कर नष्ट करते पुलिसकर्मी।

# समीक्षा की : दो पैरोकारों को दिया प्रशस्ति पत्र



पुलिस लाइन सभागार में पैरोकारों के कार्यों की समीक्षा करते एसपी।

संतकबीरनगर (एसएनबी)। रिजर्व पुलिस लाइन सभागार में पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने जनपद के समस्त पैरोकारों व थानों पर न्यायालय से संबंधित आर्डर बुक देखने वाले कर्मियों की समीक्षा की। उसके बाद पैरोकार कां. रंजन कुमार थाना धर्मसिंघवा व पैरोकार कां. जुमराती अंसारी थाना महुली को उनके द्वारा न्यायालय में पैरवी के सराहनीय कार्यों हेतु प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उत्साहवर्धन किया। उन्होंने सेशन व लोअर कोर्ट के समस्त पैरोकारों को न्यायालय से निर्गत होने वाली आदेशिकाओं एवं अपेक्षित समस्त आख्या/सूचनाओं को नियत तिथि पर न्यायालय में प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया।

जनपद में आपरेशन शिकंजा, टाप-10, महिला संबंधी अपराधों, पाक्सो एक्ट, एक्शन प्लान व अन्य विचाराधीन वादों में साक्षियों की उपस्थिति सुनिश्चित कराकर प्रभावी पैरवी हेतु निर्देशित किया गया। न्यायालय में लोक अभियोजक एवं अभियोजन अधिकारीगण से समन्वय स्थापित कर प्रत्येक वाद में प्रभावी पैरवी कराकर अधिक से अधिक अपराधियों को सजा दिलाने हेतु निर्देशित किया गया। पैरवी रजिस्टर, काज लिस्ट, जमानत सूचना रजिस्टर, रिमांड रजिस्टर, न्यायालय आर्डर बुक आदि को अध्यावधिक रखने हेतु निर्देश दिये गये। न्यायालय द्वारा जारी किये जाने वाले प्रत्येक प्रासेस का समयबद्ध तामीला कराकर नियत तिथि पर न्यायालय में उपलब्ध कराने हेतु हिदायत दी गयी। इसके अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी पैरोकारों से कार्य सरकार के दौरान आ रही परेशानियों की विस्तृत जानकारी कर उन्हें दूर करने के लिए संबंधित को निर्देशित भी किया। उन्होंने पैरोकार कां. रंजन कुमार थाना धर्मसिंघवा व पैरोकार कां. जुमराती अंसारी थाना महुली को उनके द्वारा न्यायालय में पैरवी के सराहनीय कार्यों हेतु प्रसस्ति पत्र प्रदान कर उत्साहवर्धन किया। इस दौरान वाचक पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार मिश्र, प्रभारी मानीटरिंग/सम्मन सेल अशोक कुमार यादव, पीआरओ पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र यादव सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# तहसील दिवस : डीएम-एसपी ने सुनी फरियाद

**तहसील के अधिकारियों व राजस्वकर्मियों की उपस्थिति के बगैर जमीनी विवाद के मामलों में पुलिस कतई न करे हस्तक्षेप : जिलाधिकारी**

**पहुंचे प्रार्थनापत्रों पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करें पुलिसकर्मी : एसपी**




सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस में फरियाद सुनते जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक।

धनघटा (एसएनबी)। धनघटा तहसील के सभागार में शनिवार को जिलाधिकारी संदीप कुमार व पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता की अध्यक्षता में सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस का आयोजन हुआ। फरियादियों के प्रार्थनापत्रों पर संयुक्त रूप से सुनवाई करते हुए जिलाधिकारी संदीप कुमार और पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने अधिकारियों को सचेत करते हुए कहा कि प्रार्थनापत्रों के समाधान में अधिकारी आकड़ा दुरुस्त करने से बाज आए।

प्रार्थनापत्रों का समाधान पारदर्शी होने को जरूरी बताते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि देखने में आता है कि एक ही समस्या के सम्बन्ध में फरियादी बार-बार प्रार्थनापत्र दे रहे है जिससे यह प्रतीत हो रहा है कि अधिकारी प्रार्थनापत्रों के समाधान में सिर्फ आकड़ों को ही पूरा कर रहे है। आगे से प्रार्थनापत्रों का पारदर्शी समाधान करने का अधिकारियों को हिदायत देते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि अधिकारियों की इस प्रकार की लापरवाही कतई सहन नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी ने बताया कि शासन की मंशा के अनुरूप अधिकारियों को फरियादियों को पूरी तरह से न्याय देना ही होगा। जमीनी विवादों में पुलिस के हस्तक्षेप पर सख्त पाबंदी लगाते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि बगैर तहसील के अधिकारियों या राजस्वकर्मियों की उपस्थिति के पुलिस जमीनी विवाद से संबंधित मामलों में कोई कार्रवाई नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि सिर्फ शान्ति व्यवस्था बनाए रखने की जिम्मेदारी का निर्वहन ही अकेले पुलिस कर सकती है। पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने कहा कि जो भी प्रार्थनापत्र पुलिस के पास पहुंच रहे है उन प्रार्थनापत्रों पर पुलिस प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करें।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि प्रार्थनापत्रों पर मुकदमा दर्ज न होना गम्भीर बात है। पुलिस सभी घटनाओं के सम्बन्ध में आने वाले सभी प्रार्थनापत्रों हरहाल में मुकदमा दर्ज करें बाद में जांच के आधार पर पुलिस उचित कार्रवाई करें। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि मुकदमा दर्ज करने का मकसद निर्दोषों को कतई परेशान करना नहीं है लेकिन शासन की मंशा के अनुरूप पुलिस के उपर मुकदमा दर्ज न करने का आरोप कतई नहीं लगना चाहिए। इस दौरान सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस में फरियादियों ने कुल 26 प्रार्थनापत्र पेश हुए जिसमें से 2 प्रार्थनापत्र का जिलाधिकारी ने तत्काल समाधान संबंधित विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियो की मदद से करा दिया। पेश होने वाले सभी प्रार्थनापत्रों पर सुनवाई करते हुए जिलाधिकारी ने सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को निर्धारित समयावधि के भीतर उसका समाधान कराने का निर्देश दिया है। पेश होने वाले मामलों में राजस्व विभाग से सम्बन्धित 9 मामले, पुलिस विभाग से सम्बन्धित 0 मामले, विकास विभाग से सम्बन्धित 5 मामले तथा अन्य विभागों ने सम्बन्धित 12 मामले शामिल रहे। इस मौके पर जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक के अलावा एसडीएम धनघटा डा.रविन्द्र कुमार, तहसीलदार रत्नेश त्रिपाठी, बीडीओ हैंसर महावीर सिंह, बीडीओ पौली रेनू, बीडीओ नाथनगर अमरेश सिंह चौहान, प्रभारी निरीक्षक धनघटा जयवर्धन सिंह, प्रभारी निरीक्षक महुली संतोष कुमार मिश्र, एडीओ पंचायत हैंसर गजानन पाल, एडीओ पंचायत नाथनगर आनन्द मोहन व पूर्ति निरीक्षक सौरभ गोस्वामी समेत सभी विभागों के जिलास्तरीय, तहसील व ब्लाक स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## शराब बरामद, दो हिरासत में

मेंहदावल। होली पर्व को सकुशल संपन्न कराने के लिए मेंहदावल पुलिस पूरी तरह कटिबद्ध है जिसको लेकर शनिवार को मेंहदावल पुलिस ने अवैध कच्ची शराव के विरुद्ध अभियान चलाया जहां दो लोगों को 10-10 लीटर अवैध शराब के साथ 50 लीटर अवैध कच्ची दो को हिरासत में लिया।कच्ची कारोबारियों को आबकारी एक्ट के तहत जेल भेजा गया। थानाध्यक्ष रविंद्र कुमार सिंह ने बताया कि गश्त के दौरान जरिए मुखबीर के जरिए सूचना मिली कि करहना गांव में कच्ची शराब बनाया जा रहा है। जिस के क्रम में पुलिस ने छापेमारी कर दो लोगों से 10-10 लीटर कच्ची शराब बरामद कर हिरासत में लिया गया है। आरोपी शिवचंदर पुत्र राजू व बाबूराम पुत्र रामचंदर को हिरासत में लिया गया। तलाशी में 20 लीटर कच्ची शराब बरामद हुई। आरोपियों के ऊपर आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए जहां जेल भेजा गया है वहीं इनकी सूचना पर रखे गए एक कुंतल लहन नष्ट किया गया।

# प्रधान, सचिव समेत तीन पर धोखाधड़ी का केस

**कार्रवाई**

- बेलहर थाना क्षेत्र के कटया में सरकारी धन के दुरुपयोग का मामला
- बेलहर पुलिस ने धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं ने किया केस

बेलहर, हिन्दुस्तान संवाद। बेलहर थाना क्षेत्र के कटया में ग्राम प्रधान, सचिव व तकनीकी सहायक के द्वारा सरकारी धन का दुरपयोग करने का मामला प्रकाश में आया है। शिकायत एक युवक ने शिकायत कर कार्रवाई करने की मांग की थी। बेलहर पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

विनोद कुमार पांडेय पुत्र बालगोविंद पांडेय निवासी कटया ने लिखा है कि वर्ष 2022 में ग्राम प्रधान, सचिव व तकनीकी सहायक की मिलीभगत से गांव में मेंड़बंदी कार्य कराकर भुगतान ले लिया गया जबकि मौके पर कोई कार्य नहीं कराया गया है। इसकी शिकायत लोकपाल से की गई। बेलहर थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की गई थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई जिसके बाद डाक द्वारा पत्र भेजकर पुलिस अधीक्षक से कार्रवाई की मांग की गई। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर बेलहर पुलिस ने प्रधान, सचिव व तकनीकी सहायक के खिलाफ धोखाधड़ी सहित अन्य धारा में मुकदमा दर्ज किया है।

# गलत वरासत कर जमीन हथियाने के मामले में केस

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। कोतवाली खलीलाबाद थाना क्षेत्र में गलत वरासत कराकर जमीन हथियाने का मामला प्रकाश में आया। कोर्ट के निर्देश पर पुलिस ने मामले में विधिक कार्रवाई की। थाना क्षेत्र के उसका कला निवासी पति-पत्नी के विरुद्ध केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

कोतवाल सर्वेश कुमार राय ने बताया कि थाना क्षेत्र के धमरजा गांव निवासी देवेंद्र प्रताप सिंह ने कोर्ट को दिए अपने प्रत्यावेदन में बताया कि तितौवा मौजा में जमीन के लिए अपने मित्रों के समक्ष 50 हजार रुपए सुमित्रा देवी व उनके पति प्रह्लाद निवासी उसका कला को दिया। शेष धनराशि बैनामा होने के बाद देने की बात हुई। इसके बाद जमीन का मुआयना करने पर पता चला कि गलत तरीके से सुमित्रा देवी ने लेखपाल से मिलकर वरासत करा लिया। जबकि वह मृतक के परिवार की नहीं हैं। इसके बाद उन लोगों से मिलकर सारे मामले की जानकारी देकर रुपए वापस करने की मांग की। जिस पर पति और पत्नी भड़क गए और अपशब्द कहते हुए रुपये वापस न करने की बात कही। कोतवाल ने बताया कि कोर्ट के निर्देश पर मामले में आरोपित पति-पत्नी के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया गया है।

- पुलिस ने पति-पत्नी पर कसा कानूनी शिकंजा
- कोर्ट के निर्देश पर पुलिस ने मामले में की कार्रवाई

# वांछित बाल अपचारी को किया गिरफ्तार

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने बालिका को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में बाल अपचारी को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्रवाई की। प्रभारी निरीक्षक थाना मेंहदावल रविन्द्र कुमार सिंह के नेतृत्व में अपहरण, दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट के मामले में वांछित आरोपित अभियुक्त को गिरफ्तार किया।

बाल अपचारी 19 फरवरी को वादी की नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले गया था। जिसके संबंध में वादी ने थाना स्थानीय पर अभियोग पंजीकृत कराया। थाना मेंहदावल पुलिस ने महिला अपराध की संवेदनशीलता को देखते हुए उक्त आरोपित अभियुक्त को को गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई पूरी करने के बाद संबंधित न्यायालय रवाना कर दिया।

# गायब बेटे की तलाश को सीएम से गुहार

- 18 दिनों से गायब बेटे की तलाश में भटक रहे पिता
- विदेश से लौटने के दौरान कोलकता से हुआ है गायब
- सियालदह बस स्टेशन पर गिरा मिला पासपोर्ट व डायरी



कोलकाता से गायब हुआ युवक राजकिशोर।

"प्रकरण संज्ञान में आया है। युवक कोलकता से गायब हुआ है। ऐसे मामलों में घटनास्थल से ही कानूनी कार्रवाई संपादित की जाती है।"
अंशुमान मिश्र, सीओ सिटी

चुरेब, हिन्दुस्तान संवाद। विदेश से अपने घर लौट रहा जनपद का राज किशोर कोलकाता से रहस्मय रूप से गायब हो गया। 18 दिन बीत जाने के बाद भी कोई पता नहीं चल सका। *कोलकाता पुलिस में कोई सुनवाई न होने पर* मजबूर पिता ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर बेटे की तलाश कराने के लिए गुहार लगाई। सियालदह बस स्टेशन पर उसका पासपोर्ट और डायरी गिरा मिला। दो प्रदेशों का मामला होने से परिजन परेशान हैं और अपहरण की आशंका व्यक्त कर रहे हैं।

कोतवाली खलीलाबाद थाना क्षेत्र के अमावां निमांवा निवासी गायब युवक के पिता इंद्रजीत ने बताया कि बेटा राजकिशोर 13 फरवरी को कंबोडिया से घर आने के लिए निकला था। मलेशिया पहुंच पर राज किशोर ने परिवार से बात की थी। इसके बाद से उससे बात नहीं हो सकी। इंद्रजीत ने बताया कि बेटा राजकिशोर किसी ट्रेन से गोरखपुर आने वाला था। दिनांक 16 फरवरी को एक अनजान व्यक्ति ने उन्हें फोन करके बताया कि उसे सियालदह बस स्टेशन पर एक पासपोर्ट, कोरोना टेस्ट रिपोर्ट और एक डायरी गिरी हुई मिली। डायरी में लिखे फोन नंबर से उसने उनसे संपर्क किया और डाक से पासपोर्ट भेजने को बात कही।

परेशान पिता इंद्रजीत ने तत्काल खलीलाबाद कोतवाली पहुंचकर पुलिस को पूरी बात बताई। पीड़ित इंद्रजीत के अनुसार पुलिस ने दूसरे प्रदेश का मामला बता कोलकता जाने की सलाह दी। वह बेटे की तलाश में वहां चले गए। कोलकता एयरपोर्ट के कर्मचारियों के अनुसार 15 फरवरी को उनका बेटा एयरपोर्ट से बाहर निकला था। सियालदह बस स्टेशन पर मिले उसके पासपोर्ट, कोरोना टेस्ट रिपोर्ट और डायरी मिलने से बस स्टैंड तक पहुंचने का अनुमान लगाया जा रहा है। दो मार्च को पिता ने सीएम पोर्टल पर बेटे की तलाश को गुहार लगाई।

# सुप्रीम कोर्ट ने भी निरस्त की जमानत

- महुली के व्यवसायी पुत्र मनीष की सूदखोरी में हुई मौत का है मामला
- सुप्रीम कोर्ट ने आरोपी को आत्मसमर्पण को दिया एक सप्ताह का समय

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। महुली थाना क्षेत्र के स्थानीय कस्बा निवासी व्यवसायी पुत्र की सूदखोरी में गई जान का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया। सुप्रीम कोर्ट ने जिला एवं सत्र न्यायालय द्वारा मामले के मुख्य आरोपी की जमानत को हाई कोर्ट द्वारा निरस्त किए जाने के आदेश को सही मानते हुए आरोपी को एक सप्ताह के भीतर आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया है। मुख्य आरोपी ने हाईकोर्ट प्रयागराज के जमानत निरस्त किए जाने के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी।

महुली कस्बा निवासी हरिश्चंद मद्धेशिया के पुत्र मनीष मद्धेशिया की विगत 29 सितंबर 2022 को मौत हो गई थी। पिता ने आरोप लगाया था कि सूदखोरों के चंगुल में फंसे बेटे मनीष ने उनके उत्पीड़न से परेशान होकर आत्महत्या कर ली। महुली पुलिस ने कस्बा निवासी विजय जायसवाल सहित आधा दर्जन से अधिक लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। आरोपी विजय ने केस दर्ज होने के कुछ दिन बाद ही न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया था। बाद में 20 अक्टूबर 2022 को जनपद एवं सत्र न्यायालय ने आरोपी विजय जायसवाल को जमानत पर रिहा करने का आदेश दे दिया था।

मृतक के पिता का आरोप है कि जमानत पर रिहा होने के बाद विजय ने उन्हें और उनके परिजनों को केस वापस लेने के लिए धमकी देना शुरू कर दिया। जिस पर पीड़ित पिता ने जनपद एवं सत्र न्यायालय के जमानत आदेश को हाईकोर्ट प्रयागराज में चुनौती देते हुए जमानत रद्द किए जाने की मांग की। 10 जनवरी को हाईकोर्ट ने दोनो पक्षों की दलील सुनने के बाद मामले के मुख्य आरोपी विजय जायसवाल की जमानत निरस्त करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में भेजे जाने का आदेश दिया।

इसके बाद मुख्य आरोपी विजय जायसवाल ने हाईकोर्ट के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देते हुए रिट याचिका दाखिल की। शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस एमआर शाह और जस्टिस मनोज मिश्र की खंडपीठ ने इलाहाबाद हाईकोर्ट द्वारा आरोपी की जमानत निरस्त किए जाने के फैसले को सही बताते हुए आरोपी की याचिका को खारिज कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने आरोपी को एक सप्ताह में आत्मसमर्पण करने का भी निर्देश दिया है।

# त्योहार के दौरान अराजक तत्वों से रहें सजग व सतर्क

**मेंहदावल, हिन्दुस्तान संवाद।** शबे-बारात व होली के त्योहार को लेकर शनिवार को अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव, अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह ने पीस कमेटी के साथ बैठक की। मेंहदावल थाने पर हुई बैठक में उन्होंने त्योहार को मिल-जुलकर मनाने की अपील किया। सुरक्षा का भरोसा दिया।

एडीएम ने कहा कि त्योहार हर किसी का होता है, इसे भाईचारा कायम रखकर मनाया जाना चाहिए। मिल-जुलकर त्योहार से दोगुना आनन्द मिलता है। खुशी मनाते समय हमेशा इस बात का ख्याल रखें कि इससे दूसरे समुदाय की भावनाएं आहत न हों। एएसपी ने कहा कि हमें कस्बे व आस-पास में भय मुक्त माहौल पैदा करना है, जिससे कि सभी लोग अपने त्योहारों को खुशी से मना सकें और शहर में शान्ति का माहौल भी बना रहे।

# आयोजित हुई पीस कमेटी की बैठक

**संतकबीरनगर।** डीएम संदीप कुमार व एसपी सत्यजीत गुप्ता के देखरेख में संयुक्त रूप से धनघटा तसील में पीस कमेटी की बैठक का आयोजन हुआ। आगामी पर्व होली व शबेबारात त्योहार को देखते कार्यक्रम आयोजित हुआ।

बैठक में क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्ति, ग्राम प्रधान व अन्य लोगों ने बैठक में भाग लिया। अधिकारियों ने सभी लोगों से शांति व भाईचारे के साथ पर्व मनाने की अपील की। त्योहार के दौरान गड़बड़ी पैदा करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई के लिए हिदायत जिम्मेदारों को दिया।

# जमानत निरस्त के आदेश पर कोर्ट की मुहर

- महुली के व्यवसायी पुत्र मनीष की सूदखोरी प्रकरण में हुई मौत का मामला
- मुख्य आरोपित को न्यायालय ने दिया सप्ताह भीतर आत्मसमर्पण का आदेश

**जासं, महुली, संतकबीर नगर :** महुली कस्बा निवासी व्यवसायी पुत्र की सूदखोरी में गई जान का मामला सुप्रीम कोर्ट में पहुंच गया था। सुप्रीम कोर्ट ने उच्च न्यायालय के आदेश को सही मानते हुए आरोपित को एक सप्ताह के भीतर आत्मसमर्पण करने का आदेश दिया है।

महुली निवासी हरिश्चंद मद्धेशिया के पुत्र मनीष मद्धेशिया ने 29 सितंबर 2022 को आत्महत्या कर लिया था। मृतक के पिता ने सूदखोरों के उत्पीड़न से परेशान होकर आत्महत्या करने का आरोप लगाया था। मामले में महुली पुलिस ने कस्बा निवासी विजय जायसवाल सहित 10 लोगों पर मुकदमा दर्ज किया था। मुख्य आरोपित ने न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया था। 20 अक्टूबर 2022 को जिला एवं सत्र न्यायालय द्वारा उसे जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया था। आरोप है कि आरोपितों ने पीड़ित परिवार पर मुकदमा वापस लेने के लिए दबाव बनाना शुरू कर दिया। इसे लेकर मृतक के पिता ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय में जमानत आदेश को चुनौती दी। उच्च न्यायालय ने जमानत रद्द किए जाने का आदेश दिया। जमानत निरस्त होने के बाद आरोपित विजय ने हाईकोर्ट के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी। शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस एमआर शाह और जस्टिस मनोज मिश्र की खंडपीठ ने सुनवाई पूरी करने के बाद जमानत निरस्त किए जाने के फैसले को सही बताते हुए आरोपित को एक सप्ताह के अंदर न्यायालय में आत्मसमर्पण करने का आदेश दिया। मृतक के पिता ने इसे सत्य की जीत बताते हुए कहा कि फैसले से मृतक बेटे की आत्मा को शांति मिलेगी।

## ग्राम न्यायालय के विरोध में अधिवक्ताओं का कार्य बहिष्कार

**जासं, संतकबीर नगर :** मेंहदावल में प्रस्तावित ग्राम न्यायालय स्थापना के विरोध में दीवानी कचहरी के अधिवक्ताओं ने शनिवार को सप्ताह के अंतिम कार्य दिवस पर कार्य बहिष्कार किया। न्यायालय भवन के मुख्य द्वार पर धरना देते हुए विरोध जताया। अधिवक्ताओं के कार्य बहिष्कार के चलते वादकारी निराश होकर वापस लौट गए। जनपद व सिविल बार एसोसिएशन के संयुक्त कार्यक्रम मे अधिवक्ताओं ने न्यायिक कार्य से विरत रहते हुए न्यायालय भवन के मुख्य द्वार पर धरना दिया।

# डिग्री कॉलेज विवाद में दर्ज हुआ मुकदमा

**संतकबीरनगर।** हीरालाल रामनिवास पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज में हुए विवाद के मामले में पुलिस ने दो नामजद व तीन अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाल सर्वेश कुमार राय ने बताया कि एक दिन पूर्व दो छात्र गुटों में विवाद का मामला प्रकाश में आया।

पीड़ित छात्र अम्ब्रेश कुमार ने अपने शिकायत में बताया कि वह हीरालाल राम निवास स्नाकोत्तर महाविद्यालय के छात्र हैं। 03 मार्च को कालेज में विदाई समारोह (राजनीति विज्ञान विभाग) चल रहा था। आरोप है कि इसी बीच शैलेन्द्र यादव निवासी घोरखल एवं प्रदीप यादव निवासी गौरापार तथा उनके तीन अन्य साथी कार्यक्रम स्थल पर पहुँचकर भद्दी-भद्दी गाली देते हुए हाथापाई करने लगे। इसी बीच जेब से 1300 रुपए निकाल लिया। जिसका विरोध करने पर शैलेन्द्र यादव एवं प्रदीप यादव तथा उनके अन्य साथियों ने उन्हें लात-घूसों से मारपीटा। कोतवाल ने बताया कि पीड़ित छात्र की शिकायत पर केस दर्ज कर कार्रवाई करते हुए घायल को उपचार के लिए अस्पताल रवाना कर दिया गया है।



पर्वों पर शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए धनघटा में फोर्स के साथ पैदल मार्च करते डीएम संदीप कुमार व एसपी सत्यजीत गुप्ता । ● हिन्दुस्तान

# पैदल मार्च कर कराया सुरक्षा का एहसास

संतकबीरनगर। डीएम संदीप कुमार व पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने संयुक्त रूप से पैदल मार्चकर जन सामान्य को सुरक्षा का एहसास कराया। आगामी त्योहार होली, शबेबारात को सकुशल व भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने के लिए भारी संख्या में पुलिस बल के साथ थाना धनघटा क्षेत्र के धनघटा बाजार के प्रमुख मार्गों तथा भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गश्त किया।

# 20 भट्ठियां व 45 कुंतल लहन को किया नष्ट

संतकबीरनगर, हिन्दुस्तान टीम। जनपद पुलिस ने आगामी त्योहार को देखते हुए शनिवार को अवैध कच्ची शराब के विरुद्ध चेकिंग अभियान चलाया। मेंहदावल व धनघटा थाना पुलिस ने अपने-अपने क्षेत्र छापेमारी के दौरान कई शराब भट्ठियों को क्षतिग्रस्त कर भारी मात्रा में लहन बरामद कर उसे नष्ट कराया।

- मेंहदावल व धनघटा पुलिस टीम ने अपने-अपने क्षेत्र में की छापेमारी
- भारी मात्रा में लहन बरामद कर किया नष्ट, भट्ठियों को किया क्षतिग्रस्त

प्रभारी निरीक्षक थाना धनघटा जयवर्धन सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने थाना क्षेत्र के घाघरा नदी के किनारे मांझा स्थित बिड़हरघाट में अवैध शराब बनाने वाले कारोबारियों के खिलाफ अभियान चलाया। मांझा क्षेत्र में 18 भट्ठियां, करीब 40 कुंतल लहन व 300 लीटर अवैध कच्ची शराब को नष्ट किया। मेंहदावल संवाद के अनुसार प्रभारी निरीक्षक थाना मेंहदावल रविन्द्र कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने थाना क्षेत्र के ग्राम करहना में अवैध शराब बनाने वाले कारोबारियों के खिलाफ अभियान चलाया। करहना स्थित एक सुनसान मकान से अवैध कच्ची शराब बनाने की दो भट्ठियां, करीब 05 कुंतल लहन व 50 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामदकर उसको नष्ट किया।

# समाधान दिवस में सिर्फ 13 मामलों का निस्तारण

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। जनपद के तीनों तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस शनिवार को आयोजित हुआ। जनपद स्तरीय समाधान दिवस का आयोजन धनघटा में हुआ। डीएम संदीप कुमार और एसपी सत्यजीत गुप्ता ने पहुंचकर फरियाद सुनी। जिलाधिकारी ने पिछले तहसील दिवस में आए मामलों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को जरूरी निर्देश भी दिए। जनपद में कुल 154 मामले आए इसमें से 13 का मौके पर निस्तारण हुआ।

डीएम ने कहा कि अधिकारीगण सम्बंधित कर्मचारियों के साथ मौके पर जा कर शिकायतकर्ता का पक्ष सुनते हुए उसका निस्तारण करवाना सुनिश्चित करें। फरियादियों की शिकायतों का त्वरित निस्तारण और शिकायतकर्ता की संतुष्टि ही सम्पूर्ण समाधान दिवस का मुख्य लक्ष्य है, इसमें किसी भी प्रकार लापरवाही पाये जाने पर सख्त कार्रवाई होगी। धनघटा तहसील में विभिन्न संदर्भों से संबंधित कुल 26 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, इसमें से दो का निस्तारण हुआ।

- डीएम, एसपी ने धनघटा में आयोजित समाधान दिवस में सुनी फरियाद
- डीएम के समक्ष 26 प्रार्थना पत्र प्रस्तुत हुए दो का ही निस्तारण

मेंहदावल तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस की सुनवाई अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव की ने किया। कुल 36 प्रार्थना पत्र आए, इसमें से मौके पर आठ प्रार्थना पत्रों का निस्तारण किया गया।

खलीलाबाद तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की सुनवाई मुख्य विकास अधिकारी संत कुमार ने किया। यहां कुल 92 प्रार्थना पत्र आए, इसमें से तीन का मौके पर निस्तारण किया गया। खलीलाबाद में राज कुमार पुत्र रामजी निवासी, ग्राम चमरसन ने वरासत न होने के कारण से खतौनी में नाम दर्ज न होने की शिकायत की। एसडीएम ने तत्काल वरासत दर्ज करने का निर्देश दिया। क्षेत्रीय लेखपाल संजू चौरसिया ने तत्काल वरासत कर आवेदक राजकुमार तथा उनके भाइयों राम अधीन तथा पप्पू चौधरी का नाम अभिलेख खतौनी में दर्ज कराकर खतौनी की प्रतिलिपि दिया।



धनघटा तहसील में शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम संदीप कुमार और एसपी सत्यजीत गुप्ता ने सुनवाई की। • हिन्दुस्तान

# नियम तोड़ने वाले 47 वाहनों पर कार्रवाई

संतकबीरनगर। जनपद पुलिस ने वाहन जांच के दौरान नियम तोड़ने वाले 47 वाहनों के चालकों पर नियमानुसार विधिक कार्रवाई की।

जिले के सभी थाना क्षेत्रों में स्थानीय पुलिस टीम ने बैंक, वाहन एवं संदिग्ध व्यक्तियों की धर पकड़ के लिए गहनता से जांच पड़ताल किया। चेकिंग के दौरान समस्त एसओ एवं प्रभारी यातायात संयुक्त पुलिस टीम ने मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत कड़ी कार्रवाई की।

47 वाहनों के चालकों से यातायात नियम का उल्लंघन करने के मामले में 39 हजार रूपए शमन शुल्क वसूल किया।

# शांतिभंग में में डेढ़ दर्जन का चालान

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने अलग-अलग मामले में डेढ़ दर्जन आरोपितों को दबोचकर उनके विरुद्ध विधिक कार्रवाई की। सभी का शांति भंग की आशंका में चालान किया। जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरुद्ध धर पकड़ के लिए चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने चार, धनघटा सात, दुधारा दो, बखिरा एक और थाना बेलहर कला पुलिस ने दो आरोपितों को पकड़कर उनके विरुद्ध कार्रवाई की।

# ट्रक से टकराई रोडवेज की पिंक बस, महिला परिचालक की मृत्यु

## गोरखपुर की रहने वाली थीं परिचालक, एक घायल मेडिकल कालेज गोरखपुर रेफर, दो का निजी अस्पताल में चल रहा उपचार

जागरण संवाददाता, संतकबीरनगर: गोरखपुर-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर परिवहन निगम की पिंक सेवा की बस खड़े ट्रक से टकरा गई। शनिवार भोर में मगहर के पास हुए हादसे में बस की परिचालक नेहा यादव की मृत्यु हो गई। दस अन्य यात्री घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल एक यात्री को बीआरडी मेडिकल कालेज गोरखपुर में भर्ती कराया गया है। दो का खलीलाबाद में निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। सात यात्रियों को मामूली चोटें आईं, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया। परिचालक गोरखपुर की रहने वाली थीं।



दुर्घटनास्थल की जांच करते एएसपी संतोष कुमार सिंह और एडीएम अभिनव रंजन श्रीवास्तव। • जागरण



राष्ट्रीय राजमार्ग पर दुर्घटनाग्रस्त परिवहन निगम की बस • जागरण



घायल को एंबुलेंस से लेकर अस्पताल जाते लोग • जागरण

राप्तीनगर गोरखपुर डिपो की बस लखनऊ से गोरखपुर जा रही थी और मगहर स्थित रैना पेपर मिल के पास बस सड़क के किनारे खड़े ट्रक से टकरा गई। हादसे में गोरखपुर शहर के खुर्रमपुर मोहल्ला निवासी 29 वर्षीय परिचालक नेहा यादव गंभीर रूप से घायल हो गईं। स्थानीय पुलिस एंबुलेंस से उन्हें अस्पताल ले जा रही थी, लेकिन रास्ते में उन्होंने दम तोड़ दिया। गंभीर रूप से घायल दूसरे यात्री देवरिया जनपद के भटनी क्षेत्र के बिन्दवलिया गांव निवासी 30 वर्षीय रवि मिश्र को जिला अस्पताल से मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया। महराजगंज के नौतनवा के विष्णुपुरम वार्ड नंबर चार के रहने वाले शंकर शंभू शुक्ला और कुशीनगर के तिलकनगर के रहने वाले शैलेंद्र मिश्र को खलीलाबाद स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

**झपकी आने से हुआ हादसा :** अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि अनुमान है कि चालक को अचानक झपकी आने से हादसा हुआ।

> घटना की जानकारी के बाद पुलिस सक्रिय हुई और घायलों को इलाज के लिए ले जाया गया। इस बात की जानकारी ली गई कि दुर्घटना किस वाहन से हुई है। इसके लिए आसपास के लोगों से पूछताछ की गई। इस मामले में आवश्यक कार्यवाई जारी है।
>
> संतोष कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक

**हादसे में यह हुए घायल :** रवि चतुर्वेदी पुत्र प्रमोद चतुर्वेदी, भैंसा बाजार, गोरखपुर। विक्रम प्रसाद पुत्र हेमराज, महुई, सिकरीगंज, गोरखपुर। चंद्र बहादुर गर्ग पुत्र सोमबहादुर निवासी लखनऊ कैंट। अफजल खान पुत्र मुस्तकीम, धनहा, श्यामदेउरवा, महराजगंज। चंद्रावती पत्नी आशुतोष, पीपीगंज, गोरखपुर। रवि मिश्र पुत्र विंध्याचल, बिन्दवलिया, भटनी, देवरिया। नीतू सिंह पत्नी सुनील सिंह, अशोकनगर, शाहपुर, गोरखपुर। शिवेन्द्र सिंह पुत्र सुनील सिंह, गोरखपुर। शंकर शंभू शुक्ला पुत्र त्रियुगी नारायण, विष्णुपुरम वार्ड नंबर चार नौतनवा, महराजगंज। शैलेंद्र मिश्र पुत्र भुवनेश्वर मिश्र, तिलक नगर, कुशीनगर।

### परिवार में बड़ी थी नेहा



नेहा यादव की फाइल फोटो

नेहा यादव परिवार में सबसे बड़ी थी। उसके पिता सतीश मोहन यादव छोटा-मोटा काम करते हैं। वह दो भाई तथा दो बहन में सबसे बड़ी थी। वर्ष 2016 में वह रोडवेज में नियमित परिचालक के तौर पर भर्ती हुई थी। उनकी मृत्यु के बाद पूरा घर शोकाकुल है।

# 13 मामलों का हुआ समाधान

## संपूर्ण समाधान दिवस : शिकायतों का करें गुणवत्तापूर्ण निस्तारण

जागरण टीम, संतकबीर नगर : जिले की तीनों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन शनिवार को किया गया। 154 शिकायतों में से मात्र 13 का ही समाधान हुआ। जिलाधिकारी संदीप कुमार ने धनघटा तहसील में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता की।

उन्होंने प्राप्त शिकायतों को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए राजस्व विभाग सहित अन्य संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। धनघटा तहसील में विभिन्न संदर्भों से संबंधित कुल 26 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें से दो प्रार्थना पत्रों का मौके पर निस्तारण किया गया।



धनघटा तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस पर सुनवाई करते डीएम संदीप कुमार और एसपी सत्यजीत गुप्ता • जागरण

कानून व्यवस्था से संबंधित मामलों की सुनवाई करते हुए पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने शनिवार को थानाध्यक्षों को निर्देश दिया कि प्रत्येक मामले में कार्यवाई की जाय। मेंहदावल तहसील में कार्यक्रम की सुनवाई अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह और अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव की अध्यक्षता में हुई। इस दौरान कुल 36 प्रार्थना पत्र आए, जिसमें से आठ प्रार्थना पत्रों का निस्तारण किया गया।

खलीलाबाद में मुख्य विकास अधिकारी संत कुमार की अध्यक्षता में सुनवाई हुई। कुल 92 लोगों ने प्रार्थना पत्र देकर समस्या दूर करवाने की मांग की। इस दौरान मात्र तीन मामलों का ही हल हो पाया।

## विकास कार्यों में अनियमितता

# प्रधान व सचिव सहित तीन पर केस

**जासं, सांथा:** सांथा ब्लाक के कटया ग्राम पंचायत में मेड़बंदी सहित अन्य विकास योजनाओं में अनियमितता बरतने के मामले में न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने ग्राम प्रधान सहित तीन लोगों के विरुद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

कटया गांव के विनोद कुमार पांडेय ने ग्राम पंचायत में मनरेगा से मेडबंदी के नाम पर फर्जीवाड़ा करने एवं घोटाले का आरोप लगाया था। इस मामले में मनरेगा लोकपाल के द्वारा जांच की गई तो आरोपों की पुष्टि हुई। उपायुक्त मनरेगा को पूरी रिपोर्ट दी गई थी, उसके बावजूद विकास विभाग के अधिकारियों ने मामले में जांच व कार्रवाई नहीं की। इसमें कार्रवाई नहीं होने के बाद शिकायतकर्ता ने न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। न्यायालय के निर्देश पर शनिवार को बेलहर पुलिस ने कटया ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, पंचायत सचिव, तकनीकी सहायक के विरुद्ध जालसाजी, ठगी सहित अन्य धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया है। थानाध्यक्ष अमित कुशवाहा ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर आरोपितों पर मुकदमा पंजीकृत किया है। इसकी जांच की जा रही है।

# कच्ची के धंधेबाजों पर कार्रवाई जारी, तोड़ी गईं 20 भट्ठियां

जागरण टीम, संतकबीर नगर : होली त्योहार को लेकर कच्ची के धंधेबाजों पर पुलिस व आबकारी विभाग की कार्रवाई जारी है। शनिवार को धनघटा और मेंहदावल क्षेत्र के चर्चित स्थानों पर छापेमारी की गई। इस दौरान कच्ची की 20 भट्ठियों को तोड़ा गया। इसके साथ ही एक हजार लीटर कच्ची बरामद की गई। टीम ने इस दौरान 40 क्विंटल से अधिक लहन नष्ट किए।

जिला आबकारी अधिकारी राम प्रकाश तिवारी और धनघटा की क्षेत्राधिकारी दीपांशी सिंह राठौर के निर्देशन तथा प्रभारी निरीक्षक जयवर्धन सिंह के नेतृत्व में क्षेत्र से होकर बहने वाली सरयू नदी के किनारे माझा क्षेत्र में अवैध कच्ची की 18 भट्ठियां, करीब 40 क्विंटल लहन व बड़ी मात्रा में कच्ची नष्ट किया गया। पिछले कुछ दिनों से चल रही कार्रवाई में 45 से अधिक भट्ठियां, 10 टन से अधिक लहन और हजारों लीटर कच्ची नष्ट किया जा चुका है। वैसे अभी भी क्षेत्र में बड़े पैमाने पर कच्ची की भट्ठियां धधक रहीं हैं।

वहीं क्षेत्राधिकारी मेंहदावल राजीव कुमार यादव व प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र कुमार सिंह के नेतृत्व में क्षेत्र के करहना गांव में कच्ची बनाने वाले धंधेबाजों के विरुद्ध अभियान चलाया गया। इसमें गावं के सूनसान मकान से कच्ची बनाने की दो भट्ठियां और करीब पांच क्विंटल लहन और बड़े पैमाने पर कच्ची को नष्ट किया गया। इस दौरान दो आरोपितों शिवचन्दर व बाबूराम राजू को 10-10 लीटर कच्ची के साथ गिरफ्तार किया गया।



मेंहदावल के करहना गांव में कच्ची के खिलाफ कार्रवाई करती पुलिस • जागरण

अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह का कहना है कि किसी भी दशा में जिले में कच्ची नहीं बनने और बिकने दी जाएगी। ऐसा करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस का यह अभियान लगातार जारी रहेगा। कच्ची के धंधे में जो भी शामिल होगा उसे बख्शा नहीं जाएगा।

# नाबालिग को भगाने वाला दबोचा गया

संतकबीर नगर : मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं पर अपराधों के रोकथाम के क्रम में बहला फुसलाकर बालिका को भगाने व पाक्सो एक्ट के मामले के आरोपित दुर्गेश यादव को गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया। वह एक व्यक्ति की नाबालिग पुत्री को गत 19 फरवरी को बहला फुसलाकर भगा ले गया था।

## कोर्ट के आदेश पर प्रधान समेत तीन लोगों पर मुकदमा दर्ज

बेलहर। कोर्ट के आदेश पर शनिवार शाम को पुलिस ने क्षेत्र के कटया के प्रधान, सचिव और तकनीकी सहायक के खिलाफ जालसाजी का केस दर्ज किया। विनोद कुमार पांडेय पुत्र बालगोविंद पांडेय का आरोप है कि वर्ष 2022 में ग्राम प्रधान, सचिव व तकनीकी सहायक ने मिलीभगत करके गांव में मेड़बंधी का कार्य बिना कराए ही भुगतान ले लिया। जिसकी शिकायत लोकपाल से की गई। बेलहर थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की गई थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। बाद में पुलिस अधीक्षक को जरिए रजिस्ट्री भेजी गई,लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। संवाद

# त्योहार पर किया उपद्रव तो होगी कड़ी कार्रवाई : जिलाधिकारी

**जासं, धनघटा, संतकबीर नगर :** जिलाधिकारी संदीप कुमार ने शनिवार को धनघटा कस्बे में एसपी सत्यजीत गुप्ता के साथ पैदल मार्च किया। अधिकारियों ने लोगों से परंपरागत रूप से शांतिपूर्वक त्योहार मनाने की अपील करने के साथ ही गड़बड़ी करने का प्रयास करने वालों पर सख्त कार्रवाई का संदेश दिया। डीएम ने कहा कि होली प्यार का त्योहार है। पर्व पर यदि किसी ने उपद्रव किया तो उससे सख्ती से निपटा जाएगा।

धनघटा थाने पर डीएम व एसपी ने शनिवार को क्षेत्र के गणमान्य लोगों के साथ बैठक करके सभी को सक्रिय रहने को कहा। इसके बाद पुलिस कर्मियों के साथ दोनों अधिकारी कस्बे में पैदल मार्च के लिए निकल पड़े। नुक्कड़ों पर मौजूद लोगों से जिलाधिकारी ने कहा कि होली शांति और सद्भाव का संदेश देने वाला त्योहार है। नशा की हालत में विवाद करने अथवा अफवाह फैलाकर उपद्रव पैदा करने का प्रयास करने वालों के विरुद्ध पुलिस सख्ती से पेश आएगी। एसपी ने कहा कि पुलिस बल पूरी तरह से सक्रिय रहकर क्षेत्र का जायजा लेती रहेगी। समाज में विवाद पैदा करने का प्रयास करने वालों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि अफवाहों पर खुद सक्रिय होने के बजाय पुलिस को सूचना देनी चाहिए।



धनघटा कस्बे की सड़कों पर पैदल मार्च करते डीएम संदीप कुमार और एसपी सत्यजीत गुप्ता● जागरण

# घायल तीन महिलाओं को पहुंचाया अस्पताल

**संतकबीरनगर** : मेंहदावल थाना क्षेत्र के मिश्रौलिया में पीआरवी टीम को दो पक्षों में मारपीट व विवाद होने से तीन महिलाओं के घायल होने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही कांस्टेबल मयंक शेखर राय तथा चालक विनोद पांडेय घटनास्थल पर पहुंचे। वहां पहुंचकर विवाद को शांत कराकर घायल महिलाओं को एंबुलेंस की सहायता से अस्पताल में भर्ती कराया। घटना के संबंध में थाना मेंहदावल को अवगत कराया। (जासं)

# 47 वाहनों से 39 हजार शमन शुल्क वसूले

**संतकबीर नगर** : मोटर वाहन अधिनियम के तहत सभी थाना क्षेत्रों में बैंक, वाहन, संदिग्ध व्यक्तियों की जांच के दौरान समस्त प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्ष व प्रभारी यातायात द्वारा मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्यवाई करते हुए 47 वाहनों से 39,000 रुपये सम्मन शुल्क वसूल किया गया। पुलिस ने हेलमेट व चार पहिया वाहन के सीटबेल्ट की जांच की। (जासं)

# आरोपित का नाम हटाने के विरोध में प्रदर्शन

**जासं, धनघटा ,संतकबीर नगर :** धनघटा थाना क्षेत्र के बारीडीहा गांव में दो पक्षों के विवाद में बीचबचाव करने गए एक व्यक्ति को पीटकर घायल कर दिए जाने का मामला प्रकाश में आया था। पीड़ित की उपचार के दौरान मृत्यु हो जाने के बाद पुलिस ने उसके स्वजन की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया था। आरोप है कि पुलिस ने जांच के दौरान एक आरोपित का नाम मुकदमा से हटा दिया। इसे लेकर आक्रोशित ग्रामीणों ने शनिवार को तहसील पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद अधिकारियों को दिए गए प्रार्थना पत्र में उमा पुत्री रामसागर निवासी बारीडीह का आरोप है कि विवाद छुड़ाने गए उनके चचेरे भाई अरुण पुत्र प्रेमचंद को लोगों ने मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। उन्हें लखनऊ मेडिकल कालेज में उपचार के लिए भर्ती करवाया गया था, वहीं उनकी मृत्यु हो गई थी। मामले में पुलिस ने मुकदमा तो दर्ज किया परंतु जांच के दौरान आरोपित का नाम हटा दिया गया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पुलिस इस मामले में बिकी हुई है। यदि न्याय नहीं हुआ तो गांव के लोग जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन करेंगे।

# अध्यक्ष व महामंत्री समेत पांच लोगों पर मुकदमा दर्ज

जागरण संवाददाता, संतकबीर नगर : अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को एचआरपीजी कालेज में चल रहे विदाई समारोह के दौरान एक कार्यकर्ता के साथ मारपीट की घटना को लेकर कालेज के छात्रसंघ के अध्यक्ष व महामंत्री समेत पांच लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है।

कालेज के छात्र अंबेश कुमार ने कोतवाली खलीलाबाद में दिए गए प्रार्थना पत्र में लिखा है कि तीन मार्च को कालेज के राजनीति विभाग का विदाई समारोह चल रहा था। इसी बीच छात्रसंघ अध्यक्ष शैलेन्द्र यादव व महामंत्री प्रदीप यादव तीन अन्य साथियों के साथ पहुंचकर विभाग में हमारे साथ गाली गलौज करके हाथापाई करने लगे।

आरोपितों ने विदाई समारोह में बाधा उत्पन्न करते हुए कार्यक्रम के लिए इकट्ठा किया हुआ 1300 रुपया निकाल लिया। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। इस दौरान हमें गंभीर चोटें भी आई हैं।

# कोर्ट के आदेश पर ट्रक चोरी का मुकदमा दर्ज

धनघटा। महुली पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर ट्रक चोरी के मामले में अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया।

बस्ती जनपद के मुंडेरवा क्षेत्र के हुसेनउर गांव निवासी दिलीप कुमार पुत्र पुरुषोत्तम का आरोप है कि उसका ट्रक नाथनगर स्थित एक ढाबा के सामने खड़ा था। एक अक्तूबर 2022 की रात आठ से दस बजे के बीच ट्रक चोरी हो गया। इसकी सूचना थाने पर दी गई, लेकिन मुकदमा दर्ज नहीं किया गया। मजबूरी में कोर्ट की शरण लेनी पड़ी। एसओ संतोष मिश्रा ने बताया कि अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरु कर दी गई है। संवाद

# अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ आईटी एक्ट का केस दर्ज

धनघटा। महुली क्षेत्र की रहने वाली युवती को इंस्ट्राग्राम पर अपशब्द कहने और अपमानित करने का आरोप लगा है।

पीड़ित पिता का आरोप है कि किसी व्यक्ति ने इंस्ट्राग्राम पर अकाउंट आईडी बनाकर उसकी बेटी की फोटो शेयर करते हुए अपशब्द, धमकी व अश्लील शब्दों का प्रयोग किया। जिससे वह और बेटी की बेइज्जती हुई। एसओ संतोष मिश्र ने बताया कि अज्ञात के खिलाफ आईटी एक्ट का मुकदम दर्ज कर जांच शुरु कर दी गई है। संवाद

# गड़बड़ी करने वालों पर होगी सख्ती



शांति कमेटी की बैठक को संबोधित करते अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह, एडीएम अभिनव ● जागरण

**जागरण टीम, संतकबीर नगर :** होली त्योहार को लेकर अधिकारी सक्रिय हो गए हैं। लगातार बैठक करके लोगों को जागरूक किया जा रहा है। होली को आपसी भाईचारे और सौहार्द के रूप में मनाने की अपील की जा रही है। जगह-जगह शांति कमेटी की बैठकें की जा रही हैं।

जिलाधिकारी संदीप कुमार ने धनघटा तहसील परिसर में शांति कमेटी की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि त्यौहार के दौरान गड़बड़ी पैदा करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान उप जिलाधिकारी रवींद्र कुमार, क्षेत्राधिकारी दीपांशी राठौर, प्रभारी निरीक्षक धनघटा जयवर्धन सिंह, प्रभारी निरीक्षक महुली संतोष कुमार मिश्र सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

इसी क्रम में मेंहदावल थाना परिसर में आयोजित पीस कमेटी की बैठक को संबोधित करते हुए अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह और अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव ने कहा कि रंगों के त्योहार पर हुड़दंग मचाने वालों को जेल भेजा जाएगा। त्योहार प्रेम और सौहार्द के प्रतीक होते हैं, इसे भाईचारे के साथ ही मनाएं। परंपरागत तरीके से ही होलिका दहन होगा, इसका पुलिस प्रशासन दोनों का ख्याल रखेंगे।

नई जगह पर होलिका दहन कदापि नहीं होगा। सरकारी अभिलेखों में पहले से दर्ज स्थानों पर ही होलिका जलेगी। अधिकारियों ने कहा कि यह सूफी संत कबीर की धरती है। जहां से पूरे विश्व को आपसी प्रेम व सौहार्द का संदेश जाता है। इस दौरान एसडीएम योगेश्वर सिंह, सीओ राजीव कुमार, थानाध्यक्ष रविंद्र कुमार सिंह, प्रवीण कुमार, ओम प्रकाश यादव, संजीव यादव अमित सिंह, नवतेज सिंह, बृजेश सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे। इसके साथ ही त्योहारों को सकुशल संपन्न कराने को लेकर क्षेत्राधिकारी, चौकी प्रभारी तथा थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ अपने-अपने क्षेत्र में सतर्क दृष्टि बनाए रखते हुए पैदल गश्त कर रहे हैं।

# 'शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं त्योहार'

संवाद न्यूज एजेंसी

## मेंहदावल थाना परिसर में शांति समिति की हुई बैठक

मेंहदावल। थाना परिसर में शनिवार को शांति समिति की बैठक अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव की अध्यक्षता में हुई। इसमें उन्होंने कहा कि रंगो के त्योहार होली पर हुड़दंग मचाने वालों को जेल भेजा जाएगा। त्योहार प्रेम और सौहार्द के प्रतीक होते हैं इसे भाईचारे के साथ ही मनाएं। शांति भंग करने का प्रयास जो भी करेंगे उनके विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने कहा कि नई जगह पर होलिका दहन कदापि नहीं होगा। सरकारी अभिलेखों में पहले से दर्ज स्थानों पर ही होलिका दहन होगा। होली के दिन यदि कोई भी अराजक तत्व हुड़दंग करते हुए पाया जाए या शांति भंग करने का प्रयास करें ऐसे तत्वों के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई की जाए। अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह तथा एसडीएम योगेश्वर सिंह ने कहा कि शांति के साथ त्योहार मनाएं।

यह सूफी संत कबीर की धरती है जहां से पूरे विश्व को आपसी प्रेम व सौहार्द का संदेश जाता है। ऐसे में हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है आपस में मिलकर प्रेम, भाईचारे के साथ त्योहार मनाए और प्रशासन का शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें, जो भी अराजक तत्व शांति भंग करने का प्रयास करेगा उसके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। कहा कि सादी वर्दी में पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे।

साथ ही प्रत्येक होलिका दहन व जुलूस का वीडियो रिकॉर्डिंग कराया जाएगा।

# डीएम-एसपी ने धनघटा में पैदल मार्च कर लोगों कराया सुरक्षा का अहसास

संतकबीरनगर। होली और शबेबरात के मद्देनजर डीएम संदीप कुमार और एसपी सत्यजीत गुप्त ने शनिवार को धनघटा क्षेत्र में पैदल मार्च किया। इस दौरान धनघटा थाने पर पीस कमेटी की बैठक में लोगों से शांतिपूर्वक पर्व मनाने की अपील की। धनघटा थाना क्षेत्र के धनघटा बाजार के प्रमुख मार्गों तथा भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पैदल मार्च करते हुए अधिकारियों ने व्यापारियों, राहगीरों को कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था के प्रति आश्वस्त किया। संवाद

# कई बार लगा चुका हूं चक्कर, नहीं दूर हुई समस्या

## जनपद की तीनों तहसीलों में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंचे 252 फरियादी, केवल 13 की समस्या सुलझी

अमर उजाला लाइव

संवाद न्यूज एजेंसी

**संतकबीरनगर।** लोगों की समस्याओं का तहसील स्तर पर ही निस्तारण करने के लिए शनिवार को तीनों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान कुल 252 मामले पहुंचे। इनमें से मौके पर सिर्फ 13 यानी पांच प्रतिशत का ही निस्तारण हो सका। ज्यादातर फरियादियों का कहना था कि वे समाधान दिवस में तीन से लेकर आठ बार तक प्रार्थना पत्र दे चुके हैं लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ।

खलीलाबाद में रास्ता अवरुद्ध किए जाने की शिकायत लेकर पहुंचे वृद्ध फरियादी अचानक रो पड़े तो अधिकारी अवाक रह गए। एसडीएम ने गंभीरता दिखाते हुए लेखपाल को पुलिस की मदद से समस्या का निस्तारण कराए जाने का निर्देश दिया।

सीडीओ संतकुमार ,एसडीएम सदर रमेश चंद्र और सीओ अंशुमान

### ज्यादातर फरियादी तीन से आठ बार तक समाधान दिवस में दे चुके हैं प्रार्थना पत्र

मिश्र पूर्वाह्न दस बजे खलीलाबाद तहसील सभागार में पहुंचे और फरियादियों की समस्याएं सुनने लगे। इसी दौरान पैलीखास के रहने वाले 61 वर्षीय सुरेंद्र तिवारी पहुंचे और प्रार्थना पत्र देते हुए रो पड़े। जिससे सीडीओ, एसडीएम आदि अधिकारी अवाक रह गए। शिकायतकर्ता का आरोप है कि उनके और पट्टीदार के घर के बीच में गली में है। 60 वर्षों से गली से आना-जाना होता है। गली की जमीन में आधा-आधा दोनों लोगों का हिस्सा है। आरोप है कि पट्टीदार गली पर अतिक्रमण कर रास्ते को अवरुद्ध कर दे रहे हैं। जिससे उनके परिवार के लोगों को आने-जाने में परेशानी हो रही है। परेशान हाल में वह रो पड़े।

एसडीएम ने लेखपाल ममता त्रिपाठी से प्रकरण के बारे में पूछताछ की। लेखपाल ने बताया कि जमीन आबादी की है। इसकी पैमाइश नहीं हो सकती है। इस समस्या को पुलिस की मदद से हल कराया जाएगा।

बड़ी सरौली निवासी मोहम्मद हमीद ने प्रार्थना पत्र दिया। आरोप लगाया कि खलीलाबाद तहसील निर्माण के दौरान उनकी 142 एयर जमीन ली गई थी, लेकिन उसके बदले में उन्हें जमीन अभी तक नहीं दी गई। शिकायत करते-करते थक गए। पांच डीएम भी बदल चुके, लेकिन उसकी समस्या का समाधान नहीं हो पाया। मोहिद्दीनपुर निवासी मोहम्मद शफीक ने बताया कि वर्ष 2016 से वह राशन कार्ड बनवाने के लिए परेशान हैं। इसके लिए तीन बार प्रार्थना पत्र दे चुके हैं, लेकिन उसका राशन कार्ड नहीं बन पा रहा है। एसडीएम ने राशन कार्ड बनवाने का आश्वास दिया। इस दौरान कुल 92 मामले आए और सिर्फ तीन मामले का ही निस्तारण हो पाया।

धनघटा संवाददाता के अनुसार विकास खंड हैंसर बाजार के दुघरा उर्फ खैरा गांव निवासी लालमति का कहना था कि उनके गांव के सामुदायिक शौचालय पर हमेशा ताला बंद रहता है। जिससे उसका प्रयोग गांव के लोग नहीं कर पा रहे हैं। ताला खुलवाने के लिए तीन बार ब्लॉक और संपूर्ण समाधान दिवस में प्रार्थना पत्र दे चुकी हैं, लेकिन समस्या ज्यों की त्यों पड़ी हुई है।

झिगुरापार गांव निवासी राधेश्याम का कहना था कि खाद गड्ढे की जमीन की पैमाइश कराए जाने के लिए कम से कम आठ बार संपूर्ण समाधान दिवस में प्रार्थना पत्र दे चुके हैं, लेकिन पैमाइश नहीं कराई जा रही है। दीपपुर गांव निवासी पवन कुमार ने प्रधानमंत्री आवास की मांग की। संपूर्ण समाधान दिवस में फरियाद लेकर आए रामसमुझ, कोलाहल, रत्नेश कुमार, जयचंद आदि का कहना था कि संपूर्ण समाधान दिवस में प्रार्थना पत्र दे दिया जाता है। अधिकारी कर्मचारी कागज में समस्या का निस्तारण कर देते हैं। जबकि मौके पर समस्या जस की तस बनी रहती है।

यहां कुल 26 लोगों ने आवेदन पत्र दिया, लेकिन दो मामले निस्तारित किए गए। मेंहदावल संवाददाता के अनुसार एडीएम अभिनव रंजन श्रीवास्तव और एएसपी संतोष कुमार सिंह ने फरियादें सुनीं। यहां 36 मामले आए और आठ मामलों का निस्तारण हो पाया।



धनघटा तहसील में फरियाद सुनते डीएम संदीप कुमार व अन्य। संवाद



मेंहदावल तहसील में फरियादियों की समस्या सुनते एडीएम। संवाद

### साहब! प्रधानाध्याक ने रोक रखा है मानदेय

धनघटा तहसील सभागार में डीएम संदीप कुमार और एसपी सत्यजीत गुप्ता ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं। विकास खंड नाथनगर झिगुरापार गांव निवासी तेरसा देवी ने प्रार्थना पत्र देकर कहा कि प्राथमिक विद्यालय पर वह रसोईया हैं। प्रधानाध्यापक उनके मानदेय को रोके हुए हैं और रजिस्टर की फोटो कॉपी मांगने पर आनाकानी कर रहे हैं। इस समस्या के समाधान के लिए संपूर्ण समाधान दिवस में चौथी बार प्रार्थना पत्र देने आई हैं।

# बस ने ट्रक में मारी टक्कर, महिला परिचालक की मौत

## राष्ट्रीय राजमार्ग पर रैना पेपर मिल के पास हुआ हादसा, बस की रफ्तार अधिक होने से चालक ने खोया नियंत्रण

संवाद न्यूज एजेंसी

**संतकबीरनगर।** राष्ट्रीय राजमार्ग पर रैना पेपर मिल के पास शुक्रवार की रात तेज गति की रोडवेज बस अनियंत्रित होकर आगे चल रही ट्रक से टकरा गई। हादसे में बस की महिला परिचालक की मौत हो गई।



नेहा यादव (फाइल फोटो)

मां-बेटे समेत आठ यात्री घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस से जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां से एक घायल यात्री को प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने मेडिकल कॉलेज गोरखपुर रेफर कर दिया।

गोरखपुर के राप्ती नगर डिपो की रोडवेज बस शुक्रवार को यात्रियों को लेकर लखनऊ से गोरखपुर जा रही थी। रात करीब ढाई बजे राष्ट्रीय राजमार्ग पर रैना पेपर मिल के पास तेज गति से चल रही बस का चालक नियंत्रण खो बैठा।

इससे बस ने आगे चल रही ट्रक में टक्कर मार दी। हादसे में बस की परिचालक नेहा यादव (28) निवासी खुर्रमपुर राजघाट गोरखपुर की मौत हो गई। जबकि रवि चतुर्वेदी पुत्र प्रमोद चतुर्वेदी निवासी बड़हलगंज गोरखपुर, विक्रम प्रसाद पुत्र हेमराज निवासी महुई सिकरीगंज गोरखपुर, चंद्र बहादुर पुत्र सोन बहादुर निवासी कैंट लखनऊ, अफजल खान निवासी धनहा थाना श्यामदेउरवा महराजगंज, चंद्रावती पत्नी आशुतोष निवासी पीपीगंज गोरखपुर, रवि मिश्रा पुत्र विंध्याचल निवासी विंद्रवलिया भटनी देवरिया, नीतू सिंह पत्नी सुनील निवासी अशोकनगर शाहपुर गोरखपुर और शिवेंद्र सिंह पुत्र सुनील सिंह निवासी अशोकनगर शाहपुर गोरखपुर घायल हो गए। हादसे के बाद यात्रियों की चीख-पुकार मच गई। किसी ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर कोतवाल सर्वेश राय, मगहर चौकी इंचार्ज रजनीश राय पुलिस कर्मियों के साथ मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने घायलों को एबुलेंस से जिला अस्पताल पहुंचाया।

डॉक्टरों ने घायल रवि मिश्रा को प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज गोरखपुर रेफर कर दिया। बस के यात्री शिवेंद्र सिंह ने बताया कि हादसे में उनके साथ मां भी घायल हुई हैं। बस में करीब 30-32 यात्री सवार थे। बस में सवार अधिकांश यात्री सो रहे थे। हादसे की वजह का जिक्र करते हुए बताया कि बस का चालक इतनी तेज गति से बस चला रहा था कि नियंत्रण खो बैठा और आगे चल रही ट्रक से टकरा गया। हादसे के कारण जोरदार आवाज हुई तो आसपास के लोग जुट गए। बाद में पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया।



सड़क हादसे में घायल को अस्पताल ले जाते पुलिस कर्मी। संवाद



सड़क हादसे में क्षतिग्रस्त पिंक बस। संवाद

GONDA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 05-03-2023

# शिक्षक पर रेप व परिजनों पर मारपीट का केस दर्ज

**कार्रवाई**

- एसपी के आदेश के बाद पुलिस की कार्रवाई
- प्रेमजाल में फंसाकर शोषण का आरोप

धानेपुर, संवाददाता। एसपी के आदेश पर धानेपुर पुलिस ने महिला की शिकायत पर शिक्षक पर दुष्कर्म करने का मामला दर्ज किया है, जबकि परिवार वालों पर बलवा, मारपीट व धमकाने का मामला दर्ज किया गया है।

धानेपुर थाना क्षेत्र की एक महिला के मुताबिक गांव के सरकारी शिक्षक राकेश मणि कश्यप ने उसे अपने प्रेम जाल में फंसा लिया। आरोप है कि बहलाफुसलाकर किराये के मकान में उसके साथ पति-पत्नी की तरह रहने लगा। कुछ महीने से उनसे किनारा कर लिया। महिला के मुताबिक उसने अपना वैवाहिक रिश्ता भी शिक्षक के कहने पर तोड़ दिया। पिछले 10 वर्षो से वह राकेश मणि कश्यप के साथ अलग-अलग स्थानों पर पत्नी की तरह रही। इस दौरान उसे कई बार गर्भधारण भी हुआ और राकेश ने गर्भपात करा दिया। 17 दिसंबर 2013 को उसकी दवा कराने के बहाने नसबंदी करा दी गई। जानकारी होने पर जब उसने विरोध किया जान से मारने की धमकी देकर मामले को दबा दिया।

बीते 10 अक्टूबर 2022 को आरोपी स्वयं की दवा कराने के बहाने उनके पास से चला गया और फिर निज निवास में रहने लगा। वह जब बीते 6 दिसंबर को उसके घर गई तो वहां पर मौजूद परिवार के सदस्यों ने अपशब्द कहते हुए लाठी-डंडे लेकर जान से मारने के लिए दौड़ा लिया। थानाध्यक्ष ब्रह्मानंद सिंह ने बताया एसपी के आदेश के क्रम में राकेश कश्यप और उसके भाई करुणेश मणि कश्यप समेत परिवार के अन्य लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया गया है। इस संबंध में पुलिस का कहना है कि आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# पयागपुर की गैस एजेंसी पर केस दर्ज

गोण्डा, संवाददाता । बहराइच के पयागपुर कस्बे की गैस एजेंसी गोंडा शहर मे न सिर्फ गैस बेच रही थी बल्कि उसने शहर के लोगों को कनेक्शन देकर अपना ग्राहक भी बना लिया।आपूर्ति महकमे और भारत गैस कम्पनी के सेल्स अफसर ने रिपोर्ट जिलाधिकारी को दी।

डीएम डॉ. उज्ज्वल कुमार ने काला बाजारी का मुक़दमा चलाने की अनुमती दे दी। तीन लोगों पर नगर कोतवाली में मुक़दमा दर्ज कराया गया है।इसमें राजाजीपुरम लखनऊ निवासी एजेंसी मालकिन अर्चना देवी, बसनेरा पयागपुर बहराइच निवासी पंकज वाहन चालक व बरियापुरवा गोंडा निवासी महेश कुमार वाहन स्वामी पर मुक़दमा दर्ज किया है। गाड़ी से बरामद 64 सिलेंडर को शहीद सत्य वान गैस एजेंसी के सुपुर्द किया गया है।

# शिकंजा: किशोरी से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार किया

**सख्ती**

धानेपुर संवाददाता। थाना क्षेत्र की एक किशोरी के साथ दुष्कर्म करने के एक और आरोपी को धानेपुर पुलिस ने उसके घर से गिरफ्तार कर जेल भेजा है। धानेपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली किशोरी अक्सर गांव से कुछ दूरी पर स्थित एक ईंट भट्टे के पास अपनी बकरी चराने आया करती थी। इसी दौरान भट्ठा मजदूर के संपर्क में आ गई और मजदूर बहला-फुसलाकर नवाबगंज थाना क्षेत्र के अपने रिश्तेदार के यहां ले जाकर उसके साथ मिलकर बारी-बारी से दुष्कर्म किया। थानाध्यक्ष ब्रह्मानंद सिंह ने बताया कि गैंगरेप के आरोपी श्याम राज वर्मा निवासी किसुनदासपुर सुकुल पुरवा थाना नवाबगंज को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया गया था। पुलिस का कहना है कि आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

## विवाहिता से दुराचार के आरोपी को पकड़ा

छपिया। विवाहिता के साथ दुराचार के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजने का दावा किया है। प्रभारी निरीक्षक सतानन्द पांडेय ने बताया विवाहिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया था। उन्होंने बताया कि जय सिंह यादव ग्राम झलहना वासुदेव पुर गन्ट को चौकी प्रभारी मसकनवां बृजेश गुप्ता मसकनवां, धर्मेन्द्र सिंह, राम गोपाल गुप्ता, ने प्रताप पुर मौजा वासुदेवपुर मसकनवां से गिरफ्तार किया।

# गांजा संग पकड़ा

गोण्डा। वजीरगंज पुलिस ने आरोपी वासिद निवासी पलठेढ़ी थाना गढ़ी पुख्ता जिला शामली को 650 ग्राम अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार कर लिया है। एसओ प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि रात्रि गश्त के दौरान उप निरीक्षक शिवलखन सिंह, आशीष यादव, रमेश यादव, गौरव बरनवाल ने दयानंद स्कूल के सामने आरोपी को गिरफ्तार किया है।

# रंजिश में पक्षों में मारपीट, मुकदमा

मोतीगंज, संवाददाता। थाना क्षेत्र के सीहागांव के मजरे अंधरोरा गांव में शनिवार को दो पक्षों में कहासुनी के बाद जमकर मारपीट हो गई। इस मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है ।

बताया जाता है कि गांव निवासी सूरज वर्मा व सुनील वर्मा की काफी दिनों से पुरानी रंजिश चल रही थी। शनिवार को आपसी कहासुनी के बाद दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। सूरज वर्मा की तहरीर पर सुनील, अर्जुन ,चतुर्धन, राजेन्द्र व दूसरे पक्ष के सुनील वर्मा की तहरीर पर रंजीत, सूरज, जैसराज के ऊपर भी कार्रवाई की गई। इस संबंध में थानाध्यक्ष प्रबोध कुमार ने बताया कि पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में अंधरोरा गांव में मारपीट हो गई थी।

# भूमि धोखाधड़ी के दो आरोपी हुए गिरफ्तार

तरबगंज, संवाददाता। तरबगंज पुलिस ने धोखाधड़ी कर भूमि का फर्जी बैनामा कराने वाले व एक अन्य सहयोगी आरोपी को गिरफ्तार किया। एसओ मनोज पाठक ने बताया कि भोपतपुर में स्थित भूमि को कूट रचित दस्तावेजों के जरिए रामू निषाद निवासी रकसडिया परसपुर ने अग्नू बनकर बिक्री कर दी थी। भूमि को अजय कुमार सिंह ने क्रय किया था। जबकि जमीन ओमप्रकाश निवासी भोपतपुर की थी। जिसमें क्रेता अजय कुमार सिंह पुत्र राजेंद्र सिंह सुसैला व सुरेंद्र पुरवा धौराहरा घाट को चौकी प्रभारी भानपुर सोम प्रताप सिंह ने अपनी टीम के साथ गिरफ्तार किया।

# कोर्ट के आदेश पर दो महिलाओं समेत चार पर मुकदमा

**संसू, मनकापुर(गोंडा)** : न्यायालय के आदेश पर दो महिलाओ समेत चार लोगों के खिलाफ एससीएसटी एक्ट समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा लिखा गया है। भिटौरा गांव के मजरा सुब्बापुरवा की रहने वाली अनुसूचित जाति की कंचन ने कहा कि गांव के ही हरीश चंद्र, साहब लाल, हरीश चंद्र की पुत्री व लक्ष्मी उसके परिवार से जमीन विवाद है। परिवार वालों को दबाव में लेकर मकान पर कब्जा करना चाह रहे हैं। गत सितंबर में विपक्षी ने लाठी-डंडे से पिटाई कर दी। अभद्रता कर जाति सूचक गाली दी। प्रभारी निरीक्षक चितवन कुमार ने कहा न्यायालय के आदेश पर दो महिलाओं समेत चार के खिलाफ मुकदमा किया गया है।

यह और देश की अन्य खबरें
www.jagran.com पर पढ़ें

# मासूम से दुराचार के आरोपी को आजीवन कारावास

## अदालत से

गोण्डा, विधि संवाददाता। विशेष न्यायाधीश (पाक्सो एक्ट) चन्द्र मोहन चतुर्वेदी ने मासूम बालिका के साथ दुराचार करने के आरोपी को उम्रकैद व बीस हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड की अदायगी न करने पर छह माह की अतिरिक्त सज़ा भुगतनी होगी।

विशेष अभियोजक (पाक्सो एक्ट) अशोक कुमार सिंह व सुनील कुमार मिश्रा के अनुसार थाना खोड़ारे अंतर्गत पिपरा इस्माइल निवासी सनीश पुत्र संतराम के विरुद्ध वादिनी ने इस आशय की रिपोर्ट दर्ज कराई कि आरोपी वादी की छह वर्षीय मासूम पुत्री को बारह नवंबर 2021 की शाम करीब छह बजे बहला फुसलाकर बुला ले गए और उसके साथ दुराचार किया।

पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर प्रकरण की विवेचना करने के बाद आरोप पत्र अदालत पर भेज दिया। अदालत ने अभियोजन व बचाव पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलों को सुना तथा पत्रावली में उपलब्ध साक्ष्यों का गहन अवलोकन करने के पश्चात आरोपी को दुष्कर्म करने का दोषी करार देते हुए पाक्सो एक्ट के तहत उम्रकैद व बीस हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड की अदायगी न करने पर आरोपित को एक वर्ष की अतिरिक्त सज़ा भुगतनी पड़ेगी।

# अतिक्रमण ढहाएं तो फोर्स साथ ले जाएं

गोण्डा, हिटी। जिले की सभी तहसीलों में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। सदर तहसील सदर में डीएम डॉ. उज्ज्वल कुमार और एसपी आकाश तोमर ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं। तहसील सदर गोण्डा में कुल 123 प्रार्थपा पत्र प्राप्त हुये जिसमें 03 प्रार्थना पत्र का ही निस्तारण हुआ।

डीएम ने कहा कि अवैध अतिक्रमण के मामले में पुलिस फोर्स के साथ मौके पर जाकर निस्तारित कराना सुनिश्चित करें। साथ ही उन्होंने निर्देश दिए कि शिकायतकर्ताओं को मौके पर बुलाएं। इस अवसर पर सीएमओ डॉ. रश्मि वर्मा, नगर मजिस्ट्रेट अर्पित गुप्ता, एसडीएम सदर कुलदीप सिंह भी मौजूद रहे। वहीं, तरबगंज तहसील में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस सीडीओ एम अरुन्मोली की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। समाधान दिवस में कुल 56 शिकायतें प्राप्त हुई, एक शिकायत का मौके पर ही अधिकारियों ने निस्तारण कराया। चंद्र प्रकाश सिंह पकवान गांव ने ग्राम सभा के बंजर भूमि पर अवैध निर्माण की शिकायत की। इस दौरान तमाम अफसर मौजूद थे।




सदर तहसील में शनिवार को शिकायतें सुनते जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक

## महिला से दुष्कर्म, शिक्षक भाइयों समेत छह लोग नामजद

**धानेपुर (गोंडा)।** एसपी के आदेश पर शनिवार की देरशाम धानेपुर पुलिस ने दो शिक्षक भाइयों समेत छह लोगों के खिलाफ दुष्कर्म व मारपीट सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। क्षेत्र के एक गांव की निवासी महिला ने बताया कि उसके पति की मौत हो चुकी है। गांव के ही एक शिक्षक ने उसे शादी का झांसा देकर फंसा लिया और उसके साथ कई बार दुष्कर्म किया। थाने पर शिकायत करने पर गई, रिपोर्ट नहीं दर्ज की गई। जिस पर उसने एसपी से गुहार लगाई। थानाध्यक्ष ब्रहमानंद सिंह ने बताया कि राकेशमणि कश्यप, करुणेश मणि कश्यप, रुक्मिणी, खुशबू, माया व हर्षित के खिलाफ दुष्कर्म तथा मारपीट सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज किया गया है। (संवाद)

# वायरल अश्लील वीडियो के साक्ष्य जुटा रही पुलिस

संवाद न्यूज एजेंसी

**उमरीबेगमगंज (गोंडा)।** दसवीं की छात्रा के साथ दुष्कर्म कर उसका अश्लील वीडियो बनाकर वायरल करने के आरोपी को पुलिस ने शुक्रवार को संरक्षण में लिया है। आरोपी बालअपचारी को जुवेनाइल कोर्ट में पेश किया गया। पुलिस दूसरे आरोपी की तलाश के संग अश्लील वीडियो वायरल करने का साक्ष्य एकत्र करने में जुटी है। साक्ष्य बाद दूसरे आरोपी को दबोचेगी। पुलिस ने पीड़ित छात्रा को मेडिकल परीक्षण के लिए महिला अस्पताल भेजा है।

थाना क्षेत्र की रहने वाली 16 वर्षीय दसवीं की छात्रा के साथ एक बाल अपचारी ने दुष्कर्म किया था। बाल अपचारी ने दुष्कर्म का अश्लील वीडियो बनाकर अपने साथी को जरिए व्हाट्सएप भेज दिया। यहीं नही बालअपचारी के साथी ने अश्लील वीडियो इंस्टाग्राम व स्टेटस पर अपलोड कर दिया।

## दुष्कर्म के आरोपी बाल अपचारी को पुलिस ने लिया था संरक्षण में मुंबई जाएगी टीम

पुलिस ने शुक्रवार को आरोपी बाल अपचारी को संरक्षण में लेकर जुवेनाइल कोर्ट में पेश किया। दूसरे आरोपी की तलाश पुलिस टीम मुंबई जाएगी।

थानाध्यक्ष संजीव वर्मा ने बताया कि शुक्रवार को आरोपी बालअपचारी को संरक्षण में लेकर जुवेनाइल कोर्ट में पेश किया गया था। सोशल मीडिया पर वायरल अश्लील वीडियो का साक्ष्य जुटाया जा रहा है। साक्ष्य एकत्र करने के बाद बालअपचारी के साथी को उठाया जाएगा।

# छेड़खानी के मामले में चार के खिलाफ रिपोर्ट

**मनकापुर (गोंडा)।** अदालत के आदेश पर चार लोगों के खिलाफ छेड़खानी व दलित उत्पीड़न मामले में केस दर्ज किया गया। क्षेत्र की महिला ने स्थानीय कोतवाली में बताया कि गांव के हरीशचंद्र, दिनेश, नीलम व लक्ष्मी ने उसके घर में घुसकर मारपीट की। हरीश व दिनेश ने छेड़खानी की। गांव के अन्य लोगों के पहुंचने पर जातिसूचक गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दिए। पीड़िता ने बताया कि घटना की जानकारी एसपी व आईजी को भी दिया लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। अदालत ने मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया है। कोतवाल चितवन कुमार ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर दो महिलाओं समेत चार लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज किया गया है। (संवाद)

# गैस सिलिंडर की कालाबाजारी में तीन पर एफआइआर दर्ज

**संसू, गोंडा :** बहराइच के पयागपुर स्थित एक गैस एजेंसी से कालाबाजारी के लिए गैस सिलिंडर लाए जाने की सूचना पर पूर्ति विभाग की टीम ने छापेमारी कर 64 सिलिंडर बरामद कर लिए। पूर्ति निरीक्षक की तहरीर पर एजेंसी संचालक समेत तीन लोगों पर नगर कोतवाली में मुकदमा किया गया है।

जिला पूर्ति अधिकारी कृष्ण गोपाल पांडेय ने बताया कि उन्हें सूचना मिली कि बहराइच से रसोई गैस सिलिंडर लाकर नगर के बरियारपुरवा में बेचा जा रहा है। इस पर उन्होंने क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी रविंदर सिंह व पूर्ति निरीक्षक जुगल किशोर को जांच के लिए भेजा गया। वहां भारत गैस पेट्रोलियम के विक्रय अधिकारी भी मौजूद रहे। बरियारपुरवा में एक पिकअप पर 43 भरे व 21 खाली सिलिंडर पाए गए। पिकअप चालक पंकज से जानकारी ली गई तो वह सही जानकारी नहीं दे सका। पिकअप के मालिक महेश कुमार से भी जानकारी ली गई तो वह भी टालमटोल करता रहा और सिलिंडर के बारे में जानकारी नहीं दे सके। इसके बाद पूरे प्रकरण की जानकारी की गई। जिलाधिकारी की अनुमति के बाद पूर्ति निरीक्षक जुगल किशोर की तहरीर पर बसनेरा भारत गैस एजेंसी पयागपुर बहराइच की संचालक अर्चना, पिकअप चालक पंकज व पिकअप के मालिक महेश कुमार निवासी बरियारपुरवा के खिलाफ नगर कोतवाली में मुकदमा किया गया है। प्रभारी निरीक्षक नगर कोतवाली ने कहा कि मुकदमा लिखकर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# 'शांतिपूर्ण मनाएं होली'

**परसपुर (गोंडा)** : पारसपुर थाने में शनिवार को एक बैठक हुई। बैठक में सीओ कर्नलगंज नवीना शुक्ला ने कहा कि होली रंगों का त्योहार है। सारे गिले शिकवे भूलकर आपसी सौहार्द के साथ पर्व मनाएं। उन्होंने चिह्नित राजाटोला, कुड़ियाव कटैला, भौरीगंज में होलिका दहन के दिन पुलिस बल तैनात करने के निर्देश दिए। बैठक में निवर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष पति वासुदेव सिंह, रामदेव, अंशू शुक्ल, शरीफ ने भी अपनी बात रखी। (संसू)



सीओ नवीना शुक्ला

# तहसीलदार का पेशकार पांच हजार रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार

**संवादसूत्र, गोंडा :** एंटी करप्शन की टीम ने तहसीलदार तरबगंज के पेशकार को बैनामा दाखिल खारिज के लिए पांच हजार रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। संबंधित के खिलाफ नवाबगंज में एफआइआर कराई गई है।

नवाबगंज के महंगूपुर निवासी कृष्ण भूषण पांडेय ने दो बीघा जमीन का बैनामा तीन साल पहले कराया था। दाखिल खारिज के लिए तहसीलदार तरबगंज के पेशकार संतोष कुमार रावत ने शराब व पैसे की मांग की थी। पीड़ित ने परेशान होकर एंटी करप्शन टीम से शिकायत की थी।

शनिवार को एंटी करप्शन की टीम ने पेशकार को तरबगंज चौराहे पर पांच हजार रुपये लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। एसडीएम तरबगंज शत्रुघ्न पाठक ने कहा कि एंटी करप्शन की टीम तहसीलदार के पेशकार को लेकर गई है, किस प्रकरण में क्या कार्रवाई हुई है, इसकी जानकारी नहीं है।

# फर्जीवाड़े की जांच में एसआइटी के सहयोग में लगाए गए 13 लेखपाल

**राजस्व अभिलेखों को खंगालने के साथ विवादित भूमि का टीम कर रही स्थलीय सत्यापन, आरोपित की तलाश में कर रही छापेमारी**

**संसू, गोंडा :** भूमि बैनामा वसीयत में हुए फर्जीवाड़े की जांच कर रही राज्य विशेष अनुसंधान दल (एसआइटी) के सहयोग के लिए 13 लेखपालों को लगाया गया है। एसआइटी की टीम ने जिले में डेरा डाल रखा है।

सदर तहसील के 13 मुहल्ले व गांव में फर्जीवाड़ा से संबंधित भूमि स्थित है। यह भूमि किस स्थान पर है और वहां की मौजूदा स्थिति के साथ किसके कब्जे में है इसकी तहकीकात एसआइटी कर रही है। विवेचना के क्रम में एसआइटी को चिह्नित भूमि का स्थलीय निरीक्षण करना है। इसी के मद्देनजर एसडीएम सदर कुलदीप सिंह ने एसआइटी की विवेचना में सहयोग के लिए 13 लेखपालों को लगाया है। पिपरा बाजार के लिए लेखपाल विजय सिंह, साहबगंज बड़गांव के लिए रामबहादुर पांडेय, पृथ्वीपालगंज ग्रंट के ननकऊ प्रसाद चौहान, सदर तहसील व छावनी सरकार के लिए पवन कुमार सिंह, विरवा बभनी के लिए कपिल देव, राधाकुंड शहर व गिर्द गोंडा के लिए संतोष कुमार पांडेय, इमिलिया गुरुदयाल के लिए गिरीश यादव, संझवल व भवानीपुर कला के लिए राम लखन मौर्या, माधवपुर चकत्ता के लिए देवेंद्र नाथ, पंतनगर- फोरबिसगंज के लिए लेखपाल अभय प्रताप को लगाया गया है। एसआइटी टीम के सदस्यों ने उप निबंधक कार्यालय, सदर तहसील व नगर पालिका परिषद कार्यालय से संबंधित राजस्व अभिलेखों को एकत्र किया। कर्मियों व अधिकारियों से पूछताछ की। वहीं भूमि बैनामा वसीयत में हुए फर्जीवाड़ा के कई आरोपितों की तलाश में छापेमारी की। आरोपित उर्मिला के कई ठिकानों पर छापेमारी की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। फर्जीवाड़ा के मामले में पांच आरोपितों को पुलिस पूर्व में गिरफ्तार कर चुकी है।

# तरबगंज तहसीलदार का पेशकार घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार

**तरबगंज/गोंडा।** तहसीलदार तरबगंज के पेशकार व वरिष्ठ सहायक लिपिक संतोष रावत को गोरखपुर से आई एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने पांच हजार रुपये घूस लेते रंगे हाथ धर दबोचा।

शनिवार देर रात तरबगंज के एक व्यक्ति की शिकायत पर एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने रणनीति तैयार की। रात आठ बजे के बाद तरबगंज चौराहे पर स्थित पान की दुकान पर तहसीलदार पुष्कर मिश्र के पेशकार संतोष पहुंचे। उन्होंने एक मामले के निस्तारण के लिए घूस की बात तय कर रखी थी। जैसे ही घूस की रकम शिकायतकर्ता ने दी, एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम पहुंच गई और पेशकार को रंगे हाथ पकड़ लिया। एसीबी की टीम उसे लेकर नवाबगंज कोतवाली पहुंच गई है और पूछताछ कर रही है। तहसीलदार पुष्कर मिश्र ने कहा कि सूचना मिली है लेकिन अभी पूरे मामले की जानकारी जुटाई जा रही है। वहीं डीएम ने कहा कि एसडीएम तरबगंज से पूरी रिपोर्ट ली जा रही है।

एसपी आकाश तोमर ने बताया कि सादुल्लाह नगर बलरामपुर निवासी संतोष कुमार रावत ने पांच हजार रुपये रिश्वत लिए थे, उसे एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने रंगे हाथ पकड़ा है। संवाद

# BALRAMPUR POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 05-03-2023

# सात लोगों के खिलाफ मुकदमा

**बलरामपुर।** लोहेपनिया गांव निवासी रामअचल ने थाने में दी गई तहरीर में कहा कि गांव के ही कुछ लोगों ने एक मार्च को घर में घुसकर परिजनों से मारपीट की। जिसमें कई महिलाओं को भी चोटें आईं। इंस्पेक्टर अशोक कुमार ने बताया कि सात आरोपियों पर केस दर्ज किया गया है। (संवाद)

# 12 बार शिकायत, नतीजा सिफर

## संपूर्ण समाधान दिवस में फरियादी ने डीएम को सुनाई व्यथा

संवाद न्यूज एजेंसी

### तीनों तहसीलों में आईं 126 शिकायतें, 13 का ही समाधान




सदर तहसील में फरियाद सुनते डीएम व अन्य अधिकारी। संवाद

**बलरामपुर।** जिले की तीनों तहसीलों में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इसमें आईं 126 शिकायतों में से 13 का ही समाधान हो सका। शेष शिकायतों के निस्तारण के लिए पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीम को जिम्मेदारी दी गई है।

सदर तहसील में डीएम डॉ. महेंद्र कुमार ने संपूर्ण समाधान दिवस में जनसमस्याओं की सुनवाई की। विशुनापुर इमिलिया गांव के सूरज लाल ने गुहार लगाई कि रास्ते की जमीन पर विपक्षियों ने कब्जा कर लिया है। 12 बार इसकी शिकायत के बावजूद सुनवाई नहीं हो रही है। डीएम ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं। समाधान दिवस में डीएम ने आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा की।

डीएम ने कहा कि भूमि विवाद, अतिक्रमण, नाली, चकमार्ग, सार्वजनिक रास्तों पर कब्जे आदि मामलों में पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर निस्तारण करने की जिम्मेदारी दी गई है। सदर तहसील में कुल 55 शिकायतों में से मात्र पांच का ही मौके पर निस्तारण हो सका। इस दौरान एसपी केशव कुमार, एसडीएम राजेन्द्र बहादुर सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। उतरौला तहसील में एसडीएम संतोष कुमार की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस में 49 में से चार व तुलसीपुर में 22 शिकायतों में से चार का मौके पर निस्तारण हो सका।

**निर्माणाधीन कॉलोनी का लिया जायजा :** सदर तहसील के कटान प्रभावित ग्राम कल्याणपुर के 66 परिवारों के लिए ग्राम पंचायत टेंगनहिया मानकोट में बन रही निर्माणाधीन आवासीय कॉलोनी का डीएम डॉ. महेंद्र कुमार ने शनिवार को निरीक्षण किया। उन्होंने कॉलोनी में जलनिकासी की व्यवस्था, सीसी सड़क के किनारों पर पौधारोपण कराने व कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया।

# वारंटी गिरफ्तार

**बलरामपुर** : हरैया थाना की पुलिस ने वारंटी अभियुक्त मंशाराम निवासी ग्राम सेमरा सोनपुर को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष अखिलेश पांडेय ने बताया कि मंशाराम के विरुद्ध न्यायालय ने वारंट जारी किया था। उपनिरीक्षक रामाकांत त्रिपाठी की टीम ने उसके घर से गिरफ्तारी की है। (संसू)

# लापता वृद्ध को स्वजन से मिलाया

**बलरामपुर** : सादुल्लाहनगर थाना की पुलिस ने अहिरौला गांव निवासी लापता 78 वर्षीय राम अंजोर को उनके स्वजन से मिला दिया। एएसपी ने बताया कि जगदीप कुमार ने प्रार्थना पत्र दिया था कि उसके पिता 23 फरवरी से लापता थे। उपनिरीक्षक अब्दुल कादिर खान की टीम ने वृद्ध को ढूंढ़ लिया। (संसू)

# अफसरों का सम्मान... आमजन का चालान

## डीएम, सीओ समेत अन्य अधिकारियों के वाहनों पर नहीं हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट

**संवादसूत्र, बलरामपुर :** यूं तो सहायक संभागीय परिवहन विभाग वाहनों पर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगवाने के लिए चालकों पर नकेल कस रहा है। जांच के दौरान बिना हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट मिलने पर 5000 रुपये का चालान कर दिया जाता है। वहीं यातायात के यह नियम जिले के आला अधिकारियों पर लागू नहीं होते हैं। जिले के मुखिया समेत अन्य अधिकारियों की नजर अपने वाहनों पर लगे पुराने नंबर प्लेटों पर कभी नहीं पड़ती है। खास बात यह है कि एआरटीओ को यह तक नहीं पता कि इन वाहनों पर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट के लिए आवेदन हुआ भी है या नहीं। ऐसे में अफसरों का सम्मान और आमजन का चालान की नीति लोगों में चर्चा का विषय बनी हुई है।

**गोरखपुर में है डीएम की गाड़ी का पंजीयन :** जिले के मुखिया जिस लग्जरी वाहन की सवारी करते हैं, उसका पंजीयन गोरखपुर का है। वाहन पर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट नहीं है। यूं तो डीएम के वाहन को रोकने या चालान करने की हिम्मत किसी अधिकारी की नहीं है, लेकिन इस ओर उनका ध्यान आकृष्ट कराना भी किसी ने मुनासिब नहीं समझा। नतीजा, पुरानी नंबर प्लेट की गाड़ी पर ही डीएम साहब रोजाना सवार होते हैं, लेकिन उनकी नजर नहीं पड़ रही है।

**इलाहाबाद की बोलेरो पर फर्राटा भरते सीओ :** पुलिस क्षेत्राधिकारी को जो बोलेरो गाड़ी मिली है, उसका पंजीयन इलाहाबाद का है। विडंबना यह है कि इस वाहन पर भी हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट नहीं लगी है। यातायात नियम तोड़ने वालों को सबक सिखाने के लिए खाकी लगातार जांच अभियान तो चलाती है, लेकिन अपने ही अधिकारियों व कर्मियों को भूल जाती है।

कानून की रखवाली करने वाले सीओ के वाहन पर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट न लगा होना नियमों के विपरीत है। अब सवाल यह है कि पुलिस अपने ही वाहन का चालान करें तो कैसे। यही नहीं, कई जिला व तहसील स्तरीय अधिकारी बिना हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट के वाहनों पर फर्राटा भर रहे हैं।






तहसील परिसर में खड़ा डीएम का वाहन वहीं सीओ की बिना हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट की बोलेरो ● जागरण

### हो सकता है आवेदन हो

एआरटीओ अरविंद कुमार यादव का कहना है कि हो सकता है कि अधिकारी जिन वाहनों से चलते हैं, उन पर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगवाने के लिए आवेदन किया गया हो। फिलहाल सभी वाहन स्वामियों से हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाने की अपील की जाती है।

### अधिवक्ताओं ने की शिकायत

जिला बार संघ अध्यक्ष रामानंद मिश्र, कलेक्ट्रेट बार एसोसिएशन महामंत्री कमलेश्वर सिंह, युवा बार संघ अध्यक्ष अमित पांडेय, संजय तिवारी, शांतिभूषण शुक्ल ने जिलाधिकारी से संपूर्ण समाधान दिवस में इसकी शिकायत की। कहा कि आमजन के वाहनों का चालान कर दिया जाता है। अधिकारियों के वाहनों का क्यों नहीं किया जा रहा है। इस पर डीएम ने कार्रवाई का आश्वासन दिया।

# दुष्कर्म आरोपित को जेल

**हरैया सतघरवा :** हरैया थाना की पुलिस ने एक महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश कुमार पांडेय ने बताया कि सेमरा सोनपुर गांव निवासी आरोपी मंशाराम पासवान को एक महिला के साथ दुष्कर्म करने के मामले में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। (संसू)

# एसपी ने किया पैदल मार्च

**पचपेड़वा।** होली को लेकर शनिवार को एसपी केशव कुमार ने पुलिस टीम के साथ पैदल मार्च किया। स्थानीय लोगों से संवाद करके होली को आपसी सद्भाव के साथ मनाने की हिदायत दी। पुलिस टीम ने संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु व वाहनों की सघन चेकिंग भी की। (संवाद)

# बालिका को भगाकर ले जाने का केस

**गैड़ास बुजुर्ग।** स्थानीय थाने के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर दी है। इसमें उसने कहा कि 27 फरवरी को उसकी पौत्री हाईस्कूल की परीक्षा देने गई थी। वहीं से एक महिला समेत तीन लोग बहलाकर उसे भगा ले गए। पुलिस ने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। (संवाद)

# लापता वृद्ध को अपनों से मिलाया

**सादुल्लाहनगर।** स्थानीय पुलिस को दो मार्च को अहिरौला निवासी जगदीप कुमार ने सूचना दी कि उनके 78 वर्षीय पिता राम अंजोर लापता हैं। वह 23 फरवरी को घर से निकले थे। अभी तक नहीं आए। प्रभारी निरीक्षक बीएन सिंह ने बताया कि गुमशुदगी दर्ज करके उपनिरीक्षक अब्दुल कादर खान को जांच सौंपी गई थी। उन्होंने शनिवार को मसकनवा से लापता वृद्ध को खोजकर परिजनों के सुपुर्द किया। (संवाद)

# अवैध खनन में ट्रैक्टर-ट्रॉली सीज

**बलरामपुर।** एसडीएम सदर राजेंद्र बहादुर ने हरैया के सिकंदरबोझी हेंगहा नाला के पास अवैध बालू खनन का मामला पकड़ा है। उन्होंने खनन में प्रयुक्त ट्रैक्टर-ट्रॉली को सीज कर दिया है। मामले की जांच की जा रही है। एसडीएम ने बताया कि अवैध खनन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी (संवाद)

# BAHRAICH POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 05-03-2023

# कटाक्षपूर्ण पोस्ट न डालें: एएसपी ग्रामीण

रुपईडीहा, संवाददाता। एएसपी ग्रामीण पवित्र मोहन त्रिपाठी ने कहा कि नेपाल सीमा से सटे इस अन्तर्राष्ट्रीय कस्बे का पिछला रिकार्ड देखा गया है। यहां किसी प्रकार का कोई भी साम्प्रदायिक तनाव व विवाद नहीं रहा। इससे स्पष्ट होता है कि कस्बे के लोग अमन पसन्द हैं। आप लोग आपसी प्रेमभाव से पर्व मनाते रहे हैं, यह अपने आप में एक उदाहरण है। उन्होंने लोगों को सबेबरात व होली की शुभकामनाएं दीं।

रुपईडीहा थाने में शनिवार को होली व सबेबरात को लेकर होने वाली शान्ति समिति की बैठक को सम्बोधित करते हुए उन्होंने दोनों पर्वों को शांतिपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की। कहा कि सोशल मीडिया पर ऐसी कोई पोस्ट न डालें जिससे किसी की धार्मिक भावनाएं आहत हों। पुलिस क्षेत्राधिकारी राहुल पाण्डेय ने कहा कि होली में युवा वर्ग नशे का सेवन करता है। भांग शराब पीकर तीन-तीन सवारी बैठाकर वाहन चलाता है।

# भाईचारे के साथ पर्व मनाने की अपील

बलहा। नानपारा कोतवाली की राजा बाजार चौकी में शांति समिति की शनिवार को बैठक में एएसपी ग्रामीण डॉ. पवित्र मोहन त्रिपाठी ने होली और शबे रात को शांति व आपसी भाईचारे के साथ मनाने की अपील की गई। बैठक में एसडीएम अजीत परेश ने कहा कि पर्व हमें आनंद और आपसी सौहार्द की अनुभूति दिलाते है, जरा सी भी अशांति एक पल में सब कुछ खराब कर देती है। इस अवसर पर कोतवाल हेमन्त कुमार गौड़ ने होली के संबंध में पूरी रूपरेखा प्रस्तुत की। बैठक को सीओ राहुल पांडे ने भी संबोधित किया। बैठक में जमुनहा में रास्ते का मामला तथा भज्जापुरवा और भग्गापुरवा में जलभराव का भी मुद्दा आया, जिसे प्रमुख प्रतिनिधि कृपा राम वर्मा ने हल करने का आश्वासन दिया।

बैठक को भाजपा नगर अध्यक्ष अजय गुप्ता, पूर्व पालिका अध्यक्ष अब्दुल मोहद, अब्दुल वहीद ने भी संबोधित किया। संचालन क्राइम प्रभारी मनोज कुमार सिंह ने किया। साफ-सफाई को लेकर ईओ रेनू यादव ने होली कमेटी को आश्वस्त किया।

### ग्राम पंचायत सदस्य उपचुनाव में अंकित व बंशीधर को जनता ने चुना, आठ बजे से शुरू हुई मतगणना

# आरती, अजय, जाकिर व उमर बने प्रधान

**उपचुनाव**

बहराइच, संवाददाता। जिले में चार ग्राम प्रधान व दो सदस्य ग्राम पंचायतों के उपचुनाव की तस्वीर शनिवार को साफ हो गई है। आरती, अजय कुमार, जाकिर अली व मोहम्मद उमर ने कांटे की टक्कर में प्रतिद्वंदियों को मात देकर प्रधान की कुर्सी हथिया ली। सदस्य ग्राम पंचायत के उपचुनाव में अंकित व बंशीधर को जनता ने चुना है। मतगणना शुरू होने के पहले घंटे बाद ही रुझान आने लगे। दोपहर तक जीत-हार के परिणाम सामने आ गए। उपचुनाव को लेकर भी ब्लॉकों पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रही।

ब्लॉक मुख्यालयों पर उपचुनाव की मतगणना को लेकर सुबह सात बजे ही प्रत्याशी व उनके समर्थक पहुंच गए। साढ़े सात बजे प्रत्याशियों व उनके एजेंटों को प्रवेश दिया गया। निर्धारित समय आठ बजे से मतगणना शुरू हो गई। हर ब्लॉक में एक-एक टेबल पर शुरू हुई मतगणना के एक घंटे बाद ही परिणाम सामने आने लगे। कैसरगंज के देवलखा ग्राम पंचायत से आरती को 585 वोट मिले, जबकि प्रतिद्वंदी पुष्पलता को 564 मत मिले। आरती ने संघर्षपूर्ण मुकाबले में 21 मतों से जीत दर्ज करने में सफल रहीं। जरवल ब्लॉक के ग्राम पंचायत हरखटांड में मोहम्मद उमर को 594 व प्रतिद्वंदी अजय प्रताप सिंह को 527 मत मिले। 23 मतों से मोहम्मद उमर हरखटांड के प्रधान निर्वाचित हुए। मिहींपुरवा के ग्राम पंचायत रायबोझा में जाकिर अली को 1139 व सुबेदार को 1061 मत मिले। 78 मतों से जीत दर्ज कर जाकिर अली प्रधान निर्वाचित हुए हैं। चित्तौरा ब्लॉक के ग्राम पंचायत बनियाहारी में अजय प्रताप ने 134 मतों से प्रतिद्वंदी सहदेव को हराया है। अजय को 374 व सहदेव को 240 मत मिले। सदस्य ग्राम पंचायत पद पर शिवपुर के लौकिहा में अंकित ने प्रतिद्वंदी बुद्धीलाल को 53 मतों से हराया है। मिहींपुरवा के चहलवा में बंशीधर ने 34 मतों से मालती देवी को शिकस्त दी है। जीत दर्ज करने के बाद रिटर्निंग ऑफिसरों ने निर्वाचित ग्राम प्रधान व सदस्य ग्राम पंचायतों को प्रमाण- पत्र सौंपा।



जीत दर्जकर बाहर निकलती निर्वाचित कैसरगंज के देवलखा की प्रधान आरती।



हरखटांड के नवनिर्वाचित प्रधान को प्रमाण पत्र देते आरओ।

## खमरिया के प्रधान व 30 सदस्य निर्विरोध निर्वाचित हुए

बहराइच। चार पंचायतों व दो सदस्य पदों पर जहां उपचुनाव हुआ, वहीं एक प्रधान व 30 सदस्य ग्राम पंचायत निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। इनमें तेजवापुर ब्लॉक के ग्राम पंचायत खमरिया शुक्ल में प्रधान पद के लिए चार उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किए थे। जांच में दो नामांकन खारिज हो गए थे, जबकि एक उम्मीदवार ने अपना पर्चा वापस ले लिया था। निर्विरोध जनप्रतिनिधियों को भी प्रमाण पत्र वितरित किया गया।

**उपचुनाव में अवैध घोषित हुए 111 मत:** बहराइच। उपचुनाव में भी अवैध मतों की संख्या कम नहीं रही। पांच ब्लॉकों में कुल 111 मत खारिज किए गए हैं। इनमें सर्वाधिक 54 मत ग्राम प्रधान के उपचुनाव में रायबोझा में खारिज किए गए हैं।



रायबोझा के नवनिर्वाचित प्रधान को प्रमाण पत्र देते आरओ।

# दहेज हत्या में पति व ससुर गिरफ्तार

बहराइच । बौंडी थाने थानाध्यक्ष गजनाथ प्रसाद, दरोगा गोपाल तिवारी, मुख्य सिपाही अब्दुल शाकिर, सिपाही गौरव श्रीवास्तव, भगवान दीन वर्मा, महिला सिपाही टिंकल गौतम ने शनिवार को अलीपुर दरौना बंधा चौराहे पर दबिश दी। पुलिस ने अलीपुर दरौना निवासी मोहम्मद सहजल, उसके पिता हफीजुल्ला को गिरफ्तार कर लिया। आरोपित पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

# मारपीट मामले में दर्ज हुआ केस

बलहा। नानपारा कोतवाली के एहलाद गांव में 28 फरवरी की रात आठ बजे चार हमलावरों ने राम स्वरूप पर हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। इस मामले में घायल की पत्नी छबीली की तहरीर पर पुलिस ने मारपीट की धाराओं में जीतेन्द्र सहित चार को नामजद कर केस दर्ज कर लिया है।

# एसएसपी ने रिसिया में की शांति समिति बैठक

बहराइच। रिसिया थाने में शनिवार को आयोजित शांति समिति की बैठक में एएसपी सिटी कुंवर ज्ञानन्जय सिंह ने कहा कि होली रंगो का पर्व है। महिलाएं भी होली खेलती है। इसलिए ऐसी हरकतें न हो, कि शांतिभंग की कार्रवाई करना पड़े।

# आरती, उमर, राकेश और जाकिर ने जीती प्रधानी

संवाद न्यूज एजेंसी

बहराइच/मिहींपुरवा/कैसरगंज/जरवल/खैरीघाट। प्रधान के चार व पंचायत सदस्य के दो पदों पर हुए उपचुनाव का नतीजा शनिवार को आ गया। कैसरगंज की देवलखा ग्राम पंचायत में आरती देवी, जरवल के हरवाटांड में मोहम्मद उमर, चित्तौरा के बनियाहारी में राकेश कुमार व मिहींपुरवा की रायबोझा ग्राम पंचायत में जाकिर अली ने जीत दर्ज की। पंचायत सदस्य के दो पदों पर अंकित व बंशीधर ने जीत दर्ज की।

कैसरगंज विकासखंड के ग्राम पंचायत देवलखा के प्रधान पद के लिए हुए उपचुनाव में भाजपा जिला उपाध्यक्ष सूबेदार वर्मा की बहन आरती देवी ने जीत दर्ज की। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी पुष्प लता मौर्या को 21 मतों से पराजित किया। उपचुनाव में आरती वर्मा को 585 तो पुष्पलता मौर्या ने 564 मत प्राप्त किए। आरती की जीत पर ब्लाक प्रमुख संदीप सिंह विसेन, मंडल अध्यक्ष शिव सहाय सिंह, कौशलेंद्र चौधरी आदि ने शुभकामनाएं दीं।

जरवल विकासखंड की ग्राम पंचायत हरवा टांड में हुए उप चुनाव मे मोहम्मद उमर ने बाजी मारी और उन्होंने 544 मत पाकर अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी अजय प्रताप सिंह को 17 मतों से हराया। अजय को 527 मत मिले। चित्तौरा ब्लॉक की बनियाहारी ग्राम पंचायत में 374 मत हासिल कर राकेश कुमार ने 134 मतों से जीत हासिल की। दूसरे स्थान पर रहे सहदेव को 240 मत मिले।

मिहींपुरवा की रायबोझा ग्राम पंचायत में हुए उपचुनाव में जाकिर अली ने जीत दर्ज की। जाकिर को 1139 मत मिले और उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी सूबेदार को 78 मतों से हराया। शिवपुर की ग्राम पंचायत लौकिटा में हुए पंचायत सदस्य के चुनाव में अंकित कुमार ने 92 मत पाकर जीत हासिल की। दूसरे स्थान पर रहे बुद्धीलाल को 39 व सुभाष को एक मत मिला।

## उपचुनाव में बंशीलाल व अंकित ने पंचायत सदस्य के पद पर दर्ज की जीत



जाकिर अली, आरती देवी, मोहम्मद उमर व राकेश कुमार।

# युवाओं के लिए वोटर बनने का मौका

## एक जनवरी को 18 साल पूरे कर चुके युवा डालेंगे वोट, 10 को प्रकाशित होगी निकाय चुनाव की मतदाता सूची

संवाद न्यूज एजेंसी

**बहराइच।** एक बार फिर निकाय चुनाव की सरगर्मी तेज हो गई है। निर्वाचन आयोग की ओर से निर्वाचक नामावली के प्रकाशन की तिथि मुकर्रर कर दी गई है। इसके तहत 10 मार्च को निर्वाचक नामावली का प्रकाशन किया जाएगा। वहीं साथ ही आयोग ने नामावली में संसोधन के भी द्वारा खोल दिए हैं।

जिसका सीधा फायदा एक जनवरी 2023 को 18 साल की आयु पूरी करने वाले युवाओं को मिलेगा। जिले में ऐसे युवाओं की संख्या हजारों में है, जो 2022 में 18 साल पूर्ण नहीं थे और उन्हें निकाय चुनाव में वोट न डाल पाने का मलाल था।

नगर निकाय चुनाव का बिगुल साल 2022 में ही बज गया था। निर्वाचक नामावली का प्रकाशन भी हो गया था और शासन की ओर से चुनाव संपन्न करवाने की तैयारियां शुरु हो गयी थी। लेकिन आरक्षण को लेकर हाईकोर्ट ने निकाय चुनाव पर रोक लगा दी थी। जिसके बाद अब एक बार फिर चुनावी बिगुल बज गया है।

हाईकोर्ट की ओर से रोक लगाए जाने का फायदा युवा मतदाताओं को भी मिलेगा। साल 2022 में हजारों युवका जो मात्र कुछ महीनों की उम्र के चलते निकाय चुनाव के मतदाता नहीं बने थे, अब उन्हें भी अपने मताधिकार का प्रयोग करने का अधिकार मिलेगा। आयोग की ओर से जारी नई गाइडलाइन के तहत 11 मार्च से 17 मार्च के बीच एक बार फिर से दावे और आपत्तियां लिए जाएंगे। जिसका सीधा फायदा एक जनवरी 2023 को 18 साल पूरे करने वाले युवाओं को होगा। निर्वाचन के सूत्रों की माने तो ऐसे युवाओं की संख्या हजारों में होगी और यह युवा चुनाव में निर्णायक साबित हो सकते हैं। आयोग की ओर से निर्धारित की गयी तिथियों के तहत 10 मार्च को ड्राफ्ट निर्वाचक नामावली का प्रकाशन किया जाएगा। 11 से 17 मार्च के बीच दावे और आपत्तियां ली जाएंगी। वहीं 18 से 23 मार्च के बीच जिम्मेदार दावों व आपत्तियां पर विचार करेंगे। एक अप्रैल को अंतिम सूची का प्रकाशन किया जाएगा।

### अभी हैं 350669 मतदाता

दो नगर पालिकाओं व छह नगर पंचायतों मे कुल 3,50,669 मतदाता हैं। जिसमे बहराइच नगर पालिका में सबसे ज्यादा 34 वार्ड व 1, 89, 520 मतदाता हैं। नानपारा नगर पालिका में 25 वार्ड व 41, 863 मतदाता, नगर पंचायत रिसिया में 11 वार्ड और 11, 377 मतदाता, नगर पंचायत जरवल में 15 वार्ड और 15, 679 मतदाता, नवसृजित पयागपुर नगर पंचायत में 15 वार्ड और 20561 मतदाता, नवसृजित रुपईडीहा नगर पंचायत में 15 वार्ड और 20, 995 मतदाता, कैसरगंज नगर पंचायत मे 26, 694 मतदाता हैं।

“ सभी एसडीएम व सहायक निर्वाचन अधिकारियों को निर्धारित प्रक्रिया के तहत आवश्यक कार्यवाही करने को निर्देशित किया गया है। 10 मार्च को निर्वाचक नामावली का प्रकाशन किया जाएगा। जिसके बाद मतदाता 11 से 17 मार्च के बीच दावे और आपत्तियां दे सकते हैं। **डॉ. दिनेश चंद्र,** जिला निर्वाचन अधिकारी

# जमीन के विवाद में चटकी लाठियां

**खैरीघाट (बहराइच)।** खैरीघाट थाना क्षेत्र के चौकसाहार के बाबा बिहारी दास कुट्टी गांव निवासी सर्वेश व शीतल प्रसाद यादव के बीच खेत की मेढ़ को लेकर विवाद है। आरोप है, कि शनिवार को सर्वेश पक्ष से सर्वेश, सिपाही लाल, विश्वनाथ, उमेश आदि ने लाठी-डंडो से लैस होकर शीतला के घर पर हमला बोल दिया और मारपीट शुरु कर दी। इस दौरान विपक्षियों ने घर में घुसकर शीतला प्रसाद की पत्नी नीलम देवी की पिटायी कर दी। जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गयी। परिजनों ने उन्हें इलाज के लिए सीएचसी शिवपुर में भर्ती करवाया। जहां महिला की हालत नाजुक देख डॉ. नलिन राज ने उन्हें मेडिकल कॉलेज बहराइच रेफर कर दिया। थाना प्रभारी सतेंद्र बहादुर सिंह ने बताया की शीतला प्रसाद की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी गयी है। संवाद

# चालक की संविदा समाप्त

**बहराइच।** रूपईडीहा डिपो के एक संविदा चालक इरफान को डीजल चोरी के मामले में संविदा समाप्त कर दी गई है। सीनियर फोरमैन की जांच के बाद संविदा चालक द्वारा 90 लीटर डीजल चोरी का मामला प्रकाश में आने के बाद एआरएम ने संविदा चालक के खिलाफ कार्रवाई की है। संवाद

# त्योहार पर कानून व्यवस्था बनाएं रखें

**बहराइच।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र व पुलिस अधीक्षक प्रशान्त वर्मा ने होली समिति के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। डीएम व एसपी ने कहा कि त्योहार पर कानून व्यवस्था बनाएं रखें। वहीं नानपारा में राजा बाजार पुलिस चौकी में शनिवार को एसपी ग्रामीण पवित्र मोहन त्रिपाठी की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई। इस दौरान अफसरों ने त्यौहारों को शांतिपूर्वक मनाने की अपील की। संवाद

# साहब, बिना समाधान लगा दी रिपोर्ट

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**बहराइच/मिहींपुरवा।** साहब..गांव में व्याप्त विभिन्न समस्याओं के निस्तारण के लिए 100 से अधिक प्रार्थना पत्र समाधान दिवस में दे चुके हैं। कुछ में तो समस्या का समाधान हो गया, लेकिन कई में बिना समाधान के रिपोर्ट लगा दी गयी। आज गांव की नाली सफाई की समस्या के निस्तारण के लिए आया हूं। समस्या से निदान दिलवाएं। उक्त शिकायत डीएम डॉ. दिनेश चन्द्र व एसपी प्रशांत वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस में ग्राम पंचायत गूढ़ के पूर्व प्रधान पुत्तन लाल पांडेय ने की। जिस पर डीएम ने समस्या निस्तारण के लिए जिम्मेदारों को निर्देशित किया।



शिकायत सुनते डीएम। -संवाद

इस दौरान समाधान दिवस में 33 शिकायती पत्र आए, जिसमें से दो का मौके पर निस्तारण किया गया। शिकायती पत्रों में अधिकांश राजस्व विभाग से संबंधित रहे। जिस पर डीएम डॉ. चन्द्र ने कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए तहसीलदार को फटकार लगायी। साथ ही एसडीएम को तहसीलदार के खिलाफ रिपोर्ट देने को निर्देशित किया।

अधिकारियों को संबांधित करते हुए डीएम ने कहा कि भूमि विवाद से संबंधित प्रकरणों में एक पक्षीय कार्यवाही न करते हुए दोनों पक्षों की बात को सुनकर नियमानुसार निर्णय लें। इस दौरान प्रभारी सीडीओ महेन्द्र कुमार पांडेय, सीवीओ डॉ. आरके वर्मा, प्रोबेशन अधिकारी विनय कुमार सिंह आदि मौजूद

# राजस्व निरीक्षक, लेखपाल समेत पांच पर धोखाधड़ी का मुकदमा

**महसी(बहराइच)**। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी के आदेश पर महसी तहसील के ग्राम पंचायत पिपरी मोहन के पूर्व प्रधान, लेखपाल, राजस्व निरीक्षक समेत पांच लोगों पर धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया गया है। हरदी थाना क्षेत्र के पिपरीमोहन निवासी फकीरे उर्फ महमूद अली ने न्यायालय में वाद दायर किया था।

फखीरे का आरोप था की उसके भतीजे मिलकर उसकी जमीन हड़पना चाहते है। उन्होंने आरोप लगाया की भतीजे जाली कागज बनवाकर घटना को अंजाम दे रहे है। जिसमे पूर्व प्रधान, लेखपाल और राजस्व निरीक्षक उनकी मदद कर रहे है। जिसकी सुनवाई के बाद मुख्य दंडाधिकारी ने हरदी थाने को निर्देशित कर नफीस, शरीफ, पूर्व प्रधान जंगली प्रसाद, राजस्व निरीक्षक अशोक कुमार श्रीवास्तव और लेखपाल उदय प्रताप पर धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज करवाया। थाना प्रभारी हरदी अंजनी कुमार राय ने बताया की पांचों पर आईपीसी की धारा 419, 420, 467, 468, 471, 504, 506 व 468 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। संवाद

SHRAWASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 05-03-2023

# थाने में हुई पीस कमेटी की बैठक

इकौना, गिरंटबाजार। थाना इकौना परिसर में होली एवं शब्बे बारात त्योहार को शांतिपूर्ण कराने के लिए शनिवार को इकौना और गिरंटबाजार में पीस कमेटी की बैठक की गई। इकौना में बैठक की अध्यक्षता क्षेत्राधिकारी संतोष कुमार ने किया। क्षेत्राधिकारी ने उपस्थित नगर व ग्रामीण क्षेत्र के दोनों समुदाय के गणमान्य नागरिकों से कहा कि किसी नई परम्परा न डालें। उन्होंने कहा कि अपने लोगों को शराब पीकर बाइक न चलाने दें। जिस में एसडीएम जमुनहा सौरभ शुक्ला, जमुनहा नायब तहसीलदार शुभम तिवारी, सीओ जमुनहा सतीश कुमार शर्मा शामिल रहे। इस मौके पर थानाध्यक्ष उमेश सिंह, चौकी इंचार्ज बदला चौराहा मनोज कुमार, ग्राम प्रधान गिरंट विजय कुमार, जिला पंचायत सदस्य विशम्भर श्रीवास्तव, विजय कुमार यादव श्याम सुंदर गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

# अश्लील गाने नहीं बजाएंगे :एसपी

श्रावस्ती, संवाददाता। होली पर्व पर सादगी व सौहार्द कायम रखने को लेकर पुलिस ने कमर कस ली है। पुलिस अधीक्षक ने डीजे संचालकों को भड़काऊ व अश्लील गाने न बजाने की नसीहत दी। जिसको लेकर सभी थानों में डीजे संचालकों के साथ बैठक कर निर्देश दिए गए। एसपी के निर्देश पर शनिवार को सभी थानों व पुलिस चौकियों में थाना प्रभारियों व चौकी प्रभारियों की ओर से डीजे संचालकों के साथ बैठक की गई। बैठक में सभी डीजे संचालकों को निर्देशित किया है।

# तीन सुपर जोन, आठ जोन व 39 सेक्टरों में बंटा जिला

श्रावस्ती, संवाददाता। आगामी सात व आठ मार्च को होली का त्योहार मनाया जाएगा। जिसके लिए जिले में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए है। साथ ही अराजकता से निपटने के लिए भी पुलिस प्रशासन की ओर से प्लान तैयार कर लिया गया है।

सात मार्च को होलिका दहन व आठ मार्च को होलिकोत्सव मनाया जायेगा। साथ ही साथ सात मार्च को शबे-बारात का त्यौहार भी मनाया जायेगा। होली के परिप्रेक्ष्य में अभी से ही लोगों ने एक दूसरे पर रंग डालकर खुशियां मनाना शुरू कर दिया है। होली के दिन तथा उसके बाद भी हिन्दू संप्रदाय के लोगों की ओर से जुलूस शोभायात्रा निकाली जाती हैं। पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने बताया कि इस त्यौहार पर विशेष सतर्कता बरतने की जरूरत होती है। जिससे शरारती तत्व तथा दूसरे संप्रदाय के लोगों अथवा उनके धार्मिक स्थलों पर रंग आदि फेंकने की सांप्रदायिक तनाव की स्थिति उत्पन्न ना हो। इन त्यौहारों को सकुशल संपन्न कराने के लिए सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए हैं। इसके लिए जनपद को तीन सुपर जोन, आठ जोन व 39 सेक्टरों में विभाजित किया गया। सुपर जोन के प्रभारी उपजिलाधिकारी व क्षेत्राधिकारी होंगे। सभी संवेदनशील व अतिसंवेदनशील स्थलों पर पीआरवी 112 के वाहन निरंतर भ्रमणशील रहेंगें।

# डीएम और एसपी ने किया भिनगा शहर में फ्लैग मार्च

**श्रावस्ती, संवाददाता।** होली व शबे-बारात पर्व पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए शनिवार को जिलाधिकारी नेहा प्रकाश व पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने फोर्स के भिनगा में फ्लैग मार्च किया। इस दौरान लोगों से शांति व्यवस्था बनाये रखने व होली का त्योहार सौहार्द्रता से मनाने की अपील की गई।

दोनों अधिकारियों ने कोतवाली से ईदगाह तिराहा, पुरानी बाजार, नई बाजार समेत शहर के सभी प्रमुख मार्गों का भ्रमण किया। पैदल भ्रमण के दौरान डीएम और एसपी ने लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने तथा पारस्परिक सौहार्द भाव से त्यौहार मनाने की अपील की।

जिलाधिकारी ने कहा कि होली भाईचारे का त्योहार है। आपसी मतभेद भुलाकर इसे मनाएं। वहीं पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि होली पर्व पर कोई ऐसा काम न करें जिससे शांति व्यवस्था बिगड़े। त्योहार को हंसी खुशी और मिल जुलकर मनाएं। त्योहार पर हुड़दंग करने वालों पर पुलिस की नजर रहेगी। इसके लिए पुलिस की टीमें बनी हैं जो तैनात रहेंगी।

# हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार किया

श्रावस्ती, संवाददाता। पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर अपराधी को गांजे के साथ गिरफ्तार किया। आरोपी को थाने लाकर जेल भेज दिया गया। आरोपी के विरुद्ध अलग अलग जनपदों में डेढ़ दर्जन से अधिक मामले दर्ज हैं।

कोतवाली भिनगा के प्रभारी निरीक्षक जीतेन्द्र कुमार सिंह शनिवार को पुलिस टीम के साथ कस्बा भिनगा में भ्रमणशील थे। इस दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति झोले में अवैध वस्तु लेकर भिनगा रेंजरी के पास खड़ा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की तलाशी ली गई तो उसके कब्जे से 500 ग्राम गांजा बरामद हुआ।

पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान हरीराम दास पुत्र वंशीधर निवासी शिवपुरा बाजार थाना ललिया जनपद बलरामपुर के रूप में हुई।

# डीएम व एसपी ने किया फ्लैग मार्च

**श्रावस्ती।** होली व शबे बारात को लेकर शनिवार को डीएम नेहा प्रकाश ने एसपी प्राची सिंह के साथ भिनगा में फ्लैग मार्च किया। साथ ही लोगों को सुरक्षा का अहसास दिया। इस मौके पर उप जिलाधिकारी भिनगा प्रवेंद्र कुमार, क्षेत्राधिकारी भिनगा अतुल कुमार चौबे व प्रभारी निरीक्षक भिनगा सहित काफी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा। संवाद

# तहसील दिवस में 127 में से 27 शिकायतों का निस्तारण

श्रावस्ती, संवाददाता। शनिवार को जिले की तीनों तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें अधिकारियों ने लोगों की शिकायत सुनी और निस्तारण किया। इस दौरान प्राप्त कुल 127 शिकायती पत्रों में से 27 शिकायतों का निस्तारण किया गया।

तहसील भिनगा में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी नेहा प्रकाश व पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने लोगों की शिकायत सुनी। इस दौरान यहां कुल 23 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिसमें से मौके पर 14 शिकायतों का निस्तारण किया गया। डीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि जनसुनवाई के दौरान प्राप्त सभी शिकायतों का समय से निस्तारण किया जाय।

# महिलाओं की सुरक्षा को लेकर फिक्रमंद श्रावस्ती पुलिस

**जासं, श्रावस्ती :** महिलाओं की सुरक्षा को श्रावस्ती की पुलिस फिक्रमंद है। इसकी पुष्टि शासन की ओर से जारी रैंकिंग से होती है। महिलाओं व बालिकाओं के विरुद्ध हुए अपराध के निस्तारण में जिले को प्रदेश में दूसरा स्थान मिला है। पहले स्थान पर भदोही जिला रहा।

पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने बताया महिलाओं से संबंधित मामलों का त्वरित निस्तारण शासन की प्राथमिकता में है। मिशन शक्ति जैसे कार्यक्रम इसी मंशा का हिस्सा हैं। महिला अपराधों से संबंधित जांच व मुकदमे की विवेचना का भी पूरा ध्यान रखा जा रहा है। केंद्र सरकार की गाइड लाइन में हर हाल में 60 दिन में विवेचना पूरी करने के निर्देश हैं। इंवेस्टीगेशन ट्रैकिंग सिस्टम फार सेक्सुअल आर्फेंसेज (आईटीएसएसओ) के जरिए ऐसे मामलों की निगरानी की जा रही है। श्रावस्ती में महिलाओं व बालिकाओं से संबंधित जनवरी 2022 से 27 फरवरी 2023 तक कुल 358 मुकदमे दर्ज हुए। इनमें से 356 का पुलिस के स्तर से निस्तारण हो गया। 99.44 प्रतिशत निस्तारण के साथ जिले को प्रदेश में दूसरा स्थान मिला है। हरदोई का निस्तारण 100 प्रतिशत रहा।

**बीते माह चला था अभियान :** गोरखपुर जोन के अपर पुलिस महानिदेशक अखिल कुमार की ओर से श्रावस्ती जिले के सभी थानों की कार्यशैली की जमीनी हकीकत का पता लगाने के लिए 11 से 17 फरवरी तक ट्विटर पोल फीडबैक अभियान चलाया गया था। इसमें श्रावस्ती थाने की पुलिस अव्वल रही।

# गांजा के साथ दबोचा गया बलरामपुर का हिस्ट्रीशीटर

**जासं, श्रावस्ती :** भिनगा कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक जीतेन्द्र कुमार सिंह, उपनिरीक्षक लालजी पासवान, आरक्षी भगवानदास व राहुल के साथ भिनगा नगर में गश्त पर थे। इसी दौरान सूचना मिली एक व्यक्ति झोले में अवैध वस्तु लेकर रेंजरी के पास खड़ा है। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर उसे दबोच लिया। पहचान बलरामपुर जिले के ललिया क्षेत्र शिवपुरा बाजार निवासी हरीराम दास के रूप में हुई। इसके कब्जे से 500 ग्राम गांजा मिला। आरोपित बलरामपुर का हिस्ट्रीशीटर है। इस पर यहां पर भी कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं।

# मिल-जुल कर शांति पूर्वक मनाएं त्योहार

## डीएम और एसपी ने भिनगा नगर में पैदल मार्च कर दिलाया सुरक्षा का एहसास

**जासं, श्रावस्ती :** होली और शबे-बारात त्योहार को लेकर जिले में शांति व सुरक्षा बनाए रखने के लिए शनिवार को डीएम नेहा प्रकाश व एसपी प्राची सिंह ने पुलिस बल के साथ भिनगा नगर में पैदल मार्च किया। इस दौरान लोगों को सुरक्षा का एहसास दिलाते हुए मिल-जुल कर शांति पूर्वक त्योहार मनाने की अपील की गई।

डीएम ने कहा कि त्योहार पर शांति व सौहार्द कायम रखें। त्योहार में किसी भी तरह की अराजकता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उपद्रवियों को बख्शा नहीं जाएगा। सभी लोग आपसी प्रेम के साथ त्योहार मनाएं। किसी भी तरह की घटना होने पर तत्काल फोन करें। एसपी ने कहा कि सभी लोग रंग के पर्व को उत्साह से मनाएं। पुलिस पूरी मुस्तैदी ड्यूटी करेगी। त्योहार में खलल डालने वालों को जेल भेजा जाएगा।

एडीएम प्रवेंद्र कुमार, सीओ अतुल कुमार चौबे व भिनगा कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र सिंह मौजूद रहा।

## ड्रोन कैमरों से भीड़भाड़ वाले इलाकों की निगरानी

**जासं, श्रावस्ती :** उमंग व उत्साह का पर्व होलिकोत्सव निकट है। सात मार्च को होलिका दहन व आठ मार्च को होली खेली जाएगी। सात मार्च को ही शबे-बरात का त्योहार भी है। पर्व को सकुशल संपन्न कराने के लिए सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए हैं। जिले को तीन सुपर जोन, आठ जोन व 39 सेक्टर में बांटा गया है। एसपी प्राची सिंह ने बताया कि सुपर जोन के प्रभारी एसडीएम व सीओ स्तर के अधिकारी होंगे। संवेदनशील व अतिसंवेदनशील स्थलों पर पीआरवी- 112 के वाहन भ्रमणशील रहेंगे। अतिसंवेदनशील व भीड़भाड़ वाले इलाकों में ड्रोन कैमरों से निगरानी होगी। होलिका दहन स्थलों का भौतिक सत्यापन कर लिया गया है। विवादित स्थलों को प्रशासन से समन्वय स्थापित कर सुलझा लिया गया है। अग्नि सुरक्षा के लिए फायर ब्रिगेड को सक्रिय रखा जाएगा। इंटरनेट मीडिया पर 24 घंटे निगरानी रहेगी। एसपी ने बताया कि डीजे



होली व शबे-बारात त्योहार को लेकर भिनगा नगर में पैदल मार्च करतीं डीएम नेहा प्रकाश (आगे बाएं) व एसपी प्राची सिंह (आगे दाएं) ● जागरण

संचालकों को यह बता दिया गया है कि त्योहारों के दौरान डीजे पर भड़काऊ व अश्लील गीत पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगा। मनमानी की तो कार्रवाई होगी। लाउडस्पीकर की ध्वनि निर्धारित सीमा तक ही रखनी होगी। शोर अधिक होने पर लाउडस्पीकर सेट जप्त कर लिया जाएगा।

**खुफिया पुलिस रहेगी तैनात:** सभी स्थानों को क्यूआरटी (क्विक रिएक्शन टीम) व पीएसी का अतिरिक्त बल दिया गया है। खुफिया पुलिस (एलआइयू) सादी वर्दी में होलिका दहन जुलूस में शामिल रहेगी। अमन-चैन में बाधा उत्पन्न करने की कोशिश करने वालों को जेल भेजा जाएगा।

# एसएसबी व पुलिस ने की पैदल गश्त

**श्रावस्ती।** सीमा सुरक्षा व सीमा पार से तस्करी रोकने के लिए शनिवार को एसएसबी जवानों ने पुलिस के साथ सीमा पर पैदल गश्त की। इस दौरान लोगों से मिलकर उन्हें सुरक्षा का अहसास दिलाते हुए सीमा पार की अवैध गतिविधियों पर सतर्क दृष्टि रखने व इसकी सूचना स्थानीय पुलिस व एसएसबी जवानों को देने की अपील की। संवाद

# शांतिभंग के आरोप में 17 गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** जिला पुलिस ने शुक्रवार रात अलग अलग थाना क्षेत्रों से 17 लोगों को गिरफ्तार किया। जिनके विरुद्ध शांतिभंग के आरोप में कार्रवाई कर संबंधित एसडीएम के समक्ष पेश किया। संवाद

# 27 मामले निपटाए

**श्रावस्ती।** संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन सभी तहसीलों में किया गया। भिनगा में डीएम व एसपी मौजूद रहे। इस मौके पर 23 फरियाद आए। इसमें से 14 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। जबकि इकौना में 62 शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें से मौके पर सात शिकायतों का निस्तारण किया गया। वहीं जमुनहा तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में 42 शिकायतें आईं। जिनमें से छह का मौके पर निस्तारण कर दिया गया।

# 610 ग्राम चरस के साथ एक गिरफ्तार

**तुलसीपुर (श्रावस्ती)।** हरदत्त नगर गिरंट थाना प्रभारी उमेश सिंह शुक्रवार रात हमराहियों के साथ गस्त पर निकले थे। इस दौरान मिली सूचना के आधार पर उन्होंने थाना क्षेत्र के ग्राम हरबंशपुर के मजरा सर्रा के निकट नहर पुल से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 610 ग्राम चरस बरामद किया। गिरफ्तार युवक की पहचान थाना क्षेत्र के जब्दी निवासी रईस खान के रूप में हुई। जिसके विरुद्ध पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट में कार्रवाई किया है।

# 500 ग्राम गांजे के साथ पकड़ा

**श्रावस्ती।** गांजे के साथ भिनगा पुलिस ने शुक्रवार रात एक आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी बलरामपुर जिले का हिस्ट्रीशीटर है। उसके ऊपर कई मुकदमे पहले से ही चल रहे हैं। भिनगा कोतवाली पुलिस ने शुक्रवार रात भिनगा रेंजरी के पास से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। जिसके पास से पुलिस ने 500 ग्राम गांजा बरामद किया। गिरफ्तार युवक की पहचान बलरामपुर जिले के थाना ललिया के ग्राम शिवपुरा बाजार निवासी हरिराम दास के रूप में हुई। इस बारे में एएसपी प्रवीण कुमार यादव ने बताया कि पकड़ा गया आरोपी बलरामपुर जिले का हिस्ट्रीशीटर अपराधी है। उसके विरुद्ध गिलौला थाना सहित बलरामपुर व बहराइच जिले में कई मामले दर्ज हैं। संवाद

# आठ को खेली जाएगी होली, आठ जोन में बंटा जिला

**श्रावस्ती।** होली का रंग आठ मार्च को उड़ेगा। इस मौके पर कोई विवाद न हो इसके लिए पूरे जिले को आठ जोन व 39 सेक्टर में बांटा गया है। ड्रोन से भी निगरानी होगी। इसी दिन शबे बरात होने के कारण कई स्थानों पर फायर बिग्रेड के वाहन भी तैनात होंगे। होली का रंग जिले में आठ मार्च को उड़ेगा। इसके एक दिन पहले होलिका दहन होगा।

इसके लिए होलिका दहन स्थल का सत्यापन पहले ही कर लिया गया है। कहीं भी विवाद की सूचना नहीं मिली है। होली के दिन कोई विवाद न हो इसके लिए पूरे जिले को 08 जोन व 39 सेक्टरों में बांटा गया है। सभी जोन में पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी प्रशासनिक अधिकारी के साथ तैनात रहेंगे। इसके लिए एसपी प्राची सिंह ने पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की है। इसमें संवेदनशील व अतिसंवेदनशील स्थलों पर पीआरवी 112 के वाहन को निरंतर भ्रमण करने, अतिसंवेदनशील व भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में ड्रोन कैमरों से निगरानी करने को कहा। संवाद